ॐ अर्हं

जिनागम-ग्रन्थमाला ग्रन्थाङ्क १५

[परमश्रद्धेय गुरुदेव पूज्य श्रीजोरावरमलजी महाराज की पुण्यस्मृति मे आयोजित]

द्वितीय-उपाङ्गम्

राजप्रश्नीयसूत्र

[मूलपाठ, हिन्दी अनुवाद, विवेचन, परिशिष्ट युक्त]

सन्निधि ☐
उपप्रवर्त्तक शासनसेवी स्वामी श्री ब्रजलालजी महाराज

सयोजक तथा प्रधान सम्पादक ☐
युवाचार्य श्री मिश्रीमलजी महाराज 'मधुकर'

सम्पादक—विवेचक—अनुवादक ☐
वाणीभूषण श्री रतन मुनि जी

प्रकाशक ☐
श्री आगमप्रकाशन-समिति, ब्यावर (राजस्थान)

□ सम्पादकमण्डल
अनुयोगप्रवर्त्तक मुनि श्री कन्हैयालालजी 'कमल'
श्री देवेन्द्रमुनि शास्त्री
श्री रतनमुनि
पण्डित श्री शोभाचन्द्रजी भारिल्ल

□ प्रबन्धसम्पादक
श्रीचन्द सुराणा 'सरस'

□ सम्प्रेरक
मुनि श्री विनयकुमार 'भीम'
श्री महेन्द्रमुनि 'दिनकर'

□ प्रकाशनतिथि
वीरनिर्वाणसंवत् २५०९
विक्रम सं. २०३९
ई. सन् १९८२

□ प्रकाशक
श्री आगमप्रकाशनसमिति
जैनस्थानक, पीपलिया बाजार, ब्यावर (राजस्थान)
ब्यावर—३०५९०१

□ मुद्रक
सतीशचन्द्र शुक्ल
वैदिक यन्त्रालय, केसरगंज, अजमेर—३०५००१

□ मूल्य : ३०) रुपये

Publıshed at the Holy Remembrance occasion
of
Rev Guru Srı Joravarmalȷı Maharaȷ

SECOND UPANGA

S IY T

[Orıgınal Text, Hındı Versıon Notes, Annotatıons and Appendıces etc]

Proxımity
Up-pravartaka Shasansevi Rev Swamı Srı Brıȷlalȷı Maharaȷ

Convener & Chıef Edıtor
Yuvacharya Srı Mıshrımalȷı Maharaȷ 'Madhukar'

Translator & Annotators
Shrı Ratan munı

Publıshers
Srı Agam Prakashan Samıtı
Beawar (Raȷ)

Board of Editors

Anuyoga-pravartaka Munisri Kanhaiyalal 'Kamal'
Sri Devendra Muni Shastri
Sri Ratan Muni
Pt. Shobhachandra Bharill

Managing Editor

Srichand Surana 'Saras'

Promotor

Munisri Vinayakumar 'Bhima'
Sri Mahendramuni 'Dinakar'

Date of Publication

Vir-nirvana Samvat 2509
Vikram Samvat 2039, Nov 1982

Publishers

Sri Agam Prakashan Samiti
Jain Sthanak, Pipaliya Bazar, Beawar (Raj)
Pin 305901

Printer

Satishchandra Shukla
Vedic Yantralaya
Kesarganj, Ajmer—305001

Price : Rs 30/-

समर्पण

जिन्होने अन्धकारपूर्ण युग मे
दिव्यज्योतिस्तम्भ का कार्य किया,
जो सम्यग्ज्ञान और चारित्र के परमाराधक थे,
जिनमार्ग के प्रचार-प्रसार के लिए जिन्होने
अपने जीवन की आहुति दी,
उन परम पुनीत संयतात्मा आचार्य
श्री लवजीऋषिजी महाराज
के कर-कमलो मे।

—मधुकर मुनि

प्रकाशकीय

औपपातिक नामक प्रथम उपाग के पश्चात् द्वितीय उपाग राजप्रश्नीय पाठको के कर-कमलो मे समर्पित किया जा रहा है। यह जिनागम ग्रन्थमाला का पन्द्रहवा ग्रन्थ है।

प्रस्तुत सूत्र सूत्रकृताग का उपाग माना गया है। अनेक दृष्टियो से यह एक महत्त्वपूर्ण आगम है, जिसमे सूर्याभदेव सबधी विस्तृत विवेचन है। सूर्याभदेव, राजा प्रदेशी का जीव था जो विशिष्ट धर्माराधना करके देवरूप मे उत्पन्न हुआ और देवलोक से च्युत होकर महाविदेह क्षेत्र मे जन्म लेकर सिद्धि प्राप्त करेगा।

राजा प्रदेशी पहले अनात्मवादी नास्तिक था। वह भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा के महामुनि केशी कुमारश्रमण द्वारा प्रतिबुद्ध हुआ। दोनो का आत्मा सबधी सवाद अत्यन्त बोधप्रद है। आज के जिज्ञासुओ के लिए भी वह अतीव उपकारक है।

भगवतीसूत्र का प्रथम भाग मुद्रित हो चुका है और द्वितीय भाग मुद्रित हो रहा है। प्रज्ञापना सूत्र का मुद्रण शीघ्र प्रारभ होने वाला है।

प्रस्तुत आगम का अनुवाद वाणीभूषण प र मुनिश्री रतनमुनिजी म ने किया है, जो ग्रन्थमाला के सम्पादकमण्डल मे हैं। आपके इस उदार सहयोग के लिए समिति अत्यन्त आभारी है। श्री देवकुमारजी शास्त्री, साहित्यरत्न ने इसके सम्पादन-परिमार्जन आदि मे जो मूल्यवान् योग दिया है, वह भी स्मरणीय है।

श्रमणसघ के युवाचार्य प प्र श्री मधुकर मुनिजी म सा की प्रबल आगमभक्ति एव उत्कट लगन तथा श्रम के फलस्वरूप ही समिति इस पुनीत कार्य मे अग्रसर हो रही है। उनका आभार व्यक्त करने के लिए शब्द पर्याप्त नही है।

समस्त अर्थसहयोगी महानुभावो के प्रति भी हम कृतज्ञ हैं, जिनकी उदारतापूर्ण सहायता से हम निश्चिन्त होकर इस प्रकाशन को आगे बढा रहे हैं। आशा है आगमप्रेमी पाठक इससे लाभ उठाकर आत्मकल्याण के भागी बनेंगे।

रतनचद मोदी
कार्यवाहक अध्यक्ष

जतनराज मेहता
प्रधानमत्री

चांदमल विनायकिया
मत्री

श्री आगम-प्रकाशन समिति, ब्यावर

आदि वचन

विश्व के जिन दार्शनिको—दृष्टाओ/चिन्तको ने "आत्मसत्ता" पर चिन्तन किया है, या आत्म-साक्षात्कार किया है, उन्होने पर-हितार्थ आत्म-विकास के साधनो तथा पद्धतियो पर भी पर्याप्त चिन्तन-मनन किया है। आत्मा तथा तत्सम्बन्धित उनका चिन्तन-प्रवचन आज आगम/पिटक/वेद/उपनिषद् आदि विभिन्न नामो से विश्रुत है।

जैनदर्शन की यह धारणा है कि आत्मा के विकारो—राग-द्वेष आदि को साधना के द्वारा दूर किया जा-सकता है, और विकार जब पूर्णत निरस्त हो जाते है तो आत्मा की शक्तिया ज्ञान/सुख/वीर्य आदि सम्पूर्ण रूप मे उद्घाटित-उद्भासित हो जाती है। शक्तियो का सम्पूर्ण प्रकाश-विकास ही सर्वज्ञता है और सर्वज्ञ/आप्त-पुरुष की वाणी, वचन/कथन/प्ररूपणा—"आगम" के नाम से अभिहित होती है। आगम अर्थात् तत्त्वज्ञान, आत्म-ज्ञान तथा आचार-व्यवहार का सम्यक् परिबोध देने वाला शास्त्र/सूत्र/आप्तवचन।

सामान्यत सर्वज्ञ के वचनो/वाणी का सकलन नही किया जाता, वह बिखरे सुमनो की तरह होती है, किन्तु विशिष्ट अतिशयसम्पन्न सर्वज्ञ पुरुष, जो धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करते हैं, सघीय जीवन पद्धति मे धर्म-साधना को स्थापित करते हैं, वे धर्मप्रवर्तक/अरिहृत या तीर्थंकर कहलाते हैं। तीर्थंकर देव की जनकल्याणकारिणी वाणी को उन्ही के अतिशयसम्पन्न विद्वान् शिष्य गणधर सकलित कर "आगम" या शास्त्र का रूप देते हैं अर्थात् जिन-वचनरूप सुमनो की मुक्त वृष्टि जब मालारूप मे ग्रथित होती है तो वह "आगम" का रूप धारण करती है। वही आगम अर्थात् जिन-प्रवचन आज हम सब के लिए आत्म-विद्या या मोक्ष-विद्या का मूल स्रोत है।

"आगम" को प्राचीनतम भाषा मे "गणिपिटक" कहा जाता था। अरिहृतो के प्रवचनरूप समग्र शास्त्र-द्वादशाग मे समाहित होते हैं और द्वादशाग/आचाराग-सूत्रकृताग आदि के अग-उपाग आदि अनेक भेदोपभेद विकसित हुए हैं। इस द्वादशागी का अध्ययन प्रत्येक मुमुक्षु के लिए आवश्यक और उपादेय माना गया है। द्वादशागी मे भी बारहवा अग विशाल एव समग्र श्रुतज्ञान का भण्डार माना गया है, उसका अध्ययन बहुत ही विशिष्ट प्रतिभा एव श्रुतसम्पन्न साधक कर पाते थे। इसलिए सामान्यत एकादशाग का अध्ययन साधको के लिए विहित हुआ तथा उसी ओर सबकी गति/मति रही।

जब लिखने की परम्परा नही थी, लिखने के साधनो का विकास भी अल्पतम था, तब आगमो/शास्त्रो/को स्मृति के आधार पर या गुरु-परम्परा से कठस्थ करके सुरक्षित रखा जाता था। सम्भवत इसलिए आगम ज्ञान को श्रुतज्ञान कहा गया और इसीलिए श्रुति/स्मृति जैसे सार्थक शब्दो का व्यवहार किया गया। भगवान् महावीर के परिनिर्वाण के एक हजार वर्ष बाद तक आगमो का ज्ञान स्मृति/श्रुति परम्परा पर ही आधारित रहा। पश्चात् स्मृतिदौर्बल्य, गुरुपरम्परा का विच्छेद, दुष्काल-प्रभाव आदि अनेक कारणो से धीरे-धीरे आगमज्ञान लुप्त होता चला गया। महासरोवर का जल सूखता-सूखता गोष्पदमात्र रह गया। मुमुक्षु श्रमणो के लिए यह जहाँ चिन्ता का विषय था, वहाँ चिन्तन की तत्परता एव जागरूकता को चुनौती भी थी। वे तत्पर हुए श्रुतज्ञान-निधि के सरक्षण हेतु। तभी महान् श्रुतपारगामी देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने विद्वान् श्रमणो का एक सम्मेलन बुलाया और स्मृति-दोष से लुप्त होते आगम ज्ञान को सुरक्षित एव सजोकर रखने का आह्वान किया। सर्व-सम्मति से आगमो को लिपि-बद्ध किया गया।

जिनवाणी को पुस्तकारूढ करने का यह ऐतिहासिक कार्य वस्तुत आज की समग्र ज्ञान-पिपासु प्रजा के लिए एक अवर्णनीय उपकार सिद्ध हुआ। सस्कृति, दर्शन, धर्म तथा आत्म-विज्ञान की प्राचीनतम ज्ञानधारा को प्रवहमान रखने का यह उपक्रम वीरनिर्वाण के ९८० या ९९३ वर्ष पश्चात् प्राचीन नगरी वलभी (सौराष्ट्र) मे आचार्य श्री देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। वैसे जैन आगमो की यह दूसरी अन्तिम वाचना थी, पर लिपिवद्ध करने का प्रथम प्रयास था। आज प्राप्त जैन सूत्रों का अन्तिम स्वरूप-सस्कार इसी वाचना मे सम्पन्न किया गया था।

पुस्तकारूढ होने के वाद आगमो का स्वरूप मूल रूप मे तो सुरक्षित हो गया, किन्तु काल-दोष, श्रमण-सघो के आन्तरिक मतभेद, स्मृतिदुर्वलता, प्रमाद एव भारतभूमि पर वाहरी आक्रमणो के कारण विपुल ज्ञान-भण्डारो का विध्वस आदि अनेकानेक कारणो से आगमज्ञान की विपुल सम्पत्ति, अर्थवोध की सम्यक् गुरु-परम्परा धीरे-धीरे क्षीण एव विलुप्त होने से नही रुकी। आगमो के अनेक महत्त्वपूर्ण पद, सन्दर्भ तथा उनके गूढार्थ का ज्ञान, छिन्न-विच्छिन्न होते चले गए। परिपक्व भाषाज्ञान के अभाव मे, जो आगम हाथ से लिखे जाते थे, वे भी शुद्ध पाठ वाले नही होते, उनका सम्यक् अर्थ-ज्ञान देने वाले भी विरले ही मिलते। इस प्रकार अनेक कारणो से आगम की पावन धारा सकुचित होती गयी।

विक्रमीय सोलहवी शताब्दी मे वीर लोकाशाह ने इस दिशा मे क्रान्तिकारी प्रयत्न किया। आगमो के शुद्ध और यथार्थ अर्थज्ञान को निरूपित करने का एक साहसिक उपक्रम पुन चालू हुआ। किन्तु कुछ काल वाद उसमे भी व्यवधान उपस्थित हो गये। साम्प्रदायिक-विद्वेष, सैद्धातिक विग्रह तथा लिपिकारो का अत्यल्प ज्ञान आगमो की उपलब्धि तथा उसके सम्यक् अर्थबोध मे बहुत वडा विघ्न वन गया। आगम-अभ्यासियो को शुद्ध प्रतिया मिलना भी दुर्लभ हो गया।

उन्नीसवी शताब्दी के प्रथम चरण मे जव आगम-मुद्रण की परम्परा चली तो सुधी पाठको को कुछ सुविधा प्राप्त हुई। धीरे-धीरे विद्वत्-प्रयासो से आगमो की प्राचीन चूर्णिया, निर्युक्तिया, टीकाये आदि प्रकाश मे आई और उनके आधार पर आगमो का स्पष्ट-सुगम भाववोध सरल भाषा मे प्रकाशित हुआ। इससे आगम-स्वाध्यायी तथा ज्ञान-पिपासु जनो को सुविधा हुई। फलत आगमो के पठन-पाठन की प्रवृत्ति बढी है। मेरा अनुभव है, आज पहले से कही अधिक आगम-स्वाध्याय की प्रवृत्ति बढी है, जनता मे आगमो के प्रति आकर्षण व रुचि जागृत हो रही है। इस रुचि-जागरण मे अनेक विदेशी आगमज्ञ विद्वानो तथा भारतीय जैनेतर विद्वानो की आगम-श्रुत-सेवा का भी प्रभाव व अनुदान है, इसे हम सगौरव स्वीकारते है।

आगम-सम्पादन-प्रकाशन का यह सिलसिला लगभग एक शताब्दी से व्यवस्थित चल रहा है। इस महनीय-श्रुत-सेवा मे अनेक समर्थ श्रमणो, पुरुषार्थी विद्वानो का योगदान रहा है। उनकी सेवायें नीव की ईंट की तरह आज भले ही अदृश्य हो, पर विस्मरणीय तो कदापि नही, स्पष्ट व पर्याप्त उल्लेखो के अभाव मे हम अधिक विस्तृत रूप मे उनका उल्लेख करने मे असमर्थ हैं, पर विनीत व कृतज्ञ तो हैं ही। फिर भी स्थानकवासी जैन परम्परा के कुछ विशिष्ट-आगम श्रुत-सेवी मुनिवरो का नामोल्लेख अवश्य करना चाहेगे।

आज से लगभग साठ वर्ष पूर्व पूज्य श्री अमोलकऋषिजी महाराज ने जैन आगमो—३२ सूत्रो का प्राकृत से खडी बोली मे अनुवाद किया था। उन्होंने अकेले ही बत्तीस सूत्रो के अनुवाद का कार्य सिर्फ ३ वर्ष व १५ दिन मे पूर्ण कर अद्भुत कार्य किया। उनकी दृढ लगनशीलता, साहस एव आगमज्ञान की गम्भीरता उनके कार्य से ही स्वत परिलक्षित होती है। वे ३२ ही आगम अल्प समय मे प्रकाशित भी हो गये।

इससे आगमपठन बहुत सुलभ व व्यापक हो गया और स्थानकवासी-तेरापथी समाज तो विशेष उपकृत हुआ।

गुरुदेव श्री जोरावरमल जी महाराज का संकल्प

मैं जब प्रात स्मरणीय गुरुदेव स्वामीजी श्री जोरावरमलजी म० के सान्निध्य मे आगमो का अध्ययन-अनुशीलन करता था तब आगमोदय समिति द्वारा प्रकाशित आचार्य अभयदेव व शीलाक की टीकाओ से युक्त कुछ आगम उपलब्ध थे। उन्ही के आधार पर मैं अध्ययन-वाचन करता था। गुरुदेवश्री ने कई बार अनुभव किया—यद्यपि यह सस्करण काफी श्रमसाध्य व उपयोगी है, अब तक उपलब्ध सस्करणो मे प्राय शुद्ध भी है, फिर भी अनेक स्थल अस्पष्ट हैं, मूलपाठो मे व वृत्ति मे कही-कही अशुद्धता व अन्तर भी है। सामान्य जन के लिये दुरूह तो हैं ही। चू कि गुरुदेवश्री स्वय आगमो के प्रकाण्ड पण्डित थे, उन्हे आगमो के अनेक गूढार्थ गुरु-गम से प्राप्त थे। उनकी मेधा भी व्युत्पन्न व तर्क-प्रवण थी, अत वे इस कमी को अनुभव करते थे और चाहते थे कि आगमो का शुद्ध, सर्वोपयोगी ऐसा प्रकाशन हो, जिससे सामान्य ज्ञानवाले श्रमण-श्रमणी एव जिज्ञासुजन लाभ उठा सकें। उनके मन की यह तडप कई बार व्यक्त होती थी। पर कुछ परिस्थितियो के कारण उनका यह स्वप्न-सकल्प साकार नही हो सका, फिर भी मेरे मन मे प्रेरणा बनकर अवश्य रह गया।

इसी अन्तराल मे आचार्य श्री जवाहरलाल जी महाराज, श्रमणसघ के प्रथम आचार्य जैनधर्मदिवाकर आचार्य श्री आत्माराम जी म०, विद्वद्रत्न श्री घासीलालजी म० आदि मनीषी मुनिवरो ने आगमो की हिन्दी, सस्कृत, गुजराती आदि मे सुन्दर विस्तृत टीकायें लिखकर या अपने तत्त्वावधान मे लिखवा कर कमी को पूरा करने का महनीय प्रयत्न किया है।

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक आम्नाय के विद्वान् श्रमण परमश्रुतसेवी स्व० मुनि श्री पुण्यविजयजी ने आगम-सम्पादन की दिशा मे बहुत व्यवस्थित व उच्चकोटि का कार्य प्रारम्भ किया था। विद्वानो ने उसे बहुत ही सराहा। किन्तु उनके स्वर्गवास के पश्चात् उस मे व्यवधान उत्पन्न हो गया। तदपि आगमज्ञ मुनि श्री जम्बूविजयजी आदि के तत्त्वावधान मे आगम-सम्पादन का सुन्दर व उच्चकोटि का कार्य आज भी चल रहा है।

वर्तमान मे तेरापथ सम्प्रदाय मे आचार्य श्री तुलसी एव युवाचार्य महाप्रज्ञजी के नेतृत्व मे आगम-सम्पादन का कार्य चल रहा है और जो आगम प्रकाशित हुए हैं उन्हे देखकर विद्वानो को प्रसन्नता है। यद्यपि उनके पाठ-निर्णय मे काफी मतभेद की गु जाइश है। तथापि उनके श्रम का महत्त्व है। मुनि श्री कन्हैयालाल जी म० "कमल" आगमो की वक्तव्यता को अनुयोगो मे वर्गीकृत करके प्रकाशित कराने की दिशा मे प्रयत्नशील हैं। उनके द्वारा सम्पादित कुछ आगमो मे उनकी कार्यशैली की विशदता एव मौलिकता स्पष्ट होती है।

आगम साहित्य के वयोवृद्ध विद्वान् प० श्री बेचरदासजी दोशी, विश्रुत-मनीषी श्री दलसुखभाई मालवणिया जैसे चिन्तनशील प्रज्ञापुरुष आगमो के आधुनिक सम्पादन की दिशा मे स्वय भी कार्य कर रहे हैं तथा अनेक विद्वानो का मार्ग-दर्शन कर रहे हैं। यह प्रसन्नता का विषय है।

इस सब कार्य-शैली पर विहगम अवलोकन करने के पश्चात् मेरे मन मे एक सकल्प उठा। आज प्राय सभी विद्वानो की कार्यशैली काफी भिन्नता लिये हुए है। कही आगमो का मूल पाठ मात्र प्रकाशित किया जा रहा है तो कही विशाल व्याख्याएँ की जा रही हैं। एक पाठक के लिए दुर्बोध है तो दूसरी जटिल। सामान्य पाठक को सरलतापूर्वक आगमज्ञान प्राप्त हो सके एतदर्थ मध्यमार्ग का अनुसरण आवश्यक है। आगमो का ऐसा सस्करण होना चाहिए जो सरल हो, सुबोध हो, सक्षिप्त हो और प्रामाणिक हो। मेरे गुरुदेव ऐसा ही चाहते थे। इसी भावना को लक्ष्य मे रख कर मैंने ५-६ वर्ष पूर्व इस विषय की चर्चा प्रारम्भ की

थी, सुदीर्घ चिन्तन के पश्चात् वि स २०३६ वैशाख शुक्ला दशमी, भगवान् महावीर कैवल्यदिवस को यह दृढ निश्चय घोषित कर दिया और आगमबत्तीसी का सम्पादन-विवेचन काय प्रारम्भ भी। इस साहसिक निर्णय मे गुरुभ्राता शासनसेवी स्वामी श्री ब्रजलाल जी म की प्रेरणा/प्रोत्साहन तथा मार्गदशन मेरा प्रमुख सम्बल बना है। साथ ही अनेक मुनिवरो तथा सद्गृहस्थो का भक्ति-भाव भरा सहयोग प्राप्त हुआ है, जिनका नामोल्लेख किये बिना मन सन्तुष्ट नही होगा। आगम अनुयोग शैली के सम्पादक मुनि श्री कन्हैयालालजी म० "कमल", प्रसिद्ध साहित्यकार श्री देवेन्द्रमुनिजी म० शास्त्री, आचार्य श्री आत्मारामजी म० के प्रशिष्य भण्डारी श्री पदमचन्दजी म० एव प्रवचन-भूषण श्री अमरमुनिजी, विद्वद्रत्न श्री ज्ञानमुनिजी म०, स्व० विदुषी महासती श्री उज्ज्वलकु वरजी म० की सुशिष्याए महासती दिव्यप्रभाजी, एम ए, पी-एच डी, महासती मुक्तिप्रभाजी एम ए, पी-एच डी तथा विदुषी महासती श्री उमरावकु वरजी म० 'अर्चना', विश्रुत विद्वान् श्री दलसुखभाई मालवणिया, सुख्यात विद्वान् प० श्री शोभाचन्द्र जी भारिल्ल, स्व प श्री हीरालालजी शास्त्री, डा० छगनलालजी शास्त्री एव श्रीचन्दजी सुराणा "सरस" आदि मनीषियो का सहयोग आगमसम्पादन के इस दुरूह कार्य को सरल बना सका है। इन सभी के प्रति मन आदर व कृतज्ञ भावना से अभिभूत है। इसी के साथ सेवा-सहयोग की दृष्टि से सेवाभावी शिष्य मुनि विनयकुमार एव महेन्द्र मुनि का साहचर्य-सहयोग, महासती श्री कानकु वरजी, महासती श्री झणकारकु वरजी का सेवाभाव सदा प्रेरणा देता रहा है। इस प्रसग पर इस कार्य के प्रेरणा-स्रोत स्व० श्रावक चिमनसिंहजी लोढा, स्व० श्री पुखराजजी सिसोदिया का स्मरण भी सहजरूप मे हो आता है जिनके अथक प्रेरणा-प्रयत्नो से आगम समिति अपने कार्य मे इतनी शीघ्र सफल हो रही है। दो वर्ष के अल्पकाल मे ही तेरह आगम ग्रन्थो का मुद्रण तथा करीब १५-२० आगमो का अनुवाद-सम्पादन हो जाना हमारे सब सहयोगियो की गहरी लगन का द्योतक है।

मुझे सुदृढ विश्वास है कि परम श्रद्धेय स्वर्गीय स्वामी श्री हजारीमलजी महाराज आदि तपोपूत आत्माओ के शुभाशीर्वाद से तथा हमारे श्रमणसघ के भाग्यशाली नेता राष्ट्र-सत आचार्य श्री आनन्दऋषिजी म० आदि मुनिजनो के सद्भाव-सहकार के बल पर यह सकल्पित जिनवाणी का सम्पादन-प्रकाशन कार्य शीघ्र ही सम्पन्न होगा।

इसी शुभाशा के साथ,

— मुनि मिश्रीमल "मधुकर"
(युवाचार्य)

□□

विषयानुक्रमणिका

प्रस्तावना

राजप्रश्नीयसूत्र : एक समीक्षात्मक अध्ययन

धर्म : विश्लेषण

भारतीय साहित्य मे 'धर्म' शब्द व्यापक रूप से व्यवहृत हुआ है। आध्यात्मिक हो या दार्शनिक साहित्य, आयुर्वेदिक हो या ज्योतिषशास्त्र हो, सर्वत्र 'धर्म' शब्द के सम्बन्ध मे चिन्तन किया गया है। उस सम्बन्ध मे विशालकाय ग्रन्थ निर्मित हुए हैं। विभिन्न व्याख्याएँ और परिभाषाएँ धर्म शब्द को लेकर लिखी गई है। वैदिक युग से लेकर आधुनिक युग तक लाखो चिन्तको ने धर्म शब्द को अपना चिन्तन का विषय बनाया है और धर्म के नाम पर अनेक विवाद भी हुए है। पारस्परिक मतभेदो के कारण धर्म के विराट् सागर मे विवाद के तूफान उठे हैं, तर्क-वितर्क के भँवरो ने जनमानस को विक्षुब्ध किया है। तथापि धर्म के स्वरूप की जिज्ञासा प्रत्येक मानव मे आज भी है। हम धर्म शब्द की विभिन्न परिभाषाओ पर चिन्तन न कर सक्षेप मे ही जैन मनीषियो ने धर्म पर जो गहराई से अनुचिन्तन किया है, उसे यहाँ प्रस्तुत कर रहे है।

परमार्थत धर्म वस्तु का स्वभाव है। व्यवहारत क्षमा, निर्लोभता, सरलता आदि सद्गुणो की अपेक्षा से वह दश प्रकार का है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप रत्नत्रय की दृष्टि से धर्म के तीन प्रकार हैं। जीवो की रक्षा करना भी धर्म है,[1] इसलिए यह स्पष्ट है जो आत्मा के निज गुण है, वह धर्म है और जो पुद्गलो का स्वभाव है, वह आत्मा के लिए धर्म नही किन्तु परभाव है, विभाव है और वही अधर्म है। जो स्वभाव हैं, वह सदा बना रहता है और जो विभाव है वह सदा बना नही रहता है। पानी को गर्म करने पर भी पानी हमेशा गर्म नही रहता, क्योकि पानी का स्वभाव शीतलता है। मात्र आग के कारण उसमे उष्णता आती है। वैसे ही क्रोधादि भाव कर्म के कारण उत्पन्न होते है, वे आत्म-स्वभाव नही, किन्तु विभाव है। इसीलिए उन्हे अधर्म कहा गया है।

गणधर गौतम ने भगवान् महावीर के समक्ष जिज्ञासा प्रस्तुत की—आत्मा का स्वरूप क्या है ? कषाय आदि आत्मा का स्वरूप है या समता आदि ? समाधान मे भगवान् ने कहा—समता ही आत्मा का स्वभाव है, न कि कषाय। समत्व को प्राप्त कर लेना ही आत्म-स्वरूप को प्राप्त कर लेना है।[2] श्रमण भगवान् महावीर का ही नही, आधुनिक युग के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक 'फ्रायड' का भी यह मन्तव्य है—"चेत्त-जीवन और स्नायु-जीवन का स्वभाव यह है कि वह विक्षोभ और तनाव को नष्ट कर समत्व की सस्थापना करता है।" विक्षोभ, तनाव और मानसिक द्वन्द्व से ऊपर उठ कर शान्त, निर्द्वन्द्व मन स्थिति को प्राप्त करना ही वस्तुत धर्म है। भगवान् महावीर

---

१ धम्मो वत्थुसहावो, खमादिभावो य दसविहो धम्मो।
रयणत्तय च धम्मो, जीवाण रक्खण धम्मो॥

२ आया सामाइए।

ने भी आचाराग मे स्पष्ट शब्दो मे कहा—"समियाए धम्मे आरियेहिं पवेइए[3]"—आर्यो ने समत्व भाव को धर्म कहा है।

भाषाशास्त्र की दृष्टि से धर्म शब्द 'धृ' धातु से निर्मित है, जिसका अर्थ है—धारण करना। आत्मा का धर्म है सद्गुणो को धारण करना। ये सद्गुण बाहर से लाये नही जाते, वे विभाव के हटते ही स्वत प्रकट हो जाते हैं। उदाहरण के रूप मे अग्नि के सयोग के हटते ही पानी स्वत शीतल हो जाता है। धर्म के लिए अधर्म को छोडना होता है, विभाव को दूर करना होता है। जैसे—बादल के हटने पर सूर्य का चमचमाता हुआ प्रकाश प्रकट हो जाता है, वैसे ही अधर्म के बादल छटते ही धर्म का दिव्य आलोक जगमगा पडता है। धर्म ऊपर से आरोपित नही होता और जो आरोपित है, वह अधर्म है। उस अधर्म ने ही मानव मे धर्म के प्रति घृणा पैदा की। धर्म का दम्भ अधार्मिकता से भी अधिक भयावह है। क्योकि इसमे अधर्म को छिपाने के लिए ढोग किया जाता है। यह धर्म के नाम पर आत्म-प्रवञ्चना है। धर्म से आकुलता-व्याकुलता नष्ट होकर निर्मलता प्राप्त होती है।

धर्म के दो प्रकार श्रुतधर्म और चारित्रधर्म—

धर्म के सम्बन्ध मे चिन्तन करते हुए स्थानाग मे धर्म के दो भेद बताये हैं[4]—श्रुतधर्म और चारित्रधर्म। ये दोनो धर्म मोक्ष रूपी रथ के चक्र हैं। श्रुतधर्म से धर्म का सही स्वरूप समझा जाता है, इसलिए चारित्रधर्म से पूर्व उसका उल्लेख किया गया है। यहाँ हम चारित्रधर्म का विश्लेषण न कर श्रुतधर्म पर चिन्तन करेंगे। श्रुतधर्म पर चिन्तन करने से पूर्व श्रुत शब्द को जानना आवश्यक है। सामान्यत श्रुत का अर्थ है—सुनना। क्योकि 'श्रु' धातु से श्रुत शब्द निष्पन्न हुआ है। पूज्यपाद[5] ने लिखा है—'श्रुत-ज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम होने पर निरूप्यमान पदार्थ जिसके द्वारा सुना जाता है, जो सुनना या सुनाना मात्र है, वह श्रुत है'। आचार्य अकलक[6] ने भी यही अर्थ 'तत्त्वार्थराजवार्तिक' मे प्रस्तुत किया है। पूज्यपाद ने यह स्पष्ट किया है कि 'श्रुत शब्द' शब्द सुनने रूप अर्थ का मुख्य रूप से प्रतिपादक होने पर भी वह ज्ञानविशेष मे ही रूढ है।[7] केवलमात्र कानो से सुना गया शब्द ही श्रुत नही है।[8] जैन दार्शनिको को मुख्य रूप से श्रुत से ज्ञान अर्थ ही इष्ट है, पर उपचार से श्रुत का शब्दात्मक होना भी उन्हे ग्राह्य है। विस्तार मे न जाकर सक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि श्रुतज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम होने पर मन और इन्द्रिय की सहायता से अपने मे नियत अर्थ को प्रतिपादन करने मे

---

३ आचाराग—१।८।२

४ दुविहे धम्मे पन्नत्ते, तजहा—सुयधम्मे चेव, चरित्तधम्मे चेव। —स्थानाग स्थान २, उ १

५ तदावरणकर्मक्षयोपशमे सति निरूप्यमाण श्रूयते अनेन शृणोति श्रवणमात्र वा श्रुतम्।

—सर्वा सि (१।९), पृ-६६

६ श्रुतशब्द कर्मसाधनश्च।२। किंच पूर्वोक्तविषयसाधनश्चेति वर्तते। श्रुतावरणक्षयोपशमाद्यन्तरग-बहिरग हेतुसन्निधाने सति श्रूयतेस्मेति श्रुतम्। कर्तरि श्रुतपरिणत आत्मैव शृणोतीति श्रुतम्। भेदविवक्षाया श्रूयतेऽनेनेति श्रुतम्, श्रवणमात्र वा। —(त वा [१।९।२])

७ श्रुतशब्दोऽय श्रवणमुपादाय व्युत्पादितोऽपि रूढिवशात् कस्मिश्चिज्ज्ञानविशेषे वर्तते।

—सर्वा सि (१।२०), पृष्ठ-८३

८ ज्ञानमित्यनुवर्तनात्।
श्रवण हि श्रुतज्ञान न पुन शब्दमात्रकम्॥ —त श्लो वा व (३२।०।२०), पृष्ठ-५९८

समर्थ ज्ञान श्रुतज्ञान है।[9]

प्राकृत 'सुय' शब्द के संस्कृत मे चार रूप होते है—श्रुत, सूत्र, सूक्त (सुत्त) और स्यूत। आचार्यों ने इन रूपो के अनुसार इनकी व्याख्या की है। आचार्य अभयदेव ने श्रुत का अर्थ किया है—'द्वादश अगशास्त्र अथवा जीवादि तत्त्वो का परिज्ञान'।[10]

जैसे सूत्र मे माला के मनके पिरोये हुए होते है उसी प्रकार जिसमे अनेक प्रकार के अर्थ ओत-प्रोत होते हैं, वह सूत्र है। जिसके द्वारा अर्थ सूचित होता है वह सूत्र है। जैसे—प्रसुप्त मानव के पास यदि कोई वार्तालाप करता है पर निद्राधीन होने के कारण वह वार्तालाप के भाव से अपरिचित रहता है, वैसे ही विना व्याख्या पढ़े जिसका बोध न हो सके, वह सूत्र है। अपर शब्दो मे यो कह सकते है—जिसके द्वारा अर्थ जाना जाय अथवा जिसके आश्रय से अर्थ का स्मरण किया जाय या अर्थ जिसके साथ अनुस्यूत हो, वह सूत्र है।[11]

इस प्रकार श्रुत या सूत्र का स्वाध्याय करना, श्रुत के द्वारा जीवादि तत्त्वो और पदार्थों का यथार्थ स्वरूप जानना श्रुतधर्म है।

श्रुतधर्म के भेद—

श्रुतधर्म के भी दो प्रकार हैं—सूत्ररूप श्रुतधर्म और अर्थरूप श्रुतधर्म।[12] अनुयोगद्वार सूत्र मे श्रुत के द्रव्यश्रुत और भावश्रुत ये दो प्रकार बताये हैं। जो पत्र या पुस्तक पर लिखा हुआ है वह 'द्रव्यश्रुत' है और जिसे पढने पर साधक उपयोगयुक्त होता है वह 'भावश्रुत' है।

श्रुतज्ञान का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए कहा गया है—जैसे सूत्र—धागा पिरोई हुई सूई गुम हो जाने पर भी पुन मिल जाती है, क्योकि धागा उसके साथ है, वैसे ही सूत्रज्ञान रूप धागे से जुडा हुआ व्यक्ति आत्मज्ञान से वचित नही होता। आत्मज्ञान युक्त होने से वह ससार मे परिभ्रमण नही करता।

नन्दीसूत्र मे श्रुत के दो प्रकार बताये हैं—सम्यक्श्रुत और मिथ्याश्रुत। वहाँ पर सम्यक्श्रुत और मिथ्याश्रुत की सूची भी दी है और अन्त मे स्पष्ट रूप से लिखा है—"सम्यक्श्रुत कहलाने वाले शास्त्र भी मिथ्यादृष्टि के हाथो मे पडकर मिथ्यात्व बुद्धि से परिगृहीत होने के कारण मिथ्याश्रुत बन जाते हैं। इसके विपरीत मिथ्याश्रुत कहलाने वाले शास्त्र सम्यग्दृष्टि के हाथो मे पडकर सम्यक्त्व से परिगृहीत होने के कारण सम्यक्-श्रुत बन जाते है।"[13]

---

९ इदियमणोणिमित्त ज विण्णाण सुताणुसारेण। णिअयत्थुत्ति समत्थ त भावसुत मती सेस।
—विशे आ भा (भा ५), गा ९९

१० दुर्गतौ प्रपततो जीवान् रुणद्धि, सुगतौ च तान् धारयतीति धर्म। श्रुत द्वादशाग तदेव धर्म श्रुतधर्म।
—स्थानागवृत्ति

११ सूच्यन्ते सूच्यन्ते वाऽर्था अनेनेति सूत्रम्। सुस्थितत्वेन व्यापित्वेन च सुष्ठूक्तत्वाद् वा सूक्त, सुप्तमिव वा सुप्तम्। सिंचति क्षरति यस्मादर्थं तस्मात् सूत्र निरुक्तविधिना वा सूचयति श्रवति श्रूयते, स्मर्यते वा येनार्थं। —स्थानागवृत्ति

१२ सुयधम्मे दुविहे पण्णत्ते तजहा—सुत्तसुयधम्मे चेव अत्थसुयधम्मे चेव। —स्थानाग, स्था २

१३ एआइ मिच्छादिट्ठिस्स मिच्छत्तपरिग्गहियाइ मिच्छासुय।
एआइ चेव सम्मदिट्ठिस्स सम्मत्तपरिग्गहियाइ सम्मसुय॥ —नन्दीसूत्र-श्रुतज्ञान प्रकरण

श्रुत के अक्षरश्रुत और अनक्षरश्रुत, सज्ञीश्रुत और असज्ञीश्रुत आदि चौदह भेद किये गये है। उनमे सम्यक्श्रुत वह है जो वीतरागप्ररूपित है। सर्वज्ञ, सर्वदर्शी तीर्थंकर भगवान् ने अपने आपको देखा एव समूचे लोक को भी हस्तामलकवत् देखा। भगवान् ने सत्य का प्रतिपादन किया। उन्होने बन्ध, बन्धहेतु, मोक्ष, और मोक्ष-हेतु का स्वरूप प्रकट किया। भगवान् की वह पावन वाणी आगम बन गई। इन्द्रभूति गौतम आदि प्रमुख शिष्यो ने उस वाणी को सूत्र रूप मे गूथा, जिससे आगम के सूत्रागम और अर्थागम ये दो विभाग हुए। भगवान् के प्रकीर्ण उपदेश को 'अर्थागम' और उसके आधार पर की गई सूत्ररचना को 'सूत्रागम' कहा गया। यह आगम-साहित्य आचार्यों के लिए महान् निधि थी। इसलिए वह 'गणिपिटक' कहलाया। उस गुम्फन के १ आचार २ सूत्रकृत ३ स्थान ४ समवाय ५ भगवती ६ ज्ञाताधर्मकथा ७ उपासकदशा ८ अन्तकृद्दशा ९ अनुत्तरौप-पातिकदशा १० प्रश्नव्याकरण ११ विपाक १२ दृष्टिवाद, ये मौलिक बारह भाग हुए, इसलिए उसका दूसरा नाम 'द्वादशागी' है। इस तरह प्रणेता की दृष्टि से आगम-साहित्य 'अगप्रविष्ट' और 'अनगप्रविष्ट' इन दो भागो मे विभक्त हुआ। भगवान् महावीर के प्रधान शिष्य गणधरो ने जिस साहित्य की रचना की, वह 'अगप्रविष्ट' है। स्थविरो ने भगवान् महावीर की वाणी के आधार से जिस साहित्य की सरचना की वह 'अनगप्रविष्ट' है। बारह अगो के अतिरिक्त सारा आगमसाहित्य अनगप्रविष्ट के अन्तर्गत आता है। द्वादशागी का आगम-साहित्य मे प्रमुखतम स्थान रहा है। वह स्वत प्रमाण है। द्वादशागी के अतिरिक्त जो आगम हैं, वे परत प्रमाण हैं, अर्थात् जो द्वादशागी से अविरुद्ध हैं वे प्रमाण हैं, शेष अप्रमाण हैं।

राजप्रश्नीय : नामकरण

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि जैनो का आधारभूत प्राचीनतम साहित्य आगम हैं और वह श्रुत भी है। राजप्रश्नीयसूत्र की परिगणना अगबाह्य आगमो मे की गई है। वह द्वितीय उपाग है। आचार्य देववाचक ने इसका नाम 'रायपसेणिय' दिया है।[१४] आचार्य मलयगिरि ने 'रायपसेणीअ' लिखा है। वे इसका सस्कृत रूप 'राज-श्नीयम्' करते है। सिद्धसेनगणी ने तत्त्वार्थवृत्ति मे 'राजप्रसेनकीय' लिखा है। तो मुनिचन्द्र सूरि ने 'राजप्रसेनजित' लिखा है।

अक्रियावाद : एक चिन्तन

आचार्य मलयगिरि ने रायपसेणीय को सूत्रकृताग का उपाग माना है। उनका मन्तव्य है कि सूत्रकृताग मे क्रियावादी, अक्रियावादी, अज्ञानवादी, विनयवादी प्रभृति पाखण्डियो के तीन सौ तिरेसठ मत प्रतिपादित हैं, उनमे से अक्रियावादी मत को आधार बनाकर राजा प्रदेशी ने केशी श्रमण से प्रश्नोत्तर किये। सूत्रकृताग[१५] और भगवती[१६] मे चार समवसरणो मे एक अक्रियावादी बताया है। वहाँ पर अक्रियावादी का अर्थ अनात्मवादी—क्रिया के अभाव को मानने वाला, केवल चित्तशुद्धि को आवश्यक और क्रिया को अनावश्यक मानने वाला—किया है। स्थानाग सूत्र मे[१७] अक्रियावादी शब्द का प्रयोग अनात्मवादी और एकान्तवादी दोनो अर्थों मे मिलता है। वहाँ अक्रियावादी के एकवादी, अनेकवादी, मितवादी, निर्मितवादी, सातवादी, समुच्छेदवादी, नित्यवादी, असत्

१४ नन्दीसूत्र, सूत्र-८३

१५ सूत्रकृताग—१।१२।१

१६, भगवती—३०।१

१७ अट्ठ अकिरियावाई पण्णत्ता तजहा—एगावाई, अणेगावाई, मितवाई, णिम्मितवाई, सायवाई, समुच्छेदवाई, णित्तावाई, णसतपरलोगवाई।—स्थानाग-८।२२

परलोकवादी ये आठ प्रकार बताये है। उनमे से छह वाद एकान्त दृष्टि वाले है। समुच्छेदवाद और नास्ति-मोक्ष-परलोकवाद ये दो अनात्मवाद है। नयोपदेश ग्रन्थ मे उपाध्याय यशोविजय जी ने धर्म्यंश की दृष्टि मे जैसे—चार्वाक को नास्तिक अक्रियावादी कहा है वैसे ही धर्मांश की दृष्टि से सभी एकान्तवादियो को नास्तिक कहा है।[18]

सूत्रकृतागनिर्युक्ति मे अक्रियावादियो के चौरासी प्रकार बताये है। यह स्पष्ट रूप से नही कहा जा सकता कि उस समय जिन वादो का उल्लेख किया गया है उनकी कौनसी दार्शनिक धारायें थी ? पर वर्तमान मे उन धाराओ के सवाहक दार्शनिक इस प्रकार है—

१ एकवादी

१ ब्रह्माद्वैतवादी—वेदान्त।

२ विज्ञानाद्वैतवादी—बौद्ध।

३ शब्दाद्वैतवादी—वैयाकरण।

ब्रह्माद्वैतवादी की दृष्टि से ब्रह्म, विज्ञानाद्वैतवादी की दृष्टि से विज्ञान और शब्दाद्वैतवादी की दृष्टि से शब्द पारमार्थिक तत्त्व है। शेष तत्त्व अपारमार्थिक है। अत ये सारे दर्शन एकवादी है। अनेकान्त दृष्टि के आलोक मे सभी पदार्थ सग्रहनय की दृष्टि से एक है और व्यवहारनय की दृष्टि से अनेक है।

अनेकवादी—

वैशेषिक दर्शन अनेकवादी है। उसके अभिमतानुसार धर्म-धर्मी, अवयव-अवयवी पृथक्-पृथक् है।[19]

३. मितवादी

१ जीवो की सख्या परिमित मानने वाले—इनके मन्तव्य पर स्याद्वादमञ्जरी टीका मे चिन्तन किया गया है।[20]

२ आत्मा को अगुष्ठपर्व या श्यामाक तदुल जितना मानने वाले—इस सम्बन्ध मे बृहदारण्यक उपनिषद्,[21] छान्दोग्योपनिषद्,[22] कौषीतकी उपनिषद्,[23] मुण्डक उपनिषद्[24] आदि विविध उपनिषदो का मत है।

३ लोक को केवल सात द्वीप समुद्र का मानने वाले—इस विचारधारा का उल्लेख भगवती आदि मे हुआ है।

---

१८ "धर्म्यंशे नास्तिको ह्येको, बार्हस्पत्य प्रकीर्तित ।
धर्मांशे नास्तिका ज्ञेया, सर्वेऽपि परतीर्थिका ॥' —नयोपदेश, श्लोक-१२६

१९ स्वतोनुवृत्ति-व्यतिभाजो, भावा न भावान्तरनेयरूपा ।
परात्मतत्त्वादतथात्मतत्त्वाद्, द्वय वदन्तोऽकुशला स्खलन्ति ॥ अन्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिका, श्लोक-४

२० मुक्तोपि वाभ्येतु भव भवो वा भवस्थशून्योस्तु मितात्मवादे ।
षड्जीवकाय त्वमनन्तसख्यमाख्यस्तथा नाथ ! यथा न दोष ॥ —अन्ययोग०, श्लोक-२९

२१ अस्थूल मन एव ह्रस्वमदीर्घमलोहितमस्नेहमच्छायमतमोऽवाय्वनाकाशमसङ्गमरसमगन्धमचक्षुष्कमश्रोत्रमवागऽमनोऽतेजस्कमप्राणममुखमनन्तरमबाह्यम् । यथा व्रीहिर्वा यवो वा ! —बृहदारण्यक उपनिषद्-३।८।८, ५।६।१

२२ प्रदेशमात्रम् ! —छान्दोग्य उपनिषद्—५।१८।१

२३ एष प्रज्ञात्मा इद—शरीरमनुप्रविष्ट । —कौषीतकी उपनिषद्—३५।४।२०

२४ सर्वगत । —मुण्डक-उपनिषद्—१।१।६

४ निर्मितवादी—

नैयायिक, वैशेषिक आदि—जो लोक को ईश्वरकृत मानते हैं ।[२५]

५ सातवादी—

आचार्य अभयदेव के[२६] अनुसार 'सातवाद' बौद्धो का मत है। सूत्रकृताग से भी इस कथन की पुष्टि होती है।[२७] चार्वाकदर्शन का साध्य सुख है। तथापि वह सातवादी नही है। क्योकि "सात सातेण विज्जति" सुख का कारण सुख ही है। प्रस्तुत कार्य-कारण का सिद्धान्त चार्वाकदर्शन का नही है। बौद्धदर्शन पुनर्जन्म मे निष्ठा रखता है। उसकी मध्यम प्रतिपदा भी कठिनाइयो से बचकर चलने की है, इसलिए वह सातवादी माना गया है। चूर्णिकार ने भी सातवाद को बौद्ध माना है। "सात सातेण विज्जति"—इस पर चिन्तन करते हुए चूर्णिकार ने लिखा है—'इदानीम् शाक्या परामृश्यन्ते' अर्थात् अब बौद्धो के सम्बन्ध मे हम चिन्तन कर रहे हैं। भगवान् महावीर ने कायक्लेश पर बल दिया। "अत्तहिय खु दुहेण लब्भई"—आत्महित कष्ट से सिद्ध होता है। जैनदर्शन ने बौद्धो के सामने यह सिद्धान्त प्रस्तुत किया। बौद्धो का मन्तव्य है—शारीरिक कष्ट की अपेक्षा मानसिक समाधि का होना आवश्यक है। कार्य-कारण के सिद्धान्तानुसार दु ख, सुख का कारण नही हो सकता। इसलिए सुख, सुख से ही प्राप्त होता है। आचार्य शीलाक ने बौद्धो का सातवाद सिद्धान्त माना ही है साथ ही जो परिषह को सहन करने मे असमर्थ हैं, ऐसे जैन मुनियो का भी अभिमत माना है।[२८]

६ समुच्छेदवादी—

प्रत्येक पदार्थ क्षणिक है। उत्पत्ति-अनन्तर दूसरे ही क्षण मे उसका उच्छेद हो जाता है, ऐसा बौद्ध मन्तव्य हैं। इसलिए बौद्धदर्शन समुच्छेदवादी माना गया है।

७ नित्यवादी—

साख्यदर्शन के सत्कार्यवाद के अनुसार पदार्थ कूटस्थ नित्य है। कारण रूप मे प्रत्येक वस्तु का अस्तित्व रहता है। कोई भी पदार्थ नूतन रूप से पैदा नही होता और न वह विनष्ट ही होता है। पदार्थ का आविर्भाव और तिरोभाव मात्र होता है।[२९]

८. असत् परलोकवादी—

चार्वाकदर्शन न मोक्ष को मानता है और न परलोक आदि को स्वीकार करता है।

राजा प्रदेशी : एक परिचय—

राजा प्रदेशी अक्रियावादी था और उसी दृष्टि से उसने अपनी जिज्ञासायें केशीश्रमण के सामने प्रस्तुत की थी। डा विन्टरनीत्ज का मन्तव्य है कि प्रस्तुत आगम मे पहले राजा प्रसेनजित की कथा थी। उसके पश्चात्

---

२५ ईश्वर कारण पुरुषकर्माफल्यदर्शनात् ।
न पुरुषकर्माभावे फलानिष्पत्ते ॥
तत्कारितत्वादहेतु । —न्यायसूत्र, ४।१।१९-२१

२६ स्थानागवृत्ति, पत्र ४०४।

२७ सूत्रकृताग—३।४।६

२८. सूत्रकृतागवृत्ति, पत्र ९६ एके शाक्यादय स्वयूथ्या वा लोचादिनोपतप्ता ।

२९ साख्यकारिका—९

प्रसेनजित के स्थान पर 'पएस' लगाकर प्रदेशी के साथ इस कथा का सम्बन्ध जोडने का प्रयास किया है। पर प्रबल प्रमाण नही दिया है, अत हमारी दृष्टि से वह कल्पना ही है। प्रसेनजित महावीर और बुद्ध के समसामयिक राजाओ मे एक राजा था। सयुक्तनिकाय[30] के अनुसार उसने एक यज्ञ के लिए ५०० बैल, ५०० बछडे, ५०० बछडिया, ५०० बकरिया, ५०० भेड आदि एकत्रित किये थे। बुद्ध के उपदेश से विना मारे ही उसने यज्ञ का विसर्जन किया।[31] उसने बुद्ध से छोटे-बडे अनेक प्रश्न पूछे, उसका सकलन सयुक्तनिकाय के 'कौशलसयुत' मे हुआ है। दीघनिकाय के अनुसार[32] राजा प्रदेशी प्रसेनजित के अधीन था और राजप्रश्नीयसूत्र के अनुसार जितशत्रु प्रदेशी राजा का आज्ञाकारी सामन्त था। क्योकि जैन आगमसाहित्य मे कही भी प्रसेनजित राजा का नाम प्राप्त नही है। श्रावस्ती के राजा का नाम उपासकदशाग[33] तथा राजप्रश्नीय[34] सूत्र मे 'जितशत्रु' है। यो वाणिज्यग्राम, चम्पा, वाराणसी, आलम्बिया आदि अनेक नगरियो के राजा का नाम जितशत्रु मिलता है।[35] हमारी दृष्टि से यह ऐसा गुणवाचक शब्द है, जिसका प्रयोग प्रत्येक राजा के लिए प्रयुक्त हो सकता है। यह बहुत कुछ सम्भव है कि प्रसेनजित का ही अपरनाम 'जितशत्रु' जैन साहित्य मे आया हो। प्रसेनजित पहले वैदिक परम्परा का अनुयायी था। उसके पश्चात् वह तथागत बुद्ध का अनुयायी बना। वह जैनधर्म का अनुयायी नही था, इसलिए उसका जैन साहित्य मे वर्णन न आया हो, यह भी सम्भव है। श्रावस्ती के अनुयायी निर्ग्रन्थ धर्म पर पूर्ण आस्थावान् थे। गणधर गौतम और केशीकुमार का मधुर सवाद भी वही पर हुआ था[36] तथा अन्य अनेक प्रसग भी भगवान् महावीर के जीवन के साथ जुडे हुए है।[37]

प्रस्तुत आगम—

प्रस्तुत आगम दो भागो मे विभक्त है। इसमे प्रथम विभाग मे 'सूर्याभ' नामक देव श्रमण भगवान् महावीर के समक्ष उपस्थित होता है और वह विविध प्रकार के नाटको का प्रदर्शन करता है। द्वितीय विभाग मे राजा प्रदेशी का केशी कुमारश्रमण से जीव के अस्तित्व और नास्तित्व को लेकर मधुर सवाद है।

प्रस्तुत आगम का प्रारम्भ 'आमलकप्पा' नगरी के वर्णन से होता है। यह नगरी पश्चिम विदेह मे श्वेताम्बिका के समीप थी। बौद्ध साहित्य मे बुल्लिय राज्य की राजधानी 'अल्लकप्पा' थी। सम्भव है, अल्लकप्पा ही आमलकप्पा हो। यह स्थान शाहाबाद जिले मे 'मसार' और 'वैशाली' के बीच अवस्थित था। आमलकप्पा के बाहर 'अम्बसाल' नामक चैत्य था। वह चैत्य वनखण्ड से वेष्टित था। वहाँ के राजा का नाम 'सेय' और रानी का नाम 'धारिणी' था। भगवान् महावीर का वहाँ पर शुभागमन हुआ और वे अम्बसाल चैत्य मे

---

३० सयुक्तनिकाय—कौशलसयुत्त, यञ्ञसुत्त, ३।१।९

३१ धम्मपद-अट्ठकथा, ५-१, Buddhist Legends, Vol II, P 104 ff

३२ दीघनिकाय—२।१०

३३ उपासकदशाग-अध्ययन-९/१०

३४ राजप्रश्नीयसूत्र

३५ उपासकदशागसूत्र—अध्ययन १/अ २, अ ३, अ ५

३६ उत्तराध्ययन, अध्ययन-२३ गाथा-३

३७ (क) भगवतीसूत्र, शतक-१५वा।
(ख) भगवतीसूत्र—शतक-२, उद्देशक-१

विराजे। राजा-रानी तथा अन्य नगर-निवासी प्रभु महावीर के पावन प्रवचन को श्रवण करने के लिए पहुँचे। आगमसाहित्य मे राजा 'सेय' का अन्यत्र कही भी विशेष परिचय नही आया है। स्थानागसूत्र के आठवे स्थान मे भगवान् महावीर ने जिन आठ राजाओ को दीक्षित किया, उन मे एक राजा का नाम 'सेय' है। आचार्य अभयदेव के अनुसार यही सेय राजा था, जिसने भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या अगीकार की थी।[३८] आचार्य गुणचन्द्र ने लिखा है—एक बार भगवान् महावीर पोतनपुर मे पधारे, तब शख, वीर, शिव, भद्र आदि राजाओ ने एक साथ दीक्षा ग्रहण की थी।[३९] इससे विज्ञो का यह अभिमत है कि ये सभी राजा-गण एक ही दिन दीक्षित हुए थे।[४०] मलयगिरि ने 'सेय' का सस्कृत रूपान्तर श्वेत किया है। इसी तरह धारिणी नाम अन्य आगमो मे अनेक स्थलो पर आया है। औपपातिक सूत्र मे राजा कूणिक की रानी का नाम भी धारिणी है तथा अन्यत्र भी इस नाम का प्रयोग हुआ है। सम्भव है, गर्भ को धारण करने के कारण 'धारिणी' कहलाती हो। भले ही उसका व्यक्तिगत नाम अन्य कुछ भी रहा हो।

वास्तुकला का उत्कृष्ट रूप : विमान—

सौधर्म स्वर्ग के 'सूर्याभ' नामक देव ने अपने दिव्य ज्ञान से निहारा—श्रमण भगवान् महावीर आमलकप्पा के अम्बसाल चैत्य मे विराज रहे है। उसने वही से भगवान् को वन्दन किया और अपने आभियोगिक देवो को आदेश दिया कि वे शीघ्र ही प्रभु महावीर की सेवा मे पहुँचें और वहाँ की आसपास की भूमि को साफ कर सुगन्धित द्रव्यो से महका दें। तदनुसार आज्ञा का पालन किया गया। सूर्याभ देव ने अपने सेनापति को बुलाकर अत्यन्त कलात्मक विमान की रचना करने की आज्ञा दी। विमान का वर्णन वास्तुकला की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ही नही, अपूर्व एव अद्भुत है। विमान के तीन ओर सोपान बनाये गये थे। तीनो सोपानो के सामने मणि-मुक्ताओ और तारिकाओ से रचित तोरण लगाये गये। उन तोरणो पर आठ-मगल स्थापित किये गये। रग-बिरगी ध्वजायें, छत्र, घण्टे और सुन्दर कमलो के गुच्छे लगाये गये। विमान का केवल बाह्य भाग ही सुन्दर नही था अपितु अन्दर के भाग मे इस प्रकार कलात्मक मणिया जडी गई थी कि दर्शक देखते ही मत्रमुग्ध हो जायें। तथा इस प्रकार के चित्र उट्ट कित किये गये थे कि अवलोकन करने वाला ठगा-सा रह जाय। विमान के मध्य मे प्रेक्षाग्रह का निर्माण किया गया, जिसमे अनेक खम्भे बनाये गये। ऊँची वेदिकायें, तोरण, शाल-भजिकायें स्थापित की गई। ईहामृग, वृषभ, हाथी, घोडे, वनलता प्रभृति के सुन्दर चित्र अकित किये गये। स्वर्णमय और रत्नमय स्तूप स्थापित किये गये। सुगन्धित द्रव्यो से उसे महकाया गया। मण्डप के चारो ओर वाद्यो की सुरीली स्वर-लहरिया झनझनाने लगी। मण्डप के मध्यभाग मे प्रेक्षको के बैठने का स्थान निर्मित किया गया। उनमे एक पीठिका स्थापित की। उस पर सिंहासन रखा, जो कलात्मक था। सिंहासन के आगे मुलायम पादपीठ रखा। सिंहासन श्वेत वर्ण के विजयदूष्य से सुशोभित था। उसके मध्य मे अकुश के आकार की एक खूटी थी, जिस पर मोतियो की मालायें लटक रही थी। अनेक प्रकार के रत्नो के हार दमक रहे थे। इस विमान मे सूर्याभ देव की मुख्य देवियो तथा अन्य आभ्यन्तर परिषद्, सेनापति आदि के बैठने के लिए भद्रासन बिछे हुए थे। सूर्याभ देव अपने स्थान पर आसीन हुआ और अन्य देवगण भी अपने-अपने आसनो पर अवस्थित हुए। विमान अत्यन्त द्रुत गति से चला। असख्यात द्वीप, समुद्रो को लाघता हुआ

---

३८ स्थानाङ्ग वृत्ति, पत्र-४०८

३९ "पत्तो पोयणपुर, तहिं च सखवीरसिवभद्दपमुहा नरिंदा दिक्खा गाहिया"।

—श्री गुणचन्द महावीरचरित्त, प्रस्ताव ८, पत्र ३३७

४० ठाण—जैन विश्वभारती, लाडनू, पृष्ठ-८३७

जहाँ भगवान् महावीर विराज रहे थे, वहाँ उतरा। सूर्याभ देव अपने परिवार सहित भगवान् के श्री-चरणों में पहुँचा।

भगवान् महावीर के त्याग-वैराग्य से छलछलाते हुए उपदेश को श्रवण कर आमलकप्पा के नागरिक यथास्थान लौट गये। सूर्याभ देव ने अपने अन्तर्हृदय की जिज्ञासाएं प्रस्तुत की। भगवान् से समाधान पाकर वह परम सतुष्ट हुआ। प्रेक्षामण्डप की सरचना की। विविध प्रकार के चमचमाते हुए वस्त्राभूषणों से सुसज्जित एक सौ आठ देवकुमार तथा एक सौ आठ देवकुमारिया आविर्भूत हुई।

वाद्य: विश्लेषण

उसके पश्चात् सूर्याभ देव ने निम्न प्रकार के वाद्यो की विक्रियाशक्ति से रचना की—शख, शृ ग, शृ गिका, खरमुही [काहाला], पेया [महतीकाला], पिरिपिरिका [कोलिक मुखावनद्ध मुखवाद्य], पणव [लघुपटह], पटह, भभा [ढक्का], होरभा [महाढक्का], भेरी [ढक्काकृति वाद्य], झल्लरी[४१] [चर्मविनद्धा विस्तीर्णवलयाकारा], दुन्दुभि [भेर्याकारा सकटमुखी देवातोद्य[४२]], मुरज [महाप्रमाण मर्दल], मृदग [लघु मर्दल], नदीमृदग [एकत सकीर्ण अन्यत्र विस्तृतो मुरजविशेष], आलिग [मुरज वाद्यविशेष[४३]] कुस्तुब [चर्मावनद्धपुटो वाद्यविशेष] गोमुखी, मर्दल [उभयत सम[४४]], वीणा, विपची [त्रितत्री वीणा], वल्लकी [सामान्यतो वीणा], महती, कच्छभी [भारती वीणा], चित्रवीणा, बद्धीस, सुघोषा, नदिघोषा, भ्रामरी, षड्भ्रामरी, वरवादनी [सप्ततत्री वीणा], तूणा, तुम्बवीणा [तु बयुक्त वीणा], आमोट, झझा, नकुल, मुकुन्द [मुरज वाद्यविशेष], हुडुक्का[४५], विचिक्की, करटा[४६], डिंडिम, किणित, कडव, दर्दर, दर्दरिका [यस्य चतुर्भिश्चरणैरवस्थान भुवि स गोधाचर्मावनद्धो, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, १०१], कलशिका, मडुया, तल, ताल कास्यताल, रिंगिसिका [रिंगिसिगिका, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति], लत्तिया, मगरिका, शिशुमारिका, वश, वेणु, वाली [तूणविशेष , स हि मुखे दत्वा वाद्यते], परिलि और वद्धक [पिरलीवद्धको तृणरूप-वाद्यविशेषौ, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, पृष्ठ—१०१][४७], (५९)।

वाद्यो की सख्या के सम्बन्ध मे पाठभेद है। मूलपाठ मे वाद्यो की सख्या ४९ है और पाठानुसार इनकी सख्या ५९ है। इस पर चिन्तन करते हुए टीकाकार ने इस भिन्नता का समन्वय किया है।[४८] उन्होने कुछ वाद्यो को एक दूसरे मे मिलाकर उनकी सख्या का स्पष्टीकरण किया है। यो आगमसाहित्य मे अनेक स्थलो पर वाद्यो का उल्लेख है। आचाराग[४९] मे 'किरिकिरिया' वाद्य का वर्णन है, जो बास आदि की लकडी से बना हुआ

---

४१ यह बायें हाथ मे पकडकर दायें हाथ से बजाई जाती है, —शार्गधर, सगीतरत्नाकार—६, १२३७।

४२ मगल और विजय सूचक होती है तथा देवालयो मे बजाई जाती है, —शार्गधर, सगीतरत्नाकर—६,११४६।

४३ गोपुच्छाकृति मृदग जो एक सिरे पर चौडा और दूसरे पर सकडा होता है—वासुदेवशरण अग्रवाल, हर्षचरित, पृष्ठ ६७

४४ सगीतरत्नाकर, १०३४ आदि।

४५ इसे आवज अथवा स्कधावज भी कहा जाता है, —सगीतरत्नाकर १०७५

४६ सगीतरत्नाकर १०७६ आदि।

४७ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति—सूत्र, ६४

४८ मूलभेदापेक्षया आतोद्यभेदा एकोनपञ्चाशत्, शेषास्तु एतेषु एव अन्तर्भवन्ति, यथा वशातोद्यविधाने वालीवेणु-पिरिलिवद्धगा इति, राजप्रश्नीय सटीक, पृष्ठ १२८

४९ आचाराग—२, ११, ३९१, पृष्ठ ३७९

होता था। सूत्रकृताग मे 'कुक्कयय' और 'वेणुपलाशिय' बासुरियो का वर्णन है, जो दातो मे बाये हाथ से पकड कर वीणा की भाति दाहिने हाथ से बजाई जाती थी।[50] भगवतीसूत्र की टीका मे[51], जीवाभिगम[52], जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति[53], निशीथसूत्र[54], आदि मे भी अनेक वाद्यो का उल्लेख है। बृहत्कल्पभाष्य[55] मे भभा, मुकुन्द, मद्दल, कडम्ब, झल्लरी, हुडुक्क, कास्यताल, काहल, तलिमा, वश, पणव, शख इन बारह वाद्यो का उल्लेख है। रामायण[56] व महाभारत[57] मे मड्डूक, पटह, वश, विपञ्ची, मृदग, पणव, डिंडिम, आडबर और कलशी का उल्लेख है।

भरत के नाट्यशास्त्र मे, ततवाद्यो मे, विपञ्ची और चित्रा को मुख्य और कच्छपी एव घोषका को उनका अगभूत माना है।[58] चित्रवीणा सात तन्त्रियो वाली होती थी और वे तन्त्रिया अगुलियो से बजाई जाती थी। विपञ्ची मे नौ तन्त्रिया होती थी, जिसका वादन 'कोण' अर्थात् वीणावादन के दण्ड के द्वारा किया जाता था।[59] यद्यपि भरत ने कच्छपी और घोषका के स्वरूप के सम्बन्ध मे कुछ भी प्रकाश नही डाला है, किन्तु सगीत-रत्नाकर ग्रन्थ के अनुसार घोषका एकतत्री वाली वीणा थी[60] और कच्छपी सम्भव है, सात तन्त्रियो से कम वाली वीणा हो।

'सगीतदामोदर' मे तत के २९ प्रकार बताये है—अलावणी, ब्रह्मवीणा, किन्नरी, लघुकिन्नरी, विपञ्ची, वल्लकी, ज्येष्ठा, चित्रा, घोषवली, जपा, हस्तिका, कुनजिका, कूर्मी, सारगी, परिवादिनी, त्रिशवी, शतचन्द्री, नकुलौष्ठी, ढसवी, ऊदबरी, पिनाकी, नि शक, शुष्फल, गदावारणहस्त, रुद्र, स्वरमणमल, कपिलास, मधुस्यदी और घोपा।[61] आयारचूला[62] और निशीथ[63] मे तत के अन्तर्गत वीणा, विपञ्ची, बद्धिसग, तुणय, पवण, तुम्बविणिया, ढकुण, और जोडय ये आठ वाद्य लिये है।

वितत—चर्म से आबद्ध वाद्य वितत है। गीत और वाद्य के साथ ताल एव लय के प्रदर्शन करने हेतु इन वाद्यो का प्रयोग होता था। इनमे मृदग, पवण [तन्त्रीयुक्त अवनद्ध वाद्य], दर्दुर [कलश के आकार वाला चर्म

---

५० सूत्रकृताग—४ २ ७
५१ भगवतीसूत्र टीका—५ ४ पृष्ठ-२१६ अ
५२ जीवाभिगम—३, पृष्ठ—१४५-अ
५३ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति—२, पृष्ठ-१००-अ आदि
५४ निशीथसूत्र—१७ १३५-१३८
५५ बृहत्कल्पभाष्यपीठिका—२४ वृत्ति
५६ रामायण—५ १० ३८ आदि
५७ महाभारत—७ ८२ ४
५८ विपची चैव चित्रा च दारवीष्वगसज्ञिते।
कच्छपीघोषकादीनि प्रत्यगानि तथैव च॥ —भरतनाट्य-३३। १५
५९ सप्ततन्त्री भवेत् चित्रा विवची नवतन्त्रिका।
विपची कोणवाद्या स्याच्चित्रा चागुलिवादना॥ —भरतनाट्य-२९। ११४
६० घोषकश्चैकतन्त्रिका। —सगीतरत्नाकर, वाद्याध्याय, पृष्ठ २४८
६१ प्राचीन भारत के वाद्ययन्त्र—कल्याण (हिन्दुसस्कृति अङ्क) पृष्ठ-७२१-७२२ से उद्धृत
६२ आयारचूला—११। २।
६३ निसीहज्झयण—१७। १३८

से मढा हुआ वाद्य], भेरी, डिंडिम, मृदग आदि है। ये वाद्य मानव की कोमल भावनाओं को उद्दीपित करते हैं और वीरोचित उत्साह बढाते है। इसलिए धार्मिक उत्सव और युद्ध के प्रसगो पर उनका उपयोग होता था।

विज्ञो का यह भी मानना है कि मुरज, पटह, ढक्का, विश्वक, दर्पवाद्य, घण, पणव, सरुहा, लाव, जाहव, त्रिवली, करट, कमठ, भेरी, कुडुक्का, हुडुक्का, झनसमुरली, झल्ली, ढुक्कली, दौडी, शान, डमरू, ढमुकी, मड्डू, कुडली, स्तुग, दुदुभी, अग, मर्छल, अणीकस्थ आदि वाद्य भी वितत के अन्तगत आते है।[६४]

घन—कास्य आदि धातुओ से बने हुए वाद्य 'घन' कहलाते हैं। करताल, काम्यवन, नयघटा शुक्तिका, कण्ठिका, पटवाद्य, पट्टाघोष, घर्घर, झझताल, मजिर, कर्त्तरी, उष्णकूक आदि घन के अनेक प्रकार है। निशीथ मे[६५] घन शब्द के अन्तर्गत ताल, कसताल, लत्तिय, गोहिय, मक्करीय, कच्छभी, महत्ती, सणालिया और वालिया आदि वाद्य घन मे सम्मिलित किए गये है।

सुषिर—फूंक से बजाये जाने वाले वाद्य 'शुषिर' है। भरतमुनि ने शुषिर के अन्तर्गत वश को अगभूत तथा शख, डिक्किणी आदि वाद्यो को प्रत्यग माना है।

इस प्रकार प्राचीन साहित्य मे वाद्यो के सम्बन्ध मे विविध रूप से चर्चायें है। हमने सक्षेप मे ही यहाँ कुछ उल्लेख किया है।

नाटक : एक चिन्तन —

सूर्याभ देव ने देव कुमारो और देव कुमारियो को आदेश दिया कि वे नाट्यविधि का प्रदर्शन करें। वे सभी एक साथ नीचे झुके और एक साथ मस्तक ऊपर उठाकर उन्होने अपना नृत्य और गीत प्रारम्भ किया। उसके पश्चात् बत्तीस प्रकार की नाट्यविधिया प्रदर्शित की —

१ स्वस्तिक, श्रीवत्स, नन्द्यावर्त, वर्धमानक, भद्रासन, कलश, मत्स्य और दर्पण के दिव्य अभिनय— आचार्य मलयगिरि[६६] के अनुसार इन नाट्यविधियो का उल्लेख चतुर्दश पूर्वो के अन्तर्गत नाट्यविधि नामक प्राभृत मे था, पर वह प्राभृत वर्तमान मे विच्छिन्न हो गया है। महाभारत मे[६७] स्वस्तिक, वर्धमान और नन्द्यावर्त का उल्लेख है। अगुत्तरनिकाय मे नन्द्यावर्त का अर्थ मछली किया है।[६८] भरत के नाट्यशास्त्र मे स्वस्तिक को चतुर्थ और वर्धमानक को तेरहवा नाट्य बताया है। प्रस्तुत अभिनय मे भरत के नाट्यशास्त्र मे उल्लखित आगिक अभिनय के द्वारा नाटक करने वाले, स्वस्तिक आदि आठ मगलो का आकार बनाकर खडे हो जाते और फिर हाथ आदि के द्वारा उस आकार का प्रदर्शन करते तथा वाचिक अभिनय के द्वारा मगल शब्द का उच्चारण करते। जिससे दर्शको के अन्तर्हृदय मे उस मगल के प्रति रतिभाव समुत्पन्न होता।[६९]

२ आवर्त,[७०] प्रत्यावर्त, श्रेणी, प्रश्रेणी, स्वस्तिक, सौवस्तिक, पुष्यमानव, वर्धमानक, [कधे पर बैठे

---

६४ प्राचीन भारत के वाद्ययन्त्र—कल्याण (हिन्दुसस्कृति अक) पृष्ठ—७२१-७२२

६५ निसीहज्झयण—१७। १३९

६६ राजप्रश्नीय टीका, पृष्ठ-१३६

६७ महाभारत—७, ८२, २०

६८ डिक्शनरी ऑफ पालि प्रॉपर नेम्स, भाग-२, पृष्ठ-२९ —मलालसेकर

६९ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

७० भ्रमद्भ्रमरिकादानैर्नर्तनम् आवर्त, तद्विपरीत प्रत्यावर्त। —जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

हुए पुरुष का अभिनय] मत्स्याण्डक, मकराण्डक[७१] जार, मार[७२], पुष्पावली, पद्मपत्र, सागरतरग, वसन्तलता, पद्मलता[७३], के चित्रो का अभिनय।

३ ईहामृग, वृषभ, घोडा, नर, मगर, पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरु, शरभ, चमर, कुजर,[७४] वनलता, पद्मलता के चित्रो का अभिनय।

४ एकतोवक्र[७५], द्विधावक्र, एकतश्चक्रवाल, द्विधाचक्रवाल, चक्रार्ध, चक्रवाल का अभिनय।

५ चन्द्रावलिका-प्रविभक्ति[७६], सूर्यावलिका-प्रविभक्ति, वलयावलिका-प्रविभक्ति, हसावलिका-प्रविभक्ति[७७], एकावलिका-प्रविभक्ति, तारावलिका-प्रविभक्ति, मुक्तावलिका-प्रविभक्ति, कनकावलिका-प्रविभक्ति, और रत्नावलिका-प्रविभक्ति का अभिनय।

६ चन्द्रोद्गमनदर्शन और सूर्योद्गमनदर्शन का अभिनय।

७, चन्द्रागमदर्शन, सूर्यागमदर्शन का अभिनय।

८ चन्द्रावरणदर्शन, सूर्यावरणदर्शन का अभिनय।

९ चन्द्रास्तदर्शन, सूर्यास्तदर्शन का अभिनय।

१० चन्द्रमण्डल, सूर्यमण्डल, नागमण्डल, यक्षमण्डल, भूतमण्डल, राक्षसमण्डल, गन्धर्वमण्डल[७८] के भावो का अभिनय।

११ द्रुतविलम्बित अभिनय—इसमे वृषभ और सिह तथा घोडे और हाथी की ललित गतियो का अभिनय।

१२ सागर और नागर के आकारो का अभिनय।

१३ नन्दा और चम्पा का अभिनय।

१४ मत्स्याड, मकराड, जार और मार की आकृतियो का अभिनय।

१५ क, ख, ग, घ, ङ की आकृतियो का अभिनय।

१६ च-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

१७ ट-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

---

७१ भरत के नाट्यशास्त्र मे मकर का वर्णन है।

७२ सम्यग्मणिलक्षणवेदिनो लोकाद्वेदितव्यो । —जीवाजीवाभिगम टीका, पृष्ठ-१८९

७३. भरत के नाट्यशास्त्र मे पद्म।

७४ भरत के नाट्यशास्त्र मे गजदत।

७५ एकतो वक्र—नटाना एकस्या दिशि धनुराकारश्रेण्या नर्तन। द्विधातो वक्र—द्वयो परस्पराभिमुखदिशो धनुराकारश्रेण्या नर्तन। एकतश्चक्रवाल एकस्या दिशि नटाना मण्डलाकारेण नर्तन।

—जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

७६. चन्द्राणा आवलि श्रेणि तस्या प्रविभक्ति—विच्छित्तिरचनाविशेषस्तदभिनयात्मक।

—जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

७७ भरत के नाट्यशास्त्र मे हसवक्त्र और हसपक्ष।

७८ नाट्यशास्त्र मे २० प्रकार के मण्डल बताये गये है। यहाँ गन्धर्वनाट्य का उल्लेख है।

१८ त-वर्ग की आकृतियो का अभिनय ।

१९ प-वर्ग की आकृतियो का अभिनय ।

२० अशोक, आम्र, जवू, कोशम्ब के पल्लवो का अभिनय ।

२१ पद्म, नाग, अशोक, चम्पक, आम्र, वन, वानन्ती, कुन्द, अतिमुक्तक और श्याम लता का अभिनय ।

२२ द्रुतनाट्य[७९] ।

२३ विलवित नाट्य ।

२४ द्रुतविलवित नाट्य ।

२५ अचित[८०] ।

२६ रिभित ।

२७ अचितरिभित ।

२८ आरभट[८१] ।

२९ भसोल (अथवा भसल)[८२] ।

३० आरभटभसोल ।

३१ उत्पात, निपात, सकुचित, प्रसारित, रयारइय[८३], भ्रात और सभ्रात क्रियाओ से सम्बन्धित अभिनय ।

३२ महावीर के च्यवन, गर्भसहरण, जन्म, अभिषेक, वालक्रीडा, यौवनदशा, कामभोगलीला,[८४] निष्क्रमण, तपश्चरण, ज्ञानप्राप्ति, तीर्थप्रवर्तन और परिनिर्वाण सम्बन्धी घटनाओ का अभिनय [६६-८४] ।

अन्य आगमो मे अनेक स्थलो पर नाट्यविधियो का उल्लेख हुआ है । उत्तराध्ययन की वृत्ति के अनुसार जव ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती पद पर आसीन हुआ तो उसके सामने एक नट 'मधुकरीगीत' नामक नाट्यविधि प्रदर्शित करता है ।[८५] सौधर्म इन्द्र के सामने सुधर्मा सभा मे 'सौदामिनी' नाटक करने का भी उल्लेख है ।[८६]

स्थानागसूत्र मे चार प्रकार के नाट्यो का वर्णन है—अचित, रिभित, आरभट, भसोल ।[८७] भरत-नाट्यशास्त्र मे एक सौ आठ कर्ण माने है । कर्ण का अर्थ है—अग और प्रत्यग की क्रियाओ को एक साथ करना ।

---

७९ नाट्यशास्त्र मे द्रुत नामक लय का वर्णन है ।

८० नाट्यशास्त्र मे उल्लेख है ।

८१ नाट्यशास्त्र मे 'आरभटी' एक वृत्ति का नाम वताया गया है ।

८२ नाट्यशास्त्र मे भ्रमर ।

८३ नाट्यशास्त्र मे रेचित । जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति मे रेचकरेचित पाठ है । आरभटी शैली से नाचने वाले नट मडलाकार रूप में रेचक अर्थात् कमर, हाथ, ग्रीवा को मटकाते हुए रास नृत्य करते थे ।

—वासुदेवशरण अग्रवाल, हर्षचरित, पृष्ठ-३३

८४ इससे महावीर की गृहस्थावस्था का सूचन होता है ।

८५ उत्तराध्ययन टीका-१३, पृष्ठ-१९६

८६ उत्तराध्ययन टीका-१८, पृष्ठ-२४० अ

८७ चउव्विहे णट्टे पण्णत्ते, त जहा—अचिए, रिभिए, आरभडे, भसोले —स्थानाङ्ग ४ । ६३३

हुए पुरुष का अभिनय] मत्स्याण्डक, मकराण्डक[७१] जार, मार[७२], पुष्पावली, पद्मपत्र, सागरतरग, वसन्तलता, पद्मलता[७३], के चित्रो का अभिनय।

३ ईहामृग, वृषभ, घोडा, नर, मगर, पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरु, शरभ, चमर, कुजर,[७४] वनलता, पद्मलता के चित्रो का अभिनय।

४ एकतोवक्र[७५], द्विधावक्र, एकतश्चक्रवाल, द्विधाचक्रवाल, चक्रार्ध, चक्रवाल का अभिनय।

५ चन्द्रावलिका-प्रविभक्ति[७६], सूर्यावलिका-प्रविभक्ति, वलयावलिका-प्रविभक्ति, हसावलिका-प्रविभक्ति[७७], एकावलिका-प्रविभक्ति, तारावलिका-प्रविभक्ति, मुक्तावलिका-प्रविभक्ति, कनकावलिका-प्रविभक्ति, और रत्नावलिका-प्रविभक्ति का अभिनय।

६ चन्द्रोद्गमनदर्शन और सूर्योद्गमनदर्शन का अभिनय।

७, चन्द्रागमदर्शन, सूर्यागमदर्शन का अभिनय।

८ चन्द्रावरणदर्शन, सूर्यावरणदर्शन का अभिनय।

९ चन्द्रास्तदर्शन, सूर्यास्तदर्शन का अभिनय।

१० चन्द्रमण्डल, सूर्यमण्डल, नागमण्डल, यक्षमण्डल, भूतमण्डल, राक्षसमण्डल, गन्धर्वमण्डल[७८] के भावो का अभिनय।

११ द्रुतविलम्बित अभिनय—इसमे वृषभ और सिंह तथा घोडे और हाथी की ललित गतियो का अभिनय।

१२ सागर और नागर के आकारो का अभिनय।

१३ नन्दा और चम्पा का अभिनय।

१४ मत्स्याड, मकराड, जार और मार की आकृतियो का अभिनय।

१५ क, ख, ग, घ, ङ की आकृतियो का अभिनय।

१६ च-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

१७ ट-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

---

७१ भरत के नाट्यशास्त्र मे मकर का वर्णन है।

७२ सम्यग्मणिलक्षणवेदिनो लोकाद्वेदितव्यौ। —जीवाजीवाभिगम टीका, पृष्ठ-१८९

७३ भरत के नाट्यशास्त्र मे पद्म।

७४ भरत के नाट्यशास्त्र मे गजदत।

७५ एकतो वक्र—नटाना एकस्या दिशि धनुराकारश्रेण्या नर्तनं। द्विधातो वक्र—द्वयो परस्पराभिमुखदिशो धनुराकारश्रेण्या नर्तनं। एकतश्चक्रवाल एकस्या दिशि नटाना मण्डलाकारेण नर्तनं।

—जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

७६ चन्द्राणा आवलि श्रेणि तस्या प्रविभक्ति—विच्छित्तिरचनाविशेषस्तदभिनयात्मक।

—जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका ५, पृष्ठ-४१४

७७ भरत के नाट्यशास्त्र मे हसवक्त्र और हसपक्ष।

७८ नाट्यशास्त्र मे २० प्रकार के मण्डल बताये गये है। यहाँ गन्धर्वनाट्य का उल्लेख है।

१८ त-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

१९ प-वर्ग की आकृतियो का अभिनय।

२० अशोक, आम्र, जबू, कोशम्ब के पल्लवो का अभिनय।

२१ पद्म, नाग, अशोक, चम्पक, आम्र, वन, वासन्ती, कुन्द, अतिमुक्तक और श्याम लता का अभिनय।

२२ द्रुतनाट्य[७९]।

२३ विलबित नाट्य।

२४ द्रुतविलबित नाट्य।

२५ अचित[८०]।

२६ रिभित।

२७ अचितरिभित।

२८ आरभट[८१]।

२९ भसोल (अथवा भसल)[८२]।

३० आरभटभसोल।

३१ उत्पात, निपात, सकुचित, प्रसारित, रयारइय[८३], भ्रात और सभ्रात क्रियाओ से सम्बन्धित अभिनय।

३२ महावीर के च्यवन, गर्भसहरण, जन्म, अभिषेक, वालक्रीडा, यौवनदशा, कामभोगलीला,[८४] निष्क्रमण, तपश्चरण, ज्ञानप्राप्ति, तीर्थप्रवर्तन और परिनिर्वाण सम्बन्धी घटनाओ का अभिनय [६६-८४]।

अन्य आगमो मे अनेक स्थलो पर नाट्यविधियो का उल्लेख हुआ है। उत्तराध्ययन की वृत्ति के अनुसार जब ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती पद पर आसीन हुआ तो उसके सामने एक नट 'मधुकरीगीत' नामक नाट्यविधि प्रदर्शित करता है।[८५] सौधर्म इन्द्र के सामने सुधर्मा सभा मे 'सौदामिनी' नाटक करने का भी उल्लेख है।[८६]

स्थानागसूत्र मे चार प्रकार के नाट्यो का वर्णन है—अचित, रिभित, आरभट, भसोल।[८७] भरत-नाट्यशास्त्र मे एक सौ आठ कर्ण माने है। कर्ण का अर्थ है—अग और प्रत्यग की क्रियाओ को एक साथ करना।

---

७९ नाट्यशास्त्र मे द्रुत नामक लय का वर्णन है।

८० नाट्यशास्त्र मे उल्लेख है।

८१ नाट्यशास्त्र मे 'आरभटी' एक वृत्ति का नाम बताया गया है।

८२ नाट्यशास्त्र मे भ्रमर।

८३ नाट्यशास्त्र मे रेचित। जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति मे रेचकरेचित पाठ है। आरभटी शैली से नाचने वाले नट मडलाकार रूप मे रेचक अर्थात् कमर, हाथ, ग्रीवा को मटकाते हुए रास नृत्य करते थे।

—वासुदेवशरण अग्रवाल, हर्षचरित, पृष्ठ-३३

८४ इससे महावीर की गृहस्थावस्था का सूचन होता है।

८५ उत्तराध्ययन टीका-१३, पृष्ठ-१९६

८६ उत्तराध्ययन टीका-१८, पृष्ठ-२४० अ

८७ चउव्विहे णट्टे पण्णत्ते, त जहा—अचिए, रिभिए, आरभडे, भसोले —स्थानाङ्ग ४। ६३३

अचित को तेईसवा कर्ण माना है। प्रस्तुत अभिनय मे पैरो को स्वस्तिक के आकार मे रखा जाता है। दाहिने हाथ को कटिहस्त [नृत हस्त की एक मुद्रा] और बायें हाथ को व्यावृत तथा परिवृत कर नाक के पास अचित करने से यह मुद्रा बनती है।[८८] चिन्तातुर व्यक्ति हाथ पर ठोडी टिका कर सिर को नीचा रखता है, वह मुद्रा 'अचित' है। राजप्रश्नीय मे यह पच्चीसवा नाट्यभेद माना गया है। "रिभित" के सम्बन्ध मे विशेष जानकारी ग्रन्थो मे नही है। "आरभट"—माया, इन्द्रजाल, सग्राम, क्रोध, उद्भ्रान्त प्रभृति चेष्टाओ से युक्त तथा वध, बन्धन आदि से उद्धत नाटक 'आरभटी' है।[८९] 'साहित्यदर्पण'[९०] मे इसके चार प्रकार बताये गये हैं। आरभट को राजप्रश्नीय मे नाट्यभेद का अठारहवाँ प्रकार माना है। "भसोल"—स्थानाग वृत्ति मे इस सम्बन्ध मे कोई विशेष विवरण नही दिया है।[९१] राजप्रश्नीय मे इसे उनतीसवाँ प्रकार माना है।

सूर्याभदेव विविध प्रकार के गीत और नाट्य प्रदर्शित करने के पश्चात् भगवान् महावीर को नमस्कार कर स्वस्थान को प्रस्थित हो गया। गणधर गौतम ने सूर्याभदेव के विमान के सम्बन्ध मे जिज्ञासा प्रस्तुत की। भगवान् ने विस्तार से विमान का वर्णन सुनाया। साथ ही गौतम ने पुन यह जिज्ञासा प्रस्तुत की कि यह दिव्य देवऋद्धि सूर्याभदेव को किन शुभ कर्मो के कारण प्राप्त हुई है? प्रभु महावीर ने समाधान करते हुए उसका पूर्वभव सुनाया, जो प्रस्तुत आगम का द्वितीय विभाग है।

केकयार्ध जनपद

'केकय अर्ध' जनपद था। जैन साहित्य मे साढे पच्चीस आर्य क्षेत्रो की परिगणना की गई है। उन देशो और राजधानियो का उल्लेख बृहत्कल्पभाष्यवृत्ति[९२] प्रज्ञापना[९३] और प्रवचनसारोद्धार[९४] मे हुआ है। इन देशो मे तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव और वासुदेव पैदा हुए। इसलिए इन्हे आर्य जनपद कहा है।[९५] जिन देशो मे तीर्थंकर, प्रभृति महापुरुष पैदा होते है, वह आर्य हैं।[९६] आर्य और अनार्य जनपदो की व्यवस्था के सम्बन्ध मे आवश्यक-चूर्णि[९७], तत्त्वार्थभाष्य[९८], तत्त्वार्थराजवार्तिक[९९] आदि मे चर्चाएँ हैं। हम यहाँ विस्तार से चर्चा मे न जाकर यह बताना चाहेगे कि 'केकयार्ध' की परिगणना अर्धजनपद मे की गई थी। यो केकय नाम के दो प्रदेश थे। एक की

---

८८ भारतीय सगीत का इतिहास, पृष्ठ-४२५

८९ आप्टे डिक्शनरी मे आरभट शब्द के अन्तर्गत उद्धृत—
मायेन्द्रजालसग्रामक्रोधोद्भ्रान्तादिचेष्टितै।
सयुक्ता वधबन्धाद्यैरुद्धतारभटी मता ॥

९० साहित्यदर्पण-४२०।

९१ नाट्यगेयाभिनयसूत्राणि सम्प्रदायाभावान्न विवृतानि। —स्थानागवृत्ति, पत्र-२७२

९२ बृहत्कल्पभाष्यवृत्ति—१ ३२६३,

९३ प्रज्ञापनासूत्र—१ ६६ पृष्ठ १७३,

९४ प्रवचनसारोद्धार, पृष्ठ ४४६

९५ 'इत्थुप्पत्ति जिणाण, चक्कीण रामकण्हाण।' —प्रज्ञापना-१

९६ 'यत्र तीर्थंकरादीनामुत्पत्तिस्तदार्यं, शेपमनार्यम्।' —प्रवचनसारोद्धार, पृष्ठ-४४६

९७ आवश्यकचूर्णि

९८ तत्त्वार्थभाष्य—३।१५

९९ तत्त्वार्थराजवार्तिक—३।३६, पृष्ठ-२००

अवस्थिति खिवाडा—नमक की पहाडी अथवा शाहपुर झेलम-गुजरात मे थी। दूसरे की अवस्थिति श्रावस्ती के उत्तरपूर्व मे नेपाल की तराई मे थी। सम्भवत यही केकय साढे पच्चीस देशो मे अभिहित है। उसकी राजधानी श्वेताम्बिका थी। यह श्रावस्ती और कपिलवस्तु के मध्य मे नेपालगज के पास मे होनी चाहिए। इस देश के आधे भाग को आर्य देश स्वीकार किया है और आधे भाग को अनार्य देश। आधे भाग मे आदिमवासी जाति निवास करती होगी। बौद्ध साहित्य मे सेयविया [श्वेताम्बिका] को 'सेतव्या' लिखा है। भगवान् महावीर का भी वहाँ पर विचरण हुआ था। यह स्थान श्रावस्ती [सहेट-महेट] से १७ मील और बलरामपुर से ६ मील की दूरी पर अवस्थित था। इसके उत्तरपूर्व मे 'मृगवन' नामक उद्यान था। इस नगरी का अधिपति राजा प्रदेशी था। दीघनिकाय मे राजा का नाम 'पायासि' दिया गया है। वह राजा अत्यन्त अधार्मिक, प्रचण्ड क्रोधी और महान् तार्किक था। गुरुजनो का सन्मान करना उसने सीखा ही नही था और न वह श्रमणो और ब्राह्मणो पर निष्ठा ही रखता था। उसकी पत्नी का नाम 'सूर्यकान्ता' था और पुत्र का नाम 'सूर्यकान्त' था, जो राज्य, राष्ट्र, बल, वाहन, कोश, कोष्ठागार और अन्त पुर की पूर्ण निगरानी रखता था।

राजा प्रदेशी के चित्त नामक एक सारथी था। दीघनिकाय मे चित्त के स्थान पर 'खत्ते' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'खत्ते' का पर्यायवाची सस्कृत मे क्षत-क्षता है, जिसका अर्थ सारथी है। वह सारथी साम, दाम, दण्ड, भेद, प्रभृति नीतियो मे बहुत ही कुशल था। प्रबल प्रतिभा का धनी होने के कारण समय-समय पर राजा प्रदेशी उससे परामर्श किया करता था।

कुणाला जनपद मे श्रावस्ती नगरी का अधिपति 'जितशत्रु' था। जितशत्रु के सम्बन्ध मे हम पूर्व मे लिख चुके हैं—वह राजा प्रदेशी का आज्ञाकारी सामन्त था। राजा प्रदेशी के आदेश को स्वीकार कर चित्त सारथी उपहार लेकर श्रावस्ती पहुँचता है और वहाँ रहकर शासन की देखभाल भी करता है।

केशी श्रमण . एक चर्चा

उस समय चतुर्दशपूर्वधारी पार्श्वापत्य केशी कुमारश्रमण वहाँ पधारते है। ऐतिहासिक विज्ञो का अभिमत है कि सम्राट् प्रदेशीप्रतिबोधक केशी कुमारश्रमण भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा के चतुर्थ पट्टधर थे। प्रथम पट्टधर आचार्य शुभदत्त थे, जो प्रथम गणधर थे। उनकी जन्मस्थली 'क्षेमपुरी' थी। उन्होने 'सम्भूत' मुनि के पास श्रावक-धर्म ग्रहण किया था। माता-पिता के परलोकवासी होने पर उन्हे ससार से विरक्ति हुई। भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम उपदेश को सुनकर दीक्षा ली और पहले गणधर बने। उनके उत्तराधिकारी आचार्य हरिदत्तसूरि हुए, जिन्होने वेदान्त दर्शन के प्रसिद्ध आचार्य 'लोहिय' को शास्त्रार्थ मे पराजित कर प्रतिबोध दिया और लोहिय को ५०० शिष्यो के साथ दीक्षित किया। उन नवदीक्षित श्रमणो ने सौराष्ट्र, तैलग, प्रभृति प्रान्तो मे विचरण कर जैन शासन की प्रबल प्रभावना की। तृतीय पट्टधर आचार्य 'समुद्रसूरि' थे। उन्ही के समय 'विदेशी' नामक महान् प्रभावशाली आचार्य ने उज्जयिनी नगरी के अधिपति महाराज 'जयसेन', महारानी 'अनगसुन्दरी' और राजकुमार 'केशी' को दीक्षित किया।[१००]

आगमसाहित्य मे केशीश्रमण का राजप्रश्नीय और उत्तराध्ययन, इन दो आगमो मे उल्लेख हुआ। राजप्रश्नीय और उत्तराध्ययन मे उल्लिखित केशी एक ही व्यक्ति रहे है या पृथक्-पृथक्? प्रज्ञाचक्षु प सुखलाल

---

१०० केशिनामा तद्विनेय य प्रदेशीनरेश्वरम्।
प्रबोध्य नास्तिकाद् धर्माद् जैनधर्मेऽध्यरोपयत्॥ —नाभिनन्दोद्धार प्रबध-१३६

जी सघवी[१०१], डा जगदीशचन्द्र जैन[१०२], डा० मोहनलाल मेहता [१०३], प मुनि नथमल जी[१०४] [युवाचार्य महाप्रज्ञ] आदि अनेक विज्ञो ने राजा प्रदेशी के प्रतिबोधक केशी कुमारश्रमण को और गणधर गौतम के साथ सवाद करने वाले केशी कुमारश्रमण को एक माना है, पर हमारी दृष्टि से दोनो पृथक्-पृथक् व्यक्ति हैं। क्योकि सम्राट् प्रदेशी को प्रतिबोध देने वाले चतुर्दशपूर्वी और चार ज्ञान के धारक थे।[१०५] गणधर गौतम के साथ चर्चा करने वाले केशीकुमार तीन ज्ञान के धारक थे।[१०६] यदि हम यह मान ले कि जिस समय केशीकुमार ने गणधर गौतम के साथ चर्चा की थी, उस समय वे तीन ज्ञान के धारक थे और बाद मे चार ज्ञान के धारक हो गये होगे। पर यह तर्क भी उचित नही है, क्योकि यदि वे चार ज्ञान के धारक बाद मे बने तो श्रावस्ती मे चित्त सारथी को चातुर्याम का उपदेश किस प्रकार देते ? उनके नाम के साथ 'पार्श्वापत्यीय' विशेषण किस प्रकार लगता ? इसलिए स्पष्ट है कि दोनो पृथक्-पृथक् व्यक्ति है। किन्तु नामसाम्य होने से अनेक मनीषियो को भ्रम हो गया है और उन्होने दोनो को एक माना है।

विविध, उत्सव

केशीकुमार के आगमन के समाचारो ने जन-जन के अन्तर्मानस मे एक अपूर्व उल्लास का सचार किया। वे नदी के प्रवाह की तरह धर्मदेशना श्रवण करने के लिए प्रस्थित हुए। उनके तीव्र कोलाहल को सुनकर चित्त सारथी सोचने लगा—क्या आज इस नगर मे कोई इन्द्र, स्कन्द, रुद्र, मुकुन्द, शिव, वैश्रमण, नाग, यक्ष, भूत, स्तूप, चैत्य, वृक्ष, गिरि, गुफा, कूप, नदी, सागर, और सरोवर का उत्सव मनाया जा रहा है ? जिससे सभी लोग उत्साह के साथ जा रहे हैं। यहाँ पर जिन इन्द्र, स्कन्द आदि के उत्सवो का वर्णन है, उसका उल्लेख ज्ञाताधर्म कथा[१०७] व्याख्याप्रज्ञप्ति[१०८] भगवती[१०९] निशीथ[११०] आदि अन्य आगमो मे भी आया है। इन्द्र वैदिक साहित्य का बहुत ही लब्धप्रतिष्ठ देव रहा है। वह समस्त देवो मे अग्रणी था। प्राचीन युग मे 'इन्द्रमह' उत्सव सभी

---

१०१ 'दर्शन और चिन्तन'—भ० पार्श्वनाथ का विरासत लेख, पृ ५

१०२ जैन साहित्य का बृहद् इतिहास—भाग-२, पृष्ठ-५४-५५

१०३ जैन साहित्य का बृहद् इतिहास—भाग-२, पृष्ठ-५४-५५ —डा० मोहनलाल मेहता

१०४ उत्तरज्झयणाणि—भाग-१, पृष्ठ-२०१

१०५ 'पासावच्चिज्जे केसीणाम कुमारसमणे जाइसपण्णे चउद्दसपुव्वी चउणाणोवगए पचहि अणगारसएहिं सद्धि सपरिवुडे।' —रायपसेणइय, पृष्ठ-२८३ प बेचरदास जी सपादित

१०६ 'तस्स लोगपईवस्स आसि सीसे महायसे।
केशी कुमारसमणे विज्जाचरणपारगे॥
ओहिनाणसुए बुद्धे, सीससघसमाउले।
गामाणुगाम रीयन्ते, सावत्थि नगरिमागए॥ —उत्तराध्ययन-२३।२-३

१०७ ज्ञाताधर्मकथा ८, पृष्ठ-१००।

१०८ व्याख्याप्रज्ञप्ति-३ १।

१०९ भगवती-३ १।

११० निशीथसूत्र-८ १४।

उत्सवो मे श्रेष्ठ उत्सव माना जाता था और सभी लोग बडे उत्साह से इसे मनाते थे।[111] निशीथसूत्र मे इन्द्र स्कन्द, यक्ष, और भूत नामक महामहो का वर्णन है। जो क्रमश आषाढ, आसोज, कार्तिक और चैत्र की पूर्णिमाओ को मनाया जाता था। इन्द्रमह आदि उत्सवो मे लोग मनपसन्द खाते-पीते, नाचते, गाते हुए आमोद-प्रमोद मे तल्लीन रहते थे।[112] इन उत्सवो मे अत्यधिक शोरगुल होता था, जिससे श्रमणो को स्वाध्याय की मनाई की गई थी। जो खाद्य पदार्थ उत्सव के दिन तैयार किया जाता था, यदि वह अवशेष रह जाता तो प्रतिपदा के दिन उसका उपयोग करते। अपने सम्बन्धियो को भी उस अवसर पर बुलाते।[113] 'इन्द्रमह' के दिन धोबी मे धुले हुए स्वच्छ वस्त्र लोग पहनते थे।[114]

दूसरा उत्सव 'स्कन्दमह' का था। ब्राह्मण पौराणिक अनुश्रुतियो से अनुसार स्कन्द अथवा कार्तिकेय महादेव के पुत्र और युद्ध के देवता माने गये है। तारक, राक्षस और देवताओ के युद्ध मे 'स्कन्द' देवताओं के सेनापति के रूप मे नियुक्त हुए थे। उनका वाहन 'मयूर' था। 'स्कन्दमह' उत्सव आसोज की पूर्णिमा को मनाया जाता था।[115]

'रुद्रमह' तृतीय उत्सव था। वैदिक दृष्टि से रुद्र ग्यारह थे। वे इन्द्र के साथी शिव और उसके पुत्रो के अनुचर तथा यम के रक्षक थे। व्यवहारभाष्य के अनुसार रुद्र-आयतनो के नीचे ताजी हड्डिया गाडी जाती थी।[116]

'मुकुन्दमह' चतुर्थ उत्सव था। महाभारत मे मुकुन्द यानि बलदेव को लागुली-हलधर कहा है।[117] हल उसका अस्त्र है। भगवान् महावीर छद्मस्थ अवस्था मे गोशालक के साथ 'आवत्त' ग्राम मे पधारे थे। वहाँ पर वे बलदेवगृह मे विराजे[118], जहाँ पर बलदेव की अर्चना होती थी।

'शिवमह' पाचवा उत्सव था। हिन्दू साहित्य के अनुसार शिव भूतो के अधिपति, कामदेव के दहनकर्ता और स्कन्द के पिता थे। उन्होने विष का पान किया तथा आकाश से गिरती हुई गगा को धारण किया। उनके

---

१११ (क) आवश्यकचूर्णि-पृष्ठ-२१३
(ख) इपिक माइथोलॉजी, स्ट्रासवर्ग १९१५। —डा हॉपकिन्स ई, पृ १२५
(ग) भास—ए स्टडी, लाहौर-१९४०-पुलासकर ए डी, पृ ४४०
(घ) कथासरित्सागर, जिल्द-८, पृष्ठ-१४४-१५३
(ङ) महाभारत-१ ६४ ३३
(च) रगस्वामी ऐयगर कमैमोरेशन वॉल्युम, पृष्ठ-४८०

११२ (क) निशीथ-१९।६०३५
(ख) रामायण-४।१६।३६
(ग) डा० हॉपकिन्स ई० डब्ल्यू०, पृ १२५

११३ निशीथचूर्णि-१९ ६०६८।

११४ आवश्यकचूर्णि-२, पृष्ठ-१८१

११५ आवश्यकचूर्णि, पृष्ठ-३१५

११६ व्यवहारभाष्य-७।३१३, पृष्ठ-५५ अ।

११७ महाभारत—देखिए, वैष्णविज्म, शैविज्म एण्ड माइनर रिलिजियस सिस्टम, पृष्ठ-१०२ आदि।

११८ (क) आवश्यकनिर्युक्ति-४८१,
(ख) आवश्यकचूर्णि, पृष्ठ-२९४

सम्मान मे वैशाख मास मे उत्सव मनाया जाता है। भगवान् महावीर के समय शिव की अर्चा प्रचलित थी। ढोढसिवा अचितशिव माना जाता था, उसकी भी उपासना शिव के रूप मे ही होती थी।[119]

'वैश्रमणमह' छठा उत्सव था। वैश्रमण उत्तर दिशा का लोकपाल और समस्त निधियो का अधिपति था। जीवाजीवाभिगम मे वैश्रमण को यक्षो का अधिपति और उत्तर दिशा का लोकपाल कहा है।[120] हॉपकिन्स ने वैश्रमण को राक्षस और गुह्यको का अधिपति कहा है।[121]

'नागमह' सातवा उत्सव था। वैदिक पुराणो के अनुसार सर्पदेवता सामान्य रूप से पृथ्वी के अध स्थल मे निवास करते है, जहाँ पर शेषनाग अपने सहस्र फन से पृथ्वी के अपार भार को सम्हाले हुए हैं।[122] जैन दृष्टि से सगर चक्रवर्ती के जण्हुकुमार आदि साठ हजार पुत्र थे। उन्होने दण्डरत्न से अष्टापद पर्वत के चारो ओर एक खाई खोदी और गगा के नीर से उस खाई को भरने लगे। पर खाई का पानी नागभवनो मे जाने से नागराज क्रुद्ध हुआ। उसने नयन-विष महासर्प प्रेषित किये, जिन्हे देखते ही सगरपुत्र भस्म हो गये। महाभारत मे नाग तक्षक का उल्लेख है, जिसने अपने भयकर विष से वटवृक्ष को और राजा परीक्षित के भव्य भवन को जलाकर नष्ट कर दिया था। कालियनाग ने यमुना नदी के नीर को विषयुक्त कर दिया था।[123] साकेत मे एक महान् नागगृह था।[124] ज्ञाताधर्मकथा के अनुसार रानी पद्मावती ने नागदेव की अर्चा की थी।[125] नागकुमार धरणेन्द्र ने भगवान् पार्श्व की जल से छत्र बनाकर रक्षा की थी।[126] 'मुचिलिंद' नाम के सर्पराज ने तथागत बुद्ध की हवा और पानी से रक्षा की थी।[127] इस तरह नाग की चर्चा अनेक स्थलो पर है और उसके भय से लोग उसकी उपासना करते थे। आज भी भारत मे लोग 'नागपचमी' का पर्व मनाते है, जो एक प्रकार से नागमह का ही रूप हैं।

'यक्षमह' आठवा उत्सव था। नगरो और गाँवो के बाहर यक्षायतन होते थे। लोगो की यह धारणा थी कि यक्ष की पूजा करने से कोई भी सक्रामक रोग हमारे ऊपर आक्रमण नही कर सकेगा। यक्ष इन रोगो से हमारी रक्षा करेगा।[128] अभिधान-राजेन्द्रकोष मे पूर्णभद्र, मणिभद्र आदि तेरह यक्षो का उल्लेख हुआ है।[129] जो ब्रह्मचारी हैं, उनको यक्ष, देव, दानव और गन्धर्व नमन करते हैं।[130]

---

११९ (क) वृहत्कल्पभाष्य-५ ५९२८
(ख) आवश्यक चूर्णि, पृष्ठ-३१२

१२० जीवाजीवाभिगम, ३ पृष्ठ-२८१

१२१ डा हॉपकिन्स ई डब्ल्यू —इपिक माइथॉलौजी, स्ट्रासवर्ग १९१५

१२२ इपिक माइथॉलौजी, स्ट्रासबर्ग १९१५ —डा हॉपकिन्स ई डबल्यू

१२३ इण्डियन सर्पेण्ट लोर, लदन-१९२६, फोगल जे

१२४ (क) अर्थशास्त्र-५ २ ९० ४९ पृष्ठ-१७६
(ख) इण्डियन सर्पेण्ट लोर, लदन-१९२६, फोगल जे

१२५ ज्ञाताधर्मकथा-८, पृष्ठ-९५

१२६ आचारागनिर्युक्ति-३३५ टीका, पृष्ठ-३८५

१२७ इण्डियन सर्पेण्ट लोर, लदन, पृष्ठ-४१,—फोगेल जे०

१२८ डिस्ट्रिक्ट गजेटियर आव मु गेर, पृष्ठ-५५

१२९ अभिधानराजेन्द्र कोप—'जक्ख शब्द'

१३० 'देव-दाणव-गधव्वा, जक्ख-रक्खस-किन्नरा।
बभयारिं नमसति, दुक्कर जे करेंति त'॥ —उत्तराध्ययन-अध्ययन-१६, गा १६

महाभारत[131] मे और सयुक्तनिकाय[132] मे मणिभद्र यक्ष का उल्लेख है। मत्स्यपुराण मे पूर्णभद्र के पुत्र का नाम हरिकेश यक्ष बताया है।[133] औपपातिक मे चम्पानगरी के बाहर पूर्णभद्र चैत्य का उल्लेख है।[134] आवश्यकनिर्युक्ति के अनुसार भगवान् महावीर जब छद्मस्थ अवस्था मे ध्यानमुद्रा मे खडे थे तब 'विभेलक' यक्ष ने उपद्रव से उनकी रक्षा की थी।[135] ज्ञाताधर्मकथा के अनुसार शैलक यक्ष चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या और पूर्णिमा के दिन लोगो की सहायता के लिए तत्पर रहता था। उसने चम्पानगरी के जिनपाल और जिनरक्षित की रत्नादेवी से रक्षा की थी।[136] सन्तानोत्पत्ति के लिए हरिणैगमैषी देव की उपासना की जाती थी।[137] वैदिक ग्रन्थो मे 'हरिणैगमैषी' हरिण के सिर वाला और इन्द्र का सेनापति था। महाभारत मे उसको अजामुख बताया है।[138] जैन साहित्य की दृष्टि से 'हरिणैगमैषी' सौधर्म देवलोक का देव था, न कि यक्ष। आगम के व्याख्यासाहित्य मे अनेक स्थलो पर यक्ष के उपद्रवो का उल्लेख ह। यक्षो से अपने आपको सुरक्षित रखने के लिए यह उत्सव होता था।[139]

'भूतमह' नवम उत्सव था। हिन्दू पुराणो मे भूतो को भयकर प्रकृति के धनी और मास-भक्षी कहा है। भूतो को बलि देकर प्रसन्न किया जाता था। 'भूतमह' चैत्री पूर्णिमा को मनाया जाता था। महाभारत मे तीन प्रकार के भूतो का उल्लेख है—उदासी, प्रतिकूल और दयालु।[140] रात्रि मे परिभ्रमण करने वाले भूत 'प्रतिकूल' माने गये हैं।[141] भूतगृह से पीडित मानवो की चिकित्सा भूतविद्या के द्वारा की जाती थी। कहा जाता है—'कुत्तियावण' मे सभी वस्तुएँ मिलती थी। वहाँ पर भूत भी मिलते थे। राजा प्रद्योत के समय उज्जयिनी मे इस प्रकार की दुकानें थी, जहाँ पर मनोवाञ्छित वस्तुएँ मिलती थी। भृगुकच्छ का एक व्यापारी उज्जयिनी मे भूत को खरीदने के लिए आया था। दुकानदार ने उसे बताया—आपको भूत तो मिल जायेगा पर आपने यदि उस भूत को कोई काम न बताया तो वह आपको समाप्त कर देगा। व्यापारी भूत को लेकर वहाँ से प्रस्थित हुआ। वह उसे जो भी कार्य बताता चुटकियो मे सम्पन्न कर देता था। अन्त मे भूत से तग आकर उस व्यापारी ने एक खम्भा

---

१३१ (क) 'द ज्योग्रफिकल कन्टेन्ट्स ऑव महाभारत' लेखक—डा सिल्वन लेवी
(ख) महाभारत—२।१०।१०
१३२ सयुक्तनिकाय—१ १०, पृष्ठ-२०९
१३३ मत्स्यपुराण, अध्याय-१८०
१३४ औपपातिक, चम्पावर्णन, पूर्णभद्र चैत्य—पृष्ठ ४ युवाचार्य मधुकर मुनि
१३५ आवश्यकनिर्युक्ति-४८७
१३६ (क) ज्ञातृधर्मकथा ९, पृष्ठ १२७
(ख) तुलना कीजिए—वलाहस्स जातक (१९६), २, पृष्ठ २९२
१३७ अन्तगडदशा-२, पृष्ठ-१५
१३८ द यक्षाज, वाशिंगटन, १९२८, १९३९ ले कुमारस्वामी ए के
१३९ (क) जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति २४, पृष्ठ-१२०
(ख) बृहत्कल्पसूत्र-६ १२ तथा भाष्य।
१४० (क) देखिए—इपिक माइथॉलौजी, स्ट्रासबर्ग १९१५—डा हॉपकिन्स ई डबल्यू
(ख) कथासरित्सागर, सोमदेव, सम्पादक—पेंजर, भाग १, परि १ १४२४-२८ प्रका लन्दन
१४१ इपिक माइथॉलौजी, स्ट्रासबर्ग १९१५, पृष्ठ-३६—डा हॉपकिन्स ई डबल्यू

गाड दिया और भूत से कहा—मैं जब तक तुम्हे नया काम नहीं बताऊँ जब तक तुम इस खम्भे पर चढते-उतरते रहो।[142]

साराश यह है कि इन उत्सवो की बहुत अधिक धूमधाम होती थी, जिससे कोई भी धूमधाम को देख कर प्राय यही समझा जाता था कि आज कोई इसी तरह का उत्सव होगा। चित्त सारथी के अन्तर्मानस मे भी यही जिज्ञासा हुई थी—जनमेदिनी को जाते हुए देखकर। वस्तुत ये उत्सव किसी धर्म और सम्प्रदायविशेष से सम्बन्धित न होकर लोकजीवन से सम्बन्धित थे। इन उत्सवो के पीछे लौकिक कामनायें थी। जनमानस मे समाया भय भी इन उत्सवो को मनाने के लिए बाध्य करता था।

श्वेताम्बिका मे केशी श्रमण

चित्त सारथी को जब यह परिज्ञात हुआ कि केशी कुमारश्रमण पधारे है तो वह दर्शन और प्रवचन-श्रवण करने के लिए पहुँचा। प्रवचन को श्रवण कर वह इतना भावविभोर हो गया कि उसने श्रमणोपासक के द्वादश व्रत ग्रहण कर अपनी अनन्त श्रद्धा उनके चरणो मे समर्पित की। जब चित्त सारथी श्वेताम्बिका लौटने लगा तो उसने केशी कुमारश्रमण से अभ्यर्थना की—आप श्वेताम्बिका अवश्य पधारें। पुन -पुन निवेदन करने पर केशीश्रमण ने कहा कि वहाँ का राजा प्रदेशी अधार्मिक है, इसलिए मैं वहाँ कैसे आ सकता हूँ ?

चित्त ने निवेदन किया—भगवन् ! प्रदेशी के अतिरिक्त वहाँ पर अनेक भावुक आत्माएँ रहती हैं, जो अपने बीच आपको पाकर धन्यता अनुभव करेंगी। सम्भव है, आपके पावन प्रवचनो से प्रदेशी के जीवन का भी काया-कल्प हो जाये। केशी कुमारश्रमण को लगा कि चित्त सारथी के तर्क मे वजन है। वहाँ जाने से धर्म की प्रभावना हो सकती है। चित्त सारथी ने केशीकुमार की मुद्रा से समझ लिया कि मेरी प्रार्थना अवश्य ही मूर्त्त रूप लेगी। उसने श्वेताम्बिका पहुँच कर सर्वप्रथम उद्यानपाल को सूचित किया कि केशीश्रमण अपने ५०० शिष्यो के साथ यहाँ पर पधारेंगे, अत उनके ठहरने के लिए योग्य व्यवस्था का ध्यान रखना।

कुछ दिनो के पश्चात् केशीश्रमण श्वेताम्बिका नगरी मे पधारे। उद्यानपालक ने उनके ठहरने की समुचित व्यवस्था की और चित्त सारथी को उनके आगमन की सूचना दी। चित्त सारथी समाचार पाकर प्रसन्नता से झूम उठा। वह दर्शन के लिए पहुँचा। उसने निवेदन किया—मैं किसी बहाने से राजा प्रदेशी को यहाँ लाऊँगा। आप डटकर उसका पथ-प्रदर्शन करना।

दूसरे दिन चित्त सारथी अभिनव शिक्षित घोडो की परीक्षा के बहाने राजा प्रदेशी को उद्यान मे ले गया, जहाँ केशी कुमारश्रमण विराज रहे थे। चित्त सारथी ने राजा को बताया—ये चार ज्ञान के धारक कुमारश्रमण केशी हैं। हम यह पूर्व मे ही बता चुके हैं कि राजा प्रदेशी अक्रियावादी था। उसे आत्मा के स्वतत्र अस्तित्व पर विश्वास नही था। वह आत्मा और शरीर को एक ही मानता था।

आत्मा एक अनुचिन्तन

भारतीय दर्शन का विकास और विस्तार आत्मतत्त्व को केन्द्र मानकर ही हुआ है। आत्मवादी दर्शन हो या अनात्मवादी, सभी मे आत्मा के विषय मे चिन्तन किया है। किन्तु उस चिन्तन मे एकरूपता नही है। आत्मा विश्व के समस्त पदार्थो से विलक्षण है। प्रत्येक व्यक्ति आत्मा का अनुभव तो करता है, किन्तु उसे अभिव्यक्त नही कर

---

१४२ बृहत्कल्पभाष्यवृत्ति—३ ४२१४-२२

पाता। यही कारण है कि किसी ने आत्मा को शरीर माना, किसी ने बुद्धि कहा, किसी ने इन्द्रिय और मन को ही आत्मा समझा तो कितनो ने इन सबसे पृथक् आत्मा के स्वतन्त्र अस्तित्व को स्वीकार किया। आत्मा के अस्तित्व की ससिद्धि स्वसवेदन से होती है। इस ससार मे जितने भी प्राणी है, वे अपने आपको सुखी-दु खी, धनवान्-निर्धन अनुभव करते हैं। यह अनुभूति चेतन आत्मा को ही होती है, जड को नही। आत्मा अमूर्त है। किन्तु अनात्मवादियो की धारणा है कि घट-पट आदि पदार्थ जैसे प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं, उसी तरह आत्मा प्रत्यक्ष दिखाई नही देता और जो प्रत्यक्ष से सिद्ध नही है, उसकी सिद्धि अनुमान प्रमाण से भी नही हो सकती, क्योंकि अनुमान का हेतु प्रत्यक्षगम्य होना चाहिए, जैसे अग्नि का अविनाभावी हेतु धूम प्रत्यक्षगम्य है। हम भोजनशाला मे उसे प्रत्यक्ष देखते हैं, इसलिए दूसरे स्थान पर भी धुएँ का देखकर स्मरण के बल पर परोक्ष अग्नि को अनुमान से जान लेते है। किन्तु आत्मा का इस प्रकार का कोई अविनाभावी पदार्थ पहले नही देखा। इसीलिए आत्मा का अस्तित्व प्रत्यक्ष और अनुमान से सिद्ध नही है। प्रत्यक्ष से सिद्ध न होने के कारण चार्वाक दर्शन ने आत्मा को स्वतन्त्र द्रव्य नही माना। भूतसमुदाय से विज्ञानघन उत्पन्न होता है और भूतो के नष्ट होने पर वह भी नष्ट हो जाता है। परलोक या पुनर्जन्म नही है।

किसी-किसी का यह मन्तव्य था कि शरीर ही आत्मा है। शरीर से भिन्न कोई आत्मा नामक तत्त्व नही है। यदि शरीर से भिन्न आत्मा हो तो मृत्यु के पश्चात् स्वजन और परिजनो के स्नेह से पुन लौटकर क्यो नही आता? इसलिए इन्द्रियातीत कोई आत्मा नही है, शरीर ही आत्मा है।

इसके उत्तर मे आत्मवादियो का कथन है कि आत्मा है या नही, यह सशय जड को नही होता। यह चेतन तत्त्व को ही हो सकता है। यह मेरा शरीर है, इसमे जो 'मेरा' शब्द है वह सिद्ध करता है कि 'मैं' शरीर से पृथक् हूँ। जो शरीर से पृथक् है, वह आत्मा है।

जड पदार्थ मे किसी का विधान या निषेध करने का सामर्थ्य नही होता। यदि जड शरीर से भिन्न चैतन्यमय आत्मा का अस्तित्व न हो तो आत्मा का निषेध कौन करता है? स्पष्ट है कि आत्मा का निषेध करने वाला स्वय आत्मा ही है।

आचार्य देवसेन ने आत्मा के ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व, अमूर्त्तत्व ये छह गुण बताये हैं।[१४३] आचार्य नेमिचन्द्र ने जीव को उपयोगमय, अमूर्त्तिक, कर्त्ता, स्वदेहपरिमाण, भोक्ता, ऊर्ध्वगमनशील कहा है।[१४४] जहाँ पर उपयोग है, वहाँ पर जीवत्व है। उपयोग के अभाव मे जीवत्व रह नही सकता। उपयोग या ज्ञान जीव का ऐसा लक्षण है जो सासारिक और मुक्त सभी मे पाया जाता है।

छान्दोग्योपनिषद् मे एक सुन्दर प्रसग है[१४५]—असुरो मे से 'विरोचन' और देवो मे से 'इन्द्र' ये दोनो आत्म-स्वरूप को जानने के लिए प्रजापति के पास पहुँचे। प्रजापति ने एक शान्त सरोवर मे उन्हे देखने को कहा और पूछा—क्या देख रहे हो? विरोचन और इन्द्र ने कहा—हम अपना प्रतिबिम्ब देख रहे हैं। प्रजापति ने बताया—बस वही आत्मा है। विरोचन को समाधान हो गया और वह चल दिया। पर इन्द्र चिन्तन के महासागर मे गहराई से डुबकी लगाने लगे। इन्द्रिय और शरीर का सचालक मन है, अत उन्होने पहले मन को आत्मा माना, उसके बाद सोचा—मन भी जब तक प्राण हैं तभी तक रहता है। प्राण पखेरू उडने पर मन का

१४३ आलापपद्धति, प्रथम गुच्छक, पृष्ठ-१६५-६६

१४४ द्रव्यसग्रह-१।२

१४५ छान्दोग्योपनिषद्-८-८

चिन्तन वन्द हो जाता है, अत मन नही, प्राण आत्मा है। चिन्तन आगे बढा और उन्हे यह भी मालूम हुआ कि प्राण नाशवान् है, परन्तु आत्मा तो शाश्वत है। शरीर, इन्द्रिय, मन और प्राण ये भौतिक है, किन्तु आत्मा अभौतिक है।

चार्वाकदर्शन को छोडकर भारत के सभी दर्शन आत्मा के अस्तित्व मे विश्वास करते है। न्याय और वैशेषिक दर्शन का मन्तव्य है—आत्मा अविनश्वर और नित्य है। इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दु ख और ज्ञान उसके विशेष गुण हैं। आत्मा ज्ञाता, कर्त्ता और भोक्ता है। ज्ञान, अनुभूति और सकल्प आत्मा के धर्म हैं। चैतन्य आत्मा का स्वरूप है। मीमासा दर्शन का भी यही अभिमत है। वह आत्मा को नित्य और विभु मानता है। चैतन्य को आत्मा का निजगुण नही किन्तु आगन्तुक गुण मानता है। स्वप्नरहित गाढ निद्रा मे तथा मोक्ष की अवस्था मे आत्मा चैतन्य गुणो से रहित होता है। साख्य दर्शन ने पुरुष को नित्य, विभु तथा चैतन्य स्वरूप माना है। साख्य दृष्टि से चैतन्य आत्मा का आगन्तुक गुण नही है, वह निजगुण है। पुरुष अकर्त्ता है। वह स्वय सुख-दु ख की अनुभूतियो से रहित है। बुद्धि कर्त्ता है और वही सुख-दु ख का अनुभव करती है। बुद्धि का उपादान कारण प्रकृति है। प्रकृति प्रतिपल-प्रतिक्षण क्रियाशील है। इसके विपरीत पुरुष विशुद्ध चैतन्य स्वरूप है। अद्वैत वेदान्त आत्मा को विशुद्ध सत्, चित् और आनन्द स्वरूप मानता है। साख्य दर्शन ने अनेक पुरुषो (आत्माओ) को माना है, पर ईश्वर को नही माना। जबकि वेदान्त दर्शन केवल एक ही आत्मा को सत्य मानता है। बौद्ध दर्शन की दृष्टि से आत्मा ज्ञान, अनुभूति और सकल्पो की प्रतिक्षण परिवर्तन होने वाली सन्तति है। इसके विपरीत जैन दर्शन का वज्र आघोष है—आत्मा नित्य, अजर और अमर है। ज्ञान आत्मा का मुख्य गुण है। आत्मा स्वभाव से अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख और अनन्त शक्ति से सम्पन्न है।

राजा प्रदेशी जीव और शरीर को एक मानता था। उसकी मान्यता के पीछे अपना अनुभव था। उसने अनेको बार परीक्षण कर देखा—तस्करो और अपराधियो को सन्दूक मे बन्द कर या उनके शरीर के टुकडे-टुकडे कर जीव को देखने का प्रयत्न किया कि कही आत्मा का दर्शन हो, पर आत्मा अरूपी होने के कारण उसे दिखाई कैसे दे सकता था? जब आत्मा दिखाई नही दिया तो उसे अपना मत सही ज्ञात हुआ कि जीव और शरीर अभिन्न हैं। किन्तु उसके सभी तर्को का केशी कुमारश्रमण ने इस प्रकार रूपको के माध्यम से निरसन किया कि राजा प्रदेशी को आत्मा और शरीर पृथक्-पृथक् स्वीकार करने पडे।

स्वर्ग और नरक से जीव क्यो नही आकर कहते हैं कि हमने प्रवल पुण्य की आराधना की जिसके फल-स्वरूप मैं देव बना हूँ, मैंने पापकृत्य किया जिसके कारण मैं नरक मे दारुण वेदनाओ को भोग रहा हूँ, इसलिए मैं तुम्हे कहता हूँ कि तुम पाप से वचो और पुण्य उपार्जन की ओर लगो। यदि स्वर्ग और नरक होता तो मेरे पिता, प्रपितामह वहाँ गये होगे, वे अवश्य ही आकर मुझे चेतावनी देते। प्रत्युत्तर मे केशी श्रमण ने कहा—एक कामुक व्यक्ति हो, जिसने तुम्हारी पत्नी के साथ दुराचार किया हो, और तुमने उसे प्राणदण्ड की सजा दी हो, वह अपने पारिवारिक जनो को सूचना देने के लिए जाना चाहे तो क्या तुम उसे मुक्त करोगे? नही, वैसे ही नरक से जीव मुक्त नही हो पाते, जो आकर तुम्हे सूचना दें और स्वर्ग के जीव इसलिए नही आते कि यहाँ पर गन्दगी है। कल्पना करो अपने शरीर को स्वच्छ वनाकर और सुगन्धित द्रव्यो को लेकर तुम देवालय की ओर जा रहे हो, उस समय शौचालय मे बैठा हुआ कोई व्यक्ति तुम्हे वहाँ बुलाए तो क्या तुम उस गन्दे स्थान मे जाना पसन्द करोगे? नही। वैसे ही देव भी यहाँ आना पसन्द नही करते हैं।

राजा प्रदशी और केशी का यह सवाद अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। केशी श्रमण की युक्तियाँ इतनी गजव की हैं कि आज भी पाठको के लिए प्रेरणादायी ही नही अपितु आत्म-स्वरूप को समझने के लिए सर्चलाइट की तरह

उपयोगी है। वास्तविक रूप से देखा जाय तो यही सवाद राजप्रश्नीय की आत्मा है। जिस तरह से राजप्रश्नीय मे प्रश्नोत्तर है, उसी तरह दीघ-निकाय के 'पायासिसुत्त' मे राजा 'पायासि' के प्रश्नोत्तर हैं। जो इन प्रश्नो से मिलते-जुलते है। यह भी सम्भव है कि जनमानस मे आत्मा और शरीर की अभिन्नता को लेकर जो चिन्तन चल रहा था, उसका प्रतिनिधित्व राजा प्रदेशी ने किया हो और जैन दृष्टि से उसका समाधान केशी श्रमण ने किया हो।

राजा प्रदेशी का जीवन अत्यन्त उग्र रहा है। उसके हाथ रक्त से सने हुए रहते थे पर केशी श्रमण के सान्निध्य ने उसके जीवन मे आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया। महारानी के द्वारा जहर देने पर भी उसके मन मे किंचित् मात्र भी रोष पैदा नही हुआ। जिस जीवन मे पहले क्रोध की ज्वाला धधक रही थी, वही जीवन क्षमा-सागर के रूप मे परिवर्तित हो गया। इसलिए सत्सग की महिमा और गरिमा का यत्र-तत्र उल्लेख हुआ है।

व्याख्या-साहित्य

राजप्रश्नीय कथाप्रधान आगम होने से इस पर न निर्युक्ति लिखी गई, न भाष्य की रचना हुई और न चूर्णि का निर्माण ही हुआ। इस पर सर्वप्रथम आचार्य मलयगिरि ने सस्कृत भाषा मे टीकानिर्माण किया। सस्कृत टीकाकारो मे आचार्य मलयगिरि का स्थान विशिष्ट है। जिस प्रकार वैदिक परम्परा मे वाचस्पति मिश्र ने षट्दर्शनो पर महत्त्वपूर्ण टीकाएँ लिखकर एक भव्य आदर्श उपस्थित किया, वैसे ही जैन साहित्य पर आचार्य मलयगिरि ने प्राजल भाषा और प्रवाहपूर्ण शैली मे भावपूर्ण टीकाएँ लिखकर एक आदर्श उपस्थित किया। वे दर्शनशास्त्र के प्रकाण्ड पण्डित थे। उनमे आगमो के गम्भीर रहस्यो को तर्कपूर्ण शैली से व्यक्त करने की अद्भुत कला और क्षमता थी। आगमप्रभावक मुनि पुण्यविजय जी महाराज के शब्दो मे कहा जाय तो 'व्याख्याकारो मे उनका स्थान सर्वोत्कृष्ट है।'

मलयगिरि अपनी वृत्तियो मे सर्वप्रथम मूलसूत्र, गाथा या श्लोक के शब्दार्थ की व्याख्या कर उसके अर्थ का स्पष्ट निर्देश करते हैं और उसकी विस्तृत विवेचना करते है, जिससे उसका अभीष्टार्थ पूर्णरूप से स्पष्ट हो जाता है। विषय से सम्बन्धित अन्य प्रासगिक विषयो पर विचार करना तथा प्राचीन ग्रन्थो के प्रमाण प्रस्तुत करना आचार्यश्री की अपनी विशेषता है।

टीकाकार ने सर्वप्रथम श्रमण भगवान् महावीर को नमस्कार किया है। उसके पश्चात् राजप्रश्नीय पर विवरण लिखने की प्रतिज्ञा की।[१४६] साथ ही इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि प्रस्तुत आगम का नाम राजप्रश्नीय क्यो रखा गया है। इस सम्बन्ध मे लिखा है—यह आगम राजा के प्रश्नो से सम्बन्धित है, इसीलिए इसका नाम 'राजप्रश्नीय' है। टीकाकार ने यह भी बताया है कि यह आगम सूत्रकृताग का उपाग है। टीका मे, आगम मे आये हुए विशिष्ट शब्दो की मीमासा भी की है। मीमासा मे टीकाकार का गम्भीर पाण्डित्य उजागर हुआ है। टीका का ग्रन्थ-प्रमाण तीन हजार सात सौ श्लोक प्रमाण है। टीका मे अनेक स्थलो पर जीवाजीवाभिगम के उद्धरण दिये है। कही-कही पर पाठभेद का भी निर्देश किया है। देशीनाममाला के उद्धरण भी दिये गये हैं।[१४७]

---

१४६ प्रणमत वीरजिनेश्वरचरणयुग परमपाटलच्छायम्।
अधरीकृतनतवासवमुकुटस्थितरत्नरुचिचक्रम् ॥ १ ॥
राजप्रश्नीयमह विवृणोमि यथाऽऽगम गुरुनियोगात्।
तत्र च शक्तिमशक्ति गुरवो जानन्ति का चिन्ता ॥ २ ॥

१४७ पहकरा सघाता —पहकर-ओरोह-सघाया इति देशीनाममालावचनात्। —राजप्रश्नीयवृत्ति, पृष्ठ ३

प्रस्तुत आगम और उसकी टीका मे जडवाद और आत्मवाद का सुन्दर विश्लेषण हुआ है। स्थापत्य, सगीत और नाट्यकला के अनेक तथ्यो का इसमे समावेश है। लेखन सम्बन्धी सामग्री का भी इसमे निर्देश है। साम, दाम, दण्ड, नीति के अनेक सिद्धान्त इसमे समाविष्ट है। बहत्तर कलायें, चार परिषद्, कलाचार्य, शिल्पाचार्य का भी इसमे निरूपण हुआ है। भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा से सम्बन्धित अनेक तथ्य इसमे आये है। राजा प्रदेशी और केशी श्रमण का जो सवाद है, साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह सवाद कथा के विकास के लिए एक आदर्श लिए हुए है। इस सवाद मे जो रूपक दिये गये है, वे आत्मा के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए परम उपयोगी हैं। इनका उपयोग बाद मे अन्य साहित्यकारो ने भी किया है। जैसे—आचार्य हरिभद्र ने समराइच्चकहा मे 'पिंगल' और 'विजयसिंह' के सवाद मे बन्द कमरे मे से भी स्वरलहरियाँ बाहर आती हैं, इस रूपक को प्रस्तुत किया है।

राजप्रश्नीय सूत्र का सर्वप्रथम सन् १८८० मे बाबू धनपतसिंहजी ने मलयगिरि वृत्ति के साथ प्रकाशन किया। उसके बाद सन् १९२५ मे आगमोदय समिति बम्बई और वि० स० १९९४ मे गुर्जर ग्रन्थरत्न कार्यालय—अहमदाबाद से सटीक प्रकाशित हुआ। वी० स० २४४५ मे पूज्य अमोलकऋषि जी म० के द्वारा हिन्दी अनुवाद सहित सस्करण निकला। सन् १९६५ मे पूज्य श्री घासीलाल जी म० ने स्वनिर्मित सस्कृत व्याख्या व हिन्दी-गुजराती अनुवाद के साथ जैन शास्त्रोद्धार समिति—राजकोट से प्रकाशित किया। सन् १९३५ मे प० बेचरदास जीवराज दोशी ने इसका गुजराती अनुवाद लाधाजी स्वामी पुस्तकालय—लीमडी से और वि० स० १९९४ मे गुर्जर ग्रन्थरत्न कार्यालय—अहमदाबाद से प्रकाशित करवाया। इस प्रकार आज दिन तक राजप्रश्नीय के विविध सस्करण अनेक स्थलो से प्रकाशित हुए हैं।

प्रस्तुत सम्पादन

राजप्रश्नीय का यह अभिनव सस्करण आगम प्रकाशन समिति ब्यावर [राज०] द्वारा प्रकाशित हो रहा है। इस के सयोजक और प्रधान सम्पादक हैं—युवाचार्य श्री मधुकर मुनिजी म०। वे श्रमणसघ के भावी आचार्य है। आगमो को अधुनातन भाषा मे प्रकाशित करने का उनका दृढ सकल्प प्रशसनीय है। उन्होने आगमो का कार्य हाथ मे लिया पर इतने स्वल्प समय मे प्रश्नव्याकरण को छोडकर शेष दश अग प्राय प्रकाशित हो गये हैं। भगवती का भी प्रथम भाग प्रकाशित हो चुका है। अन्य भाग भी प्रकाशन के पथ पर द्रुत गति से कदम बढा रहे हैं। औपपातिक और नन्दीसूत्र के बाद राजप्रश्नीय का प्रकाशन हो रहा है। अन्य आगम भी प्रेस के चक्के पर चढ चुके हैं। आगम प्रकाशन का यह कार्य राकेट की गति से हो रहा है। यदि यही गति रही तो एक-डेढ वर्ष मे बत्तीस आगमो का प्रकाशन समिति के द्वारा पूर्ण रूप से सम्पन्न हो जायेगा। वस्तुत यह भगीरथ कार्य युवाचार्य श्री की कीर्ति को अमर बनाने वाला है।

राजप्रश्नीय के इस सस्करण की अपनी मौलिक विशेपता है—शुद्ध मूलपाठ, भावार्थ और सक्षिप्त विवेचन। विषय गम्भीर होने पर भी प्रस्तुतीकरण सरल है। पूर्व के अन्य सस्करणो की अपेक्षा यह सस्करण अधिक आकर्षक है। इसके सम्पादक हैं—वाणीभूषण प० श्री रतनमुनिजी म०, जिन्होने निष्ठा के साथ इसका सम्पादन किया है। साथ ही प० शोभाचन्द्र जी भारिल्ल का अथक श्रम भी इसमे जुडा हुआ है। वृद्धावस्था होने पर भी वे जो श्रम कर रहे हैं, वह श्रम नीव की ईंट के रूप मे आगममाला के साथ जुडा हुआ है। यदि वे तन, मन के साथ श्रुतसेवा के इस महायज्ञ मे जुडे नही होते तो यह कार्य इस रूप मे सम्पन्न शायद ही हो पाता।

राजप्रश्नीय पर मैं बहुत विस्तार के साथ प्रस्तावना लिखना चाहता था। आत्मवाद के गम्भीर विषय को विभिन्न दर्शनो के आलोक मे प्रस्तुत करना चाहता था पर मेरा स्वास्थ्य लम्बे समय से अस्वस्थ-सा रहा, जिसके

कारण चाहते हुए भी लिख नही पाया। तथापि सक्षेप मे मैंने आगमगत विषयो पर चिन्तन किया है। तुलनात्मक और समन्वयात्मक चिन्तन करने की दृष्टि मुझे अपने श्रद्धेय सद्गुरुवर्य, राजस्थानकेसरी अध्यात्मयोगी, उपाध्याय श्री पुष्करमुनि जी म० से प्राप्त हुई, जो युवाचार्य श्री के स्नेही साथी हैं। उनकी अपार कृपा से ही मैं प्रस्तावना लिखने मे सक्षम हो सका हूँ।

वर्त्तमान युग मे मानव भौतिकता की ओर अपने कदम बढा रहा है, जिससे उसे शान्ति के स्थान पर अशान्ति प्राप्त हो रही है। ऐसी विषम स्थिति मे यह आगम अध्यात्मवाद की पवित्र प्रेरणा देगा, उसे शान्ति की सच्ची राह बतायेगा। उसकी तनावपूर्ण स्थिति को समाप्त कर जीवन मे धर्म की सुरीली स्वर-लहरियाँ झंकृत करेगा, इसी आशा के साथ विरमामि।

—देवेन्द्रमुनि शास्त्री

धन तेरस
दि० १३ नवम्बर, '८२
जैन स्थानक,
सिंहपोल—जोधपुर (राज०)

□□

श्रीआगम प्रकाशन समिति ब्यावर

(कार्यकारिणी समिति)

१	श्रीमान् सेठ मोहनमलजी चोरडिया	अध्यक्ष	मद्रास
२	श्रीमान् सेठ रतनचन्दजी मोदी	कार्यवाहक अध्यक्ष	ब्यावर
३	श्रीमान् कँवरलालजी बैताला	उपाध्यक्ष	गोहाटी
४	श्रीमान् दौलतराजजी पारख	उपाध्यक्ष	जोधपुर
५	श्रीमान् रतनचन्दजी चोरडिया	उपाध्यक्ष	मद्रास
६	श्रीमान् खूबचन्दजी गादिया	उपाध्यक्ष	ब्यावर
७	श्रीमान् जतनराजजी मेहता	महामन्त्री	मेडता सिटी
८	श्रीमान् चाँदमलजी विनायकिया	मन्त्री	ब्यावर
९	श्रीमान् ज्ञानराजजी मूथा	मन्त्री	पाली
१०	श्रीमान् चाँदमलजी चौपडा	सहमन्त्री	ब्यावर
११	श्रीमान् जौहरीलालजी शीशोदिया	कोषाध्यक्ष	ब्यावर
१२	श्रीमान् गुमानमलजी चोरडिया	कोषाध्यक्ष	मद्रास
१३	श्रीमान् मूलचन्दजी सुराणा	सदस्य	नागौर
१४	श्रीमान् जी सायरमलजी चोरडिया	सदस्य	मद्रास
१५	श्रीमान् जेठमलजी चोरडिया	सदस्य	बैंगलौर
१६	श्रीमान् मोहनसिंहजी लोढा	सदस्य	ब्यावर
१७	श्रीमान् बादलचन्दजी मेहता	सदस्य	इन्दौर
१८	श्रीमान् मागीलालजी सुराणा	सदस्य	सिकन्दराबाद
१९	श्रीमान् माणकचन्दजी बैताला	सदस्य	बागलकोट
२०	श्रीमान् भवरलालजी गोठी	सदस्य	मद्रास
२१	श्रीमान् भवरलालजी श्रीश्रीमाल	सदस्य	दुर्ग
२२	श्रीमान् सुगनचन्दजी चोरडिया	सदस्य	मद्रास
२३	श्रीमान् दुलीचन्दजी चोरडिया	सदस्य	मद्रास
२४	श्रीमान् खीवराजजी चोरडिया	सदस्य	मद्रास
२५	श्रीमान् प्रकाशचन्दजी जैन	सदस्य	भरतपुर
२६	श्रीमान् भवरलालजी मूथा	सदस्य	जयपुर
२७	श्रीमान् जालमसिंहजी मेडतवाल	(परामर्शदाता)	ब्यावर

राज श्नीयसूत्रम्

आरम्भ

(१) तेण कालेण तेण समएण आमलकप्पा नाम नयरी होत्था-रिद्ध-त्थिमिय-समिद्धा जाव [पमुइयजण-जाणवया आइण्णजणमणूसा हलसयसहस्ससकिट्ठविगिट्ठलट्ठपण्णत्तसेउसीमा कुक्कुडसडेयगामपउरा उच्छु-जव-सालिकलिआ गो-महिस-गवेलगप्पभूया आयारवत-चेइय-जुवइविसिट्ठसन्निविट्ठबहुला उक्कोडिय-गाय-गठिभेद-तक्कर-खडरक्खरहिया खेमा निरुवद्दवा सुभिक्खा वीसत्थसुहावासा अणेगकोडिकोडु बियाइण्णणिव्वुत्तसुहा नड-नट्ट-जल्ल-मल्ल-मुट्ठिय-वेलबग-कहग-पवग-लासग-आइक्खग-लख-मख तूणइल्ल-तु बवीणिय-अणगतालाचराणुचरिया आराम-उज्जाण-अगड-तलाग-दीहिय-वाप्पिणगुणोववेया उव्विद्धविउलगभीरखात-फलिहा चक्क-गय-भुसु ढि-ओरोह-सयग्घि-जमलकवाडघणदुप्पवेसा धणुकुडिलवक-पागारपरिक्खित्ता कविसीसयवट्टरइय-सठियविरायमाणा अट्टालय-चरिय दार-गोपुरतोरण-उन्नय-सुविभत्तरायमग्गा छेयायरियरइयदढफलिहइदकीला विवणि-वणिच्छित्त-सिप्पि-आइण्णनिव्वुयसुहा सिघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर-पणियापणविविहवसुपरिमडिया सुरम्मा नरवइ-पविइण्णमहिवइपहा अणेग-वरतुरग-मत्तकु जर-रहपहकर-सीय-सदमाणीआइण्णजाणजोग्गा विमउलनवनलिणसोभियजला पडुरवर-भवणपतिमहिया उत्ताणयनयणपिच्छणिज्जा] पासादीया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

उस काल और उस समय मे अर्थात् वर्तमान अवसर्पिणी काल के चौथे आरे के उत्तरवर्ती समय मे आमलकप्पा [आमलकल्पा] नाम की नगरी थी।

वह आमलकल्पा नगरी भवनादि वैभव-विलास से सपन्न थी, स्वचक्र और परचक्र के भय से मुक्त—रहित थी। धन-धान्य आदि की समृद्धि से परिपूर्ण थी यावत् (इसके मूल निवासी और जानपद—दूसरे देशवासी जन—यहा आनन्द से रहते थे। जन-समूहो से सदा आकीर्ण—भरी रहती थी।

सैकडो-हजारो अथवा लाखो हलो से बार-बार जुतने, अच्छी तरह से जुतने के कारण वहाँ के खेतो की मिट्टी भुरभुरी—नरम और मनोज्ञ दिखती थी। उनमे प्राज्ञ-कृषि-विद्या मे निपुण व्यक्तियो द्वारा जलसिंचन के लिए नालिया एव क्यारिया और सीमाबदी के लिये मेडे बनी हुई थी।

नगरी के चारो ओर गाव इतने पास-पास बसे हुए थे कि एक गाव के मुर्गो और साडो की आवाज दूसरे गाव मे सुनाई देती थी। वहा के खलिहानो मे गन्ने, जौ और धान के ढेर लगे रहते थे, अथवा खेतो मे गन्ने जौ और धान की फसले सदा लहलहाती रहती थी। गायो भैसो और भेडो के टोले के टोले वहा पलते थे।

आकर्षक आकार-प्रकार वाले कलात्मक चैत्यो और पण्यतरुणियो (गणिकाओ) के बहुत से सुन्दर सन्निवेशो से नगरी शोभायमान थी।

लाच—रिश्वत लेने वालो-घूसखोरो, घातको, गु डो, गाठ काटने वालो—जेबकतरो, डाकुओ, चोरो और जबरन जकात (राजकर, चु गी, टैक्स) वसूल करने वालो के न होने से नगरी क्षेम रूप

थी, अनिष्ट-उपद्रवो से रहित थी, सुभिक्ष होने से भिक्षुओ को सरलता से भिक्षा मिल जाती थी। लोग यहाँ विश्वासपूर्वक सरलता से रहते थे और दूसरे-दूसरे अनेक सैकडो प्रकार के[1] कुटुम्ब परिवारो के भी बसने से नगरी साताकारी समझी जाती थी।

नट—नाटक करने वालो, नर्तक—नृत्य-नाच करने वालो, जल्ल—रस्सी पर चढकर कलाबाजिया दिखाने वालो, मल्ल—पहलवानो, मौष्टिक—पजा लडाने वालो, विदूषको, बहुरूपियो, कथक—कथा कहानी कहने वालो, प्लवक—पानी मे तैरने वालो, उछल-कूद करने वालो, लासक—रास रचने वालो, स्वाग धरने वालो, आख्यायिक—शुभ-अशुभ शकुन बताने वालो, लख—ऊचे बास पर चढकर कलाबाजी, खेल करने वालो, मख—चित्र दिखाकर भीख मागने वालो, शहनाई बजाने वालो, तम्बूरा बजाने वालो और खडताल बजाने वालो से नगरी अनुचरित – व्याप्त थी।

आरामो—लताकु जो, उद्यानो—बाग बगीचो, कूपो, जलाशयो, दीर्घिकाओ—लबे आकार की बावडियो और सामान्य बावडियो आदि से युक्त होने के कारण वह नगरी रमणीय थी।

सुरक्षा के लिये नगरी को चारो ओर से घेरती हुई गोलाकार खात (खाई) थी, जो विस्तृत, तल न दिखे ऐसी गहरी और ऊपर चौडी एव नीचे सकडी थी और खात के बाहर ऊपर नीचे समान रूप से खुदी हुई परिखा थी।

खाई के बाद नगरी को चारो ओर से घेरता हुआ धनुष जैसा वक्राकार परकोटा था। जो चक्र, गदा, भुसु डि (शस्त्र विशेष) अवरोध, शतघ्नी और मजबूत, सम-युगल किवाडो सहित था। जिससे नगरी मे शत्रुओ का प्रवेश करना कठिन था। इस परकोटे का ऊपरी भाग गोल-गोल कगूरो से शोभायमान था और वहा पहरेदारो के लिये ऊची-ऊची अटारिया-मीनारे बनी हुई थी। किले और नगरी के बीच आने-जाने का रास्ता आठ-हाथ चौडा था। प्रवेश-द्वार पर तोरण बधे हुए थे।

नगरी के राजमार्ग सम, सुन्दर और आकर्षक थे और द्वारो मे निपुण शिल्पियो द्वारा बनायी गई अर्गलाओ एव इन्द्रकीलियो वाले किवाड लगे हुए थे।

नगरी के बाजार भाति-भाति की क्रय-विक्रय करने योग्य वस्तुओ और व्यापारियो से व्याप्त रहते थे और व्यापार के केन्द्र—मडी थे। जिससे अलग-अलग कामो के जानकार शिल्पियो, कारीगरो, मजदूरो का वहा सुखपूर्वक निर्वाह होता था।

नगरी मे कितने ही मार्ग सिघाडे जैसे त्रिकोण और कितने ही त्रिको (तिराहो), चतुष्को (चौराहो) और चत्वरो (चार से भी अधिक मार्ग) आदि वाले थे और दुकाने बिक्री करने योग्य अनेक प्रकार की रमणीय वस्तुओ से भरी रहती थी।

नगरी के राजमार्ग देश-देश के राजा-महाराजाओ आदि के आवागमन से और साधारण

---

१ मूल मे इसके लिये 'अणेगकोडि' शब्द है। आचार्य मलयगिरि सूरि ने इसका अर्थ अनेककोटिभि अनेककोटिसख्याकै अर्थात् अनेक कोटि यानि अनेक करोड सख्या किया है। परन्तु इस अर्थ की बजाय अनेक कोटि—अनेक प्रकार ऐसा अर्थ करना यहा विशेप उचित लगता है। क्योकि कोटि शब्द का प्रकार अर्थ जैन आगमो मे सुप्रतीत है।

मार्ग अनेक सुन्दर अश्वो, मदोन्मत्त हाथियो, रथो, पालखियो, और म्यानो के आने-जाने से व्याप्त रहते थे ।

वहा के जलाशय, तालाब आदि विकसित कमल-कमलिनियो से सुशोभित थे और मकान, भवन आदि सफेद मिट्टी-चूने आदि से पुते हुए होने से बडे सुन्दर दिखते थे । जिससे नगरी की शोभा अनिमेष दृष्टि से देखने लायक थी । वह मन को प्रसन्न करने वाली थी, बार-बार देखने योग्य थी, मनोहर रूप वाली थी और असाधारण सौन्दर्य वाली थी ।

विवेचन—यहा औपपातिक सूत्र का आधार लेकर आमलकप्पा नगरी की समृद्धि का वर्णन किया है ।

आमलकप्पा—भगवान् महावीर ने जिन नगरो मे चातुर्मास किये है, उनमे तथा सूत्रो मे बताई गई आर्य देश की राजधानियो मे इसका उल्लेख नही है । इसी प्रकार भगवान् के विहार स्थानो मे भी आमलकप्पा के नाम का सकेत नही है । किन्तु इस राजप्रश्नीय सूत्र के उल्लेख से इतना कहा जा सकता है कि केवलज्ञानी होने के अनन्तर भगवान् ने जिन स्थानो पर विहार किया, सभवत उनमे इसका नाम हो । किन्तु वर्तमान मे वह नगरी कहा है और उसका क्या नाम है ? यह अभी भी अज्ञात है ।

हलसय-सहस्स-सकिट्ठ—विशेषण से यह स्पष्ट किया है कि हमारा देश कृषिप्रधान है और कृषि अहिंसक सस्कृति की आधार है । प्राचीन समय मे अन्यान्य विषयो की तरह कृषि-विद्या से सम्बन्धित प्रभूत साहित्य था । जिसमे कृषि से साक्षात सम्बन्ध रखने वाले—भूमिपरीक्षा, भूमि-सुधारविधि, बीजरक्षणविधि, वृक्षो के रोग और उनके निरोध के लिये औषधोपचार आदि अनेक विषयो की विस्तृत चर्चा रहती थी ।

आज के कृषक को चाहे कोई मूढ-अज्ञ कह दे, परन्तु उस समय का कृषक मूढ नही किन्तु प्राज्ञ माना जाता था । जो 'पण्णत्तसेउसीमा' पद के उल्लेख से स्पष्ट है ।

कुक्कुडसडेयगामपउरा—व्याकरण महाभाष्य मे ग्रामो की समीपता सूचित करने के लिये ग्रामो के विशेषण के रूप मे 'कुक्कुटसपात्या ग्रामा' उदाहरण रखा है । उपर्युक्त वर्णन से यह निश्चित ज्ञात होता है कि प्राचीनकाल के ग्राम अवश्य ही कुक्कुटसपात्य ही थे अर्थात् एक ग्राम का मुर्गा दूसरे ग्राम मे पहुँच सके ऐसा निकटवर्ती गाव । आज भी सूदुर क्षेत्र मे कृषिप्रधान गाव इसी प्रकार के कुक्कुट-सपात्य हैं ।

जुवइ—अर्थात् पण्य तरुणी । यद्यपि आज इस शब्द का प्रयोग वेश्या के लिये रूढ हो गया है और उसे समाज बहिष्कृत मानकर तिरस्कार, घृणा और हेयदृष्टि से देखता है । लेकिन यह शब्द तत्कालीन समाज की एक सस्थाविशेष का बोध कराता है । जो अपने कला, गुण और रूपसौन्दर्य के कारण राजा द्वारा सम्मानित की जाती थी । गुणी-जन प्रशसा करते थे । कला के अर्थी कला सीखने के लिये उससे प्रार्थना करते थे और उसका आदर करते थे । सम्भवत इसी कारण उसका यहा उल्लेख किया हो ।

नगरी मे रिश्वतखोर आदि कोई नही था इत्यादि कथन मे उसके उज्ज्वल पक्ष का ही उल्लेख किया गया है । यह साहित्यकारो की प्रणाली प्राचीनकाल से चली आ रही है । परन्तु

मानवस्वभाव को देखते यह पूर्णत सम्भव जैसा प्रतीत नही होता है। तथापि नगरी के इस वर्णन से यह विदित होता है कि इसमे रहने वाले अपेक्षाकृत सभ्य, शिष्ट, सुसस्कृत एव प्रामाणिक थे।

खायफलिहा—खात और परिखा। वैसे तो ये दोनो शब्द प्राय समानार्थक माने जाते हैं। लेकिन आचार्य मलयगिरि ने इनका अन्तर स्पष्ट किया है कि खात तो ऊपर चौडी और नीचे-नीचे सकडी होती जाती है। जबकि परिखा (खाई) ऊपर से लेकर नीचे तक एक जैसी सम—सीधी खुदी हुई होती है। प्राचीनकाल मे नगर की रक्षा के लिये परकोटे से पहले खाई होती थी, जिसमे पानी भरा रहता था और खाई से पहले खात। खात मे अगारे अथवा अलसी आदि चिकना धानविशेष भर देते थे कि जिस पर पैर रखते ही मनुष्य तल मे चला जाता है। इस प्रकार खात भी नगर-रक्षा का एक साधन था।

चैत्य-वर्णन

२—तीसे ण आमलकप्पाए नयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए अबसालवणे नाम चेइए होत्था—[चिरातीते पुव्वपुरिसपण्णत्ते पोराणे सद्दिए कित्तिए नाए सच्छत्ते सज्झए सघटे सपडागे पडागाइपडागमडिए सलोमहत्थे कयवेयड्डिए लाइय-उल्लोइयमहिए गोसीससरसरत्तचदणदद्दर-दिण्णपचगुलितले उवचियचदणकलसे चदणघडसुकय-तोरणपडिदुवारदेसभाए आसित्तोसित्तविउलवट्ट-वग्घारियमल्लदामकलावे पचवण्णसरससुरभिमुक्कपुप्फपुजोवयारकलिए कालागुरु-पवरकुदुरुक्क-तुरुक्क-धूवमघमघतगधुद्धुयाभिरामे सुगधवरगधिए गधवट्टिभूए णड-णट्टग-जल्ल-मल्ल-मुट्ठिय-वेलबग-पवग-कहग-लासग-आइक्खग-लख-मख-तूणइल्ल तु ववीणिय-भुयग-मागहपरिगए बहुजण-जाणवयस्स विस्सुयकित्तिए बहुजणस्स आहुस्स आहुणिज्जे पाहुणिज्जे अच्चणिज्जे वदणिज्जे नमसणिज्जे पूयणिज्जे सक्कारणिज्जे सम्माणणिज्जे कल्लाण मगल देवय चेइय विणएण पज्जुवासणिज्जे दिव्वे सच्चे सच्चोवाए जागसहस्सभागपडिच्छए, बहुजणो अच्चेइ आगम्म अबसालवणचेइय अबसाल-वणचेइय।]

उस आमलकप्पा नगरी के बाहर उत्तरपूर्व दिक्कोण अर्थात् ईशान दिशा मे आम्रशालवन नामक चैत्य था। वह चैत्य बहुत प्राचीन था। पूर्व पुरुष—पूर्वज, बडे-बूढे भी उसको इसी प्रकार का कहते आ रहे थे। पुराना था। प्रसिद्ध था। अथवा अनेक परिवारो की आजीविका का साधन था। विख्यात था। दूर-दूर तक उसकी कीर्ति फैली हुई थी, उसके नाम से सभी परिचित थे। छत्र, ध्वजा, घटा, पताकाओ से मडित था। उसके शिखर पर अनेक छोटी बडी पताकाये लहराती रहती थी। मोर पखो की पीछियो से युक्त था। उसके बीच वेदिका बनी हुई थी। आगन गोबर से लिपा रहता था और दीवालें सफेद मिट्टी से पुती हुई थी। दीवालो पर गोरोचन और सरस रक्त चदन के थापे—हाथे लगे हुए थे। जगह-जगह चदन चर्चित कलश रखे थे। द्वार-द्वार पर चदन के बने घट रखे थे और अच्छी तरह से बनाये हुए तोरणो के द्वारा दरवाजो के ऊपरी भाग सुशोभित थे। ऊपर से लेकर नीचे तक लटकती हुई गोलाकार मे गु थी हुई मालाओ से दीवाले मडित थी। स्थान-स्थान पर रग बिरगे सरस, सुगधित पुष्प-पुञ्जो से अनेक प्रकार के माडने मडे हुए थे। धूपदानो मे कृष्णागुरु-सु गधित काष्ठ-विशेष, श्रेष्ठ कु दरू, तुरुष्क—लोबान और धूप आदि के जलने से महकता रहता था और उस महक के उडने से बडा सुहावना लगता था। श्रेष्ठ सुगध से सुवासित होने के कारण गध-

वर्तिका जैसा मालूम होता था। नट, नृत्यकार, रस्सी पर खेल दिखाने वालो, मल्ल, पजा लडाने वालो, बहुरूपिया, तैरने वालो, कथा कहानी कहने वालो, रास रचने वालो, शुभ-अशुभ शकुन वताने वालो, ऊचे बास पर खेल दिखाने वालो, चित्र दिखाकर भीख मागने वालो, शहनाई बजाने वालो, तबूरा बजाने वालो, भोजक—गाने वालो, मागध—चारण, भाट आदि से वह चैत्य सदा व्याप्त— घिरा रहता था। नगरवासियो और दूर-देशवासियो मे इसकी प्रसिद्धि—कीर्ति फैली हुई थी जिससे बहुत से लोग वहाँ आहुति-जात देने आते रहते थे। वे उसे दक्षिणा-पात्र दान देने योग्य स्थान, अर्चनीय, वदनीय, नमस्करणीय, पूजनीय, सत्कारणीय, सम्माननीय मानते थे तथा कल्याणरूप मगलरूप, देवरूप और चैत्यरूप मानकर विनयपूर्वक उपासना—सेवा करने योग्य मानते थे। दिव्य, सत्य और कामना सफल करने वाला समझते थे। यज्ञ मे इसके नाम पर हजारो लोग दान देते थे और बहुत से लोग आ आकर इस आम्रशालवन चैत्य की जय जयकार करते हुए अर्चना भक्ति करते थे।

विवेचन—आम्रशालवन चैत्य के उपर्युक्त वर्णन से हमे तत्कालीन लोक-सस्कृति एव जन मानस का ठीक-ठीक परिचय मिलता है कि चैत्य जन सामान्य के लिये मनोरजन, क्रीडा आदि के स्थान होने के साथ साथ अपनी कामनाओ की पूर्त्ति हेतु आहुति—जात देने आदि के भी केन्द्र थे।

३—असोगवर पायवे, पुढवी सिलापट्टए, वत्तव्वया उववाइयगमेण णेया।

३—उस चैत्यवर्ती श्रेष्ठ अशोकवृक्ष और पृथ्वीशिलापट्टक का वर्णन उववाईसूत्र के अनुसार जानना चाहिये।

विवेचन—अशोक वृक्ष के उल्लेख से ऐसा प्रतीत होता है कि वृक्षपूजा की परपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसके पीछे वृक्षो की उपयोगिता, अथवा किसी पुण्य पुरुष का स्मरण अथवा वहम कारण है, यह विचारणीय और शोध का विषय है।

उववाई सूत्र मे अशोक वृक्ष, पृथ्वीशिलापट्टक का विस्तार से वर्णन किया है। वही सब वर्णन यहाँ समझ लेने की सूत्र मे सूचना की है। उसका साराश इस प्रकार है—

चैत्य को चारो ओर से घेरे हुए वन खण्ड के बीचोबीच एक विशाल, ऊचा दर्शनीय और असाधारण रूपसौन्दर्य-सम्पन्न अशोक वृक्ष था।

वह अशोकवृक्ष भी और दूसरे लकुच, शिरीष, धव, चन्दन, अर्जुन, कदम्ब, अनार, शाल, आदि वृक्षो से घिरा हुआ था। ये सभी वृक्ष मूल, कद, स्कन्ध, छाल, शाखा, प्रवाल-पत्र, पुष्प, फल और बीज से युक्त थे। इनकी शाखा-प्रशाखायें चारो ओर फैली हुई थी और पत्र, पल्लव, फल-फूलो आदि से सुशोभित थी। इन वृक्षो पर मोर, मैना, कोयल, कलहस, सारस आदि पक्षी इधर उधर उडते और मधुर कलरव करते रहते थे। भ्रमर-समूह के गु जारव से व्याप्त थे।

इस वृक्षघटा की शोभा मे विशेष वृद्धि करने के लिये कही जाली झरोखो वाली चौकोर बावडियाँ, कही गोल बावडियाँ, कही पुष्करणिया, आदि बनी हुई थी।

पद्मवेल, नागरवेल, अशोकवेल, चपावेल, माधवीवेल, आदि वेलें इस वृक्षराजि से लिपटी हुई थी और ये सभी वेले फूलो के भार से नमी रहती थी।

उक्त वनराजि से विराजित उस उत्तम अशोकवृक्ष पर रत्नो से बने हुए, देदीप्यमान, दर्शनीय

मानवस्वभाव को देखते यह पूर्णत सम्भव जैसा प्रतीत नही होता है। तथापि नगरी के इस वर्णन से यह विदित होता है कि इसमे रहने वाले अपेक्षाकृत सभ्य, शिष्ट, सुसस्कृत एव प्रामाणिक थे।

खायफलिहा—खात और परिखा। वैसे तो ये दोनो शब्द प्राय समानार्थक माने जाते है। लेकिन आचार्य मलयगिरि ने इनका अन्तर स्पष्ट किया है कि खात तो ऊपर चौडी और नीचे-नीचे सकडी होती जाती है। जबकि परिखा (खाई) ऊपर से लेकर नीचे तक एक जैसी सम—सीधी खुदी हुई होती है। प्राचीनकाल मे नगर की रक्षा के लिये परकोटे से पहले खाई होती थी, जिसमे पानी भरा रहता था और खाई से पहले खात। खात मे अगारे अथवा अलसी आदि चिकना धानविशेष भर देते थे कि जिस पर पैर रखते ही मनुष्य तल मे चला जाता है। इस प्रकार खात भी नगर-रक्षा का एक साधन था।

चैत्य-वर्णन

२—तीसे ण आमलकप्पाए नयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए अबसालवणे नाम चेइए होत्था—[चिरातीते पुव्वपुरिसपण्णत्ते पोराणे सद्दिए कित्तिए नाए सच्छत्ते सज्झए सघटे सपडागे पडागाइपडागमडिए सलोमहत्थे कयवेयड्डिए लाइय-उल्लोइयमहिए गोसीससरसरत्तचदणदद्दर-दिण्णपचगुलितले उवचियचदणकलसे चदणघडसुकय-तोरणपडिदुवारदेसभाए आसित्तोसित्तविउलवट्ट-वग्घारियमल्लदामकलावे पचवण्णसरससुरभिमुक्कपुप्फपु जोवयारकलिए कालागुरु-पवरकु दुरुक्क-तुरुक्क-धूवमघमघतगधुद्धुयाभिरामे सुगधवरगधिए गधवट्टिभूए णड-णट्टग-जल्ल-मल्ल-मुट्ठिय-वेलंबग-पवग-कहग-लासग-आइक्खग-लख-मख-तूणइल्ल-तु बवीणिय-भुयग-मागहपरिगए बहुजण-जाणवयस्स विस्सुयकित्तिए बहुजणस्स आहुस्स आहुणिज्जे पाहुणिज्जे अच्चणिज्जे वदणिज्जे नमसणिज्जे पूयणिज्जे सक्कारणिज्जे सम्माणणिज्जे कल्लाण मगल देवय चेइय विणएण पज्जुवासणिज्जे दिव्वे सच्चे सच्चोवाए जागसहस्सभागपडिच्छए, बहुजणो अच्चेइ आगम्म अबसालवणचेइय अबसाल-वणचेइय।]

उस आमलकप्पा नगरी के बाहर उत्तरपूर्व दिक्कोण अर्थात् ईशान दिशा मे आम्रशालवन नामक चैत्य था। वह चैत्य बहुत प्राचीन था। पूर्व पुरुष—पूर्वज, बडे-बूढे भी उसको इसी प्रकार का कहते आ रहे थे। पुराना था। प्रसिद्ध था। अथवा अनेक परिवारो की आजीविका का साधन था। विख्यात था। दूर-दूर तक उसकी कीर्ति फैली हुई थी, उसके नाम से सभी परिचित थे। छत्र, ध्वजा, घटा, पताकाओ से मडित था। उसके शिखर पर अनेक छोटी बडी पताकाये लहराती रहती थी। मोर पखो की पीछियो से युक्त था। उसके बीच वेदिका बनी हुई थी। आगन गोबर से लिपा रहता था और दीवाले सफेद मिट्टी से पुती हुई थी। दीवालो पर गोरोचन और सरस रक्त चदन के थापे—हाथे लगे हुए थे। जगह-जगह चदन चर्चित कलश रखे थे। द्वार-द्वार पर चदन के बने घट रखे थे और अच्छी तरह से बनाये हुए तोरणो के द्वारा दरवाजो के ऊपरी भाग सुशोभित थे। ऊपर से लेकर नीचे तक लटकती हुई गोलाकार मे गु थी हुई मालाओ से दीवाले मडित थी। स्थान-स्थान पर रग बिरगे सरस, सुगधित पुष्प-पुञ्जो से अनेक प्रकार के माडने मडे हुए थे। धूपदानो मे कृष्णागुरु-सु गधित काष्ठ-विशेष श्रेष्ठ कु दरू, तुरुष्क—लोबान और धूप आदि के जलने से महकता रहता था और उस महक के उडने से बडा सुहावना लगता था। श्रेष्ठ सुगध से सुवासित होने के कारण गध-

वर्तिका जैसा मालूम होता था। नट, नृत्यकार, रस्सी पर खेल दिखाने वालो, मल्ल, पजा लडाने वालो, बहुरूपिया, तैरने वालो, कथा कहानी कहने वालो, रास रचने वालो, शुभ-अशुभ शकुन वताने वालो, ऊचे बास पर खेल दिखाने वालो, चित्र दिखाकर भीख मागने वालो, शहनाई वजाने वालो, तबूरा बजाने वालो, भोजक—गाने वालो, मागध—चारण, भाट आदि से वह चैत्य सदा व्याप्त—घिरा रहता था। नगरवासियो और दूर-देशवासियो मे इसकी प्रसिद्धि—कीर्ति फैली हुई थी जिससे बहुत से लोग वहाँ आहुति-जात देने आते रहते थे। वे उमे दक्षिणा-पात्र दान देने योग्य स्थान, अर्चनीय, वदनीय, नमस्करणीय, पूजनीय, सत्कारणीय, सम्माननीय मानते थे तथा कल्याणरूप मगलरूप, देवरूप और चैत्यरूप मानकर विनयपूर्वक उपासना—सेवा करने योग्य मानते थे। दिव्य, सत्य और कामना सफल करने वाला समझते थे। यज्ञ मे इसके नाम पर हजारो लोग दान देते थे और वहुत से लोग आ आकर इस आम्रशालवन चैत्य की जय जयकार करते हुए अर्चना भक्ति करते थे।

विवेचन—आम्रशालवन चैत्य के उपर्युक्त वर्णन से हमे तत्कालीन लोक-सस्कृति एव जन मानस का ठीक-ठीक परिचय मिलता है कि चैत्य जन सामान्य के लिये मनोरजन, क्रीडा आदि के स्थान होने के साथ साथ अपनी कामनाओ की पूर्त्ति हेतु आहुति—जात देने आदि के भी केन्द्र थे।

३—असोगवर पायवे, पुढवी सिलापट्टए, वत्तव्वया उववाइयगमेणं णेया।

३—उस चैत्यवर्ती श्रेष्ठ अशोकवृक्ष और पृथ्वीशिलापट्टक का वर्णन उववाईसूत्र के अनुसार जानना चाहिये।

विवेचन—अशोक वृक्ष के उल्लेख से ऐसा प्रतीत होता है कि वृक्षपूजा की परपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसके पीछे वृक्षो की उपयोगिता, अथवा किसी पुण्य पुरुष का स्मरण अथवा वहम कारण है, यह विचारणीय और शोध का विषय है।

उववाई सूत्र मे अशोक वृक्ष, पृथ्वीशिलापट्टक का विस्तार से वर्णन किया है। वही सव वर्णन यहाँ समझ लेने की सूत्र मे सूचना की है। उसका साराश इस प्रकार है—

चैत्य को चारो ओर से घेरे हुए वन खण्ड के बीचोबीच एक विशाल, ऊचा दर्शनीय और असाधारण रूपसौन्दर्य-सम्पन्न अशोक वृक्ष था।

वह अशोकवृक्ष भी और दूसरे लकुच, शिरीष, धव, चन्दन, अर्जुन, कदम्ब, अनार, शाल, आदि वृक्षो से घिरा हुआ था। ये सभी वृक्ष मूल, कद, स्कन्ध, छाल, शाखा, प्रवाल-पत्र, पुष्प, फल और वीज से युक्त थे। इनकी शाखा-प्रशाखायें चारो ओर फैली हुई थी और पत्र, पल्लव, फल-फूलो आदि से सुशोभित थी। इन वृक्षो पर मोर, मैना, कोयल, कलहस, सारस आदि पक्षी इधर उधर उडते और मधुर कलरव करते रहते थे। भ्रमर-समूह के गु जारव से व्याप्त थे।

इस वृक्षघटा की शोभा मे विशेष वृद्धि करने के लिये कही जाली झरोखो वाली चौकोर वावडियाँ, कही गोल वावडियाँ, कही पुष्करणिया, आदि बनी हुई थी।

पद्मवेल, नागरवेल, अशोकवेल, चपावेल, माधवीवेल, आदि वेलें इस वृक्षराजि से लिपटी हुई थी और ये मभी वेलें फूलो के भार से नमी रहती थी।

उक्त वनराजि से विराजित उस उत्तम अशोकवृक्ष पर रत्नो से बने हुए, देदीप्यमान, दर्शनीय

स्वस्तिक, श्रीवत्स, नन्दावर्त, वर्धमानक, भद्रासन, कलश, मत्स्य-युगल और दर्पण—ये आठ मगल एव वज्र रत्न, की डाडी वाले, कमल जैसे सुगधित, काले, नीले, लाल, पीले और सफेद चामर लटके हुए थे ।

इस अशोक वृक्ष के नीचे एक चौकोर शिलापट्ट था, जो जामुन, नेत्रगोलक, अजन वृक्ष, सघन मेघमाला, भ्रमरसमूह, काजल, नील गुटिका, भैसे के सीग आदि से भी अधिक कृष्ण वर्ण का था । दर्पण की तरह इसमे देखने वालो के प्रतिबिम्ब पडते थे । पाट की मोटाई मे चारो ओर हीरा, पन्ना, मणि, माणक, मोती आदि से चित्र बने हुए थे और उस का स्पर्श रुई, मक्खन, आक की रुई आदि से भी अधिक सुकोमल था ।

इस प्रकार का रत्नमय रम्य शिला पाट उस अशोकवृक्ष के नीचे रखा था ।

राजा सेय

४—[तत्थ ण आमलकप्पाए नयरीए ।] सेओ राया [होत्था, महया-हिमवत-महतमलय-मदरमहिंदसारे अच्चतविसुद्धरायकुलवसप्पसूए निरंतर रायलक्खणविराइयंगमगे बहुजण-बहुमाणपूइए सव्वगुणसमिद्धे खत्तिए मुद्धाभिसित्ते माउपिउसुजाए दयपत्ते सीमकरे सीमधरे खेमकरे खेमधरे मणुस्सिदे जणवयपिया जणवयपाले जणवय-पुरोहिए सेउकरे केउकरे नरपवरे पुरिसवरे पुरिससीहे पुरिसवग्घे पुरिसआसीविसे पुरिसवरपोडरीए पुरिसवरगधहत्थी अड्ढे दित्ते वित्ते वित्थिन्नविपुलभवण-सयण-आसण-जाण-वाहणाइण्णे बहुधणबहुजायरूव-रजए आओग-पओगसपउत्ते विच्छड्डियपउरभत्तपाणे बहुदासी-दास-गो-महिस-गवेलगप्पसूए पडिपुन्नजत-कोस-कोट्ठागार-आउहघरे बलव दुब्बलपच्चामित्ते, ओहयकटय मलियकटय उद्धियकटय अप्पडिकटय ओहयसत्तु मलियसत्तु उद्धियसत्तु निज्जयसत्तु पराइयसत्तु ववगयदुब्भिक्खदोसमारि-भयविप्पमुक्क खेम सिव सुभिक्ख पसतडिबडमर रज्ज पसासेमाणे विहरइ ।]

उस आमलकप्पा नगरी मे सेय नामक राजा राज्य करता था । वह मनुष्यो मे महा हिमवत पर्वत, महामलय पर्वत, मदर (मेरु) पर्वत और महेन्द्र नामक पर्वत आदि के समान श्रेष्ठ—प्रधान था । अत्यन्त विशुद्ध राजकुल एव वश मे उत्पन्न हुआ था । उसके समस्त अगोपाग राजचिह्नो और लक्षणो से सुशोभित थे । अनेक लोगो द्वारा वह बहुमान-समान और सत्कार प्राप्त करता था अथवा अनेक लोगो द्वारा सम्मानपूर्वक पूजा जाता था । शौर्य आदि सर्वगुणो से समृद्ध था । क्षत्रिय था । मूर्धाभिषिक्त राजा था । माता-पिता के सुसस्कारो से सम्पन्न था । स्वभाव से दयालु था । कुलमर्यादा का करने वाला और पालक था । क्षेम-कुशल का कर्त्ता और रक्षक होने से मनुष्यो मे इन्द्र के समान, जनपद का पिता, जनपद-देश का पालक, जनपद का पुरोहित—मार्गदर्शक, अद्‌भुत कार्यो को करने वाला और मनुष्यो मे श्रेष्ठ था । पुरुषार्थों का साधक होने से पुरुषो मे प्रधान, निर्भय एव बलिष्ठ होने से पुरुषो मे सिंह, शूरवीर होने से पुरुषो मे व्याघ्र, सफल कोप वाला होने से पुरुषो मे आशी-विष सर्प, दयालु, कोमल हृदय होने से पुरुषो मे कमल, शत्रुओ का नाश करने से पुरुषो मे उत्तम गधहस्ती के समान था । समृद्ध, प्रभावशाली अथवा अभिमानियो का मानमर्दक, विख्यात-प्रख्यात था । विस्तीर्ण और विपुल भवन, शैया, आसन, यान, वाहन का स्वामी था । उसके कोप और कोठार सदा धन, स्वर्ण, चाँदी, धान्य से भरे रहते थे । अर्थोपार्जन के उपायो का जानकार था । उसके

यहाँ भोजन करने के बाद शेष रहा भोजन भिखारियो, याचको मे बाँट दिया जाता था। सेवा के लिये बहुत से दास-दासी उसके पास रहते थे। उसकी गोशाला मे गायो, भैसो एव बकरियो की प्रचुरता थी। उसके यन्त्रागार, कोश, कोठार और शस्त्रागार पूरी तरह से भरे रहते थे। वह शारीरिक और मानसिक बल से बलवान् था अथवा उसकी सेना बल-विक्रमशाली थी। दुर्बलो का मित्र-हितैषी था।

प्रजा को पीडित करने वाले काटे रूप चोर और डाकू आदि न होने से उसका राज्य प्रजा-कटको से रहित था। देश मे उपद्रव, दगाफिसाद करने वालो को दड देकर शात कर दिये जाने से मर्दितकटक था। गु डो बदमाशो को देश-निकाला दे देने से उदधृतकटक था। विरोधियो का विनाश कर देने से अपहृतकटक था। इसी प्रकार उसका राज्य अपहृतशत्रु था, निहतशत्रु था, मथितशत्रु था, उद्धृतशत्रु था, निर्जितशत्रु था, पराजितशत्रु था एव दुर्भिक्ष दुर्गुण दुर्व्यसन, महामारी से रहित था। शत्रुभय से मुक्त था। जिससे वह क्षेम-कुशल, सुभिक्ष युक्त तथा विघ्नो एव राजकुमार आदि राजपुरुषो द्वारा कृत विडम्बनाओ—राज्यविरुद्ध कार्यो से रहित था। ऐसे राज्य का प्रशासन करते हुए राजा अपना समय बिताता था।

विवेचन—राजा सेय का विशेष वृत्तान्त अन्यत्र देखने को नही मिलता है। स्थानागसूत्र के आठवे ठाणा मे श्रमण भगवान् महावीर के पास दीक्षित आठ राजाओ मे एक नाम 'सेय' भी है किन्तु यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता है कि यह 'सेय' राजप्रश्नीयसूत्र गत राजा है अथवा अन्य कोई। टीकाकार अभयदेवसूरि ने इसी सेय को आठ दीक्षित राजाओ मे माना है।

सेय के सस्कृत रूपान्तर श्वेत और श्रेय दोनो होते है। आचार्य मलयगिरिसूरि ने अपनी टीका मे 'श्वेत' का प्रयोग किया है।

रानी धारिणी

४—[तस्स ण सेयरण्णो] धारिणी [नाम] देवी [होत्था सुकुमालपाणिपादा अहीण-पडिपुण्ण-पंचिदियसरीरा लक्खण-वजण-गुणोववेया माण-उम्माण-पमाणपडिपुण्णसुजायसव्वग-सु दरगी ससि-सोमागार-कतपियदसणा सुरूवा, करयलपरिमियपसत्थतिवलिवलियमज्झा, कुडलुल्लिहियगडलेहा कोमुइरयणियर-विमलपडिपुण्णसोमवयणा सिंगारागारचारुवेसा सगयगय-हसिय-भणिय-चिट्ठिय-विलास-ललिय-सलावनिउणजुत्तोवयारकुसला सु दर-थण-जघण-वयण-कर-चरण-नयण-लायण्ण-विलासकलिया सेएण रण्णा सद्धि अणुरत्ता अविरत्ता इट्ठे सद्द-फरिस-रस-रूव-गधे पचविहे माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणा विहरइ]

(उस सेय राजा की) धारिणी (नाम की) देवी—पटरानी (थी)। (वह सुकुमाल-अतिकोमल हाथ पैर वाली थी। शरीर और पाचो इन्द्रिया अहीन शुभ लक्षणो से सपन्न एव प्रमाणयुक्त थी। वह शख, चक्र आदि शुभ लक्षणो तथा तिल, मसा आदि व्यजनो और सौभाग्य आदि स्त्रियोचित गुणो से युक्त थी, मान-माप उन्मान-तोल और प्रमाण-नाप से परिपूर्ण-बराबर थी, सभी अग परिपूर्ण और सुगठित होने से सर्वांग सुन्दरी थी, चन्द्रमा के समान सौम्य आकृति वाली, कमनीय, प्रियदर्शना और सुरूपवती थी। उसका मध्य भाग—कटि भाग मुट्ठी मे आ जाये, इतना पतला और प्रशस्त था, त्रिवली से युक्त था और उसमे वल पडे हुए थे। उसकी गडलेखा—कपोलो पर बनाई हुए पत्रलेखा

कु डलो से घर्षित होती रहती थी। उसका मुखमडल चद्रिका के समान निर्मल और सौम्य था, अथवा कार्तिकी पूर्णिमा के चन्द्र के समान विमल परिपूर्ण और सौम्य था। उसका सुन्दर वेष मानो शृ गार रस का स्थान था। उसकी चाल, हासपरिहास, सलाप-बोलचाल, भाषण, शारीरिक और नेत्रो की चेप्टाये आदि सभी सगत थी। वह पारस्परिक वार्तालाप करने मे निपुण थी, कुशल थी, उचित आदर, सेवा शुश्रूषा आदि करने मे कुशल थी। उसके सुन्दर जघन—कमर से नीचे का भाग, स्तन मुख, हाथ, पैर, लावण्य-विलास से युक्त थे। और दर्शको के चित्त मे प्रसन्नता उत्पन्न करने वाली, दर्शनीय रूपवती और अतीव रूपवती थी। और वह सेय राजा मे अनुरक्ता, अविरिक्ता होकर पाँचो इन्द्रियो के इष्ट शब्द, स्पर्श, रस, वर्ण, एव गध रूप मनुष्योचित काम-भोगो का अनुभव करती हुई समय व्यतीत करती थी।

विवेचन—पानी से लबालब भरे हुए कु ड मे पुरुष या स्त्री के बिठाने पर एक द्रोण (प्राचीन नाप) प्रमाण पानी छलककर बाहर निकले तो वह बैठने वाली स्त्री अथवा पुरुष मान-सगत कहलाता है। तराजू पर तोलने पर यदि अर्धभार प्रमाण तुले तो वह उन्मान-सगत और अपने अगुल से एक सौ आठ अगुल ऊचाई हो तो वह प्रमाण-सगत कहलाता है।

जैन परिभाषा के अनुसार शब्द और रूप ये दो काम मे और गध, रस एव स्पर्श भोग मे ग्रहण किये जाते है। दोनो का समावेश करने के लिये 'काम भोग' शब्द का उपयोग किया जाता है।

भगवान् का पदार्पण और राजा का दर्शनार्थ गमन :

६—सामी समोसढे। परिसा निग्गया। राया जाव [नयणमालासहस्सेहिं पेच्छिज्जमाणे पेच्छिज्जमाणे हिययमाला-सहस्सेहिं अभिणदिज्जमाणे-अभिणदिज्जमाणे, मणोरहमालासहस्सेहिं विच्छिप्पमाणे विच्छिप्पमाणे, वयणमालासहस्सेहिं अभिथुव्वमाणे अभिथुव्वमाणे, कति-दिव्व-सोहग्ग-गुणेहिं पत्थिज्जमाणे पत्थिज्जमाणे बहूण नरनारीसहस्साण दाहिणहत्थेण अजलिमालासहस्साइ-पडिच्छमाणे-पडिच्छमाणे, मजुमजुणा घोसेण पडिबुज्झमाणे-पडिबुज्झमाणे, भवणपतिसहस्साइं समइच्छमाणे समइच्छमाणे आमलकप्पाए नयरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव अबसालवणचेइए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूर-सामते छत्ताईए तित्थयराइसेसे पासइ, पासित्ता आभिसेक्क हत्थिरयण ठवेइ, ठवित्ता आभिसेक्काओ हत्थिरयणाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता अवहट्टु पच रायककुहाइ तजहा-खग्ग छत्त उप्फेस वाहणाओ वालवीयण, जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता समण भगव महावीर पचविहेण अभिगमेण अभिगच्छइ, तजहा—

(१) सचित्ताण दव्वाण विओसरणयाए,
(२) अचित्ताण दव्वाण अविओसरणयाए,
(३) एगसाडिय उत्तरासगकरणेण,
(४) चक्खुप्फासे अजलिपग्गहेण,
(५) मणसो एगत्तभावकरणेण।

समण भगव महावीर तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिण करेइ, करित्ता वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता तिविहाए पज्जुवासणयाए] पज्जुवासइ।

६—आमलकल्पा के बाहर स्थित आम्रशालवन चैत्य मे स्वामी-श्रमण भगवान् महावीर पधारे। वदना करने परिषद् निकली। राजा भी यावत् (हजारो दर्शकों की सहस्रो नेत्रमालाओं द्वारा बार-बार निरीक्षित होता हुआ, हजारो मनुष्यो के हृदयसहस्रों द्वारा पुन पुन अभिनदित होता हुआ, हजारो जनो की मनोरथो रूपी मालासहस्रो द्वारा स्पर्शित-स्पृष्ट होता हुआ, सुन्दर और उदार वचनावली-सहस्रो द्वारा वारबार स्तुत—स्तुतिगान किया जाता हुआ, शारीरिक ओज—सौन्दर्य, लावण्य दिव्य सौभाग्य और गुणो के कारण जनपद के द्वारा प्रार्थित होता हुआ, हजारो नर-नारियो की अजलि रूप मालासहस्रो को दाहिने हाथ से स्वीकार करता हुआ, मजुल मधुर स्वरो द्वारा किये गये जय-जय घोषो से प्रतिबोधित-सबोधित होता हुआ एव हजारो भवन-पक्तियो को पार करता हुआ आमलकल्पा नगरी के बीचोबीच से होकर निकला, निकल कर आम्रशालवन चैत्य की ओर चला और श्रमण भगवान् महावीर से न अतिदूर और न अति समीप किन्तु यथायोग्य स्थान से तीर्थंकरो के अतिशय रूप छत्र-पर-छत्र और पताकाओं-पर-पताका आदि को देखा, देखकर आभिषेक्य हस्ति-रत्न को रुकवाया। रोक कर आभिषेक्य हस्तिरत्न से नीचे उतरा। उतर कर (१) खड्ग-तलवार, (२) छत्र, (३) मुकुट, (४) उपानह्-जूता और (५) चामर इन पाँच राजचिह्नों का परित्याग किया, परित्याग करके जहाँ श्रमण भगवान् महावीर थे, वहाँ आया। आकर पाँच अभिगम करके श्रमण भगवान् महावीर के सन्मुख पहुँचा। वे पाँच अभिगम इस प्रकार है—

(१) पुष्प माला आदि सचित्त द्रव्यो का त्याग,
(१) वस्त्र आदि अचित्त द्रव्यो का अत्याग—त्याग नही करना,
(३) एक शाटिका (अखड वस्त्र—दुपट्टा) का उत्तरासग,
(४) भगवान् पर दृष्टि पडते ही अजलि करना—दोनो हाथ जोडना,
(५) मन को एकाग्र करना।

इन पाँचो अभिगमपूर्वक सम्मुख आकर श्रमण भगवान् महावीर की आदक्षिण—दक्षिण दिशा से आरभ करके तीन वार प्रदक्षिणा की। प्रदक्षिणा करके वदन नमस्कार किया। वन्दन, नमस्कार करके त्रिविध—तीन प्रकार की पर्युपासना से प्रभु की उपासना करने लगा।)

विवेचन—'तिविहाए पज्जुवासणयाए पज्जुवासइ' तीन प्रकार की पर्युपासना से उपासना करने लगा। सेवा, भक्ति करने को पर्युपासना करते हैं। सेवाभक्ति श्रद्धा प्रधान है और श्रद्धा की अभिव्यक्ति के तीन साधन है—मन, वचन और काय। अतएव श्रद्धा की परम स्थिति को प्राप्त करने के लिए इन तीनो मे तादात्म्य—एकरूपता होना आवश्यक है। इसी दृष्टि से सूत्र मे 'तिविहाए' तीनो प्रकार से उपासना करने का उल्लेख किया है। कायिक अग प्रत्यगो की सम्मान प्रगट करने वाली चेष्टा कायिक उपासना, वक्ता के कथन का समर्थन करना वाचिक उपासना तथा मन को केन्द्रित करके कथन को सुनना और अनुमोदन करते हुए स्वीकार करना मानसिक उपासना कहलाती है।

सूर्याभदेव द्वारा जम्बूद्वीप दर्शन :

७—तेण कालेण तेण समएण सूरियाभे देवे सोहम्मे कप्पे सूरियाभे विमाणे सभाए सुहम्माए सूरियाभसि सिंहासणसि चउहि सामाणियसाहस्सीहि, चउहि अग्गमहिसीहि सपरिवाराहि, तिहि परिसाहि, सत्तहि अणिएहि, सत्तहि अणियाहिवईहि, सोलसहि आयरक्खदेवसाहस्सीहि, अन्नेहि

बहूहिं सूरियाभविमाणवासीहिं वेमाणिएहिं देवेहि य देवीहि य सद्धिं संपरिवुडे महयाहय नट्ट-गीय-वाइय-तंती-तल-ताल-तुडिय-घणमुइंगपडुप्पवादियरवेण दिव्वाइं भोगभोगाइं भुञ्जमाणे विहरति।

इमं च णं केवलकप्पं जम्बुद्दीवं दीवं विउलेणं ओहिणा आभोएमाणे-आभोएमाणे पासति।

उस काल मे अर्थात् श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के विहरण काल मे और उस समय मे अर्थात् भगवान् के आमलकल्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य मे विराजने के समय मे सूर्याभ नामक देव सौधर्म स्वर्ग मे सूर्याभ नामक विमान की सुधर्मा सभा मे सूर्याभ सिंहासन पर बैठकर चार हजार सामानिक देवो, सपरिवार चार अग्रमहिषियो, तीन परिषदाओ, सात अनीको-सेनाओ, सात अनीकाधिपतियो, सोलह हजार आत्मरक्षक देवो तथा और दूसरे बहुत से सूर्याभ विमानवासी वैमानिक देव-देवियो सहित अव्याहत निरन्तर नाटच एव निपुण पुरुषो द्वारा वादित—वजाये जा रहे तन्त्री-वीणा हस्तताल, कास्यताल और अन्यान्य वादित्रो—वाद्यो तथा घनमृदग—मेघ के समान ध्वनि करने वाले मृदगो की ध्वनि (आवाज) के साथ दिव्य भोगने योग्य भोगो को भोगता हुआ विचर रहा था। उस समय उसने अपने विपुल अवधिज्ञानोपयोग द्वारा निरखते हुए इस सम्पूर्ण जम्बूद्वीपनामक द्वीप को देखा।

विवेचन—सूत्र मे सूर्याभदेव के सभावैभव का वर्णन है। सभा मे उपस्थित देव-देवियो का निर्देश इन शब्दो मे किया है—

सामानिक देव—आज्ञा और ऐश्वर्य के अतिरिक्त ये सभी देव विमानाधिपति देव के समान द्युति, वैभव आदि से सपन्न होते हैं और इनको भाई आदि के तुल्य आदर-समान योग्य माना जाता है।

अग्रमहिषी—कृताभिषेका राजा की पत्नी महिषी और शेष अकृताभिषेका अन्य स्त्रिया भोगिनी कहलाती है (या कृताभिषेका नृपस्त्री सा महिषी, अन्या अकृताभिषेका नृपस्त्रियो भोगिन्य इत्युच्यन्ते—अमरकोश द्वितीय काड, मनुष्यवर्ग, श्लोक ५)। अपनी परिवारभूत अन्य सभी पत्नियो मे उसकी अग्रता—प्रधानता, मुख्यता—बताने के लिये महिषी के साथ अग्र विशेषण का प्रयोग किया जाता है।

तीन परिषदा—सभी विमानाधिपति देवो की—१ अभ्यन्तर, २ मध्यम और ३ बाह्य ये तीन परिषदाये होती है। जिनसे अपने अतरग, गुप्त गूढ रहस्यो के लिये विचार किया जाता है, ऐसे परमविश्वसनीय समवयस्क मित्र समुदाय को अभ्यन्तर परिषद, अभ्यन्तर परिषद मे चर्चित एव निर्णीत विचारो के लिये जिससे सम्मति, राय ली जाती है, उसे मध्यमपरिषद और अभ्यन्तर तथा मध्यम परिषद द्वारा विचारित, निर्णीत एव सम्मत कार्य को क्रियान्वित करने का दायित्व जिसे दिया जाता है, उसे बाह्यपरिषद कहते है।

सात सेनायें—अश्व, गज, रथ, पदाति, वृषभ (बैल), गधर्व और नाटच ये सेनाओ के सात प्रकार है। इनमे से आदि की पाच का युद्धार्थ और अतिम दो का आमोद-प्रमोद के लिये उपयोग किया जाता है और ये अपने अपने अधिपति के नेतृत्व मे कार्य सपादित करने मे सक्षम होने से इनके सात सेनापति होते हैं।

आत्मरक्षक देव—शिरस्त्राण जैसे प्राणरक्षक होता है, उसी प्रकार ये देव भी अस्त्र-शस्त्रो से सुसज्जित होकर अपने अधिपतिदेव की रक्षा करने मे तत्पर रहने से आत्मरक्षक कहलाते हैं। यद्यपि

इन्द्र आदि देवो को किसी का भय नही होता कि आत्मरक्षको की आवश्यकता हो, मगर यह भी इन्द्र का एक वैभव है ।

सूर्याभ देव द्वारा भगवान की स्तुति :

८—तत्थ समण भगव महावीर जबुद्दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए नगरीए बहिया अब-सालवणे चेइए अहापडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाण पासति, पासित्ता हट्ठतुट्ठ चित्तमाणदिए पीइमणे परमसोमणस्सिए हरिसवसविसप्पमाणहियए विकसियवरकमलणयणे पयलियवरकडग-तुडिय-केऊर-मउड-कु डलहारविरायतरइयवच्छे, पालबपलबमाणघोलतभूसणधरे ससभम तुरिय चवल सुरवरे सोहासणाओ अब्भुट्ठे इ, अब्भुट्ठित्ता पायपीढाओ पच्चोरुहति, पच्चो-रुहित्ता पाउयाओ ओमुयइ, ओमुयइत्ता एगसाडिय उत्तरासग करेति, करित्ता तित्थयराभिमुहे सत्तट्ठ-पयाइ अणुगच्छइ, अणुगच्छित्ता वाम जाणु अचेइ, दाहिण जाणु धरणि-तलसि निहट्टु तिक्खुत्तो मुद्धाण धरणितलसि निमेइ, निमित्ता ईसि पच्चुन्नमइ पच्चुन्नमित्ता कडय-तुडियथभियभुयाओ साहरइ साहरित्ता करयलपरिग्गहिय दसणह सिरसावत्त मत्थए अजलि कट्टु एव वयासी—

उस समय अर्थात् विपुल अवधि ज्ञानोपयोग द्वारा जम्बूद्वीप के दर्शन मे प्रवर्तमान होने के समय उसने जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र मे आमलकल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य मे यथा प्रतिरूप अवग्रह ग्रहण कर-साधु के लिये उचित स्थान की याचना करके सयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान् महावीर को देखा । देखकर वह हर्षित और अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ, उसका चित्त आनदित हो उठा । मन मे प्रीति उत्पन्न हुई, अतीव सौमनस्य को प्राप्त हुआ, हर्षातिरेक से उसका हृदय—वक्षस्थल फूल गया, नेत्र और मुख विकसित श्रेष्ठ कमल जैसे हो गये । अपार हर्ष के कारण पहने हुए श्रेष्ठ कटक, त्रुटित, केयूर, मुकुट और कुण्डल चचल हो उठे, वक्षस्थल हार से चमचमाने लगा, पैरो तक लटकते प्रालब—आभूषण विशेष—झूमके विशेष चचल हो उठे और उत्सुकता, तीव्र अभिलाषा से प्रेरित हो वह देवश्रेष्ठ सूर्याभ देव शीघ्र ही सिंहासन से उठा । उठकर पादपीठ पर पैर रखकर नीचे उतरा । नीचे उतर कर पादुकाये उतारी । पादुकाये उतार कर एकशाटिक उत्तरासग किया । उत्तरासग करके तीर्थंकर के अभिमुख सात-आठ डग चला, अभिमुख चलकर बाया घुटना ऊँचा रखा और दाहिने घुटने को नीचे भूमि पर टेक कर तीन बार मस्तक को पृथ्वी पर नमाया-झुकाया, फिर मस्तक कुछ ऊँचा उठाया । तत्पश्चात् कटक त्रुटित—बाजूबद से स्तभित दोनो भुजाओ को मिलाया । मिला कर दोनो हाथ जोड आवर्त्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके उसने इस प्रकार कहा—

विवेचन—आन्तरिक हर्ष का उद्रेक होने पर शरीर पर उसका जो असर-प्रभाव दिखता है, उसका इस सूत्र मे सुन्दर वर्णन किया है ।

९—नमोऽत्थु ण अरिहताण भगवताण आदिगराण तित्थगराण सयसबुद्धाण पुरिसुत्तमाण पुरिससीहाण पुरिसवरपुण्डरीयाणं पुरिसवरगधहत्थीण लोगुत्तमाण लोगनाहाण लोगहिआणं लोगपईवाण लोगपज्जोयगराणं अभयदयाण चक्खुदयाण मग्गदयाण जीवदयाणं सरणदयाण दीवो ताण (सरणं गई पइट्ठा) बोहिदयाण धम्मदयाण धम्मदेसयाण धम्मनायगाण धम्मसारहीण धम्मवरचाउरतचक्क-वट्टीण अप्पडिहयवरनाण दसणधराण वियट्टछउमाणं जिणाणं जावयाण तिण्णाण तारयाण बुद्धाणं

बोहयाण मुत्ताण मोयगाण सव्वन्नूण सव्वदरिसीण सिव अयल अरुय अणत अक्खय अव्वाबाह अपुणरावत्तिय सिद्धिगइनामधेय ठाण सपत्ताण ।

नमोऽत्थु ण समणस्स भगवओ महावीरस्स आदिगरस्स तित्थयरस्स जाव[1] सपाविउकामस्स, वदामि ण भगवत तत्थगय इहगते, पासइ मे भगव तत्थगते इहगत ति कट्टु वदति णमसति, वदित्ता णमसित्ता सीहासणवरगए पुव्वाभिमुह सण्णिसण्णे ।

९—अरिहत भगवन्तो को नमस्कार हो, श्रुत-चारित्र धर्म की आदि करने वाले, तीर्थ की स्थापना करने वाले, अन्य के उपदेश के बिना स्वय ही बोध को प्राप्त, पुरुषो में उत्तम, कर्म-शत्रुओ का विनाश करने मे पराक्रमी होने के कारण पुरुषो मे सिंह के समान, सोम्य होने से पुरुषो मे श्रेष्ठ कमल के समान, पुरुषो मे उत्तम गधहस्ती के समान (जैसे गधहस्ती की गध से अन्य हाथी भाग जाते हैं उसी प्रकार जिनके पुण्य प्रभाव से ही ईति भीति आदि का विनाश हो जाता है, ऐसे) लोक मे उत्तम, लोक के नाथ, लोक का हित करने वाले, लोक मे प्रदीप के समान, लोक मे विशेष उद्योत करने वाले अथवा लोक स्वरूप को प्रकाशित करने वाले—बताने वाले, अभय देने वाले, श्रद्धा-ज्ञान-रूप नेत्र के दाता, धर्म (चारित्र) मार्ग के दाता, जीवो पर दया रखने का उपदेश देने वाले, शरणदाता, बोधिदाता देशविरति, सर्वविरति रूप धर्म के दाता, धर्म के उपदेशक, धर्म के नायक, धर्म के सारथी, चतुर्गति रूप ससार का अत करने वाले धर्म के चक्रवर्ती, अव्याघात (प्रतिहत न होने वाले) केवल-ज्ञान-दर्शन के धारक, घाति कर्म रूपी छद्म के नाशक, रागादि आत्मशत्रुओ को जीतने वाले, कर्मशत्रुओ को जीतने के लिये अन्य जीवो को प्रेरित करने वाले, ससार-सागर से स्वय तिरे हुए और दूसरो को तिरने का उपदेश देने वाले, बोध (केवल-ज्ञान) को प्राप्त करने वाले और उपदेश द्वारा दूसरो को बोध प्राप्त कराने वाले, स्वय कर्म-बधन से मुक्त और उपदेश द्वारा दूसरो को मुक्त करनेवाले, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी शिव—उपद्रव रहित, कल्याण रूप, अचल—अचल स्थान (सिद्धिस्थान) को प्राप्त हुए, अरुज-शारीरिक व्याधि वेदना से रहित, अनन्त, अक्षय, अव्याबाध, अपुनरावृत्ति—जिसको प्राप्त कर लेने पर पुन ससार मे जन्म नही होता, ऐसे पुनरागमन से रहित—सिद्धि गति नामक स्थान मे स्थित सिद्ध भगवन्तो को नमस्कार हो ।

धर्म की आदि करने वाले, तीर्थंकर—(साधु-साध्वी श्रावक-श्राविका रूप) चतुर्विध सघ-तीर्थ की स्थापना करने वाले, यावत् सिद्धि गति नामक स्थान को प्राप्त करने की ओर अग्रसर श्रमण भगवान् महावीर को मेरा नमस्कार हो।

तत्रस्थ अर्थात् जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र मे स्थित आमलकल्पा नगरी के आम्रशाल-वन चैत्य मे विराजमान भगवान् को अत्रस्थ—यहाँ रहा हुआ मैं वदना करता हूँ । वहाँ पर रहे हुए वे भगवान यहाँ रहे हुए मुझे देखते हैं । इस प्रकार स्तुति करके वन्दन-नमस्कार किया । वदन-नमस्कार करके फिर पूर्व दिशा की ओर मुख करके श्रेष्ठ सिंहासन पर बैठ गया ।

सूर्याभदेव की आभियोगिक देवो को आज्ञा—

१०—तए ण तस्स सूरियाभस्स इमे एतारूवे अज्झत्थिते चिंतिते पत्थिते मणोगते सकप्पे समुप्पज्जित्था ।

---

१ देखें सूत्र सख्या ९ (सय सबुद्धाण ठाण पद तक)

१०—तत्पश्चात् उस सूर्याभ देव के मन मे इस प्रकार का यह आध्यात्मिक अर्थात् आन्तरिक, चिन्तित, प्रार्थित—प्राप्त करने योग्य, इष्ट और मनोगत—मन मे रहा हुआ (मानसिक) सकल्प उत्पन्न हुआ।

११—सेय खलु मे समणे भगव महावीरे जम्बुद्दीवे दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए णयरीए बहिया अम्बसालवणे चेइए अहापडिरूव उग्गह उगिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरति, त महाफल खलु तहारूवाण भगवन्ताण णाम-गोयस्स वि सवणयाए किमङ्ग पुण अभिगमण-वन्दण णमसण-पडिपुच्छण-पज्जुवासणयाए ? एगस्सवि आरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए किमङ्ग पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ? त गच्छामि ण समण भगव महावीर वन्दामि णमसामि सक्कारेमि सम्माणेमि कल्लाण मङ्गल देवय चेतिय पज्जुवासामि, एय मे पेच्चा हियाए सुहाए खमाए णिस्सेयसाए आणुगामियत्ताए भविस्सति त्ति कट्टु एव सपेहेइ, एव सपेहित्ता आभिओगे देवे सद्दावेइ सद्दावित्ता एव वयासी—

११—जम्बूद्वीप के भारतवर्ष मे स्थित आमलकल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य मे यथाप्रतिरूप—साधु के योग्य—अवग्रह को लेकर सयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान् महावीर विराजमान है। मेरे लिये श्रेय रूप है। जब तथारूप भगवन्तो के मात्र नाम और गोत्र के श्रवण करने का ही महाफल होता है तो फिर उनके समक्ष जाने का, उनको वदन करने का, नमस्कार करने का, उनसे प्रश्न पूछने का और उनकी उपासना करने का प्रसग मिले तो उसके विषय मे कहना ही क्या है ?

आर्य पुरुष के एक भी धार्मिक सुवचन सुनने का ही जब महाफल प्राप्त होता है तब उनके पास से विपुल अर्थ-उपदेश ग्रहण करने के महान् फल की तो बात ही क्या है !

इसलिए मैं जाऊँ और श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन करूं, नमस्कार करूं, उनका सत्कार-सम्मान करूं और कल्याणकारी होने से कल्याण रूप, सब अनिष्टो का उपशमन करने वाले होने से मगलरूप, त्रैलोक्याधिपति होने से देवरूप और सुप्रशस्त ज्ञान—केवलज्ञान वाले होने से चैत्य स्वरूप उन भगवान् की पर्युपासना करूं।

ये (श्रमण भगवान महावीर की पर्युपासना) मेरे लिये अनुगामी रूप से परलोक मे हितकर, सुखकर, क्षेमकर—शातिकर, निश्रेयस्कर—कल्याणकर—मोक्ष प्राप्त कराने वाली होगी, ऐसा उसने (सूर्याभदेव ने) विचार किया। विचार करके अपने आभियोगिक देवो को बुलाया और बुलाकर उनसे इस प्रकार कहा।

विवेचन—टीकाकार खम-क्षम का अर्थ सगति बताते है—क्षमाय सगतत्वाय (रायपसेणइय पृ १०२ आगमोदय समिति)। क्रोध की उपशाति को क्षमा कहते हैं और क्रोध की उपशाति सुख-शाति—कल्याण करने वाली होने से यहाँ खमाए का क्षेमकर, शान्तिकर यह अर्थ लिया है।

आभियोगिक देव—जैसे हमारे यहाँ घरेलू काम करने के लिये वेतनभोगी भृत्य—नौकर होते है, उसी प्रकार की स्थिति देवलोक मे आभियोगिक देवो की है। वे अपने स्वामी देव की आज्ञा का पालन करने के लिये नियुक्त रहते हैं। अर्थात् अपने स्वामी देव की आज्ञा का पालन करने वाले भृत्य—सेवक स्थानीय देवो को आभियोगिक देव कहा जाता है।

१२—एव खलु देवाणुप्पिया ! समणे भगव महावीरे जबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए नगरीए बहिया अबसालवणे चेइए अहापडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ ।

त गच्छह ण तुम्हे देवाणुप्पिया ! जबुद्दीव दीव भारह वास आमलकप्प णयरिं अबसालवण चेइय समण भगव महावीर तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेह, करेत्ता वदह णमसह, वदित्ता णमसित्ता साइ साइ नामगोयाइ साहेह, साहित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वओ समता जोयणपरिमडल ज किंचि तण वा पत्त वा कट्ठ वा सक्कर वा असुइ वा अचोक्ख वा पूइअ दुब्भिगन्ध त सव्व आहुणिय आहुणिय एगते एडेह, एडेत्ता—णच्चोदग णाइमट्टिय पविरलपप्फुसिय रयरेणुविणासण दिव्व सुरभिगधो-दयवास वासह, वासित्ता णिहयरय णट्ठरय भट्ठरय उवसतरय पसतरय करेह, करित्ता कुसुमस्स जाणु-स्सेहपमाणमित्त ओहिं वास वासह, वासित्ता जलयथलयभासुरप्पभूयस्स बिंटट्ठाइस्स दसद्धवण्णस्स कालागुरु-पवरकुन्दुरुक्क-तुरुक्क-धूव-मघमघत-गधुद्धयाभिराम सुगधवरगधिय गधवट्टिभूत दिव्वं सुरवराभिगमणजोग्ग करेह, कारवेह, करित्ता य कारवेत्ता य खिप्पामेव एयमाणत्तिय पच्चप्पिणह ।

१२—हे देवानुप्रियो ! बात यह है कि यथाप्रतिरूप अवग्रह को ग्रहण करके सयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान् महावीर जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्रवर्ती आमलकल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य मे विराजमान है ।

अतएव हे देवानुप्रियो ! तुम जाओ और जम्बूद्वीप नामक द्वीप के भरतक्षेत्र मे स्थित आमल-कल्पा नगरी के बाहर आम्रशालवन चैत्य मे विराजमान श्रमण भगवान् महावीर की दक्षिण दिशा से प्रारभ करके तीन बार प्रदक्षिणा करो । प्रदक्षिणा करके वदना, नमस्कार करो । वदना, नमस्कार करके तुम अपने-अपने नाम और गोत्र उन्हे कह सुनाओ । तदनन्तर श्रमण भगवान् महावीर के विराजने के आसपास चारो ओर एक योजन प्रमाण गोलाकार भूमि मे घास, पत्ते, काष्ठ, ककड-पत्थर, अपवित्र, मलिन, सडी-गली दुर्गन्धित वस्तुओ को अच्छी तरह से साफ कर दूर एकान्त स्थान मे ले जाकर फैंक दो । इसके अनन्तर उस भूमि को पूरी तरह से साफ स्वच्छ करके इस प्रकार से दिव्य सुरभि-सुगधित गधोदक की वर्षा करो कि जिसमे जल अधिक न बरसे, कीचड न हो । रिमझिम-रिमझिम विरल रूप मे नन्ही-नही बूदे बरसे और धूल मिट्टी नष्ट हो जाये । इस प्रकार की वर्षा करके उस स्थान को निहितरज, नष्टरज, भ्रष्टरज, उपशातरज, प्रशातरज वाला बना दो ।

जलवर्षा करने के अनन्तर उस स्थान पर सर्वत्र एक हाथ उत्सेध—ऊँचाई प्रमाण भास्वर चमकीले जलज और स्थलज पचरगे—रग-बिरगे सुगधित पुष्पो की प्रचुर परिमाण मे इस प्रकार से बरसा करो कि उनके वृन्त (डडियाँ) नीचे की ओर और पखुडियाँ चित्त—ऊपर की ओर रहे ।

पुष्पवर्षा करने के बाद उस स्थान पर अपनी सुगध से मन को आकृष्ट करने वाले काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दुरुष्क तुरुष्क (लोभान) और धूप को जलाओ कि जिसकी सुगध से सारा वातावरण मघमघा जाये—महक जाये, श्रेष्ठ सुगध-समूह के कारण वह स्थान गधवट्टिका—गध की गोली के समान बन जाये, दिव्य सुरवरो—उत्तम देवो के अभिगमन योग्य हो जाये, ऐसा तुम स्वय करो और दूसरो से करवाओ । यह करके और करवा कर शीघ्र मेरी आज्ञा वापस मुझे लौटाओ अर्थात् आज्ञा-नुसार कार्य हो जाने की मुझे सूचना दो ।

विवेचन—प्राचीन काल मे भृत्यवर्ग का समाज मे सम्मानपूर्ण स्थान था, यह बात जैन शास्त्रो के वर्णन से स्पष्ट है। उन्हे कौटुम्बिक पुरुष—परिवार का सदस्य समझा जाता था और सम्राट से लेकर सामान्य जन तक उन्हे 'देवानुप्रिय' जैसे शिष्टजनोचित शब्दो मे सबोधित करते थे। ऐसे शब्द-प्रयोगो से यह भी ज्ञात होता है कि उस समय अपने स्तर से भी कम स्तर वाले व्यक्तियो के प्रति शिष्ट सभ्य, सुसस्कृतजनोचित वचन व्यवहार की परपरा थी।

आभियोगिक देवो द्वारा आज्ञापालन :

१३—तए ण ते आभियोगिका देवा सूरियाभेण देवेण एव वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठ जाव [चित्त-माणदिया, पीइमणा, परमसोमणस्सिया, हरिसवसविसप्पमाण] हियया करयलपरिग्गहिय दसनह सिर-सावत्त मत्थए अञ्जलि कट्टु 'एव देवो ! तहत्ति' आणाए विणएण वयण पडिसुणति, 'एव देवो तहत्ति' आणाए विणएण वयणं पडिसुणेत्ता उत्तरपुरत्थिम दिसिभाग अवक्कमति, उत्तरपुरत्थिम दिसिभाग अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएण समोहण्णति, समोहणित्ता सखेज्जाइ जोयणाइ दण्ड निस्सिरति, त जहा—रयणाण वयराण वेरुलियाण लोहियक्खाण मसारगल्लाण हंसगब्भाण पुलगाण सोगधियाणं जोईरसाण अजणाण अजणपुलगाण रययाण जायरूवाण अङ्काण फलिहाण रिट्ठाण अहाबायरे पुग्गले परिसाडति, परिसाडित्ता अहासुहमे पुग्गले परियायति, परियाइत्ता दोच्च पि वेउव्विय-समुग्घाएणं समोहण्णति, समोहणित्ता उत्तरवेउव्वियाइ रूवाइ विउव्वति, विउव्वित्ता ताए उक्किट्ठाए तुरियाए चवलाए चडाए जवणाए सिग्घाए उद्धूयाए दिव्वाए देवगईए तिरिय असखेज्जाण दीवसमुद्दाणं मज्झमज्झेण वीईवयमाणे जेणेव जबुद्दीवे दीवे, जेणेव भारहे वासे, जेणेव आमलकप्पा णयरी, जेणेव अबसालवणे चेतिए, जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छति, तेणेव उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिण करेंति, वदति नमसति, वदित्ता नमसित्ता एव वदासि—'अम्हे ण भते ! सूरियाभस्स देवस्स आभियोगा देवा देवाणुप्पियाण वदामो णमसामो सक्कारेमो सम्माणेमो कल्लाण मगल देवय चेइय पज्जुवासामो।

१३—तत्पश्चात् वे आभियोगिक देव सूर्याभदेव की इस आज्ञा को सुन कर हर्षित हुए, सन्तुष्ट हुए, यावत् (आनदित चित्त वाले हुए, उनके मन मे प्रीति उत्पन्न हुई, परम प्रसन्न हुए और हर्षातिरेक से उनका) हृदय विकसित हो गया। उन्होने दोनो हाथो को जोड मुकलित दस नखो के द्वारा किये गये सिरसावर्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके 'हे देव-स्वामिन् ! आपकी आज्ञा प्रमाण' कहकर विनयपूर्वक आज्ञा स्वीकार की। 'हे देव ! ऐसा ही करेंगे' इस प्रकार से सविनय आज्ञा स्वीकार करके उत्तर-पूर्व दिग्भाग (ईशान कोण) मे गये। ईशान कोण मे जाकर वैक्रिय समुद्घात किया। वैक्रिय समुद्घात करके सख्यात योजन का रत्नमय दड बनाया। रत्नो के नाम इस प्रकार हैं—(१) कर्कोतन रत्न (२) वज्र-रत्न (३) वैडूर्यरत्न (४) लोहिताक्ष रत्न (५) मसारगल्ल रत्न (६) हसगर्भ रत्न (७) पुलक रत्न (८) सौगन्धिक रत्न (९) ज्योति रत्न (१०) अजनरत्न (११) अजनपुलक रत्न (१२) रजत रत्न (१३) जातरूप रत्न (१४) अक रत्न (१५) स्फटिक रत्न (१६) रिष्ट रत्न। इन रत्नो के यथा बादर (असार-अयोग्य) पुद्गलो को अलग किया और फिर यथासूक्ष्म (सारभूत) पुद्गलो को ग्रहण किया, ग्रहण करके पुन दूसरी बार वैक्रिय समुद्घात करके उत्तर वैक्रिय रूपो की विकुर्वणा की।

उत्तर वैक्रिय रूपो की विकुर्वणा करके अर्थात् अपना-अपना वैक्रियलब्धिजन्य उत्तर वैक्रिय शरीर बनाकर वे उत्कृष्ट त्वरा वाली, चपल, अत्यन्त तीव्र होने के कारण चड, जवन-वेगशील, आँधी जैसी तेज दिव्य गति से तिरछे-तिरछे स्थित असख्यात द्वीप समुद्रो को पार करते हुए जहाँ जम्बूद्वीपवर्ती भारतवर्ष की आमलकल्पा नगरी थी, आम्रशालवन चैत्य था और उसमे भी जहाँ श्रमण भगवान् महावीर विराजमान थे, वहाँ आये।

वहाँ आकर श्रमण भगवान् महावीर की तीन बार आदक्षिण—दक्षिण दिशा से प्रारम्भ करके प्रदक्षिणा की, उनको वदन-नमस्कार किया और वन्दन नमस्कार करके इस प्रकार कहा—

हे भदन्त। हम सूर्याभदेव के आभियोगिक देव आप देवानुप्रिय को वदन करते है, नमस्कार करते है, आप का सत्कार-समान करते हैं एव कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप और चैत्यरूप आप देवानुप्रिय की पर्यु पासना करते है।

विवेचन—मूल शरीर को न छोडकर अर्थात् मूल शरीर मे रहते हुए जीवप्रदेशो को शरीर से बाहर निकलने को समुद्‌घात कहते हैं। वेदना आदि सात कारणो से जीव-प्रदेशो के शरीर से बाहर निकलने के कारण समुद्‌घात के सात भेद हैं। उनमे से यहाँ वैक्रिय समुद्‌घात का उल्लेख है। यह वैक्रियशरीरनामकर्म के आश्रित है। वैक्रियलब्धि वाला जीव विक्रिया करते समय अपने आत्म-प्रदेशो को विष्कभ और मोटाई मे शरीर परिमाण और ऊँचाई मे सख्यात योजन प्रमाण दडाकार रूप मे शरीर से बाहर निकालता है।

वैक्रियलब्धि से पृथक् विक्रिया भी होती है और अपृथक् भी। आभियोगिक देवो ने पहले पृथक् विक्रिया द्वारा दड और उसके पश्चात् दूसरी बार अपने-अपने उत्तर रूप की विकुर्वणा की। इसीलिए यहाँ दो बार वैक्रिय समुद्‌घात करने का उल्लेख किया है।

गति की तीव्रता बताने के लिए यहाँ उक्किट्ठाए आदि समान भाव वाले अनेक पर्यायवाची शब्दो का प्रयोग किया है। इसी प्रकार की वाक्यपद्धति प्राचीन वैदिक व बौद्ध ग्र थो मे भी देखने को मिलती है। समानार्थक विभिन्न शब्दो का प्रयोग विवक्षित भाव पर विशेष भार डालने के लिये किया जाता है। आज भी इस पद्धति के प्रयोग देखने मे आते है।

१४—'देवा' इ समणे भगव महावीरे ते देवे एव वदासी—पोराणमेय देवा! जीयमेय देवा! किच्चमेय देवा! करणिज्जमेय देवा! आचिन्नमेय देवा! अब्भणुण्णायमेय देवा! ज ण भवणवइ-वाणमतर-जोइसिय-वेमाणिया देवा अरहते भगव ते वद ति नमसति, व दित्ता नमसित्ता तओ साइ साइ णाम-गोयाइ साहिंति, त पोराणमेय देवा! जाव अब्भणुण्णायमेय देवा!

'हे देवो!' इस प्रकार से सूर्याभदेव के आभियोगिक देवो को सम्बोधित कर श्रमण भगवान् महावीर ने उन देवो से कहा—हे देवो! यह पुरातन है अर्थात् प्राचीनकाल से देवो मे परम्परा से चला आ रहा है। हे देवो! यह देवो का जीतकल्प है अर्थात् देवो की आचारपरम्परा है। हे देवो! यह देवो के लिये कृत्य—करने योग्य कार्य है। हे देवो! यह करणीय है अर्थात् देवो को करना ही चाहिये। हे देवो! यह आचीर्ण है अर्थात् देवो द्वारा पहले भी इसी प्रकार से आचरण किया जाता रहा है। हे देवो! यह अनुज्ञात है अर्थात् पूर्व के सब देवेन्द्रो ने सगत माना है कि भवनवासी,

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव अरिहंत भगवन्तो को वन्दन-नमस्कार करते हैं। और वन्दन-नमस्कार करके अपने-अपने नाम-गोत्र कहते है, यह पुरातन है यावत् हे देवो! यह अभ्यनुज्ञात है।

संवर्तक वायु की विकुर्वणा—

१५—तए ण ते आभिओगिया देवा समणेण भगवया महावीरेण एव वुत्ता समाणा हट्ठ जाव[1] हियया समण भगव महावीर वदति णमसति, वदित्ता णमसित्ता उत्तरपुरत्थिम दिसोभाग अवक्कमति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएण समोहण्णति, समोहणित्ता सखेज्जाइ जोयणाइ दड निस्सिरति। त जहा—रयणाण जाव[2] रिट्ठाण अहाबायरे पोग्गले परिसाडति, अहाबायरे पोग्गले परिसाडित्ता दोच्च पि वेउव्वियसमुग्घाएण समोहण्णति, समोहणित्ता सवट्टयवाए विउव्वति। से जहा नामए भइयदारए सिया तरुणे बलव जुगव जुवाणे अप्पायके थिरग्गहत्थे दढपाणिपायपिट्ठ तरोरुपरिणए, घणनिचियवट्टवलियखंधे, चम्मेट्ठगदुघणमुट्ठिसमाहयगत्ते, उरस्स बलसमन्नागए, तलजमलजुयलबाहू लङ्घण-पवण-जवण-पमद्दणसमत्थे छेए दक्खे पट्ठे कुसले मेधावी णिउणसिप्पोवगए एगं महं सलागाहत्थग वा दडसपुच्छणि वा वेणुसलागिग वा गहाय रायङ्गण वा रायतेपुर वा देवकुलं वा सभ वा पव वा आराम वा उज्जाण वा अतुरियं अचवल असभत निरतर सुनिउण सव्वतो समता सपमज्जेज्जा, एवामेव तेऽवि सूरियाभस्स देवस्स आभिओगिया देवा सवट्टयवाए विउव्वति, विउव्वित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वतो समता जोयणपरिमडल ज किंचि तण वा पत्तं वा तहेव सव्व आहुणिय आहुणिय एगते एडेंति, एडित्ता खिप्पामेव उवसमति।

तदनन्तर श्रमण भगवान् महावीर के इस कथन को सुनकर उन आभियोगिक देवो ने हर्षित यावत् विकसितहृदय होकर श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। वन्दना-नमस्कार करके वे उत्तर-पूर्व दिग्भाग मे गये। वहाँ जाकर उन्होने वैक्रिय समुद्घात किया और वैक्रिय समुद्घात करके सख्यात योजन का दड बनाया जो कर्केतन यावत् रिष्टरत्नमय था और उन रत्नो के यथाबादर (असारभूत) पुद्गलो को अलग किया। यथाबादर पुद्गलो को हटाकर दुबारा वैक्रिय समुद्घात करके, जैसे—

कोई तरुण, बलवान, युगवान्-कालकृत उपद्रवो से रहित, युवा-युवावस्था वाला, जवान, रोग रहित—नीरोग, स्थिर पजे वाला—जिसके हाथ का अग्रभाग कापता न हो, पूर्णरूप से दृढ पुष्ट हाथ पैर पृष्ठान्तर—पीठ एव पसलियो और जघाओ वाला, अतिशय निचित परिपुष्ट मासल गोल कधोवाला, चर्मेष्टक (चमडे से वेष्टित पत्थर से बना अस्त्र विशेष), मुद्गर और मुक्को की मार से सघन, पुष्ट सुगठित शरीर वाला, आत्मशक्ति सम्पन्न, युगपत् उत्पन्न तालवृक्षयुगल के समान सीधी लम्बी और पुष्ट भुजाओ वाला, लाघने-कूदने-वेगपूर्वक गमन एव मर्दन करने मे समर्थ, कलाविज्ञ, दक्ष, पटु, कुशल, मेधावी एव कार्यनिपुण भृत्यदारक सीको से बनी अथवा मूठ वाली अथवा बास की सीको से बनी बुहारी को लेकर राजप्रागण, अन्त पुर, देवकुल, सभा, प्याऊ, आराम अथवा उद्यान को विना किसी घबराहट चपलता सम्भ्रम और आकुलता के निपुणतापूर्वक चारो तरफ से प्रमार्जित

---

१ सूत्र सख्या १३

२ सूत्र सख्या १३

करता है—बुहारता है, वैसे ही सूर्याभदेव के उन आभियोगिक देवो ने भी सवर्तक वायु की विकुर्वणा की। विकुर्वणा करके श्रमण भगवान् महावीर के आस-पास चारो ओर एक योजन—चार कोस के इर्दगिर्द भूभाग मे जो कुछ भी घास पत्ते आदि थे उन सभी को चुन-चुनकर एकान्त स्थान मे ले जाकर फैक दिया और फैक कर शीघ्र ही अपने कार्य से निवृत्त हुए।

अभ्र-बादलो की विकुर्वणा—

१६—दोच्च पि वेउव्वियसमुग्घाएण समोहण्णति, समोहणित्ता अब्भवद्दलए विउव्वति। से जहाणामए भइगदारगे सिया तरुणे जाव[1] सिप्पोवगए एग मह दगवारग वा, दगकुम्भग वा, दगथालग वा, दगकलसग वा, गहाय आराम वा जाव[2] पव वा अतुरिय जाव सव्वतो समता आवरिसेज्जा, एवामेव तेऽवि सूरियाभस्स देवस्स आभियोगिया देवा अब्भवद्दलए विउव्वति, विउव्वित्ता खिप्पामेव पतणतणायति, पतणतणाइत्ता खिप्पामेव विज्जुयायति, विज्जुयाइत्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स सव्वओ समता जोयणपरिमडल णच्चोदग णातिमट्टिय त पविरलपप्फुसिय रयरेणुविणासण दिव्व सुरभिगधोदग वास वासति, वासेत्ता णिहयरय, णट्ठरय, भट्ठरय, उवसतरय, पसतरय, करेंति, करित्ता खिप्पामेव उवसामति।

इसके पश्चात् उन आभियोगिक देवो ने दुबारा वैक्रिय समुद्घात किया। वैक्रिय समुद्घात करके जैसे कोई तरुण यावत् कार्यकुशल भृत्यदारक—सीचने वाला नौकर जल से भरे एक बडे घडे, वारक (मिट्टी से बने पात्र विशेष—चाडे) अथवा जलकुभ (मिट्टी के घडे) अथवा जल-स्थालक (कासे के घडे) अथवा जल-कलश को लेकर आराम-फुलवारी यावत् परव (प्याऊ) को बिना किसी उतावली के यावत् सब तरफ से सीचता है, इसी प्रकार से सूर्याभदेव के उन आभियोगिक देवो ने आकाश मे घुमड-घुमडकर गरजने वाले और बिजलियो की चमचमाहट से युक्त मेघो की विक्रिया की और विक्रिया करके श्रमण भगवान् महावीर के विराजने के स्थान के आस-पास चारो ओर एक योजन प्रमाण गोलाकार भूमि मे इस प्रकार से सुगन्धित गधोदक बरसाया कि जिससे न भूमि जलबहुल हुई, न कीचड हुआ किन्तु रिमझिम-रिमझिम विरल रूप से बूदाबादी होने से उडते हुए रजकण दब गये। इस प्रकार की मेघ वर्षा करके उस स्थान को निहितरज, नष्टरज, भ्रष्टरज, उपशातरज, प्रशात रज वाला बना दिया। ऐसा करके वे अपने कार्य से विरत हुए।

विवेचन—देवो द्वारा की गई उक्त मेघबादलो की विकुर्वणा से ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल मे जल वर्षा के लिये कृत्रिम मेघो की रचना होती होगी। आज के वैज्ञानिको द्वारा भी इस प्रकार के प्रयोग किये जा रहे हैं और उनमे कुछ सफलता भी मिली है।

पुष्प-मेघो की रचना—

१७—तच्च पि वेउव्वियसमुग्घाएण समोहण्णति पुप्फवद्दलए विउव्वति, से जहाणामए मालागारदारए सिया तरुणे जाव[3] सिप्पोवगए एग मह पुप्फछज्जिय वा पुप्फपडलग वा पुप्फचगेरिय वा गहाय रायङ्गण वा जाव[4] सव्वतो समता कयग्गहगहियकरयलपब्भट्ठविप्पमुक्केण

---

१ सूत्र सख्या १५
२ सूत्र सख्या १५
३ देखें सूत्र सख्या १५
४ देखें सूत्र सख्या १५

दसद्धवन्नेण कुसुमेण मुक्कपुप्फपुजोवयारकलित करेज्जा, एवामेव ते सूरियाभस्स देवस्स आभिओगिया देवा पुप्फवद्दलए विउव्वति खिप्पामेव पतणतणायति जाव[1] जोयणपरिमडल जलयथलयभासुरप्पभूयस्स बिंटट्ठाइस्स दसद्धवन्नकुसुमस्स जाणुस्सेहपमाणमेत्ति ओहि वासति वासित्ता कालागुरुपवरकुदुरुक्कतुरुक्कधूवमघमघतगधुद्धुयाभिराम सुगधवरगधिय गधवट्टिभूत दिव्व सुरवराभिगमणजोग्ग करेंति य कारवेंति य, करेत्ता य कारवेत्ता य खिप्पामेव उवसामति ।

१७—तदनन्तर उन आभियोगिक देवो ने तीसरी वार वैक्रिय समुद्घात करके जैसे कोई तरुण यावत् कार्यकुशल मालाकारपुत्र एक बडी पुष्पछादिका (फूलो से भरी टोकरी) पुष्पपटलक (फूलो की पोटली) अथवा पुष्पचगेरिका (फूलो से भरी डलिया) से कचग्रहवत् (कामुकता से हाथो मे ली गई कामिनी की केश-राशि के तुल्य) फूलो को हाथ मे लेकर छोडे गये पचरगे पुष्पपु जो को बिखेर कर राज-प्रागण यावत् परव (प्याऊ) को सब तरफ से समलकृत कर देता है, उसी प्रकार से पुष्पवर्षक बादलो की विकुर्वणा की । वे अभ्र-बादलो की तरह गरजने लगे, यावत् योजन प्रमाण गोलाकार भूभाग मे दीप्तिमान् जलज और स्थलज पचरगे पुष्पो को प्रभूत मात्रा मे इस तरह बरसाया कि सर्वत्र उनकी ऊँचाई एक हाथ प्रमाण हो गई एव डडिया नीचे और पखुडियाँ ऊपर रही ।

पुष्पवर्षा करने के पश्चात् मनमोहक सुगन्ध वाले काले अगर, श्रेष्ठ कुन्दुरुष्क, तुरुष्क-लोभान और धूप को जलाया । उनकी मनमोहक सुगन्ध से सारा प्रदेश महकने लगा, श्रेष्ठ सुगन्ध के कारण सुगन्ध की गुटिका जैसा बन गया । दिव्य एव श्रेष्ठ देवो के अभिगमन योग्य हो गया । इस प्रकार से स्वय करके और दूसरो से करवा करके उन्होंने अपने कार्य को पूर्ण किया ।

आभियोगिक देवो का प्रत्यावर्तन—

१८—जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छति, तेणेव उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तिक्खुत्तो जाव[2] वदित्ता नमसित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अतियातो अबसालवणातो चेइयातो पडिनिक्खमति, पडिनिक्खमित्ता ताए उक्किट्ठाए जाव[3] वीइवयमाणा वीइवयमाणा जेणेव सोहम्मे कप्पे जेणेव सूरियाभे विमाणे जेणेव सभा सुहम्मा जेणेव सूरियाभे देवे तेणेव उवागच्छति सूरियाभ देवं करयलपरिग्गहिय सिरसावत्त मत्थए अञ्जलि कट्टु जएणं विजएण बद्धावेंति वद्धावेत्ता तमाणत्तिय पच्चप्पिणति ।

१८—इसके पश्चात् वे आभियोगिक देव श्रमण भगवान् महावीर के पास आये । वहाँ आकर श्रमण भगवान् महावीर को तीन बार यावत् वदन नमस्कार करके श्रमण भगवान् महावीर के पास से, आम्रशालवन चैत्य से निकले, निकलकर उत्कृष्ट गति से यावत् चलते-चलते जहाँ सौधर्म स्वर्ग था, जहाँ सूर्याभ विमान था, जहाँ सुधर्मा सभा थी और उसमे भी जहाँ सूर्याभदेव था वहाँ आये और दोनो हाथ जोड आवर्त पूर्वक मस्तक पर अजलि करके जय विजय घोष से सूर्याभदेव का अभिनन्दन करके आज्ञा को वापस लौटाया अर्थात् आज्ञानुसार कार्य पूरा करने की सूचना दी ।

---

१ देखें सूत्र सख्या १६

२ देखें सूत्र सख्या १३,

३ देखें सूत्र सख्या १३,

सूर्याभदेव की उद्घोषणा एवं आदेश—

१६—तए ण सूरियाभे देवे तेसिं आभियोगियाण देवाण अतिए एयमट्ठ सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव[1] हियए पायत्ताणियाहिवइ देव सद्दावेति, सद्दावेता एव वदासी—

खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! सूरियाभे विमाणे सभाए सुहम्माए मेघोघरसियगभीरमहुर-सद्द जोयणपरिमडल सूसर घंट तिक्खुत्तो उल्लालेमाणे उल्लालेमाणे महया महया सद्देण उग्घोसेमाणे उग्घोसेमाणे एव वयाहि—आणवेति ण भो ! सूरियाभे देवे, गच्छति ण भो ! सूरियाभे देवे जबुद्दीवे दीवे भारहे वासे आमलकप्पाए णयरीए अबसालवणे चेतिते समण भगव महावीर अभिव दए, तुब्भेऽवि ण भो ! देवाणुप्पिया ! सव्विड्ढीए जाव [सव्वज्जुईए सव्वबलेण सव्वसमुदएण सव्वादरेणं सव्वविभूईए सव्वविभूसाए सव्वसभमेण सव्व-पुप्फ-गध-मल्लालकारेण सव्व-तुडिय-सद्द-सण्णिणाएण महया इड्ढीए, महया जुईए, महया बलेण महया समुदएण महया वर-तुडिय-जमगसमग-प्पवाइएण सख-पणव-पडह-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-हुडुक्क-मुरय-मुअग-दु दुहि-णिग्घोस] नाइतरवेण णियगपरिवालसद्धि सपरिवुडा साति साति जाणविमाणाइ दुरूढा समाणा अकालपरिहीण चेव सूरियाभस्स देवस्स अतिए पाउब्भवह ।

१९—आभियोगिक देवो से इस अर्थ को सुनने के पश्चात् सूर्याभ देव ने हर्षित, सन्तुष्ट यावत् हर्षातिरेक से प्रफुल्ल-हृदय हो पदाति-अनीकाधिपति (स्थलसेनापति) को बुलाया और बुलाकर उससे कहा—

हे देवानुप्रिय ! तुम शीघ्र ही सूर्याभ विमान की सुधर्मा सभा मे स्थित मेघसमूह जैसी गभीर मधुर शब्द करने वाली एक योजन प्रमाण गोलाकार सुस्वर घटा को तीन बार बजा-बजाकर उच्चाति-उच्च स्वर मे घोषणा-उद्घोषणा करते हुए यह कहो कि—

हे सूर्याभ विमान मे रहने वाले देवो और देवियो ! सूर्याभविमानाधिपति के हितकर और सुखप्रद वचनो को सुनो—सूर्याभ देव आज्ञा देता है कि देवो ! जम्बू द्वीप के भरत क्षेत्र मे स्थित आमलकल्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य मे विराजमान श्रमण भगवान् महावीर की वदना करने के लिए सूर्याभ देव जा रहा है । अतएव हे देवानुप्रियो ! आप लोग समस्त ऋद्धि यावत् (आभूषण) आदि की काति, बल (सेना) समुदय-अभ्युदय दिखावे अथवा अपने अपने आभियोगिक देवो के समुदाय, आदर-सम्मान, विभूति, विभूषा, एव भक्तिजन्य उत्सुकतापूर्वक सर्व प्रकार के पुष्पो, वेश-भूषाओ, सुगन्धित पदार्थों, एक साथ बजाये जा रहे समस्त दिव्य वाद्यो—शख, प्रणव, (ढोलक) पटह (नगाडा) भेरी, झालर खरमुखी, हुडुक्क, मुरज (तबला), मृदग एव दुन्दुभि आदि के निर्घोष के साथ) अपने-अपने परिवार सहित अपने-अपने यान-विमानो मे बैठकर बिना विलब के-अविलब, तत्काल सूर्याभ देव के समक्ष उपस्थित हो जाओ ।

२०—तए ण से पायत्ताणियाहिवती देवे सूरियाभेण देवेणं एव वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ जाव[2] हियए एव देवो ! तहत्ति आणाए विणएण वयण पडिसुणेति, पडिसुणित्ता जेणेव सूरियाभे विमाणे जेणेव सभा सुहम्मा, जेणेव मेघोघरसियगम्भीरमहुरसद्दा जोयणपरिमडला सुस्सरा घटा तेणेव

---

१ देखें सूत्र सख्या १३

२ देखें सूत्र सख्या ८

उवागच्छति, उवागच्छित्ता त मेघोघरसितगभीरमहुरसद्द जोयणपरिमडल सुस्सर घट तिक्खुत्तो उल्लालेति ।

तए ण तीसे मेघोघरसितगभीरमहुरसद्दाए जोयणपरिमडलाए सुस्सराए घटाए तिक्खुत्तो उल्लालियाए समाणीए से सूरियाभे विमाणे पासायविमाणणिक्खुडावडियसद्दघटापडिसुयासयसहस्स-सकुले जाए याऽवि होत्था ।

२०—तदनन्तर सूर्याभदेव द्वारा इस प्रकार से आज्ञापित हुआ वह पदात्यनीकाधिपति देव सूर्याभदेव की इस आज्ञा को सुनकर हृष्ट-तुष्ट यावत् प्रफुल्ल-हृदय हुआ और 'हे देव ! ऐसा ही होगा' कहकर विनयपूर्वक आज्ञावचनो को स्वीकार करके सूर्याभ विमान मे जहाँ सुधर्मा सभा थी और उसमे भी जहाँ मेघमालावत् गम्भीर मधुर ध्वनि करने वाली योजन प्रमाण गोल सुस्वर घटा थी, वहाँ आकर मेघमाला जैसी गम्भीर और मधुरध्वनि करने वाली उस एक योजन प्रमाण गोल सुस्वर घटा को तीन बार बजाया ।

तब उस मेघमालासदृश गम्भीर मधुर ध्वनि करने वाली योजन प्रमाण गोल सुस्वर घटा के तीन बार बजाये जाने पर उसकी ध्वनि से सूर्याभ विमान के प्रासादविमान आदि से लेकर कोने-कोने तक के एकान्तशात स्थान लाखो प्रतिध्वनियो से गूँज उठे ।

विवेचन—अधिक से अधिक बारह योजन की दूरी से आया हुआ शब्द ही श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा ग्रहण किया जा सकता है । मगर सूर्याभ विमान तो एक लाख योजन विस्तार वाला है । ऐसी स्थिति मे घण्टा का शब्द सर्वत्र कैसे सुनाई दिया ? इस प्रश्न का समाधान मूलपाठ के अनुसार ही यह है कि घटा के ताडन करने पर उत्पन्न हुए शब्द-पुद्गलो के इधर-उधर टकराने से तथा दैवी प्रभाव से, लाखो प्रतिध्वनियाँ उत्पन्न हो गईं । उनसे समग्र सूर्याभ विमान व्याप्त हो गया और विमानवासी सब देवो-देवियो ने शब्द श्रवण कर लिया ।

२१—तए ण तेसिं सूरियाभविमाणवासिण बहूण वेमाणियाण देवाण य देवीण य एगतरइ-पसत्तनिच्चप्पमत्तविसयसुहमुच्छियाण सूसरघटारवविउलबोलतुरियचवलपडिबोहणे कए समाणे घोसण-कोउहल-दिन्नकन्नएगग्गचित्त-उवउत्तमाणसाण से पायत्ताणीयाहिवई देवे तसि घटारवसि णिसत-पसतसि महया महया सद्देण उग्घोसेमाणे उग्घोसेमाणे एव वदासी—

हद ! सुणतु भवतो सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य सूरियाभ-विमाणवइणो वयण हियसुहत्थ—

आणवेइ ण भो ! सूरियाभे देवे, गच्छइ ण भो ! सूरियाभे देवे जबुद्दीव दीव भारह वास आमलकप्प नयरिं अबसालवण चेइय समण भगव महावीर अभिवदए, त तुब्भेऽवि ण देवाणुप्पिया ! सव्विड्ढीए अकालपरिहीणा चेव सूरियाभस्स देवस्स अतिय पाउब्भवह ।

२१—तब उस सुस्वर घटा की गम्भीर प्रतिध्वनि से एकान्त रूप से अर्थात् सदा सर्वदा रति-क्रिया (काम भोगो) मे आसक्त, नित्य प्रमत्त, एव विषयसुख मे मूर्च्छित सूर्याभविमानवासी देवो और देवियो ने घटानाद से शीघ्रातिशीघ्र प्रतिबोधित-सावधान-जाग्रत होकर घोषणा के विषय मे उत्पन्न कौतूहल की शाति के लिए कान और मन को केन्द्रित किया तथा घटारव के शात-

प्रशात (बिल्कुल शात) हो जाने पर उस पदात्यानीकाधिपति देव ने जोर-जोर से उच्च शब्दो मे उद्घोषणा करते हुए इस प्रकार कहा—

आप सभी सूर्याभविमानवासी वैमानिक देव और देविया सूर्याभ विमानाधिपति की इस हितकारी सुखप्रद घोषणा को हर्षपूर्वक सुनिये—

हे देवानुप्रियो ! सूर्याभ देव ने आप सबको आज्ञा दी है कि सूर्याभ देव जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे वर्तमान भरतक्षेत्र मे स्थित आमलकल्पा नगरी के आम्रशालवन चैत्य मे विराजमान श्रमण भगवान् महावीर की वन्दना करने के लिए जा रहे है । अतएव हे देवानुप्रियो ! आप सभी समस्त ऋद्धि से युक्त होकर अविलम्ब—तत्काल सूर्याभ देव के समक्ष उपस्थित हो जाये ।

सूर्याभ देव की घोषणा को प्रतिक्रिया—

२२—तए ण ते सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा देवीओ य पायत्ताणिया-हिवइस्स देवस्स अतिए एयमट्ठ सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव[1] हियया अप्पेगइया व बणवत्तियाए, अप्पे-गइया पूयणवत्तियाए, अप्पेगइया सक्कारवत्तियाए अप्पेगइया संमाणवत्तियाए, अप्पेगइया कोऊहल-जिणभत्तिरागेण, अप्पेगइया सूरियाभस्स देवस्स वयणमणुयत्तेमाणा, अप्पेगइया अस्सुयाइ सुणेस्सामो, अप्पेगइया सुयाइ निस्सकियाइ करिस्सामो, अप्पेगतिया अन्नमन्नमणुयत्तमाणा, अप्पेगइया जिणभत्ति-रागेण, अप्पेगइया 'धम्मो' त्ति, अप्पेगइया 'जीयमेय' ति कट्टु सव्विड्ढीए जाव[1] अकालपरिहीणा चेव सूरियाभस्स देवस्स अतियं पाउब्भवति ।

२२—तदनन्तर पदात्यनीकाधिपति देव से इस बात (सूर्याभदेव की आज्ञा) को सुनकर सूर्याभविमानवासी सभी वैमानिक देव और देविया हर्षित, सन्तुष्ट यावत् विकसितहृदय हो, कितने ही वन्दना करने के विचार से, कितने ही पर्युपासना करने की आकाक्षा से, कितने ही सत्कार करने की भावना से, कितने ही सम्मान करने की इच्छा से, कितने ही जिनेन्द्र भगवान् के प्रति कुतूहलजनित भक्ति-अनुराग से, कितने ही सूर्याभ देव की आज्ञा पालन करने के लिए, कितने ही अश्रुतपूर्व (जिसको पहले नही सुना) को सुनने की उत्सुकता से, कितने ही सुने हुए अर्थविषयक शकाओ का समाधान करके नि शक होने के अभिप्राय से, कितने ही एक दूसरे का अनुसरण करते हुए, कितने ही जिन-भक्ति के अनुराग से, कितने ही अपना धर्म (कर्त्तव्य) मानकर और कितने ही अपना परम्परागत व्यवहार समझकर सर्व ऋद्धि के साथ यावत् बिना किसी विलम्ब के तत्काल सूर्याभदेव के समक्ष उपस्थित हो गये ।

विवेचन—यहाँ मानवीय रुचि की विविधरूपता का चित्रण किया गया है कि कार्य के एक समान होने पर भी प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने दृष्टिकोण के अनुसार उसमे प्रवृत्त होता है। इसीलिए लोक को विभिन्न रुचि वाला बताया गया है । जैनसिद्धान्त के अनुसार इस प्रकृति—स्वभाव-जन्य विविधता का कारण कर्म है—'कर्मज लोकवैचित्र्य तत्स्वभावानुकारणम् ।'

सूर्याभदेव द्वारा विमाननिर्माण का आदेश

२३—तए ण से सूरियाभे देवे ते सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य

---

१ देखे सूत्र सख्या १९

अकालपरिहीणा चेव अन्तिय पाउब्भवमाणे पासति, पासित्ता हट्ठतुट्ठ जाव[1] हियए आभिओगिय देव सद्दावेति, सद्दावित्ता एव वयासी—

खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! अणेगखम्भसयसनिविट्ठ लीलट्ठियसालभजियाग, ईहामिय-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किनर-रुरु-सरभ-चमर-कुञ्जर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्त खभुग्गयवइरवेइयापरिगयाभिराम विज्जाहरजमलजुयलजतजुत्तपिव अच्चीसहस्समालणीय रूवगसहस्सकलियं भिसमाण भिब्भिसमाण चक्खुल्लोयणलेस सुहफास सस्सिरीयरूव घण्टावलिचलियमहुरमणहरसर सुह कन्त दरिसणिज्ज णिउणउचियमिसिमिसितमणिरयणघण्टियाजालपरिक्खित्त जोयणसयसहस्सवित्थिण्णं दिव्व गमणसज्ज सिग्घगमण णाम जाणविमाण विउव्वाहि, विउव्वित्ता खिप्पामेव एयमाणत्तियं पच्चप्पिणाहि ।

२३—इसके पश्चात् विलम्ब किये बिना उन सभी सूर्याभविमानवासी देवो और देवियो को अपने सामने उपस्थित देखकर हृष्ट-तुष्ट यावत् प्रफुल्लहृदय हो सूर्याभ देव ने अपने आभियोगिक देव को बुलाया और बुलाकर उससे इस प्रकार कहा—

हे देवानुप्रिय ! तुम शीघ्र ही अनेक सैकडो स्तम्भो पर सनिविष्ट—बने हुए एक यान-विमान की विकुर्वणा-रचना करो । जिसमे स्थान-स्थान पर हाव-भाव-विलास लीलायुक्त अनेक पुतलिया स्थापित हो । ईहामृग, वृषभ, तुरग, नर (मनुष्य), मगर, विहग (पक्षी), सर्प, किन्नर, रुरु (मृगो की एक जाति विशेष-बारह सिंगा अथवा कस्तूरीमृग), सरभ (अष्टापद) चमरी गाय, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्राम चित्रित हो । जो स्तम्भो पर बनी वज्र रत्नो की वेदिका से युक्त होने के कारण रमणीय दिखलाई दे । समश्रेणी मे स्थित विद्याधरो के युगल यत्रचालित-जैसे दिखलाई दे । हजारो किरणो से व्याप्त एव हजारो रूपको—चित्रो से युक्त होने से जो देदीप्यमान और अतीव देदीप्यमान जैसा प्रतीत हो । देखते ही दर्शको के नयन जिसमे चिपक जायें । जिसका स्पर्श सुखप्रद और रूप शोभा-सम्पन्न हो । हिलने डुलने पर जिसमे लगी हुई घटावलि से मधुर और मनोहर शब्द-ध्वनि हो रही हो । जो वास्तुकला से युक्त होने के कारण शुभ कान्त—कमनीय और दर्शनीय हो । निपुण शिल्पियो द्वारा निर्मित, देदीप्यमान मणियो और रत्नो के घु घरुओ से व्याप्त हो, एक लाख योजन विस्तार वाला हो । दिव्य तीव्रगति से चलने की शक्ति-सामर्थ्य सम्पन्न एव शीघ्रगामी हो ।

इस प्रकार के यान-विमान की विकुर्वणा-रचना करके हमे शीघ्र ही इसकी सूचना दो ।

२४—तए ण से आभिओगिए देवे सूरियाभेण देवेण एव वुत्ते समाणे हट्ठ जाव[2] हियए करयल-परिग्गहिय जाव[3] पडिसुणेइ जाव[4] पडिसुणेत्ता उत्तरपुरत्थिम दिसीभाग अवक्कमति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएण समोहणइ समोहणित्ता सखेज्जाइ जोयणाइ जाव[5] अहाबायरे पोग्गले परिसाडति परिसाडित्ता अहासुहुमे पोग्गले परियाएइ परियाइत्ता दोच्च पि वेउव्विय समुग्घाएण समोहणित्ता अणेगखम्भसयसन्निविट्ठ जाव[6] दिव्वं जाणविमाण विउव्विउ पवत्ते यावि होत्था ।

---

१ देखें सूत्र सख्या ८
२ देखें सूत्र सख्या १३
३ देखें सूत्र सख्या १३
४ देखें सूत्र सख्या १३
५ देखें सूत्र सख्या १३
६ देखें सूत्र सख्या २३

१४—तदनन्तर वह आभियोगिक देव सूर्याभदेव द्वारा इस प्रकार का आदेश दिये जाने पर हर्षित एव सन्तुष्ट हुआ यावत् प्रफुल्ल हृदय हो दोनो हाथ जोड यावत् आज्ञा को सुना यावत् उसे स्वीकार करके वह उत्तर-पूर्व दिशा—ईशानकोण मे आया। वहाँ आकर वैक्रिय समुद्घात किया और समुद्घात करके सख्यात योजन ऊपर-नीचे लबा दण्ड बनाया यावत् यथाबादर (स्थूल-असार) पुद्गलो को अलग हटाकर सारभूत सूक्ष्म पुद्गलो को ग्रहण किया, ग्रहण करके दूसरी बार पुन वैक्रिय समुद्घात करके अनेक सैकडो स्तम्भो पर सन्निविष्ट यावत् दिव्ययान-विमान की विकुर्वणा (रचना) करने मे प्रवृत्त हो गया।

आभियोगिक देवो द्वारा विमानरचना—

२५—तए ण से आभिओगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स तिदिसिं तिसोवाणपडिरूवए विउव्वति, तजहा-पुरत्थिमेण, दाहिणेण, उत्तरेण, तेसिं तिसोवाणपडिरूवगाणं इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तजहा—

वइरामया णिम्मा, रिट्ठामया पतिट्ठाणा, वेरुलियामया खभा, सुवण्ण-रुप्पमया फलगा, लोहितक्खमइयाओ सूईओ, वयरामया सधी, णाणामणिमया अवलबणा, अवलबणबाहाओ य, पासादीया जाव[1] पडिरूवा।

२५—इसके अनन्तर (विमान रचना के लिए प्रवृत्त होने के अनन्तर) सर्व प्रथम आभियोगिक देवो ने उस दिव्ययान-विमान की तीन दिशाओ—पूर्व, दक्षिण और उत्तर मे विशिष्ट रूप-शोभासपन्न तीन सोपानो (सीढियो) वाली तीन सोपान पक्तियो की रचना की। वे रूपशोभा सपन्न सोपान पक्तिया इस प्रकार की थी—

इनकी नेम (भूमि से ऊपर निकला प्रदेश, वेदिका) वज्ररत्नो से बनी हुई थी। रिष्ट रत्नमय इनके प्रतिष्ठान (पैर रखने को स्थान) और वैडूर्य रत्नमय स्तम्भ थे। स्वर्ण-रजत मय फलक (पाटिये) थे। लोहिताक्ष रत्नमयी इनमे सूचिया—कीले लगी थी। वज्ररत्नो से इनकी सधिया (साधें) भरी हुई थी, चढने-उतरने मे अवलबन के लिये अनेक प्रकार के मणिरत्नो से बनी इनकी अवलबनवाहा थी तथा ये त्रिसोपान पक्तिया मन को प्रसन्न करने वाली यावत् असाधारण सुन्दर थी।

२६—तेसि ण तिसोवाणपडिरूवगाण पुरओ पत्तेय पत्तेय तोरण पण्णत्त, तेसि ण तोरणाण इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तजहा-तोरणा णाणामणिमया णाणामणिमएसु थम्भेसु उवनिविट्ठसनिविट्ठा विविहमुत्तन्तरारूवोवचिया विविहतारारूवोवचिया जाव पासाइया दरिसणिज्जा, अभिरूवा पडिरूवा।

२६—इन दर्शनीय मनमोहक प्रत्येक त्रिसोपान-पक्तियो के आगे तोरण बधे हुए थे। उन तोरणो का वर्णन इस प्रकार का है—

वे तोरण मणियो से बने हुए थे। गिर न सके, इस विचार से विविध प्रकार के मणिमय स्तभो के ऊपर भली-भाति निश्चल रूप से बाधे गये थे। बीच के अन्तराल विविध प्रकार के मोतियो से निर्मित रूपको से उपशोभित थे और सलमा सितारो आदि से बने हुए तारा-रूपको—वेल कूटो से व्याप्त यावत् (मन को प्रसन्न करने वाले, दर्शनीय, अभिरूप-मनाकर्षक और) अतीव मनोहर थे।

---

१ देखें सूत्र सख्या १

२७—तेसि ण तोरणाण उप्पि अट्टट्ठ मङ्गलगा पण्णत्ता, तजहा—सोत्थिय-सिरिवच्छ-णन्दि-यावत्त-वद्धमाणग-भद्दासण-कलस-मच्छ-दप्पणा जाव (सव्वरयणमया अच्छा, सण्हा, लण्हा, घट्ठा, मट्ठा, णीरया निम्मला, निप्पका, निक्ककडच्छाया सप्पभा समिरीया सउज्जोया पासादीया दरिसणिज्जा अभिरूवा) पडिरूवा।

२७—उन तोरणो के ऊपरी भाग मे स्वस्तिक, श्रीवत्स, नन्दिकावर्त, वर्द्धमानक, भद्रासन, कलश, मत्स्ययुगल और दर्पण, इन आठ-आठ मागलिको की रचना की। जो (सर्वात्मना रत्नो से निर्मित अतीव स्वच्छ, चिकने, घर्षित, मृष्ट, नीरज, निर्मल निष्कलक, दीप्त प्रकाशमान चम की ले शीतल प्रभायुक्त मनाह्लादक, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप थे।

२८—तेसि च ण तोरणाण उप्पि बहवे किण्हचामरज्झया जाव (नीलचामरज्झया, लोहियचामरज्झया, हालिद्दचामरज्झया) सुक्किल्लचामरज्झया अच्छा सण्हा रुप्पपट्टा वइरदण्डा जलयामलगन्धिया सुरम्मा पासादीया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा विउव्वति।

२८—उन तोरणो के ऊपर स्वच्छ, निर्मल, सलौनी, रजतमय पट्ट से शोभित वज्रनिर्मित डडियो वाली, कमलो जैसी सुरभि गध से सुगधित, रमणीय, आह्लादकारी, दर्शनीय मनोहर अतीव मनोहर बहुत सी कृष्ण चामर ध्वजाओ यावत् (नील चामर ध्वजाओ, लाल चामर ध्वजाओ, पीली चामर ध्वजाओ और) श्वेत चामर ध्वजाओ की रचना की।

२९—तेसि ण तोरणाण उप्पि बहवे छत्तातिछत्ते, पडागाइपडागे, घटाजुगले, उप्पलहत्थए, कुमुद-णलिण-सुभग-सोगधिय-पोडरीय-महापोडरीय-सतपत्त-सहस्सपत्तहत्थए, सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे विउव्वति।

२९—उन तोरणो के शिरोभाग मे निर्मल यावत् अत्यन्त शोभनीय रत्नो से बने हुए अनेक छत्रातिछत्रो (एक छत्र के ऊपर दूसरा छत्र) पताकातिपताकाओ घटायुगल, उत्पल (श्वेतकमल) कुमुद, नलिन, सुभग, सौगन्धिक, पु डरीक, महापु डरीक, शतपत्र, सहस्रपत्र कमलो के झूमको को लटकाया।

३०—तए ण से आभिओगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स अतो बहुसमरमणिज्ज भूमिभाग विउव्वति। से जहाणामए आलिगपुक्खरे ति वा, मुइगपुक्खरे इ वा, परिपुण्णे सरतले इ वा, करतले इ वा, चदमडले इ वा, सूरमण्डले इ वा, आयसमडले इ वा, उरब्भचम्मे इ वा, वसहचम्मे इ वा, वराहचम्मे इ वा, वग्घचम्मे इ वा, छगलचम्मे इ वा, दीवियचम्मे इ वा, अणेग-सकुकीलगसहस्सवितते, णाणाविहपचवण्णेहि मणीहि उवसोभिते आवड-पच्चावड-सेढि-पसेढि-सोत्थिय-सोवत्थिय-पूसमाणव-वद्धमाणग-मच्छडग-मगरडग-जार-मार-फुल्लावलि-पउमपत्त-सागर-तरग-वसतलय-पउमलय-भत्तिचित्तेहि सच्छाएहि सप्पभेहि समरीइएहि सउज्जोएहि णाणाविह-पचवण्णेहि मणीहि उवसोभिए त जहा—किण्हेहि णीलेहि लोहिएहि हालिद्देहि सुक्किल्लेहि।

३०—सोपानो आदि की रचना करने के अनन्तर उस आभियोगिक देव ने उस दिव्ययान-विमान के अन्दर एकदम समतल भूमिभाग—स्थान की विक्रिया की। वह भूभाग आलिगपुष्कर

(मुरज का ऊपरी भाग) मृदग पुष्कर, पूर्ण रूप से भरे हुए सरोवर के ऊपरी भाग, करतल (हथेली), चन्द्रमडल, सूर्यमडल, दर्पण मडल अथवा शकु जैसे बडे-बडे खीलो को ठोक और खीचकर चारो ओर से सम किये गये भेड, बैल, सुअर, सिंह, व्याघ्र, बकरी और भेडिये के चमडे के समान अत्यन्त रमणीय एव सम था।

वह सम भूमिभाग अनेक प्रकार के आवर्त, प्रत्यावर्त्त, श्रेणि, प्रश्रेणि, स्वस्तिक, पुष्यमाणव, शराबसपुट, मत्स्याड, मकराण्ड जार, मार आदि शुभलक्षणो और कृष्ण, नील, लाल, पीले और श्वेत इन पाच वर्णो की मणियो से उपशोभित था और उनमे कितनी ही मणियो मे पुष्पलताओ, कमल-पत्रो, समुद्रतरगो, वसतलताओ, पद्मलताओ आदि के चित्राम बने हुए थे तथा वे सभी मणिया निर्मल, चमकदार किरणो वाली उद्योत-शीतल प्रकाश वाली थी।

मणियो का वर्ण—

३१—तत्थ ण जे ते किण्हा मणी तेसि ण मणीण इमे एतारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहा-नामए जीमूतए इ वा, खजणे इ वा, अजणे इ वा, कज्जले इ वा, मसी इ वा, मसीगुलिया इ वा, गवले इ वा, गवलगुलिया इ वा, भमरे इ वा, भमरावलिया इ वा, भमरपतगसारे ति वा, जबूफले ति वा, अद्दारिट्ठे इ वा, परपुट्ठे इ वा, गए इ वा गयकलभे इ वा, किण्हसप्पे इ वा, किण्हकेसरे इ वा, आगास-थिग्गले इ वा, किण्हासोए इ वा, किण्हकणवीरे इ वा, किण्हबधुजीवे इ वा, एयारूवे सिया ?

३१—उन मणियो मे की कृष्ण वर्ण वाली मणिया क्या सचमुच मे सघन मेघ घटाओ, अजन—सुरमा, खजन (गाडी के पहिये की कीच) काजल, काली स्याही, काली स्याही की गोली, भैसे के सीग की गोली, भ्रमर, भ्रमर पक्ति, भ्रमर पख, जामुन, कच्चे अरीठे के बीज अथवा कौए के बच्चे, कोयल, हाथी, हाथी के बच्चे, कृष्ण सर्प, कृष्ण बकुल शरद ऋतु के मेघरहित आकाश, कृष्ण अशोक वृक्ष, कृष्ण कनेर, कृष्ण बधुजीवक (दोपहर मे फूलने वाला वृक्ष-विशेष) जैसी काली थी ?

३२—णो इणट्ठे समट्ठे, ओवम्म समणाउओ ! ते ण किण्हा मणी इत्तो इट्ठतराए चेव कततराए चेव, मणुण्णतराए चेव, मणामतराए चेव वण्णेण पण्णत्ता।

३२—हे आयुष्मन् श्रमणो ! यह अर्थ समर्थ नही है—ऐसा नही है। ये सभी तो उपमाये हैं। वे काली मणिया तो इन सभी उपमाओ से भी अधिक इष्टतर कातंतर (काति-प्रभाववाली) मनोज्ञतर और अतीव मनोहर कृष्ण वर्ण वाली थी।

३३—तत्थ ण जे ते नीला मणी तेसि ण मणीण इमे एयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहानामए भिंगे इ वा, भिंगपत्ते इ वा, सुए इ वा, सुयपिच्छे इ वा, चासे इ वा, चासपिच्छे इ वा, णीली इ वा, णीलीभेदे इ वा, णीलीगुलिया इ वा, सामाए इ वा, उच्चन्तगे इ वा, वणराती इ वा, हलधरवसणे इ वा, मोरग्गीवा इ वा, पारेवयग्गीवा इ वा, अयसिकुसुमे इ वा, बाणकुसुमे इ वा, अजणकेसियाकुसुमे इ वा, नीलुप्पले इ वा, नीलासोगे इ वा, णीलकणवीरे इ वा, णीलबधुजीवे इ वा, भवे एयारूवे सिया ?

३३—उनमे की नील वर्ण की मणियाँ क्या भृगकीट, भृग के पख, शुक (तोता), शुकपख, चाष पक्षी (चातक), चाष पख, नील, नील के अदर का भाग, नील गुटिका, सावा (धान्य) उच्चन्तक

(दातो को नीला रगने का चूर्ण), वनराजि, बलदेव के पहनने के वस्त्र, मोर की गर्दन, कबूतर की गर्दन, अलसी के फूल, बाणपुष्प, अजनकेशी के फूल, नीलकमल, नीले अशोक, नीले कनेर, और नीले बधुजीवक जैसी नीली थी ?

३४—णो इणट्ठे समट्ठे, ते ण णीला मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव[1] वण्णेण पण्णत्ता ।

३४—यह अर्थ समर्थ नही है—यह ऐसा नहीं है । वे नीली मणिया तो इन उपमेय पदार्थो से भी अधिक इष्टतर यावत् अतीव मनोहर नील वर्ण वाली थी ।

३५—तत्थ ण जे ते लोहियगा मणी तेसि ण मणीण इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहाणामए ससरुहिरे इ वा, उरब्भरुहिरे इ वा, वराहरुहिरे इ वा, मणुस्सरुहिरे इ वा, महिसरुहिरे इ वा, बालिंद-गोवे इ वा, बालदिवाकरे इ वा, सब्भब्भरागे इ वा, गु जद्धरागे इ वा, जासुअणकुसुमे इ वा, किंसुय-कुसुमे इ वा, पालियायकुसुमे इ वा, जाइहिंगुलए ति वा, सिलप्पवाले ति वा, पवालअकुरे इ वा, लोहियक्खमणी इ वा, लक्खारसगे ति वा, किमिरागकंबले ति वा, चीणपिट्ठरासी ति वा, रत्तुप्पले इ वा, रत्तासोगे ति वा, रत्तकणवीरे ति वा, रत्तबधुजीवे ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

३५—उन मणियो मे की लोहित (लाल) रग की मणियो का रग सचमुच मे क्या शशक (खरगोश) के खून, भेड के रक्त, सुअर के रक्त, मनुष्य के रक्त, भैस के रक्त, बाल इन्द्रगोप, प्रात -कालीन सूर्य, सध्या राग (सध्या के समय होने वाली लालिमा), गु जाफल (घु घची) के आधे भाग, जपापुष्प, किंशुक पुष्प (केसूडा के फूल), परिजातकुसुम, शुद्ध हिंगलुक (खनिजपदार्थ-विशेष), प्रबाल (मू गा) प्रबाल के अकुर, लोहिताक्ष मणि, लाख के रग, कृमिराग (अत्यन्त गहरे लाल रग) से रगे कबल, चीणा (धान्य-विशेष) के आटे, लाल कमल, लाल अशोक, लाल कनेर अथवा रक्त बधुजीवक जैसा लाल था ?

३६—णो इणट्ठे समट्ठे, ते ण लोहिया मणी इत्तो इट्ठतराए चेव जाव[2] वण्णेण पण्णत्ता ।

३६—ये पदार्थ उनकी लालिमा का बोध कराने मे समर्थ नही है । वे मणिया तो इनसे भी अधिक इष्ट यावत् अत्यन्त मनोहर रक्त (लाल) वर्ण की थी ।

३७—तत्थ ण जे ते हालिद्दा मणी तेसि ण मणीण इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते—से जहा-णामए चपए ति वा, चंपछल्ली ति वा, चपगभेए इ वा, हलिद्दा इ वा, हलिद्दाभेदे ति वा, हलिद्दा-गुलिया ति वा, हरियालिया वा, हरियालभेदे ति वा, हरियालगुलिया ति वा, चिउरे इ वा, चिउरग-राते ति वा, वरकणगनिघसे इ वा, वरपुरिसवसणे ति वा, अल्लकीकुसुमे ति वा, चपाकुसुमे इ वा, कुहडियाकुसुमे इ वा, कोरटकमल्लदामे ति वा, तडवडाकुसुमे इ वा, घोसेडियाकुसुमे इ वा, सुवण्ण-जूहियाकुसुमे इ वा, सुहिरण्णकुसुमे ति वा, बीययकुसुमे इ वा, पीयासोगे ति वा, पीयकणवीरे ति वा, पीयबधुजीवे ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

---

१ देखें सूत्र सख्या ३२
२ देखें सूत्र सख्या ३२

३७—उन मणियो मे की पीले रग की मणियो का पीतरग क्या सचमुच मे स्वर्ण चपा, स्वर्ण चपा की छाल, स्वर्ण चपा के अदर का भाग, हल्दी—हल्दी के अदर का भाग, हल्दी की गोली, हरताल (खनिज-विशेष), हरताल के अदर का भाग, हरताल की गोली, चिकुर (गधद्रव्य-विशेष), चिकुर के रग से रगे वस्त्र, शुद्ध स्वर्ण की कसौटी पर खीची गई रेखा, वासुदेव के वस्त्रो, अल्लकी (वृक्ष-विशेष) के फूल, चपाकुसुम, कूष्माड (कद्दू—कोला) के फूल, कोरटक पुष्प की माला, तडवडा (आवला) के फूल, घोषातिकी पुष्प, सुवर्णयूथिका—जूही के फूल, सुहिरण्य के फूल, बीजक के फूल, पीले अशोक, पीली कनेर अथवा पीले बधुजीवक जैसा पीला था ?

३८—णो इणट्ठे समट्ठे, ते ण हालिद्दा मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव[1] वण्णेण पण्णत्ता ।

३८—आयुष्मन् श्रमणो ! ये पदार्थ उनकी उपमा के लिये समर्थ नही है । वे पीली मणिया तो इन से भी इष्टतर यावत् पीले वर्ण वाली थी ।

३९—तत्थ ण जे ते सुक्किल्ला मणी तेसि ण मणीण इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते—से जहानामए अकेति वा, सखे ति वा, चदेति वा, कुमुद-उदक-दयरय-दहि-घणक्खीर-क्खीरपूरे ति वा, कोचावली ति वा, हारावली ति वा, हसावली इ वा, बलागावली ति वा, सारतियबलाहए ति वा, धतधोयरुप्पपट्टे इ वा, सालीपिट्ठरासी ति वा, कु दपुप्फरासी ति वा, कुमुदरासी ति वा, सुक्कच्छिवाडी ति वा, पिहुणमिजिया ति वा, भिसे ति वा, मुणालिया ति वा, गयदते ति वा, लवङ्गदलए ति वा, पोडरियदलए ति वा, सेयासोगे ति वा, सेयकणवीरे ति वा, सेयबधुजीवे ति वा, भवे एयारूवे सिया ?

३९—हे भगवन् ! उन मणियो मे जो श्वेत वर्ण की मणियाँ थी क्या वे अक रत्न, शख, चन्द्रमा, कुमुद, शुद्ध जल, ओस बिन्दु, दही, दूध, दूध के फेन, क्रोच पक्षी की पक्ति, मोतियो के हार, हस पक्ति, बलाका पक्ति, चन्द्रमा की पक्ति (जाल के मध्य मे प्रतिबिम्बित चन्द्रपक्ति), शरद ऋतु के मेघ, अग्नि मे तपाकर धोये गये चादी के पतरे, चावल के आटे, कुन्दपुष्प-समूह, कुमुद पुष्प के समूह, सूखी सिम्बा फली (सेम की फली), मयूरपिच्छ का सफेद मध्य भाग, विस-मृणाल, मृणालिका, हाथी के दाँत, लोग के फूल, पु डरीककमल (श्वेत कमल), श्वेत अशोक, श्वेत कनेर अथवा श्वेत बधुजीवक जैसी श्वेत वर्ण की थी ?

४०—णो इणट्ठे समट्ठे, ते ण सुक्किला मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव[2] वन्नेण पण्णत्ता ।

४०—आयुष्मन् श्रमणो ! ऐसा नही है । वे श्वेत माणिया तो इनसे भी अधिक इष्टतर, यावत् सरस, मनोहर आदि मनोज्ञ श्वेत वर्ण वाली थी ।

मणियो का गन्ध-वर्णन—

४१—तेसि ण मणीण इमेयारूवे गधे पण्णत्ते, से जहानामए कोट्ठपुडाण वा, तगरपुडाण वा, एलापुडाण वा, चोयपुडाण वा, चपापुडाण वा, दमणापुडाण वा, कु कुमपुडाण वा, चदणपुडाण वा,

---

१ देखें सूत्र सख्या ३२

२ देखें सूत्र सख्या ३२

उसीरपुडाण वा, मरुग्रापुडाण वा, जातिपुडाण वा, जूहियापुडाण वा, मल्लियापुडाण वा, ण्हाण-मल्लियापुडाण वा, केतगिपुडाण वा, पाडलिपुडाण वा, णोमालियापुडाण वा, श्रगुरुपुडाण वा, लवग-पुडाण वा, वासपुडाण वा, कप्पूरपुडाण वा, श्रणुवायसि वा, श्रोभिज्जमाणाण वा, कुट्टिज्जमाणाण वा, भजिज्जमाणाण वा, उक्किरिज्जमाणाण वा, विक्किरिज्जमाणाण वा, परिभुज्जमाणाण वा, परि-भाइज्जमाणाण वा भण्डाओ वा भड साहरिज्जमाणाण वा, श्रोराला मणुण्णा मणहरा घाणमण-निव्वुतिकरा सव्वतो समता गधा श्रभिनिस्सरति, भवे एयारूवे सिया ?

४१—उस दिव्य यान विमान के अन्तर्वर्ती सम भूभाग मे खचित मणिया क्या वैसी ही सुरभिगध वाली थी जैसी कोष्ठ (गन्धद्रव्य-विशेष) तगर, इलाइची, चोया, चपा, दमनक, कु कुम, चदन, उशीर (खश), मरुश्रा (सुगधित पौधा विशेष) जाई पुष्प, जुही, मल्लिका, स्नान-मल्लिका, केतकी, पाटल, नवमल्लिका, अगर, लवग, वास, कपूर और कपूर के पुडो को अनुकूल वायु मे खोलने पर, कूटने पर, तोडने पर, उत्कीर्ण करने पर, बिखेरने पर, उपभोग करने पर, दूसरो को देने पर, एक पात्र से दूसरे पात्र मे रखने पर, (उडेलने पर) उदार, आकर्षक, मनोज्ञ, मनहर घ्राण और मन को शातिदायक गध सभी दिशाओ मे मघमघाती हुई फैलती है, महकती है ?

विवेचन—हीरा, पन्ना, माणिक आदि मणिरत्नो मे प्रकाश, चमचमाहट और अमुक प्रकार का रग आदि तो दिखता है परन्तु इनके पार्थिव होने और पृथ्वी के गधवती होने पर भी मणियो मे अमुक प्रकार की उत्कट गध नही होती है। किन्तु देव-विक्रियाजन्य होने की विशेषता बतलाने के लिए मणियो की गध का वर्णन किया गया है।

४२—णो इणट्ठे समट्ठे, तेण मणी एत्तो इट्ठतराए चेव, [कततराए चेव, मणुण्णतराए चेव, मणामतराए चेव] गधेण पन्नत्ता।

४२—हे आयुष्मन् श्रमणो! यह अर्थ समर्थ नही है। ये तो मात्र उपमाये है। वे मणिया तो इनसे भी अधिक इष्टतर यावत् मनमोहक, मनहर, मनोज्ञ-सुरभि गध वाली थी।

मणियो का स्पर्श—

४३—तेसि ण मणीण इमेयारूवे फासे पण्णत्ते, से जहानामए आइणे ति वा, रूए ति वा बूरे इ वा णवणीए इ वा हसगब्भतूलिया इ वा सिरीसकुसुमनिचये इ वा बालकुमुदपत्तरासी ति वा भवे एयारूवे सिया ?

४३—उन मणियो का स्पर्श क्या अजिनक (चर्म का वस्त्र अथवा मृगछाला) रुई, बूर (वनस्पति विशेष), मक्खन, हसगर्भ नामक रुई विशेष, शिरीष पुष्पो के समूह अथवा नवजात कमल-पत्रो की राशि जैसा कोमल था ?

४४—णो इणट्ठे समट्ठे, तेण मणी एत्तो इट्ठतराए चेव जाव[1] फासेणं पन्नत्ता।

४४—आयुष्मन् श्रमणो! यह अर्थ समर्थ नही है। वे मणिया तो इनसे भी अधिक इष्टतर यावत् (सरस, मनोहर और मनोज्ञ कोमल) स्पर्शवाली थी।

१ देखें सूत्र सख्या ४३

प्रेक्षागृह-निर्माण—

४५—तए ण से आभियोगिए देवे तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स बहुमज्झदेसभागे एत्थ ण मह पिच्छाघरमडव विउव्वइ, अणेगखम्भसय-सनिविट्ठ अब्भुग्गयसुकयवरवेइयातोरणवररइयसाल-भजियाग सुसिलिट्ठविसिट्ठलट्ठसठियपसत्थवेरुलियविमलखम्भ णाणामणिखचिय-उज्जलबहुसम-सुविभत्तभूमिभाग, ईहामिय-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किनर-रुरु-सरभ-चमर-कुञ्जर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्त, खभुग्गयवइरवेइयापरिगयाभिराम विज्जाहरजमलजुयलजतजुत्त पिव अच्चीसहस्स-मालणीय, रूवगसहस्सकलिय, भिसमाणं भिब्भिसमाण चक्खुल्लोयणलेस सुहफास सस्सिरीयरूव कचणमणिरयणथूभियाग णाणाविहपचवण्णघटापडागपरिमडियग्गसिहर चवल मरीइकवय विणिम्मुयत, लाइय-उल्लोइयमहिय, गोसीस-सरसरत्तचदण-दद्दरदिन्नपचगुलितल, उवचियचदण-कलस, चदणघड-सुकयतोरणपडिदुवारदेसभाग, आसत्तोसत्तविउलवट्टवग्घारियमल्लदामकलाव, पच-वण्णसरससुरभिमुक्कपुप्फपु जोवयारकलिय, कालागुरुपवरकु दुरुक्कतुरुक्कधूवमघमघतगधुद्धुयाभिराम सुगधवरगधिय गधवट्टिभूत अच्छरगणसघसविकिण्ण दिव्वतुडियसद्दसपणाइय अच्छ जाव [सण्हं अभिरूव] पडिरूव ।

तस्स ण पिच्छाघरमण्डवस्स अतो बहुसमरमणिज्जभूमिभाग विउव्वति जाव[1] मणीण फासो ।

तस्स ण पेच्छाघरमण्डवस्स उल्लोय विउव्वति पउमलयभत्ति-चित्त जाव [अच्छ सण्ह लण्हं घट्ठ णीरय निम्मल निप्पक निक्ककडच्छाय सप्पभ समिरीय सउज्जोयं पासादीय दरिसणिज्ज, अभिरूव] पडिरूव ।

४५—तदनन्तर आभियोगिक देवो ने उस दिव्य यान विमान के अदर बीचो-बीच एक विशाल प्रेक्षागृह मडप की रचना की ।

वह प्रेक्षागृह मडप अनेक सैकडो स्तम्भो पर सनिविष्ट (स्थित) था । अभ्युन्नत—ऊची एव सुरचित वेदिकाओ, तोरणो तथा सुन्दर पुतलियो से सजाया गया था । सुन्दर विशिष्ट रमणीय सस्थान—आकार-वाली प्रशस्त और विमल वैडूर्य मणियो से निर्मित स्तम्भो से उपशोभित था । उसका भूमिभाग विविध प्रकार की उज्ज्वल मणियो से खचित, सुविभक्त एव अत्यन्त सम था । उसमे ईहामृग (भेडिया) वृषभ, तुरग—घोडा, नर, मगर, विहग—पक्षी, सर्प, किनर, रुरु (कस्तूरी मृग), सरभ (अष्टापद), चमरी गाय, कु जर (हाथी) वनलता पद्मलता आदि के चित्राम चित्रित थे । स्तम्भो के शिरोभाग मे वज्र रत्नो से बनी हुई वेदिकाओ से मनोहर दिखता था । यत्रचालित—जैसे विद्याधर युगलो से शोभित था । सूर्य के सदृश हजारो किरणो से सुशोभित एव हजारो सुन्दर घटाओ से युक्त था । देदीप्यमान और अतीव देदीप्यमान होने से दर्शको के नेत्रो को आकृष्ट करने वाला, सुखप्रद स्पर्श और रूप-शोभा से सम्पन्न था । उस पर स्वर्ण, मणि एव रत्नमय स्तूप बने हुए थे । उसके शिखर का अग्र भाग नाना प्रकार की घटियो और पचरगी पताकाओ से परिमडित—सुशोभित था । और अपनी चमचमाहट एव सभी ओर फैल रही किरणो के कारण चचल-सा दिखता था । उसका प्रागण गोबर से लिपा था और दिवारें सफेद मिट्टी से पुती थी । स्थान-स्थान पर सरस गोशीर्ष रक्तचदन के हाथे लगे हुए थे और चदनचर्चित कलश रखे थे । प्रत्येक द्वार तोरणो और चन्दन-कलशो से शोभित थे । दीवालो पर ऊपर से लेकर नीचे तक सुगधित

१ देखें सूत्र सख्या ३१, ३३, ३५, ३७, ३९, ४१, ४३

गोल मालाये लटक रही थी। सरस सुगन्धित पचरगे पुष्पो के माडने बने हुए थे। उत्तम कृष्ण अगर, कुन्दरुष्क, तुरुष्क और धूप की मोहक सुगध से महक रहा था और उस उत्तम सुरभि गध से गध की वर्तिका (अगरबत्ती, धूपबत्ती) प्रतीत होता था। अप्सराओ के समुदायो के गमनागमन से व्याप्त था। दिव्य वाद्यो के निनाद से गूज रहा था। वह स्वच्छ यावत् (सलौना, अभिरूप) था।

उस प्रेक्षागृह मडप के अदर अतीव सम रमणीय भू-भाग की रचना की। उस भूमि-भाग मे खचित मणियो के रूप-रग, गध आदि की समस्त वक्तव्यता पूर्ववत् समझना चाहिये।

उस सम और रमणीय प्रेक्षागृह मडप की छत मे पद्मलता आदि के चित्रामो से युक्त यावत् (स्वच्छ, सलौना, चिकना, घृष्ट, नीरज, निर्मल, निष्पक, अप्रतिहतदीप्ति, प्रभा, किरणो वाला, उद्योत वाला, मन को प्रसन्न करने वाला, दर्शनीय, अभिरूप) अतीव मनोहर चदेवा बाधा।

रंगमंच आदि की रचना—

४६—तस्स ण बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ ण एग मह वइरामय अक्खाडग विउव्वति।

४६—उस सम रमणीय भूमिभाग के भी मध्यभाग मे वज्ररत्नो से निर्मित एक विशाल अक्षपाट (अखाडे—क्रीडामच) की रचना की।

४७—तस्स ण अक्खाडयस्स बहुमज्झदेसभागे एत्थ ण महेग मणिपेढिय विउव्वति—अट्ठ जोयणाइ आयाम-विक्खम्भेण चत्तारि जोयणाइ बाहल्लेण सव्वमणिमय अच्छ सण्ह जाव[1] पडिरूवं।

४७—उस क्रीडामच के ठीक बीचोबीच आठ योजन लबी-चौडी और चार योजन मोटी पूर्णतया वज्ररत्नो से बनी हुई निर्मल, चिकनी यावत् प्रतिरूप एक विशाल मणिपीठिका की विकुर्वणा की।

सिंहासन की रचना—

४८—तीसे ण मणिपेढियाए उवरि एत्थ ण महेग सीहासण विउव्वइ, तस्स ण सीहासणस्स इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते—

तवणिज्जमया चक्कला, रययामया सीहा, सोवण्णिया पाया, णाणामणिमयाइ पायसीसगाइ, जबूणयमयाइ गत्ताइ, वइरामया सधी, णाणामणिमये वेच्चे, से ण सीहासणे ईहामिय-उसम-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग किन्नर-रुरु-सरभ-चमर-कुञ्जर-वणलय-पउमलयभत्तिचित्त, ससारसारोवचियमणि-रयणपायपीढे, अत्थरगमिउमसूरगणवतयकुसंतलिबकेसर-पच्चत्थुयाभिरामे, आईणग-रुय-बूर-तूलफासमउए सुविरइय-रयत्ताणे, उवचियखोमदुगुल्लपट्टपडिच्छायणे रत्तसुअसवुडे सुरम्मे पासाइए दरिसणिज्जे अभिरूवे पडिरूवे।

४८—उस मणिपीठिका के ऊपर एक महान् सिंहासन बनाया। उस सिंहासन के चक्कला (पायो के नीचे के गोल भाग) सोने के, सिंहाकृति वाले हत्थे रत्नो के, पाये सोने के, पादशीर्षक अनेक प्रकार की मणियो के और बीच के गाते जाम्बूनद (विशिष्ट स्वर्ण) के थे। उसकी सधिया (सावे) वज्ररत्नो से भरी हुई थी और मध्य भाग की बुनाई का वेत बाण (निवार) मणिमय था।

---

१ देखें सूत्र सख्या ४५

उस सिंहासन पर ईहामृग, वृषभ, तुरग—अश्व, नर, मगर, विहग—पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरु सरभ (अष्टापद), चमर अथवा चमरी गाय, हाथी, वनलता, पद्मलता आदि के चित्र बने हुए थे। सिंहासन के सामने स्थापित पाद-पीठ सर्वश्रेष्ठ मूल्यवान् मणियो और रत्नो का बना हुआ था। उस पादपीठ पर पैर रखने के लिए बिछा हुआ मसूरक (गोल आसन) नवतृण कुशाग्र और केसर ततुओ जैसे अत्यन्त सुकोमल सुन्दर आस्तारक से ढका हुआ था। उसका स्पर्श आजिनक (चर्म का वस्त्र) (मृग छाला) रुई, बूर, मक्खन और आक की रुई जैसा मृदु-कोमल था। वह सुन्दर सुरचित रजस्त्राण से आच्छादित था। उसपर कसीदा काढे क्षौम दुकूल (रुई से बने वस्त्र) का चद्दर बिछा हुआ था और अत्यन्त रमणीय लाल वस्त्र से आच्छादित था। जिससे वह सिंहासन अत्यन्त रमणीय, मन को प्रसन्न करने वाला, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप—अतीव मनोहर दिखता था।

४९—तस्स ण सीहासणस्स उवरि एत्थ ण महेग विजयदूस विउव्वति, सख-कु द-दगरय-अमय-महियफेणपु ज-सन्निगास सव्वरयणामय अच्छ सण्ह पासादीय दरिसणिज्ज अभिरूव पडिरूव।

४९—उस सिंहासन के ऊपरी भाग मे शख, कु दपुष्प, जलकण, मथे हुए क्षीरोदधि के फेनपु ज के सदृश प्रभावाले रत्नो से बने हुए, स्वच्छ, निर्मल, स्निग्ध प्रासादिक, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप एक विजयदूष्य (वस्त्र विशेष, छत्राकार जैसे चदेवे) को बाधा।

५०—तस्स ण सीहासणस्स उवरि विजयदूसस्स य बहुमज्झदेसभागे एत्थ ण मह एग वयरामय अकुस विउव्वति।

५०—उस सिंहासन के ऊपरी भाग मे बधे हुए विजयदूष्य के बीचो-बीच वज्ररत्नमय एक अकुश (अकुडिया) लगाया।

५१—तस्सि च ण वयरामयसि अकुसमि कु भिक्क मुत्तादाम विउव्वति।

से ण कु भिक्के मुत्तादामे अन्नेहि चउहि अद्धकु भिक्केहि मुत्तादामेहि तदद्धुच्चपमाणेहि सव्वओ समता सपरिक्खित्ते।

ते ण दामा तवणिज्जलबूसगा णाणामणिरयणविविह-हारद्धहारउवसोभियसमुदाया ईसि अण्णमण्णमसपत्ता वाएहि पुव्वावरदाहिणुत्तरागएहि मदाय मदाय एज्जमाणाणि एज्जमाणाणि पलब-माणाणि पलबमाणाणि वदमाणाणि वदमाणाणि उरालेण मणुन्नेण मणहरेण कण्ण-मण-णिव्वुति-करेण सद्देण ते पएसे सव्वओ समता आपूरेमाणा आपूरेमाणा सिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठ ति।

५१—उस वज्र रत्नमयी अकुश मे (मगध देश मे प्रसिद्ध) कु भ परिणाम जैसे एक बडे मुक्ता-दाम (मोतियो के झूमर—फानूस) को लटकाया और वह कु भपरिमाण वाला मुक्तादाम भी चारो दिशाओ मे उसके परिमाण से आधे अर्थात् अर्धकु भ परिमाण वाले और दूसरे चार मुक्तादामो से परिवेष्टित था।

वे सभी दाम (झूमर) सोने के लबूसको (गेद जैसे आकार वाले आभूषणो), विविध प्रकार की मणियो, रत्नो अथवा विविध प्रकार के मणिरत्नो से बने हुए हारो, अर्घ हारो के समुदायो से शोभित हो रहे थे और पास-पास टगे होने से लटकने से जब पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर की

मन्द-मन्द हवा के झोको से हिलते-डुलते तो एक दूसरे से टकराने पर विशिष्ट, मनोज्ञ, मनहर, कर्ण एव मन को शाति प्रदान करने वाली रुनझुन रुनझुन शब्द-ध्वनि से समीपवर्ती समस्त प्रदेश को व्याप्त करते हुए अपनी श्री-शोभा से अतीव-अतीव शोभित होते थे।

सिहासन की चतुर्दिग्वर्त्ती भद्रासन-रचना—

५२—तए ण से आभिओगिए देवे तस्स सीहासणस्स अवरुत्तरेण उत्तरेण उत्तरपुरत्थिमेण एत्थ ण सूरियाभस्स देवस्स चउण्हं सामाणियसाहस्सीण चत्तारि भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वइ।

तस्स ण सीहासणस्स पुरत्थिमेण एत्थ णं सूरियाभस्स देवस्स चउण्ह अग्गमहिसीण सपरिवाराण चत्तारि भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वइ।

तस्स ण सीहासणस्स दाहिणपुरत्थिमेण एत्थ ण सूरियाभस्स देवस्स अब्भितरपरिसाए अट्ठण्ह दवसाहस्सीण अट्ठ भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वइ, एव दाहिणेण मज्झिमपरिसाए दसण्ह देवसाहस्सीण दस भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वति, दाहिणपच्चत्थिमेण बाहिरपरिसाए बारसण्ह देवसाहस्सीण बारस भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वति।

पच्चत्थिमेण सत्तण्ह अणियाहिवतीण सत्त भद्दासणे विउव्वति।

तस्स ण सीहासणस्स चउदिसि एत्थ ण सूरियाभस्स देवस्स सोलसण्ह आयरक्खदेवसाहस्सीण सोलस भद्दासणसाहस्सीओ विउव्वति, त जहा—पुरत्थिमेण चत्तारि साहस्सीओ, दाहिणेण चत्तारि साहस्सीओ, पच्चत्थिमेण चत्तारि साहस्सीओ, उत्तरेण चत्तारि साहस्सीओ।

५२—तदनन्तर (प्रेक्षागृह मडप आदि की रचना करने के अनन्तर) आभियोगिक देव ने उस सिंहासन के पश्चिमोत्तर (वायव्य कोण), उत्तर और उत्तर पूर्व दिग्भाग (ईशान कोण) मे सूर्याभदेव के चार हजार सामानिक देवो के बैठने के लिए चार हजार भद्रासनो की रचना की।

पूर्व दिशा मे सूर्याभ देव की परिवार सहित चार अग्र महिषियो के लिए चार हजार भद्रासनो की रचना की।

दक्षिणपूर्व दिशा मे सूर्याभ देव की आभ्यन्तर परिषद् के आठ हजार देवो के लिये आठ हजार भद्रासनो की रचना की। दक्षिण दिशा मे मध्यम परिषद् के देवो के लिए दस हजार भद्रासनो की, दक्षिण-पश्चिम दिग्भाग मे बाह्य परिषदा के बारह हजार देवो के लिए बारह हजार भद्रासनो की और पश्चिम दिशा मे सप्त अनीकाधिपतियो के लिए सात भद्रासनो की रचना की।

तत्पश्चात् सूर्याभदेव के सोलह हजार आत्मरक्षक देवो के लिए क्रमश पूर्व दिशा मे चार हजार, दक्षिण दिशा मे चार हजार, पश्चिम दिशा मे चार हजार और उत्तर दिशा मे चार हजार, इस प्रकार कुल मिलाकर सोलह हजार भद्रासनो को स्थापित किया।

समग्र यान-विमान का सौन्दर्य-वर्णन—

५३—तस्स दिव्वस्स जाणविमाणस्स इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, से जहानामए अइरुग्गयस्स वा, हेमंतिय-बालियसूरियस्स वा, खयरिंगालाण वा रत्तिं पज्जलियाण वा, जवाकुसुमवणस्स वा, किंसुयवणस्स वा, पारियायवणस्स वा, सव्वतो समता सकुसुमियस्स भवे एयारूवे सिया?

५३—उस दिव्य यान-विमान का रूप-सौन्दर्य क्या तत्काल उदित हेमन्त ऋतु के बाल सूर्य अथवा रात्रि मे प्रज्वलित खदिर (खैर की लकडी) के अगारो अथवा पूरी तरह से कुसुमित—फूले हुए जपापुष्पवन अथवा पलाशवन अथवा परिजातवन जैसा लाल था ?

५४—णो इणट्ठे समट्ठे, तस्स ण दिव्वस्स जाणविमाणस्स एत्तो इट्ठतराए चेव जाव[1] वण्णेण पण्णत्ते। गधो य फासो य जहा मणीण[2]।

५४—यह अर्थ समर्थ नही है। हे आयुष्मन् श्रमणो! वह यान-विमान तो इन सभी उपमाओ से भी अधिक इष्टतर यावत् रक्तवर्ण वाला था। इसी प्रकार उसका गध और स्पर्श भी पूर्व मे किये गये मणियो के वर्णन से भी अधिक इष्टतर यावत् रमणीय था।

आभियोगिक देव द्वारा आज्ञा-पूर्त्ति की सूचना—

५५—तए ण से आभिओगिए देवे दिव्व जाणविमाण विउव्वइ विउव्वित्ता जेणेव सूरियाभे देवे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सूरियाभ देव करयलपरिग्गहिय जाव[1] पच्चप्पिणति।

५५—दिव्य यान-विमान की रचना करने के अनन्तर आभियोगिक देव सूर्याभदेव के पास आया। आकर सूर्याभदेव को दोनो हाथ जोड कर यावत् आज्ञा वापस लौटाई अर्थात् यान-विमान बन जाने की सूचना दी।

५६—तए ण से सूरियाभे देवे आभिओगस्स देवस्स अतिए एयमट्ठ सोच्चा निसम्म हट्ठ जाव हियए दिव्व जिणिदाभिगमणजोग्ग उत्तरवेउव्वियरूव विउव्वति, विउव्वित्ता चउहिं अग्गमहिसीहिं सपरिवाराहिं, दोहिं अणीएहिं, त जहा—गधव्वाणीएण य णट्टाणीएण य सद्धि सपरिवुडे, तं दिव्वं जाणविमाण अणुपयाहिणीकरेमाणे पुरत्थिमिल्लेण तिसोपाणपडिरूवएण दुरूहति दुरूहित्ता जेणेव सीहासणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सण्णिसण्णे।

५६—आभियोगिक देव से दिव्य यान विमान के निर्माण होने के समाचार सुनने के पश्चात् उस सूर्याभ देव ने हर्षित, सतुष्ट यावत् प्रफुल्लहृदय हो, जिनेन्द्र भगवान् के सम्मुख गमन करने योग्य दिव्य उत्तरवैक्रिय रूप की विकुर्वणा की। विकुर्वणा करके उनके अपने परिवार सहित चार अग्र महिषियो एव गधर्व तथा नाट्य इन दो अनीको को साथ लेकर उस दिव्य यान-विमान की अनुप्रदक्षिणा करके पूर्व दिशावर्ती अतीव मनोहर त्रिसोपानो से दिव्य यान-विमान पर आरूढ हुआ और सिंहासन के समीप आकर पूर्व की ओर मुख करके उस पर बैठ गया।

५७—तए ण तस्स सूरिआभस्स देवस्स चत्तारि सामाणियसाहस्सीओ त दिव्व जाणविमाण अणुपयाहिणीकरेमाणा उत्तरिल्लेण तिसोवाणपडिरूवएण दुरूहति दुरूहित्ता पत्तेय पत्तेय पुव्वण्णत्थेहिं

---

१ देखें सूत्र सख्या ३१, ३३, ३५, ३७, ३९

२ देखें सूत्र सख्या ४१, ४३

३ देखे सूत्र सख्या १८

भद्दासणेहिं णिसीयति। अवसेसा देवा य देवीओ य त दिव्व जाणविमाण जाव (अणुपयाहिणी करेमाणा) दाहिणिल्लेण तिसोवाणपडिरूवएण दुरूहति, दुरूहित्ता पत्तेय पत्तेय पुव्वण्णत्थेहिं भद्दासणेहिं निसीयति।

५७—तत्पश्चात् सूर्याभ देव के चार हजार सामानिक देव उस यान विमान की प्रदक्षिणा करते हुए उत्तर दिग्वर्ती त्रिसोपान प्रतिरूपक द्वारा उस पर चढे और अपने लिये पहले से ही स्थापित भद्रासनो पर बैठे तथा इनसे शेष रहे और दूसरे देव एव देविया भी प्रदक्षिणापूर्वक दक्षिण दिशा के सोपानो द्वारा उस दिव्य-यान विमान पर चढकर प्रत्येक अपने-अपने लिये पहले से ही निश्चित भद्रासनो पर बैठे।

५८—तए ण तस्स सूरियाभस्स देवस्स त दिव्व जाणविमाण दुरूढस्स समाणस्स अट्ठ-मङ्गलगा पुरतो अहाणुपुव्वीए सपत्थिता, त जहा—सोत्थिय-सिरिवच्छ-जाव (नन्दियावत्त-वद्धमाणग-भद्दासन-कलस-मच्छ) दप्पणा।

५८—उस दिव्य यान विमान पर सूर्याभ देव आदि देव-देवियो के आरूढ हो जाने के पश्चात् अनुक्रम से आठ मगल-द्रव्य उसके सामने चले। वे आठ मगल-द्रव्य इस प्रकार है—१ स्वस्तिक २ श्रीवत्स यावत् (३ नन्दावर्त ४ वर्धमानक—शरावसम्पुट—सिकोरे का सपुट ५. भद्रासन, ६ कलश, ७ मत्स्ययुगल और) ८ दर्पण।

५९—तयणतर च ण पुण्णकलसभिंगार दिव्वा य छत्तपडागा सचामरा दसणरतिया-आलोयद-रिसणिज्जा वाउद्धुयविजयवेजयतीपडागा ऊसिया गगण-तलमणुलिहती पुरतो अहाणुपुव्वीए सपत्थिया।

५९—आठ मगल द्रव्यो के अनन्तर पूर्ण कलश, भृ गार—झारी, चामर सहित दिव्य छत्र, पताका तथा इनके साथ गगन तल का स्पर्श करती हुई अतिशय सुन्दर, आलोकदर्शनीय (प्रस्थान करते समय मागलिक होने के कारण दर्शनीय) और वायु से फरफराती हुई एक बहुत ऊची विजय वैजयती पताका अनुक्रम से उसके आगे चली।

६०—तयणतर च ण वेरुलियभिसतविमलदण्ड पलम्बकोरटमल्लदामोवसोभित चदमडलनिभ समुस्सिय विमलमायवत्त पवरसीहासण च मणिरयणभत्तिचित्त सपायपीढ सपाउयाजोयसमाउत्त बहु-किकरामरपरिग्गहिय पुरतो अहाणुपुव्वीए सपत्थिय।

६०—विजय वैजयती पताका के अनन्तर वैडूर्यरत्नो से निर्मित दीप्यमान, निर्मल दडवाले लटकती हुई कोरट पुष्पो की मालाओ मे सुशोभित, चद्रमडल के समान निर्मल, श्वेत-धवल ऊचा आतपत्र-छत्र और अनेक किंकर देवो द्वारा वहन किया जा रहा, मणिरत्नो से बने हुए वेलबूटो से उपशोभित, पादुकाद्वय युक्त पादपीठ सहित प्रवर—उत्तम सिंहासन अनुक्रम से उसके आगे चला।

६१—तयणतर च ण वइरामयवट्टलट्ठसठियसुसिलिट्ठपरिघट्ठमट्ठसुपतिट्ठए विसिट्ठे अणेगवरपच-वण्ण-कुडभीसहस्सुस्सिए परिमडियाभिरामे वाउद्धुयविजय-वेजयती पडागच्छत्ताितच्छत्तकलिते तुगे गगणतलमणुलिहतसिहरे जोअणसहस्समूसिए महतिमहालए महिंद-ज्झए अहाणुपुव्वीए सपत्थिए।

६१— तत्पश्चात् वज्ररत्नो से निर्मित गोलाकार कमनीय-मनोज्ञ, (गोल) दाडे वाला, शेष ध्वजाओ मे विशिष्ट एव और दूसरी बहुत सी मनोरम छोटी वडी अनेक प्रकार की रगविरगी पचरगी ध्वजाओ से परिमडित, वायु वेग से फहराती हुई विजयवैजयती पताका, छत्रातिछत्र से युक्त, आकाश-मडल को स्पर्श करने वाला हजार योजन ऊचा एक बहुत बडा इन्द्रध्वज नामक ध्वज अनुक्रम से उसके आगे चला।

६२—तयणतर च ण सुरूवणेवत्थपरिकच्छिया सुसज्जा सव्वालकारभूसिया महया भडचडगर-पहकारेण पच अणीयाहिवईओ पुरतो अहाणुपुव्वीए सपत्थिया।

६२—इन्द्र ध्वज के अनन्तर सुन्दर वेप भूषा से सुसज्जित, समस्त आभूषण-अलकारो से विभूषित और अत्यन्त प्रभावशाली सुभटो के समुदायो को साथ लेकर पाच सेनापति[1] अनुक्रम से आगे चले।

६३—तयणतर च ण बहवे आभिओगिया देवा देवीओ य सएहि सएहि रूवेहि, सएहि सएहि विसेसेहि सएहि सएहि विदेहि, सएहि सएहि णेज्जाएहि, सएहि सएहि णेवत्थेहि पुरतो अहाणुपुव्वीए सपत्थिया।

६३—तदनन्तर बहुत से आभियोगिक देव और देवियाँ अपनी-अपनी योग्य-विशिष्ट वेश-भूषाओ और विशेषतादर्शक अपने-अपने प्रतीक चिह्नो से सजधजकर अपने-अपने परिकर, अपने-अपने नेजा और अपने-अपने कार्यो के लिये कार्योपयोगी उपकरणो-साधनो को साथ लेकर अनुक्रम से आगे चले।

६४—तयणतर च ण सूरियाभविमाणवासिणो बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य सव्वड्ढीए जाव (सव्वजुईए, सव्वबलेण, सव्वसमुदएण सव्वादरेण सव्वविभूईए सव्वविभूसाए सव्वसभमेण सव्व-पुप्फ-गंध-मल्लालकारेण सव्व-तुडिय-सद्द-सण्णिणाएण महया इड्ढीए, महया जुईए, महया बलेण, महया समुदएण महया वर-तुडिय-जमगसमग-प्पवाइएण सख-पणव-पटह-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-हुडुक्क-मुरय-मुइग-दुन्दुभिनिग्घोसनाइय) रवेण सूरियाभ देव पुरतो पासतो य मग्गतो य समणुगच्छति।

६४—तत्पश्चात् सबसे अत मे उस सूर्याभ विमान मे रहने वाले बहुत से वैमानिक देव और देविया अपनी अपनी समस्त ऋद्धि से, यावत् (सर्व द्युति, बल-सेना, परिवार रूप समुदाय, आदर-समान, श्रृ गार-विभूषा, विभूति-ऐश्वर्य, सभ्रम (भक्तिजन्य उत्सुकता) सर्वप्रकार के पुष्पो, गध, माला, अलकारो, सर्व प्रकार के वाद्यो की मधुर ध्वनि, तथा अपनी विशिष्ट ऋद्धि, महान् द्युति, महान् सेना, महान् समुदाय तथा एक साथ बजते हुए अनेक वाद्यो की मधुर ध्वनि एव शख, पणव, पटह-ढोल, भेरी, झल्लरी, खरमुखी, हुडुक्क, मुरज-मृदग और दुन्दुभिनिनाद की) प्रतिध्वनि से शोभित होते हुए उस सूर्याभदेव के आगे-पीछे, आजू-बाजू मे साथ-साथ चले।

सूर्याभ देव का आमलकल्पा नगरी की ओर प्रस्थान

६५—तए ण से सूरियाभे देवे तेण पचाणीयपरिक्खित्तेण वइरामयवट्टलट्ठसठिएण जाव[2] जोयण-

---

१ अश्व, गज, रथ, पदाति और वृषभ सेनाओ के अधिपति।　　२ देखें सूत्र सख्या ६१।

सहस्समूसिएण महतिमहालतेण महिंदज्झएण पुरतो कड्ढिज्जमाणेण चउहिं सामाणियसहस्सेहिं जाव[1] सोलसहिं आयरक्खदेवसाहस्सीहिं अन्नेहि य बहूहिं सूरियाभविमाणवासिहिं वेमाणिएहिं देवेहिं देवीहि य सद्धि सपरिवुडे सव्विड्ढीए जाव[2] रवेण सोधम्मस्स कप्पस्स मज्झमज्झेण त दिव्व देविड्ढि दिव्व देवजुति दिव्व देवाणुभाव उवलालेमाणे उवलालेमाणे उवदसेमाणे उवदसेमाणे पडिजागरेमाणे पडिजागरेमाणे जेणेव सोहम्मस्स कप्पस्स उत्तरिल्ले णिज्जाणमग्गे तेणेव उवागच्छति, जोयणसयसाहस्सितेहि विग्गहेहिं ओवयमाणे वीईवयमाणे ताए उक्किट्ठाए जाव[3] तिरिय असखिज्जाण दीवसमुद्दाण मज्झमज्झेण वीइवयमाणे वीइवयमाणे जेणेव नदीसरवरे दीवे, जेणेव दाहिणपुरत्थिमिल्ले रतिकरपव्वले, तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता त दिव्व देविड्ढि जाव दिव्व देवाणुभाव पडिसाहरेमाणे पडिसाहरेमाणे पडिसखेवेमाणे पडिसखेवेमाणे जेणेव जबुद्दीवे दीवे जेणेव भारहे वासे जेणेव आमलकप्पा नयरी जेणेव अबसालवणे चेइए जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तेण दिव्वेण जाणविमाणेण तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेइ, करित्ता समणस्स भगवतो महावीरस्स उत्तरपुरित्थिमे दिसिभागे त दिव्व जाणविमाण ईसि चउरगुलमसपत्त धरणितलसि ठवेइ, ठवित्ता चउहि अग्गमहिसीहिं सपरिवाराहिं, दोहिं अणीयाहिं, त जहा—गधव्वाणिएण य णट्टाणिएण य-सद्धि सपरिवुडे ताओ दिव्वाओ, जाणविमाणाओ पुरत्थिमिल्लेण तिसोवाणपडिरूवएण पच्चोरुहति ।

तए ण तस्स सूरियाभस्स देवस्स चत्तारि सामाणियसाहस्सीओ ताओ दिव्वाओ जाणविमाणाओ उत्तरिल्लेण तिसोवाणपडिरूवएण पच्चोरुहति अवसेसा देवा य देवीओ य ताओ दिव्वाओ जाणविमाणाओ दाहिणिल्लेण तिसोवाणपडिरूवएण पच्चोरुहति ।

६५—तत्पश्चात् पाच अनीकाधिपतियो द्वारा परिरक्षित वज्ररत्नमयी गोल मनोज्ञ सस्थान—आकारवाले यावत् एक हजार योजन लम्बे अत्यत ऊचे महेन्द्रध्वज को आगे करके वह सूर्याभदेव चार हजार सामानिक देवो यावत् सोलह हजार आत्मरक्षक देवो एव सूर्याभविमानवासी और दूसरे वैमानिक देव-देवियो के साथ समस्त ऋद्धि यावत् वाद्यनिनादो सहित दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति, दिव्य देवानुभाव-प्रभाव का अनुभव, प्रदर्शन और अवलोकन करते हुए सौधर्मकल्प के मध्य भाग मे से निकलकर सौधर्मकल्प के उत्तरदिग्वर्ती निर्याण मार्ग—निकलने के मार्ग के पास आया और एक लाख योजन प्रमाण वेग वाली यावत् उत्कृष्ट दिव्य देवगति से नीचे उतर कर गमन करते हुए तिर्छे, असख्यातद्वीप समुद्रो के बीचोबीच से होता हुआ नन्दीश्वरद्वीप और उसकी दक्षिणपूर्व दिशा (आग्नेय कोण) मे स्थित रतिकर पर्वत पर आया। वहा आकर उस दिव्य देव ऋद्धि यावत् दिव्य देवानुभाव को धीरे धीरे सकुचित और सक्षिप्त करके जहा जम्बूद्वीप नामक द्वीप और उसका भरत क्षेत्र था एव उस भरत क्षेत्र मे भी जहा आमलकल्पा नगरी तथा आम्रशालवन चैत्य था और उस चैत्य मे भी जहा श्रमण भगवान् महावीर विराजमान थे, वहा आया, वहा आकर उस दिव्य-यान—विमान के साथ श्रमण भगवान् महावीर की तीन बार आदक्षिण प्रदक्षिणा करके श्रमण भगवान् महावीर की अपेक्षा उत्तरपूर्व—दिग्भाग-ईशानकोण—मे ले जाकर भूमि से चार अगुल ऊपर अधर रखकर उस दिव्य-यान विमान को खडा किया।

---

१ देखें सूत्र सख्या ७। २ देखें सूत्र सख्या ६४
३ देखें सूत्र सख्या १३

उस दिव्य यानविमान को खडा करके वह सपरिवार चारो अग्रमहिषियो, गधर्व और नाट्य इन दोनो अनीको—सेनाओ को साथ लेकर पूर्व दिशावर्ती त्रिसोपान-प्रतिरूपक द्वारा उस दिव्ययान विमान से नीचे उतरा।

तत्पश्चात् सूर्याभ देव के चार सामानिक देव उत्तरदिग्वर्ती त्रिसोपान प्रतिरूपक द्वारा उस दिव्य-यान—विमान से नीचे उतरे। तथा इनके अतिरिक्त शेष दूसरे देव और देवियाँ दक्षिण दिशा के त्रिसोपान प्रतिरूपक द्वारा उस दिव्य-यान—विमान से उतरे।

सूर्याभदेव का समवसरण मे आगमन

६६—तए ण से सूरियाभे देवे चउहिं अग्गमहिसीहिं जाव[1] सोलसहिं आयरक्खदेवसाहस्सीहिं अण्णेहि य बहूहिं सूरियाभविमाणवासीहिं वेमाणिएहिं देवेहिं देवीहि य सद्धिं सपरिवुडे सव्विड्ढीए जाव[2] णादितरवेण जेणेव समणे भगव महावीरे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समण भगवत महावीर तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिण करेति, करित्ता वदति नमसति वदित्ता नमसित्ता एव वयासी—

'अह ण भते! सूरियाभे देवे देवाणुप्पियाण वदामि नमसामि जाव (सक्कारेमि सम्माणेमि कल्लाण मगल देवय चेइय) पज्जुवासामि'।

६६—तदनन्तर वह सूर्याभदेव सपरिवार चार अग्रमहिषियो यावत् सोलह हजार आत्म-रक्षक देवो तथा अन्यान्य बहुत से सूर्याभविमानवासी देव-देवियो के साथ समस्त ऋद्धि-वैभव यावत् वाद्य निनादो सहित चलता हुआ श्रमण भगवान् महावीर के समीप आया। आकर श्रमण भगवान् की दाहिनी ओर से प्रारम्भ कर तीन बार प्रदक्षिणा की। प्रदक्षिणा करके वन्दन-नमस्कार किया और वन्दन-नमस्कार करके—सविनय नम्र होकर बोला—

'हे भदन्त! मैं सूर्याभदेव आप देवानुप्रिय को वन्दन करता हू, नमन करता हू यावत् आपका (सत्कार-सन्मान करता हू और कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप एव चैत्यरूप आपकी) पर्युपासना करता हू।

६७—'सूरियाभा' इ समणे भगव महावीरे सूरियाभ देव एव वयासी—

पोराणमेय सूरियाभा! जीयमेय सूरियाभा! किच्चमेय सूरियाभा! करणिज्जमेय सूरियाभा! आइण्णमेय सूरियाभा! अब्भणुण्णायमेय सूरियाभा! ज ण भवणवइ-वाणमतर-जोइस-वेमाणिया देवा अरहते भगवते वदति नमसति, वदित्ता नमसित्ता तओ पच्छा साइ साइ नाम-गोत्ताइ साहिंति, त पोराणमेय सूरियाभा! जाव[3] अब्भणुण्णायमेय सूरियाभा!'

६७—'हे सूर्याभ!' इस प्रकार से सूर्याभदेव को सबोधित कर श्रमण भगवान् महावीर ने उस सूर्याभदेव से इस प्रकार कहा—'हे सूर्याभ! यह पुरातन है। हे सूर्याभ! यह जीत-परम्परागत व्यवहार है। हे सूर्याभ! यह कृत्य है।, हे सूर्याभ! यह करणीय है।, हे सूर्याभ! यह पूर्व परम्परा से

---

१ देखें सूत्र सख्या ७ २ देखें सूत्र सख्या १९

३ देखें सूत्र सख्या १४

आचरित है। हे सूर्याभ ! यह अभ्यनुज्ञात-सम्मत है कि भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देव अरिहत भगवन्तो को वन्दन करते है, नमन करते है और वन्दन-नमस्कार करने के पश्चात् वे अपने-अपने नाम और गोत्र का उच्चारण करते है। अतएव हे सूर्याभ ! तुम्हारी यह सारी प्रवृत्ति पुरातन है यावत् हे सूर्याभ ! समत है।

६८—तए णं से सूरियाभे देवे समणेण भगवया महावीरेण एवं वुत्ते समाणे हट्ठ जाव तुट्ठ-चित्तमाणदिए पीइमणे परमसोमणस्सिए हरिस-वस-विसप्पमाणहियए समण भगवं महावीरं वदति नमसति, वदित्ता नमसित्ता नच्चासण्णे नातिदूरे सुस्सूसमाणे णमसमाणे अभिमुहे विणएण पजलिउडे पज्जुवासति।

६८—तब वह सूर्याभ देव श्रमण भगवान् महावीर के इस कथन को सुनकर अतीव हर्षित हुआ यावत् (संतुष्ट हुआ, मन मे अति आनदित हुआ, मन मे प्रीति हुई, अत्यन्त अनुरागपूर्ण मनवाला हुआ, हर्षातिरेक से विकसित हृदयवाला हुआ) और श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन-नमस्कार करके न तो उनसे अधिक निकट और न अधिक दूर किन्तु यथोचित स्थान पर स्थित होकर शुश्रूषा करता हुआ, नमस्कार करता हुआ, अभिमुख विनयपूर्वक दोनो हाथ जोडकर अजलि करके पर्युपासना करने लगा।

६९—तए ण समणे भगव महावीरे सूरियाभस्स देवस्स तीसे य महतिमहालिताए परिसाए जाव (इसिपरिसाए मुणिपरिसाए जइपरिसाए देवपरिसाए अणेगसयाए अणेगसयवदाए अणेगसयवद-परिवाराए) धम्मं परिकहेइ। परिसा जामेव दिसिं पाउब्भूता तामेव दिसिं पडिगया।

६९—तत्पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर ने सूर्याभदेव को, और उस उपस्थित विशाल परिषद को यावत् (ऋषियो की सभा को, मुनियो की सभा को, यतियो की सभा को, देवो की सभा को, अनेक सौ सख्यावाली अनेक शत (सैकडो के) समूह वाली अनेकशतसमूह युक्त परिवार वाली सभा को) धर्मदेशना सुनाई। देशना सुनकर परिषद् जिस दिशा से आई थी वापस उसी ओर लौट गई।

विवेचन—'महतिमहालिताए' यह परिषद् का विशेषण है जिसका अर्थ यह है कि भगवान् की देशना सुनने के लिये सूर्याभदेव, सेयराजा, धारिणी आदि रानियो के सिवाय ऋषिपरिषदा, मुनिपरिषदा, यतिपरिषदा देवपरिषदा, के साथ हजारो नर नारी, उनके समूह और उन समूहो मे भी बहुत से अपने-अपने सभी पारिवारिक जनो सहित उपस्थित थे।

भगवान के समवसरण मे उपस्थित विशाल परिषदा और धर्मदेशना आदि का औपपातिक सूत्र मे विस्तार से वर्णन किया गया है। सक्षेप मे जिसका साराश इस प्रकार है—

अप्रतिबद्ध बलशाली, अतिशय बलवान, प्रशस्त, अपरिमित बल, वीर्य, तेज, माहात्म्य एव कातियुक्त श्रमण भगवान् महावीर ने शरदकालीन नूतन मेघ की गर्जना जैसी गभीर, क्रोच पक्षी के निर्घोप तथा दुन्दुभिनाद के समान मधुर, वक्षस्थल मे विस्तृत होती हुई, कठ मे अवस्थित होती हुई तथा मूर्घा मे व्याप्त होती हुई, सुव्यक्त—स्पष्ट, वर्ण-पद की विकलता—हकलाहट आदि से रहित, सर्व-अक्षर सन्निपात-समस्त वर्णो के सुव्यवस्थित सयोग से युक्त, पूर्ण तथा माधुर्य गुणयुक्त स्वर से समन्वित, श्रोताओ की अपनी-अपनी भाषा मे परिणत होने के स्वभाव वाली वाणी द्वारा राजा, रानी

तथा सैकडो हजारो ऋषियो, मुनियो, यतिओ देवो आदि श्रोताओ के समूह वाली उस महती परिषदा को एक योजन तक पहुचने वाले स्वर से अर्धमागधी भाषा मे धर्मदेशना दी ।

भगवान् द्वारा उद्‌गीर्ण वह अर्धमागधी भाषा उन सभी आर्य-अनार्य श्रोताओ की भाषाओ मे परिणत हो गई ।

भगवान द्वारा दी गई धर्मदेशना इस प्रकार है—

'लोक' का अस्तित्व है अलोक का अस्तित्व है । इसी प्रकार जीव, अजीव, बन्ध, मोक्ष, पुण्य, पाप, आस्रव, सवर, वेदना, निर्जरा, अर्हंत, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, नरक, नारक, तिर्यंचयोनि, तिर्यचयोनिज जीव, माता, पिता, ऋषि, देव, देवलोक, सिद्धि, सिद्ध, परिनिर्वाण-कर्मजनित आवरण से रहित जीवो का अस्तित्व है ।

प्राणातिपात—हिसा, मृषावाद—असत्य, अदत्तादान—चोरी, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, कलह, अभ्याख्यान पैशून्य परपरिवाद—निन्दा, रति, अरति, मायामृषा, मिथ्यादर्शन-शल्य आदि वैभाविक भावो का अस्तित्व है ।

प्राणातिपातविरमण—हिंसाविरति, मृषवादविरमण, अदत्तादानविरमण, मैथुनविरमण, परिग्रहविरमण, मिथ्यादर्शनशल्यविरमण आदि आत्मा की विशुद्धि करने वाले भावो का अस्तित्व है ।

सभी अस्तिभाव स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की अपेक्षा अस्तिरूप हैं और सभी नास्तिभाव परद्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा नास्तिरूप है ।

सुआचरित—शुद्धभावो से आचरण किये गये दान शील आदि कर्म-कार्य उत्तम फल देनेवाले हैं और दुराचरित—पापकारी कार्य दुखकारी फल देने वाले है । श्रेष्ठ उत्तम कार्यों से जीव पुण्य का और पाप कार्यो से पाप का उपार्जन करता है । ससारी जीव जन्म-मरण करते रहते है । शुभ और अशुभ कर्म-कार्य फल युक्त है—निष्फल नही है ।

यह निर्ग्रन्थ प्रवचन—वीतराग भगवन्तो द्वारा उपदिष्ट धर्म, सत्य, अनुत्तर, अद्वितीय, सर्वात्मना शुद्ध, परिपूर्ण है, प्रमाण से अबाधित है, माया, मिथ्यात्व आदि शल्यो का निवारक है । सिद्धिमार्ग-सिद्धावस्था प्राप्त करने का उपाय है,मुक्तिमार्ग-कर्मरहित अवस्था प्राप्त करने का कारण है, निर्वाणमार्ग—सकल सताप रहित आत्मदशा प्राप्त करने का हेतु है, निर्याणमार्ग—पुन जन्म-मरण रूप ससार से पार होने का मार्ग है, अवितथ—यथार्थ, अविसन्धि-विच्छेदरहित—समस्त दुखो को सर्वथा क्षय करनेवाला है । इसमे स्थित जीव सिद्धि प्राप्त करते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण दशा को प्राप्त करते हैं, और समस्त सासारिक दु खो का अन्त करते है ।

एकार्च्चा—जिनके एक ही मनुष्यभव धारण करना शेष रह गया है, ऐसे एक भवावतारी पूर्व-कर्मो के शेष रहने से किन्ही महर्द्धिक देवलोको मे देव रूप मे उत्पन्न होते हैं और वहा महान ऋद्धि-सम्पन्न दीर्घ आयु स्थिति वाले होते हैं । उनके वक्ष स्थल हार-मालाओ से सुशोभित होते हैं, और अपनी दिव्य प्रभा से सभी दिशाओ को प्रभासित करते हैं । वे कल्पोपपन्न या कल्पातीत देवो मे उत्पन्न होते है । वे वर्तमान मे भी उत्तमगति, स्थिति को प्राप्त करते हैं और भविष्य मे कल्याणप्रद स्थान को प्राप्त करनेवाले और असाधारण रूप से सम्पन्न होते हैं ।

जीव महारम्भ, महापरिग्रह, पचेन्द्रिय जीवो का वध और मासाहार इन चार कारणो से नरकयोग्य कर्मो का उपार्जन करता है और नारक रूप मे उत्पन्न होता है।

इन चार कारणो से जीव तिर्यंचगति को प्राप्त करता है और तिर्यंचयोनि मे उत्पन्न होता है—१ मायाचार, २ असत्यभाषण, ३ उत्कचनता—खुशामद या धूर्तता, ४ वचनता—धोखा देना, ठगना।

इन कारणो से जीव मनुष्ययोनि मे उत्पन्न होते है—१. प्रकृतिभद्रता २ प्रकृतिविनीतता ३ सानुक्रोशता—दयावृत्ति ४ अमत्सरता—ईर्ष्या का अभाव।

इन कारणो से जीव देवो मे उत्पन्न होते है—१ सरागसयम, २ सयमासयम, ३ अकाम-निर्जरा, ४ बालतप—अज्ञान अवस्था मे तप करना।

धर्म दो प्रकार का है—१ अगारधर्म २ अनगारधर्म। अनगार धर्म का पालन वह जीव करता है जो सर्व प्रकार से मु डित होकर गृहस्थ अवस्था—घर का त्याग कर श्रमण-प्रव्रज्या को अगीकार कर अनगार बनता है। सर्वप्राणातिपातविरमण, मृषावादविरमण, अदत्तादानविरमण, मैथुनविरमण, परिग्रहविरमण और रात्रिभोजनविरमण व्रत को स्वीकार करता है। इस धर्म के पालन करने मे जो निर्ग्रन्थ अथवा निर्ग्रन्थी (साधु, साध्वी) प्रयत्नशील हो अथवा पालन करता हो वह आज्ञा का आराधक होता है।

अगारधर्म बारह प्रकार का बताया है—पाच अणुव्रत, तीन गुणव्रत, चार शिक्षाव्रत। पाच अणुव्रत इस प्रकार हैं—स्थूल प्राणातिपातविरमण, स्थूल मृषावादविरमण, स्थूल अदत्तादानविरमण, स्वदारसतोष, इच्छा-परिग्रह की मर्यादा बाधना।

तीन गुणव्रत इस प्रकार हैं—अनर्थदडविरमण, दिग्व्रत, उपभोग-परिभोगपरिमाणव्रत।

चार शिक्षाव्रत इस प्रकार है—सामायिक, देशावकाशिक पोषधोपवास, अतिथि-सविभागव्रत और जीवनान्त के समय जो धारण किया जाता है एव मरण निकट हो तब कषाय और काया को कृश करके प्रीतिपूर्वक जिसकी आराधना की जाती है ऐसा सलेखनाव्रत। यह बारह प्रकार का अगार-सामायिक धर्म है।

इस धर्म की शिक्षा मे उपस्थित श्रावक या श्राविका आज्ञा के आराधक होते है।

भगवान की इस देशना को सुनकर उस महती सभा मे उपस्थित मनुष्यो मे से अनेको ने श्रमण दीक्षा ली, अनेको ने पाँच अणुव्रत, सात शिक्षाव्रत रूप बारह प्रकार का गृहीधर्म अगीकार किया।

शेष परिषदा ने अपने प्रमोदभाव को प्रकट करते हुए श्रमण भगवान् महावीर को वदन-नमस्कार किया, और फिर कहा—हे भदन्त! आप द्वारा सुआख्यात, सुप्रज्ञप्त, सुभाषित, सुविनीत, सुभावित निर्ग्रन्थप्रवचन अनुत्तर है। धर्म की व्याख्या करते हुए आपने उपशम—क्रोधादि की शाति का उपदेश दिया है, उपशम के उपदेश के प्रसग मे आपने विवेक का व्याख्यान किया है, विवेक की व्याख्या करते हुए आपने प्राणातिपात आदि से विरत होने का निरूपण किया है, विरमण का उपदेश

देने के प्रसग मे आपने पापकर्म नही करने का विवेचन किया है। आपसे भिन्न दूसरा कोई श्रमण या ब्राह्मण इस प्रकार का उपदेश नही कर सकता है, तो फिर इससे श्रेष्ठ धर्म के उपदेश की बात कहाँ ?

इस प्रकार से कह कर वह परिषदा जिस दिशा से आई थी, वापस उसी ओर लौट गई।

सूर्याभ देव की जिज्ञासा का समाधान—

७०—तए ण से सूरियाभे देवे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्म सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव हयहियए उट्ठाए उट्ठेति उट्ठित्ता समण भगवत महावीरं वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता एवं वयासी—

'अह ण भते! सूरियाभे देवे कि भवसिद्धिते, अभवसिद्धिते? सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी? परित्तससारिते, अणतससारिते? सुलभबोहिए, दुल्लभबोहिए? आराहए, विराहए? चरिमे, अचरिमे?

७०—तदनन्तर वह सूर्याभदेव श्रमण भगवान् महावीर प्रभु से धर्मश्रवण कर और हृदय मे अवधारित कर हर्षित एव सतुष्ट यावत् आह्लादितहृदय हुआ। अपने आसन से खडे होकर उसने श्रमण भगवान् महावीर को वदन-नमस्कार किया और इस प्रकार प्रश्न किया—

'भगवन्! मैं सूर्याभदेव क्या भवसिद्धिक—भव्य हूँ अथवा अभवसिद्धिक—अभव्य हूँ? सम्यग्-दृष्टि हूँ या मिथ्यादृष्टि हूँ? परित्त ससारी-परमित काल तक ससार मे भ्रमण करने वाला हूँ अथवा अनन्त ससारी—अनन्त काल तक ससार मे भ्रमण करने वाला हूँ? सुलभबोधि-सरलता से सम्यग्-ज्ञानदर्शन की प्राप्ति करने वाला हूँ अथवा दुर्लभबोधि हूँ? आराधक-बोधि की आराधना करने वाला हूँ अथवा विराधक हूँ? चरम शरीरी हूँ अथवा अचरम शरीरी हूँ?

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र मे ससारी जीवो की चरम लक्ष्य प्राप्त करने की भावना का दिग्दर्शन कराया है। यद्यपि ससारी जीव अनादि काल से इस जन्म-मरण रूप ससार मे परिभ्रमण करते आ रहे हैं, परन्तु चाहते यही है कि उस आत्मरमणता स्थिति को प्राप्त कर लू कि जिसके पश्चात् न पुनर्जन्म है और न पुन मरण है तथा न बार-बार के जन्म-मरण के कारण सासारिक आधि-व्याधियाँ हैं। यह आकाक्षा तभी सफल हो पाती है जब उस जीव मे मुक्त होने की योग्यता पाई जाती है। ऐसी योग्यता उसी मे पाई जाती है जो भव्य हो अर्थात् अभी न सही किन्तु कालान्तर मे कभी-न-कभी जिसे मुक्ति अवश्य प्राप्त होगी। इसीलिये सूर्याभदेव ने सर्वप्रथम भगवान् के समक्ष यही जिज्ञासा व्यक्त की कि—हे भगवन्! मैं मुक्ति प्राप्त करने की योग्यता वाला—भव्य हूँ अथवा नही हूँ?

योग्यता होने पर मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है जब सम्यक् श्रद्धा, विश्वास, प्रतीति, दृष्टि हो। सम्यक् श्रद्धा के न होने पर जीव चाहे भव्य (मुक्ति योग्य) हो किन्तु वह प्राप्त नही की जा सकती। इस तथ्य को समझने के लिए सूर्याभदेव ने दूसरा प्रश्न पूछा—मैं सम्यग्दृष्टि हूँ अथवा नही हूँ?

सम्यग्दृष्टि हो जाने पर भी यह निश्चित नही है कि सभी जीव शीघ्र मुक्ति प्राप्त करे। ऐसे जीव भी अनन्त काल तक ससार मे परिभ्रमण करने वाले हो सकते हैं और यह भी सभव है कि सीमित समय मे मुक्ति प्राप्त कर लें। इसी बात को जानने के लिए पूछा—भगवन्! मैं परिमितकाल तक ससारभ्रमण करने वाला हूँ अथवा अनन्त काल तक मुझे ससार मे भ्रमण करना पडेगा?

ससारभ्रमण का परिमित काल होने पर भी जीव तभी मुक्त हो सकता है जब तदनुकूल और तदनुरूप सम्यग्ज्ञान-दर्शन और चारित्र का सुयोग-सयोग मिले। इसीलिये सूर्याभदेव ने भगवान् से यह जानना चाहा कि मै सम्यग्ज्ञानदर्शन-चारित्र की साधना करने मे तत्पर हो सकूंगा ? उनकी साधना करने का अवसर सुलभता से प्राप्त होगा अथवा नही ?

सुलभबोधि होने पर भी सभी जीव सम्यग्ज्ञान आदि की यथाविधि आराधना करने मे समर्थ नही हो पाते है। लोकैषणाओ, परीषह, उपसर्गो आदि के कारण आराधना से विचलित होकर लक्ष्य के निकट पहुँचने पर भी ससार मे भटक जाते है। इसी स्थिति को समझने के लिए सूर्याभ देव ने भगवान् से पूछा—मै आराधक ही रहूँगा अथवा भटक जाऊँगा ? और सबसे अन्त मे अपनी समस्त जिज्ञासाओ का निष्कर्ष जानने के लिये उत्सुकता से पूछा कि भव्य सुलभबोधि, आराधक आदि होने पर भी मुझे क्या मुक्ति प्राप्ति की काल-लब्धि प्राप्त हो चुकी है ? ससार मे रहने का मेरा इसके बाद का भव अतिम है अथवा और दूसरे भी भवान्तर शेष है ?

उक्त समग्र कथन का साराश यह है कि योग्यता, निमित्त और उन निमित्तो का सदुपयोग करने के लिये तदनुकूल प्रवृत्ति करने पर ही जीव मुक्ति प्राप्त करता है। अत एव सर्वदा पुरुषार्थ के प्रति समर्पित होकर जीव को प्रयत्नशील रहना चाहिए।

७१—'सूरियाभा' इ समण भगव महावीरे सूरियाभ देव एव वदासी—सूरियाभा ! तुम ण भवसिद्धिए नो अभवसिद्धिते जाव[1] चरिमे णो अचरिमे।

७१—'सूर्याभ !' इस प्रकार से सूर्याभदेव को सम्बोधित कर श्रमण भगवान् महावीर ने सूर्याभदेव को उत्तर दिया—

हे सूर्याभ ! तुम भवसिद्धिक-भव्य हो, अभवसिद्धिक-अभव्य नही हो, यावत् चरम शरीरी हो अर्थात् इस भव के पश्चात् का तुम्हारा मनुष्यभव अन्तिम होगा, अचरम शरीरी नही हो अर्थात् हे सूर्याभ ! तुम भव्य हो, सम्यग् दृष्टि हो, परमित ससार वाले हो, तुम्हे बोधि की प्राप्ति सुलभ है, तुम आराधक हो और चरम शरीरी हो।

सूर्याभदेव द्वारा मनोभावना का निवेदन

७२—तए ण से सूरिआभे देवे समणेण भगवया महावीरेणं एव वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ चित्तमाणदिए परमसोमणस्सिए समण भगवत महावीर वदति नमसति, वदित्ता नमसित्ता एव वदासी—

तुब्भे ण भते ! सव्व जाणह, सव्व पासह, सव्व काल जाणह सव्व काल पासह, सव्वे भावे जाणह सव्वे भावे पासह।

जाणति ण देवाणुप्पिया ! मम पुव्वि वा पच्छा वा मम एयारूव दिव्व देविड्ढि दिव्व देवजुइं दिव्व देवाणुभाव लद्ध पत्त अभिसमण्णागय ति। त इच्छामि ण देवाणुप्पियाण भत्तिपुव्वग गोयमाइयाण समणाण निग्गथाण दिव्व देविड्ढि दिव्व देवजुइ दिव्व देवाणुभाव दिव्व बत्तीसतिबद्ध नट्टविहि उवदसित्तए।

---

१ देखें सूत्र सख्या ७०

७२—तत्पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर के इस कथन को सुनकर उस सूर्याभदेव ने हर्षित सन्तुष्ट चित्त से आनन्दित और परम प्रसन्न होते हुए श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन-नमस्कार किया और वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया—

हे भदन्त ! आप सब जानते है और सब देखते है, सर्वत्र दिशा-विदिशा, लोक-अलोक मे विद्यमान समस्त पदार्थो को जानते हैं और देखते है। सर्व काल—अतीत-अनागत-वर्तमान काल को आप जानते और देखते है, सर्व भावो को आप जानते और देखते है।

अतएव हे देवानुप्रिय ! पहले अथवा पश्चात् लब्ध, प्राप्त एव अधिगत इस प्रकार की मेरी दिव्य देव ऋद्धि, दिव्य देवद्युति तथा दिव्य देवप्रभाव को भी जानते और देखते हैं। इसलिये आप देवानुप्रिय की भक्तिवश होकर मे चाहता हूँ कि गौतम आदि निर्ग्रन्थो के समक्ष इस दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति-काति, दिव्य देवानुभाव-प्रभाव तथा बत्तीस प्रकार की दिव्य नाट्यविधि—नाट्यकला को प्रदर्शित करूँ।

७३—तए ण समणे भगव महावीरे सूरियाभेण देवेण एव वुत्ते समाणे सूरियाभस्स देवस्स एयमट्ठ णो आढाति, णो पारियाणति, तुसिणीए सचिट्ठति।

७३—तब सूर्याभदेव के इस प्रकार निवेदन करने पर श्रमण भगवान् महावीर ने सूर्याभदेव के इस कथन का आदर नही किया, उसकी अनुमोदना नही की, किन्तु वे मौन रहे।

विवेचन—आत्मविज्ञानी भगवान् की स्थितप्रज्ञ दशा को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि वे सूर्याभदेव के निवेदन को आदर न दे, उदासीन-मौन रहे, परन्तु सूर्याभदेव की मनोभूमिका को देखते हुए वह उनके सामने नाटक दिखाने के सिवाय और कर भी क्या सकता था ? भक्तो की दो कोटियाँ है—पहली मन, वचन, काय से अपने भजनीय का अनुसरण करने वालो अथवा अनुसरण करने के लिये प्रयत्नशील रहने वालो की ये बाह्य प्रदर्शनो के बजाय भजनीय के शुद्ध अनुसरण को ही भक्ति समझते हैं। दूसरी कोटि है प्रशसको की, जो भजनीय का अनुसरण करने योग्य पुरुषार्थशाली नही होने से उनके प्रशसक होकर सतोष मानते है। ऐसे प्रशसक बाह्य-प्रदर्शन के सिवाय आतरिक भक्ति तक पहुँच नही सकते है। ये प्रशसक बाह्य—प्रदर्शन के प्रति भजनीय की उदासीनता को समझते हुए भी अपनी प्रसन्नता के लिये बाह्य-प्रदर्शन के अतिरिक्त और कुछ कर सके, वैसे नही होते है। यही औपचारिक भक्ति के आविर्भाव होने का कारण प्रतीत होता है जो सूर्याभदेव के निवेदन से स्पष्ट है। इसके साथ ही यह भी ध्यान मे रखना चाहिये कि भगवान् के मौन रहने मे 'यद् यदाचरति शिष्ट तत् तदेवेतरो जन' इस उक्ति का तत्त्व भी गर्भित है। टीकाकार ने सूर्याभदेव की इस नाटकविधि को स्वाध्याय आदि कर्त्तव्य का विघातक बताया है—'गौतमादीना च नाट्यविधे स्वाध्यायादि-विघातकारित्वात्।'

७४—तए ण से सूरियाभे देवे समण भगवन्त महावीर दोच्च पि तच्च पि एव वयासी—तुब्भे ण भते ! सव्व जाणह जाव उवदसित्तए त्ति कट्टु समण भगवन्त तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेइ, करित्ता वदति नमसति, वदित्ता नमंसित्ता उत्तरपुरत्थिम दिसीभाग अवक्कमति, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएण समोहणति, समोहणित्ता संखिज्जाइ जोयणाइ दण्ड निस्सिरति, अहाबायरे०

अहासुहुमे०[1]। दोच्चं पि विउव्वियसमुग्घाएण जाव बहुसमरमणिज्ज भूमिभाग विउव्वति । से जहानामए आलिंगपुक्खरे इ वा जाव मणीण फासो ।[2]

तस्स ण बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभागे पिच्छाघरमण्डव विउव्वति अणेग-खभसयसनिविट्ठ वण्णओ-अन्तो बहुसमरमणिज्जं भूमिभाग उल्लोय अक्खाडग च मणिपेढिय च विउव्वति । तीसे ण मणिपेढियाए उवरि सीहासण सपरिवार जाव दामा चिट्ठन्ति ।[3]

७४—तत्पश्चात् सूर्याभदेव ने दूसरी और तीसरी वार भी पुन इसी प्रकार से श्रमण भगवान् महावीर से निवेदन किया—

हे भगवन् ! आप सब जानते है आदि, यावत् नाटचविधि प्रदर्शित करना चाहता हूँ । इस प्रकार कहकर उसने दाहिनी ओर से प्रारम्भ कर श्रमण भगवान् महावीर की तीन वार प्रदक्षिणा की । प्रदक्षिणा करके वन्दन-नमस्कार किया और वन्दन-नमस्कार करके उत्तर पूर्व दिशा मे गया । वहाँ जाकर वैक्रियसमुद्घात करके सख्यात योजन लम्बा दण्ड निकाला । यथाबादर (असार) पुद्गलो को दूर करके यथासूक्ष्म (सारभूत) पुद्गलो का सचय किया । इसके वाद पुन दुबारा वैक्रिय समुद्घात करके यावत् बहुसमरमणीय भूमि भाग की रचना की । जो पूर्ववर्णित आलिंग पुष्कर आदि के समान सर्वप्रकार से समतल यावत् रूप, रस गध और स्पर्श वाले मणियो से सुशोभित था ।

उस अत्यन्त सम और रमणीय भूमिभाग के मध्यातिमध्य भाग मे एक प्रेक्षागृहमडप—नाटकशाला की रचना की । वह अनेक सैकडो स्तम्भो पर सनिविष्ट था इत्यादि वर्णन पूर्व के समान यहाँ कर लेना चाहिए ।

उस प्रेक्षागृह मडप के अन्दर अतीव समतल, रमणीय भूमिभाग, चन्देवा, रगमच और मणिपीठिका की विकुर्वणा की और उस मणिपीठिका के ऊपर फिर उसने पादपीठ, छत्र आदि से युक्त सिंहासन की रचना यावत् उसका ऊपरी भाग मुक्तादामो से शोभित हो रहा था ।

७५—तए ण से सूरियाभे देवे समणस्स भगवतो महावीरस्स आलोए पणाम करेति, करित्ता 'अणुजाणउ मे भगव, ति कट्टु सीहासणवरगए तित्थयराभिमुहे सणिसण्णे ।

तए ण से सूरियाभे देवे तप्पढमयाए नाणामणिकणगरयणविमलमहरिहनिउणओवियमिसि-मिसितविरइयमहाभरणकडग-तुडियवरभूसणुज्जल पीवर पलम्ब दाहिण भुय पसारेति । तओ ण सरिस-याण सरित्तयाण सरिव्वयाण सरिसलावण्ण-रूवजोव्वणगुणोववेयाण एगाभरण-वसणगहि-अणिज्जोआण दुहतो सवेल्लियग्गणियत्थाण उप्पीलियचित्तपट्टपरियरसफेणकावत्तरइयसगयपलंबवत्थत-चित्तचिल्ललगनियसणाण एगावलिकण्ठरइयसोभतवच्छपरिहत्थभूसणाण अट्ठसय णट्टसज्जाण देवकुमाराण णिग्गच्छति ।

७५—तत्पश्चात् उस सूर्याभदेव ने श्रमण भगवान् महावीर की ओर देखकर प्रणाम किया और प्रणाम करके 'हे भगवन् ! मुझे आज्ञा दीजिये' कहकर तीर्थंकर की ओर मुख करके उस श्रेष्ठ सिंहासन—पर सुखपूर्वक बैठ गया ।

---

१ देखें सूत्र सख्या १३ । २ देखें सूत्र सख्या ३०-४४ । ३ देखे सूत्र सख्या ४५-५१

इसके पश्चात् नाट्यविधि प्रारम्भ करने के लिये सबसे पहले उस सूर्याभदेव ने निपुण शिल्पियो द्वारा बनाये गये अनेक प्रकार की विमल मणियो, स्वर्ण और रत्नो से निर्मित भाग्यशालियो के योग्य, देदीप्यमान, कटक त्रुटित आदि श्रेष्ठ आभूषणो से विभूषित उज्ज्वल पुष्ट दीर्घ दाहिनी भुजा को फैलाया—लम्बा किया।

उस दाहिनी भुजा से एक सौ आठ देवकुमार निकले। वे समान शरीर-आकार, समान रग-रूप, समान वय, समान लावण्य, युवोचित गुणो वाले, एक जैसे आभरणो, वस्त्रो और नाट्योपकरणो से सुसज्जित, कन्धो के दोनो ओर लटकते पल्लो वाले उत्तरीय वस्त्र (दुपट्टे) धारण किये हुए, शरीर पर रग-बिरगे कचुक वस्त्रो को पहने हुए, हवा का झोका लगने पर विनिर्गत फेन जैसी प्रतीत होने वाली झालर युक्त चित्र-विचित्र देदीप्यमान, लटकते अधोवस्त्रो (चोगा) को धारण किये हुए, एकावली आदि आभूषणो से शोभायमान कण्ठ एव वक्षस्थल वाले और नृत्य करने के लिए तत्पर थे।

१३१—उन प्रकण्ठको के ऊपर एक-एक प्रासादावतसक (श्रेष्ठमहल-विशेष) है ।

ये प्रासादावतसक ऊँचाई मे अढाई सौ योजन ऊँचे और सवा सौ योजन चौडे है, चारो दिशाओ मे व्याप्त अपनी प्रभा से हँसते हुए से प्रतीत होते है । विविध प्रकार के मणि-रत्नो से इनमे चित्र-विचित्र रचनाये बनी हुई है । वायु से फहराती हुई, विजय को सूचित करने वाली वैजयन्ती-पताकाओ एव छत्रातिछत्रो (एक दूसरे के ऊपर रहे हुए छत्रो) से अलकृत है, अत्यन्त ऊँचे होने से इनके शिखर मानो आकाशतल का उल्लघन करते है । विशिष्ट शोभा के लिये जाली-झरोखो मे रत्न जडे हुए हैं । वे रत्न ऐसे चमकते हैं मानो तत्काल पिटारो से निकाले हुए हो । मणियो और स्वर्ण से इनकी स्तूपिकाये निर्मित (शिखर) है । तथा स्थान-स्थान पर विकसित शतपत्र एव पु डरीक कमलो के चित्र और तिलकरत्नो से रचित अर्धचन्द्र बने हुए हैं । वे नाना प्रकार की मणिमय मालाओ से अलकृत हैं । भीतर और बाहर से चिकने—कमनीय है । प्रागणो मे स्वर्णमयी बालुका बिछी हुई है, इनका स्पर्श सुखप्रद है । रूप शोभासम्पन्न है । देखते ही चित्त मे प्रसन्नता होती है, वे दर्शनीय हैं । यावत् मुक्तादामो आदि से सुशोभित है ।

विवेचन—'जाव दामा' पद से यह सूचित किया है कि यानविमान के प्रसग मे जिस तरह उसकी अन्तर्भू मि, प्रेक्षागृह मडप, रगमच, सिंहासन, विजय दूष्य, वज्राकु श एव मुक्तादामो का वर्णन किया है, उसी प्रकार समस्त वर्णन यहाँ भी समझ लेना चाहिये ।

सक्षेप मे उक्त वर्णन का साराश इस प्रकार है—

इन प्रासादावतसको का अन्तर्वर्ती भूभाग आलिंग पुष्कर, मृदगपुष्कर सूर्यमडल, चन्द्रमडल अथवा कीलो को ठोक और चारो ओर से खीचकर सम किये गये भेड, बैल, सुअर, सिंह आदि के चमडे के समान अतीव सम, रमणीय है एव अनेक प्रकार के शुभ लक्षणो तथा आकार प्रकार वाले काले, पीले, नीले आदि वर्णो की मणियो से उपशोभित है ।

प्रत्येक प्रासादावतसक के उस समभूमि भाग के बीचो-बीच वेदिकाओ, तोरणो, पुतलियो आदि से अलकृत प्रेक्षागृहमडप बने हुए हैं और उन मडपो के भी मध्यभाग मे स्थित मणिपीठिकाओ पर ईहामृग, वृषभ, अश्व, नर, मगर आदि-आदि के चित्रामो से युक्त स्वर्ण-मणि रत्नो से बने हुए सिंहासन रखे है ।

सिंहासनो के ऊपरी भाग मे शख, कु द-पुष्प, क्षीरोदधि के फेनपु ज आदि के सदृश श्वेतधवल विजयदूष्य बधे हैं और उनके बीचो बीच वज्ररत्नो से बने हुए अकु श लगे है ।

उन अकु शो मे कु भप्रमाण, अर्धकु भ प्रमाण जैसे बडे-बडे मुक्तादाम (झूमर) लटक रहे है । ये सभी दाम सोने के लबूसको, मणि रत्नमयी हारो—अर्धहारो से परिवेष्टित हैं तथा हवा के झोको से परस्पर एक-दूसरे से टकराने पर कर्णप्रिय ध्वनि से समीपवर्ती प्रदेश को व्याप्त करते हुए असाधारण रूप से सुशोभित हो रहे हैं ।

द्वारों के उभय पार्श्ववर्ती तोरण

१३२—तेसि ण दाराणं उभम्रो पासे सोलस सोलस तोरणा पन्नत्ता, णाणामणिमया णाणामणि-मएसु खम्भेसु उवणिविट्ठसन्निविट्ठा जाव[1] पउम-हत्थगा ।

तेसि ण तोरणाण पत्तेय पुरम्रो दो दो सालभजियाम्रो पन्नत्ताम्रो, जहा हेट्ठा तहेव[2] ।

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो नागदता पन्नत्ता, जहा हेट्ठा जाव[3] दामा ।

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो हयसघाडा गयसघाडा, नरसघाडा, किन्नरसघाडा, किंपुरिस-सघाडा, महोरगसघाडा, गधव्वसघाडा, उसभसघाडा, सव्वरयणामया अच्छा जाव[4] पडिरूवा, एव पतीम्रो वीही मिहुणाइ ।

तेसि ण तोरणाण दो दो पउमलयाम्रो जाव[5] (नागलयाम्रो, असोगलयाम्रो, चपगलयाम्रो, चूयलयाम्रो, वणलयाम्रो, वासतियलयाम्रो, अइमुत्तयलयाम्रो कुदलयाम्रो) सामलयाम्रो, णिच्च कुसुमियाओ सव्वरयणामया अच्छा जाव[5] पडिरूवा ।

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो दिसा-सोवत्थिया पन्नत्ता, सव्वरयणामया अच्छा जाव[6] पडिरूवा ।

तेसि ण तोरणाण पुरतो दो-दो चदणकलसा पन्नत्ता, ते ण चदणकलसा वरकमलपइट्ठाणा तहेव[7] ।

तेसि ण तोरणाण पुरतो भिंगारा पन्नत्ता, ते ण भिंगारा वरकमलपइट्ठाणा जाव[8] महया मत्तगयमुहागितिसमाणा पन्नत्ता समणाउसो !

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो आयसा पन्नत्ता, तेसि ण आयसाण इमेयारूवे वन्नावासे पन्नत्ते, तजहा—तवणिज्जमया पगठगा, अकमया मडला, अणुग्घसितनिम्मलाए छायाए समणुबद्धा, चदमडलपडिणिकासा, महया-महया अद्धकायसमाणा पन्नत्ता समणाउसो !

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो वइरनाभथाला पन्नत्ता, अच्छतिच्छडियसालितदुलणहस-दिट्ठपडिपुन्ना इव चिट्ठ ति सव्वजबूणयमया जाव[9] पडिरूवा महया-महया रहचक्कवालसमाणा पन्नत्ता समणाउसो !

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो पाईम्रो, ताम्रो ण पाईओ सच्छोदगपरिहत्थाम्रो, णाणाविहस्स फलहरियगस्स बहुपडिपुन्नाम्रो विव चिट्ठ ति, सव्वरयणामईम्रो अच्छा जाव[10] पडिरूवाम्रो महया-महया गोकलिजरचक्कसमाणीम्रो पन्नत्ताम्रो समणाउसो !

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो दो सुपइट्ठा पन्नत्ता णाणाविहभडविरइया इव चिट्ठ ति सव्वरय-णामया अच्छा जाव[11] पडिरूवा ।

तेसि ण तोरणाण पुरम्रो दो-दो मणोगुलियाम्रो पन्नत्ताओ, तासु ण मणोगुलियासु बहवे सुवन्न-रुप्पमया फलगा पन्नत्ता, तेसु ण सुवन्नरुप्पमएसु फलगेसु बहवे वयरामया नागदतया पन्नत्ता, तेसु ण वयरामएसु णागदतएसु बहवे वयरामया सिक्कगा पन्नत्ता, तेसु ण वयरामएसु सिक्कगेसु किण्ह-

१-२ देखें सूत्र सख्या १२६ । ३—देखें सूत्र सख्या १२३ ४—देखें सूत्र सख्या ११८ । ५-६ देखें सूत्र ११८
७-८—देखें सूत्र सख्या ११२ ९-१०-११—देखें सूत्र सख्या ११८

सुत्तसिक्कगवच्छिया णीलसुत्तसिक्कगवच्छिया, लोहियसुत्तसिक्कगवच्छिया हालिद्दसुत्तसिक्कगवच्छिया, सुक्किल्लसुत्तसिक्कगवच्छिया बहवे वायकरगा पन्नत्ता सव्ववेरुलियमया अच्छा जाव[1] पडिरूवा ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो चित्ता रयणकरडगा पन्नत्ता, से जहाणामए रन्नो चाउरत-चक्कवट्टिस्स चित्ते रयणकरडए वेरुलियमणिफलिहपडलपच्चोयडे साते पहाते ते पतेसे सव्वतो समता ओभासति उज्जोवेति तवति पभासति, एवमेव ते वि चित्ता रयणकरडगा साते पभाते ते पएसे सव्वओ समता ओभासति, उज्जोवेंति, तवति पभासति ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो हयकठा, गयकठा, नरकठा, किन्नरकठा, किंपुरिसकठा, महोरगकठा, गधव्वकठा, उसभकठा सव्वरयणामया अच्छा जाव[2] पडिरूवा ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो-दो पुप्फचगेरीओ, मल्लचगेरीओ, चुन्नचगेरीओ, गधचगेरीओ, वत्थचगेरीओ, आभरणचगेरीओ, सिद्धत्थचगेरीओ लोमहत्थचगेरीओ पन्नत्ताओ सव्वरयणामयाओ अच्छाओ जाव[3] पडिरूवाओ ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो पुप्फपडलगाइ जाव लोमहत्थपडलगाइ सव्वरयणामयाइ अच्छाइ जाव[4] पडिरूवाइ ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो सीहासणा पण्णत्ता, तेसि ण सीहासणाण वण्णओ जाव[5] दामा ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो रुप्पमया छत्ता पन्नत्ता, ते ण छत्ता वेरुलियविमलदडा, जबूणयकन्निया, वइरसधी, मुत्ताजालपरिगया, अट्ठसहस्सवरकचणसलागा, दद्दरमलयसुगधिसव्वो-उयसुरभिसीयलच्छाया, मगलभत्तिचित्ता, चदागारोवमा ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो चामराओ पन्नत्ताओ, ताओ ण चामराओ चदप्पभवेरुलिय-वयरनानामणिरयणखचियचित्तदण्डाओ[6] सुहुमरययदीहवालाओ सखककु दधवगरयअमयमहियफेण-पु जसन्निगासातो, सव्वरयणामयाओ, अच्छाओ जाव पडिरूवाओ ।

तेसि ण तोरणाण पुरओ दो दो तेल्लसमुग्गा, पत्तसमुग्गा, चोयगसमुग्गा, तगरसमुग्गा, एला-समुग्गा, हरियालसमुग्गा, हिंगुलयसमुग्गा, मणोसिलासमुग्गा, अजणसमुग्गा, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा ।

१३२—उन द्वारो के दक्षिण और वाम-दोनो पार्श्वों मे सोलह-सोलह तोरण हैं ।

वे सभी तोरण नाना प्रकार के मणिरत्नो से बने हुए है तथा विविध प्रकार की मणियो से निर्मित स्तम्भो के ऊपर अच्छी तरह बन्धे हैं यावत् पद्म-कमलो के झूमको-गुच्छो से उपशोभित है ।

उन तोरणो मे से प्रत्येक के आगे दो-दो पुतलिया स्थित हैं । पुतलियो का वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए ।

१-२-३-४ देखें सूत्र सख्या ११८

५ सिहासन के वर्णन के लिये देखें सूत्र सख्या ४८, ४९, ५०, ५१ ।

६ पाठान्तर—णाणामणिकणगरयणविमलमहरिहतवणिज्जुज्जलविचित्तदडाओ चिल्लियाओ ।

उन तोरणो के आगे दो-दो नागदन्त (खूटे) है। मुक्तादाम पर्यन्त इनका वर्णन पूर्ववर्णित नागदन्तो के समान जानना चाहिये।

उन तोरणो के आगे दो-दो अश्व, गज, नर, किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व और वृषभ सघाट (युगल) है। ये सभी रत्नमय, निर्मल यावत् असाधारण रूप-सौन्दर्य वाले है। इसी प्रकार से इनकी पक्ति (श्रेणी) वीथि[1] और मिथुन (स्त्री-पुरुषयुगल) स्थित हैं।

उन तोरणो के आगे दो-दो पदमलताये यावत् (नागलताये, अशोकलताये, चम्पकलताये, आम्रलताये, वनलताये, वासन्तीलताये, अतिमुक्तकलताये, कुदलताये) श्यामलताये है। ये सभी लतायें पुष्पो से व्याप्त और रत्नमय, निर्मल यावत् असाधारण मनोहर हैं।

उन तोरणो के अग्र भाग मे दो-दो दिशा-स्वस्तिक रखे हैं, जो सर्वात्मना रत्नो से बने हुए, निर्मल यावत् (मन को प्रसन्न करने वाले, दर्शनीय, अभिरूप-मनोहर) प्रतिरूप-अतीव मनोहर है।

उन तोरणो के आगे दो-दो चन्दनकलश कहे हैं। ये चन्दनकलश श्रेष्ठ कमलो पर स्थापित है, इत्यादि वर्णन पूर्ववत् समझ लेना चाहिए।

उन तोरणो के आगे दो-दो भृगार (झारी) हैं। ये भृगार भी उत्तम कमलो पर रखे हुए है यावत् हे आयुष्मन् श्रमणो! मत्त गजराज की मुखाकृति के समान विशाल आकार वाले है।

उन तोरणो के आगे दो-दो आदर्श-दर्पण रखे हैं। इन दर्पणो का वर्णन इस प्रकार है—

इनकी पाठपीठ सोने की है, (चौखटे वैडूर्य मणि के और पिछले भाग वज्ररत्नो के बने हुये हैं) प्रतिबिम्ब मण्डल अक रत्न के हैं और अनघिसे होने (घिसे नही जाने) पर भी ये दर्पण अपनी स्वाभाविक निर्मल प्रभा से युक्त है। हे आयुष्मन् श्रमणो! चन्द्रमण्डल सरीखे ये निर्मल दर्पण ऊचाई मे कायार्ध (आधे शरीर) जितने बडे-बडे हैं।

उन तोरणो के आगे वज्रमय नाभि वाले (वज्ररत्नो से निर्मित मध्य भाग वाले) दो-दो थाल रखे हैं। ये सभी थाल मूशल आदि से तीन बार छाटे गये, शोधे गये अतीव स्वच्छ निर्मल अखण्ड तदुलो-चावलो से परिपूर्ण-भरे हुए से प्रतिभासित होते हैं। हे आयुष्मन् श्रमणो! ये थाल जम्बूनद-स्वर्णविशेष-से बने हुए यावत् अतिशय रमणीय और रथ के पहिये जितने विशाल गोल आकार के हैं।

उन तोरणो के आगे दो-दो पात्रियाँ रखी है। ये पात्रिया स्वच्छ निर्मल जल से भरी हुई है और विविध प्रकार के सद्य-ताजे हरे फलो से भरी हुई-सी प्रतिभासित होती है। हे आयुष्मन् श्रमणो! ये सभी पात्रिया रत्नमयी, निर्मल यावत् अतीव मनोहर है और इनका आकार बडे-बडे गोकलिजरो (गाय को घास रखने के टोकरो) के समान गोल हैं।

उन तोरणो के आगे दो दो सुप्रतिष्ठकपात्र विशेष (प्रसाधन मजूषा-शृगारदान) रखे है। प्रसाधन-शृगार की साधन भूत औषधियो आदि से भरे हुए भाडो से सुशोभित हैं और सर्वात्मना रत्नो से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

---

१ एक दिशोन्मुख एव परस्पर एक दूसरे के उन्मुख अवस्थान को क्रमश पक्ति और वीथि कहते है।

उन तोरणो के आगे दो-दो मनोगुलिकाये है। इन मनोहर मनोगुलिकाओ पर अनेक सोने और चादी के पाटिये जडे हुए है और उन सोने और चादी के पाटियो पर वज्ररत्नमय नागदन्त लगे हैं एव उन नागदन्तो के ऊपर वज्ररत्नमय छीके टगे है। उन छीको पर काले, नीले, लाल पीले और सफेद सूत के जालीदार वस्त्र खण्ड से ढँके हुए वातकरक (जल से रहित, कोरे घडे) रखे है। ये सभी वातकरक वज्ररत्नमय, स्वच्छ यावत् अतिशय सुन्दर है।

उन तोरणो के आगे चित्रामो से युक्त दो-दो (रत्नकरडक-रत्नो के पिटारे) रखे है। जिस तरह चातुरत चक्रवर्ती (षट् खडाधिपति) राजा का वैडूर्यमणि से बना हुआ एव स्फटिक मणि के पटल से आच्छादित अद्‌भुत-आश्चर्य-जनक रत्नकरडक अपनी प्रभा से उस प्रदेश को पूरी तरह से प्रकाशित, उद्योतित, तापित और प्रभासित करता है, उसी प्रकार ये रत्नकरडक भी अपनी प्रभा—काति से अपने निकटवर्ती प्रदेश को सर्वात्मना प्रकाशित, उद्योतित तापित और प्रभासित करते है।

उन तोरणो के आगे दो-दो अश्वकठ (कठ पर्यन्त घोडे की मुखाकृति जैसे रत्न-विशेष) गज-कठ, नरकठ किन्नरकठ, किपुरुषकठ, महोरगकठ, गधर्वकठ, और वृषभकठ रखे है। ये सब अश्वकठा-दिक सर्वथा रत्नमय, स्वच्छ-निर्मल यावत् असाधारण सुन्दर है।

उन तोरणो के आगे दो-दो पुष्प-चगेरिकाये (फूलो से भरी छोटी-छोटी टोकरिया—डलियाये) माल्यचगेरिकाये, चूर्ण (सुगन्धित चूर्ण) चगेरिकाये गन्ध चगेरिकाये, वस्त्र चगेरिकायें, आभरण (आभूषण) चगेरिकाये, सिद्धार्थ (सरसो) की चगेरिकाये एव लोमहस्त (मयूरपिच्छ) चगेरिकाये रखी हैं। ये सभी रत्नो से बनी हुई, निर्मल यावत् प्रतिरूप—अतीव मनोहर है।

उन तोरणो के आगे दो-दो पुष्पपटलक (पिटारे) यावत् (माल्य, चूर्ण, गन्ध, वस्त्र, आभरण, सिद्धार्थ,) तथा मयूर पिच्छपटलक रखे है। ये सब भी पटलक रत्नमय, स्वच्छ—निर्मल यावत् प्रतिरूप हैं।

उन तोरणो के आगे दो-दो सिहासन है। इन सिहासनो का वर्णन मुक्तादामपर्यन्त पूर्ववत् कहना चाहिये।

उन तोरणो के आगे रजतमय दो-दो छत्र है। इन रजतमय छत्रो के दण्ड विमल वैडूर्य-मणियो के है, कर्णिकाये (बीच का केन्द्र) सोने की हैं, सधियाँ वज्र की हैं, मोती पिरोई हुई आठ हजार सोने की सलाइया (ताने) हैं तथा दद्दर चन्दन और सभी ऋतुओ के पुष्पो की सुरभि से युक्त शीतल कान्ति वाले है। इन पर मगलरूप स्वस्तिक आदि के चित्र बने हैं। इनका आकार चन्द्रमण्डलवत् गोल है।

उन तोरणो के आगे दो-दो चामर है। इन चामरो की डडिया चन्द्रकात वैडूर्य और वज्र रत्नो की हैं और उनपर अनेक प्रकार के मणि-रत्नो द्वारा विविध चित्र-विचित्र रचनाये बनी हैं, शख, अकरत्न, कु दपुष्प, जलकण और मथित क्षीरोदधि के फेनपु ज सदृश श्वेत-धवल इनके पतले लम्बे बाल है। ये सभी चामर सर्वथा रत्नमय, निर्मल यावत् प्रतिरूप-अनुपम शोभा वाली हैं।

उन तोरणो के आगे दो-दो तेलसमुद्‌गक (सुगन्धित तेल से भरे पात्र), कोष्ठ (सुगन्धित द्रव्य-विशेष कुटज) समुद्‌गक, पत्र (तमाल—के पत्ते) समुद्‌गक, चोयसमुद्‌गक, तगरसमुद्‌गक, एला

(इलायची) समुद्गक, हरतालसमुद्गक, हिंगलुकसमुद्गक, मैनसिलसमुद्गक, अंजनसमुद्गक रखे हैं। ये सभी समुद्गक रत्नों से बने हुए, निर्मल यावत् अतीव मनोहर हैं।

द्वारस्थ ध्वजाओं का वर्णन—

१३३—सूरियाभे णं विमाणे एगमेगे दारे अट्ठसयं चक्कज्झयाणं, अट्ठसयं मिगज्झयाणं, गरुडज्झयाणं, छत्तज्झयाणं, पिच्छज्झयाणं, सउणिज्झयाणं, सीहज्झयाणं, उसभज्झयाणं, अट्ठसयं सेयाणं चउविसाणाणं नागवरकेऊणं। एवमेव सपुव्वावरेणं सूरियाभे विमाणे एगमेगे दारे असीयं असीयं केउसहस्सं भवति इति मक्खायं।

१३३—सूर्याभ विमान के प्रत्येक द्वार के ऊपर चक्र, मृग, गरुड, छत्र, मयूरपिच्छ, पक्षी, सिंह, वृषभ, चार दांत वाले श्वेत हाथी और उत्तम नाग (सर्प) के चित्र (चिह्न) से अंकित एक सौ, आठ—एक सौ आठ ध्वजायें फहरा रही हैं। इस तरह सब मिलाकर एक हजार अस्सी-एकहजार अस्सी ध्वजायें उस सूर्याभ विमान के प्रत्येक द्वार पर फहरा रही हैं—ऐसा तीर्थंकर भगवन्तों ने कहा है।

द्वारवर्ती भौमों (विशिष्ट स्थानों) का वर्णन—

१३४—तेसि णं दाराणं एगमेगे दारे पण्णट्ठिं पण्णट्ठिं भोमा पन्नत्ता। तेसि णं भोमाणं भूमिभागा, उल्लोया च भाणियव्वा। तेसि णं भोमाणं च बहुमज्झदेसभागे पत्तेयं पत्तेयं सीहासणे, सीहासणवन्नओ सपरिवारो, अवसेसेसु भोमेसु पत्तेय-पत्तेयं भद्दासणा पन्नत्ता।

१३४—उन द्वारों के एक-एक द्वार पर पैंसठ-पैंसठ भौम (विशिष्ट स्थान—उपरिगृह) बताये हैं। यान विमान की तरह ही इन भौमों के समरमणीय भूमि भाग और उल्लोक (चन्देवों) का वर्णन करना चाहिए।

इन भौमों के बीचों-बीच एक-एक सिंहासन रखा है। यानविमानवर्ती सिंहासन की तरह उसका सपरिवार वर्णन समझना चाहिए, अर्थात् उसके परिवार रूप सामानिक आदि देवों के भद्रासनों सहित इन सिंहासनों का वर्ण-जानना चाहिये। शेष आसपास के भौमों में भद्रासन रक्खे हैं।

१३५—तेसि णं दाराणं उत्तमागारा[1] सोलसविहेहिं रयणेहिं उवसोभिया, तं जहा—रयणेहिं जाव रिट्ठेहिं।

तेसि णं दाराणं उप्पिं अट्ठट्ठमंगलगा सज्झया जाव छत्तातिछत्ता।

एवमेव सपुव्वावरेणं सूरियाभे विमाणे चत्तारि दारसहस्सा भवंतीति मक्खायं।

१३५—उन द्वारों के ओतरंग (ऊपरी भाग) सोलह प्रकार के रत्नों से उपशोभित हैं। उन रत्नों के नाम इस प्रकार हैं—कर्केतनरत्न यावत् (वज्र, वैडूर्य, लोहिताक्ष, मसारगल्ल, हंसगर्भ, पुलक सौगन्धिक, ज्योतिरस, अंक, अंजन, रजत, अंजनपुलक, जातरूप, स्फटिक), रिष्टरत्न।

---

१ पाठान्तर—उवरिमागारा।

उन द्वारो के ऊपर ध्वजाओ यावत् छत्रातिछत्रो से शोभित स्वस्तिक आदि आठ-आठ मगल हैं।

इस प्रकार सूर्याभ विमान मे सब मिलकर चार हजार द्वार सुशोभित हो रहे है।

विमान के वनखण्डों का वर्णन—

१३६—सूरियाभस्स विमाणस्स चउद्दिसिं पच जोयणसयाइ अबाहाए चत्तारि वणसडा पन्नत्ता, त जहा—असोगवणे, सत्तवण्णवणे, चपगवणे, चूयगवणे।

पुरत्थिमेणं असोगवणे, दाहिणेण सत्तवन्नवणे, पच्चत्थिमेण चपगवणे, उत्तरेण चूयगवण।

ते ण वणखडा साइरेगाइ अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइ आयामेण, पच जोयणसयाइ विक्खभेण, पत्तेय पत्तेय पागारपरिखित्ता, किण्हा किण्होभासा, नीला नीलोभासा, हरिया हरियोभासा, सीया सीयोभासा, निद्धा निद्धोभासा, तिव्वा तिव्वोभासा, किण्हा किण्हच्छाया, नीला नीलच्छाया, हरिया हरियच्छाया, सीया सीयच्छाया, निद्धा निद्धच्छाया, घणकडितडियच्छाया, रम्मा महामेहनिकुरु ब-भूया। ते ण पायवा मूलमतो वणखडवन्नओ।

१३६—उस सूर्याभविमान के चारो ओर पाच सौ-पाँच सौ योजन के अन्तर पर चार दिशाओ मे १ अशोकवन, २ सप्तपर्णवन, ३ चपकवन और ४ आम्रवन नामक चार वन खड हैं।

पूर्व दिशा मे अशोकवन, दक्षिण दिशा मे सप्तपर्ण वन, पश्चिम मे चपक वन और उत्तर मे आम्रवन है।

ये प्रत्येक वनखड साढे बारह लाख योजन से कुछ अधिक लम्बे और पाच सौ योजन चौडे हैं। प्रत्येक वनखड एक-एक परकोटे से परिवेष्टित—घिरा है।

ये सभी वनखड अत्यन्त घने होने के कारण काले और काली आभा वाले, नीले और नील आभा वाले, हरे और हरी काति वाले, शीत स्पर्श और शीत आभा वाले, स्निग्ध—कमनीय और कमनीय काति दीप्ति-प्रभा वाले, तीव्र प्रभा वाले तथा काले और काली छाया वाले, नीले और नीली छाया वाले, हरे और हरी छाया वाले, शीतल और शीतल छाया वाले, स्निग्ध और स्निग्ध छाया वाले है एव वृक्षो की शाखा-प्रशाखायें आपस मे एक दूसरी से मिली होने के कारण अपनी सघन छाया से बडे ही रमणीय तथा महा मेघो के समुदाय जैसे सुहावने दिखते हैं।

इन वनखडो के वृक्ष जमीन के भीतर गहरी फैली हुई जडो से युक्त है, इत्यादि वृक्षो का समग्र वर्णन औपपातिक सूत्र के अनुसार यहाँ करना चाहिए।

विवेचन—औपपातिक सूत्र के अनुसार सक्षेप मे वनखड के वृक्षो का वर्णन इस प्रकार है—

---

१ एक जाति वाले श्रेष्ठ वृक्षो के समूह को वन और भिन्न-भिन्न जाति वाले वृक्षो के समुदाय को वनखड कहते है—एग जाईएहिं रुक्खेहिं वण अणेगजाईएहिं उत्तमेहिं रुक्खेहिं वणसण्डे (जीवाभिगम चूर्णि)।

इन वनखडो के वृक्ष जमीन के अन्दर विस्तृत गहरे फैले हुए मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रशाखा, प्रवाल, पत्र, पुष्प, फल, बीज से युक्त है। छतरी के समान इनका रमणीय गोल आकार है। इनके स्कन्ध ऊपर की ओर उठी हुई अनेक शाखा-प्रशाखाओ से शोभित है और इतने विशाल एव वृत्ताकार है कि अनेक पुरुष मिलकर भी अपने फैलाये हुए हाथो से उन्हे घेर नही पाते। पत्ते इतने घने है कि बीच मे जरा भी अतर दिखलाई नही देता है। पत्र-पल्लव सदैव नवीन जैसे दिखते है। कोपले अत्यन्त कोमल हैं और सदैव सर्व ऋतुओ के पुष्पो से व्याप्त है तथा नमित, विशेष नमित, पुष्पित, पल्लवित, गुल्मित, गुच्छित, विनमित प्रणमित होकर मजरी रूप शिरोभूषणो से अलकृत रहते है। तोता, मयूर, मैना, कोयल, नदीमुख, तीतर, बटेर, चक्रवाल, कलहस, बतक, सारस आदि अनेक पक्षि-युगलो के मधुर स्वरो से गू जते रहते हैं। अनेक प्रकार के गुच्छो और गुल्मो से निर्मित मडप आदि से सुशोभित है। नासिका और मन को तृप्ति देने वाली सुगध से महकते रहते है। इस प्रकार ये सभी वृक्ष सुरम्य, प्रासादिक दर्शनीय, अभिरूप-मनोहर एव प्रतिरूप—विशिष्ट शोभासपन्न हैं।

१३७—तेसि ण वणसडाण अतो बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता, से जहानामए आलिंग-पुक्खरे तिवा जाव णाणाविहपचवण्णेहि मणीहि य तणेहि य उवसोभिया, तेसि ण गधो फासो णेयव्वो जहक्कम।

१३७—उन वनखडो के मध्य मे अति सम रमणीय भूमिभाग (मैदान) हैं। वे-मैदान आलिग पुष्कर आदि के सदृश समतल यावत् नाना प्रकार के रग-बिरगे पचरगे मणियो और तृणो से उप-शोभित है। इन मणियो के गध और स्पर्श यथाक्रम से पूर्व मे किये गये मणियो के गध और स्पर्श के वर्णन के समान जानना चाहिए।

मणियो और तृणो की ध्वनियाँ—

१३८—प्र०—तेसि ण भते! तणाण य मणीण य पुव्वावरदाहिणुत्तरागतेहि वातेहि मदाय मदाय एइयाण वेइयाण कपियाण चालियाण फदियाण घट्टियाण खोभियाण उदीरियाण केरिसए सद्दे भवति?

१३८—हे भदन्त! पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा से आए वायु के स्पर्श से मद-मद हिलने-डुलने, कपने, डगमगाने, फरकने, टकराने क्षुभित—विचलित और उदीरित—प्रेरित होने पर उन तृणो और मणियो की कैसी शब्द-ध्वनि होती है?

१३९—उ०—गोयमा! से जहानामए सीयाए वा, सदमाणीए वा, रहस्स वा सच्छत्तस्स सज्झयस्स, सघटस्स, सपडागस्स, सतोरणवरस्स सनदिघोसस्स, सखिखिणिहेमजालपरिखित्तस्स, हेमवयचित्ततिणिसकणगणिज्जुत्तदारुयायस्स, सुसपिनद्धचक्कमडलधुरागस्स, कालायससुकयणेमिजत-कम्मस्स आइण्णवर-तुरगसुसपउत्तस्स, कुसलणरच्छेयसारहि-सुसपरिग्गहियस्स, सरसबत्तीसतोणपरि-मडियस्स सककडावयगस्स, सचाव-सर-पहरण-आवरणभरिय-जोधजुज्झसज्जस्स, रायगणसि वा रायतेउरसि वा रम्मसि वा मणिकुट्टिमतलसि अभिक्खण अभिक्खण अभिघट्टिज्जमाणस्स वा नियट्टिज्ज-माणस्स वा ओराला मणुण्णा मणोहरा कण्णमणनिव्वुइकरा सद्दा सव्वओ समता अभिणिस्सवति।

भवेयारूवे सिया? णो इणट्ठे समट्ठे।

१३९—हे गौतम! जिस तरह शिविका (डोली, पालकी) अथवा स्यन्दमानिका (बहली-सुख-पूर्वक एक व्यक्ति के बैठने योग्य घोडा जुता यान-विशेष) अथवा रथ, जो छत्र, ध्वजा, घटा, पताका और उत्तम तोरणो से सुशोभित, वाद्यसमूहवत् शब्द-निनाद करने वाले घु घरुओ एव स्वर्णमयी मालाओ से परिवेष्टित हो, हिमालय मे उत्पन्न अति निगड-सारभूत उत्तम तिनिश काष्ठ से निर्मित एव सुव्यवस्थित रीति से लगाये गये आरो से युक्त पहियो और धुरा से सुसज्जित हो, सुदृढ उत्तम लोहे के पट्टो से सुरक्षित पट्टियो वाले, शुभलक्षणो और गुणो से युक्त कुलीन अश्व जिसमे जुते हो जो रथ-सचालन-विद्या मे अति कुशल, दक्ष सारथी द्वारा सचालित हो, एक सौ-एक सौ बाण वाले, बत्तीस तूणीरो (तरकसो) से परिमडित हो, कवच से आच्छादित अग्र-शिखर-भाग वाला हो, धनुष बाण, प्रहरण, कवच आदि युद्धोपकरणो से भरा हो, और युद्ध के लिये तत्पर—सन्नद्ध योधाओ के लिए सजाया गया हो, ऐसा रथ बारबार मणियो और रत्नो से बनाये गये—फर्श वाले राजप्रागण, अतःपुर अथवा रमणीय प्रदेश मे आवागमन करे तो सभी दिशा-विदिशा मे चारो ओर उत्तम, मनोज्ञ, मनोहर, कान और मन को आनन्द-कारक मधुर शब्द-ध्वनि फैलती है।

हे भदन्त! क्या इन रथादिको की ध्वनि जैसी ही उन तृणो और मणियो की ध्वनि है?

गौतम! नही, यह अर्थ समर्थ नही है। (उनकी ध्वनि तो इनसे भी विशेष मधुर है।)

१४०—से जहाणामए वेयालियवीणाए उत्तरमदामुच्छियाए अके सुपइट्ठियाए कुसलनरनारि-सुसपरिग्गहियाए चदणसारनिम्मियकोणपरिघट्टियाए पुव्वरत्तावरत्तकालसमयमि मदाय-मदाय वेइयाए, पवेइयाए, चलियाए, घट्टियाए, खोभियाए, उदीरियाए ओराला, मणुण्णा, मणहरा, कण्ह-मणनिव्वुइकरा सद्दा सव्वओ समता अभिनिस्सवति, भवेयारूवे सिया? णो इणट्ठे समट्ठे।

१४०—भदन्त! क्या उन मणियो और तृणो की ध्वनि ऐसी है जैसी कि मध्यरात्रि अथवा रात्रि के अतिम प्रहर मे वादनकुशल नर या नारी द्वारा अक—गोद मे लेकर चदन के सार भाग से रचित कोण (वीणा बजाने का दड, डाडी) के स्पर्श से उत्तर-मद मूर्च्छना वाली (राग-रागिनी के अनुरूप तीव्र-मद आरोह-अवरोह ध्वनियुक्त) वैतालिक वीणा को मद-मद ताडित, कपित, प्रकपित, चालित, घर्षित क्षुभित और उदीरित किये जाने पर सभी दिशाओ एव विदिशाओ मे चारो ओर उदार, सुन्दर, मनोज्ञ, मनोहर, कर्णप्रिय एव मनमोहक ध्वनि गू जती है?

गौतम! नही, यह अर्थ समर्थ नही है। उन मणियो और तृणो की ध्वनि इससे भी अधिक मधुर है।

१४१—से जहानामए किन्नराण वा, किंपुरिसाण वा, महोरगाण वा, गधव्वाण वा, भद्द-सालवणगयाण वा, नदणवणगयाण वा, सोमणसवणगयाण वा, पडगवणगयाण वा, हिमवतमलयमदर-गिरिगुहासमन्नागयाण वा, एगओ सन्निहियाण समागयाण सन्निसन्नाण समुवविट्ठाण पमुइयपक्की-लियाण गीयरइ गधव्वहसियमणाण गज्ज पज्ज, कत्थ, गेय पयबद्ध, पायबद्ध उक्खित्त पायत मदाय रोइयावसाण सत्तसरसमन्नागय[1] छद्दोसविप्पमुक्क एक्कारसालकार अट्ठगुणोववेय, गु जाऽवककुहरो-वगूढ रत्त तिट्ठाणकरणसुद्ध पगीयाण, भवेयारूवे?

---

१ पाठान्तर—अट्ठरसमपउत्त।

१४१—भगवन् ! तो क्या उनकी ध्वनि इस प्रकार की है, जैसे कि भद्रशालवन, नन्दनवन, सौमनसवन अथवा पाडुक वन या हिमवन, मलय अथवा मदरगिरि की गुफाओ मे गये हुए एव एक स्थान पर एकत्रित, समागत, बैठे हुए और अपने-अपने समूह के साथ उपस्थित, हर्षोल्लास पूर्वक क्रीडा करने मे तत्पर, सगीत-नृत्य-नाटक-हासपरिहासप्रिय किन्नरो, किंपुरुषो, महोरगो अथवा गधर्वो के गद्यमय-पद्यमय, कथनीय, गेय, पद-बद्ध, पादबद्ध, उत्क्षिप्त, पादान्त, मद-मद घोलनात्मक, रोचितावसान-सुखान्त, मनमोहक सप्त स्वरो से समन्वित, षड्दोषो से रहित, ग्यारह अलकारो और आठ गुणो से युक्त गु जारव से दूर-दूर के कोनो—क्षेत्रो को व्याप्त करने वाले राग-रागिनी से युक्त त्रि-स्थान-करण शुद्ध गीतो के मधुर बोल होते है ?

विवेचन—भवनपति, वाणव्यतर, ज्योतिष्क, और वैमानिक इन चार देवनिकायो मे से किन्नर, किंपुरुष, महोरग और गधर्व व्यतरनिकाय के देव हैं। ये सभी प्रशस्त गीत, सगीत, नृत्य एव नाट्य-कलाओ के प्रेमी होते है। बालसुलभ क्रीडा और हास-परिहास, कोलाहल करने मे इन्हे आनन्दानुभूति होती है। पुष्पो से बनाये हुए मुकुट, कु डल आदि इनके प्रिय आभूषण है। सर्व ऋतुओ के सुन्दर सुगधित पुष्पो द्वारा निर्मित वनमालाओ से इनके वक्षस्थल शोभित रहते है। ये अनेक प्रकार के चित्र-विचित्र रग-बिरगे पचरगे परिधान—वस्त्र पहनते हैं। ये सभी प्राय सुमेरु पर्वत और हिमवत आदि पर्वतो के रमणीय प्रदेशो मे निवास करते है।

प्रस्तुत सूत्र मे सगीत के स्वर, दोष और गुणो की सख्या का सकेत करने के लिये सत्तसर-समन्नागय, छद्दोसविप्पमुक्क, अट्ठगुणोववेय पद दिये है। स्वरो आदि के नाम इस प्रकार है—

सप्तस्वर—१ षड्ज, २ ऋषभ, ३ गाधार, ४ मध्यम, ५ पचम, ६ धैवत और ७ निषाद।

षड्दोष—१ भीत, २ द्रु त, ३. उप्पित्थ, ४ उत्ताल, ५ काकस्वर, ६ अनुनास।

अष्टगुण—१ पूर्ण, २ रक्त ३ अलकृत ४ व्यक्त ५ अविघुष्ट, ६ मधुर, ७ सम ८ सुललित।

१४२—हता सिया।

१४२—हे गौतम ! हाँ, ऐसी ही मधुरातिमधुर ध्वनि उन मणियो और तृणो से निकलती है।

वनखंडवर्ती वापिकाओं आदि का वर्णन—

१४३—तेसि ण वणसडाण तत्थ-तत्थ तहिं तहिं देसे देसे बहूईओ खुड्डा खुड्डियातो वावीयाओ, पुक्खरिणीओ, दीहियाओ, गु जालियाओ, सरपतियाओ, सरसरपतियाओ, बिलपतिओ, अच्छाओ सण्हाओ रययामयकूलाओ, समतीराओ वयरामयपासाणाओ तवणिज्जतलाओ, सुवण्ण-सुब्भरययवालुयाओ वेरुलियमणिफालियपडलपच्चोयडाओ, सुहोयारसुउत्ताराओ, णाणामणि-तित्थसुबद्धाओ, चउक्कोणाओ, आणुपुव्वसुजातवप्पगभीरसीयलजलाओ, सछन्नपत्तभि-समुणालाओ, बहुउप्पलकुमुयनलिणसुभगसोगधियपोडरीयसयवत्तसहस्सपत्तकेसरफुल्लोवचियाओ छप्पयपरिभुज्जमाणकमलाओ, अच्छविमलसलिलपुण्णाओ, पडिहत्थभमतमच्छकच्छभ-अणेगसउण-मिहुणगपविचरिताओ।

पत्तेय-पत्तेय पउमवरवेदियापरिक्खित्ताओ, पत्तेय-पत्तेय वणसडपरिक्खित्ताओ ।

अप्पेगइयाओ आसवोयगाओ, अप्पेगइयाओ वारुणोयगाओ, अप्पेगइयाओ खीरोयगाओ, अप्पेगइयाओ घओयगाओ, अप्पेगइयाओ खोदोयगाओ[1] अप्पेगतियाओ पगतीए उयगरसेण पण्णत्ताओ, पासादीयाओ दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ ।

१४३—उन वनखडो मे जहाँ-तहाँ स्थान-स्थान पर अनेक छोटी-छोटी चौरस वापिकायें-बावडियाँ, गोल पुष्करिणियाँ, दीर्घिकाये (सीधी बहती नदियाँ), गु जालिकाये (टेढी-तिरछी-बाकी बहती नदिया), फूलो से ढँकी हुई सरोवरो की पक्तियाँ, सर-सर पक्तियाँ (पानी के प्रवाह के लिये नहर द्वारा एक दूसरे से जुडे हुए तालाबो की पक्तियाँ) एव कूपपक्तियाँ बनी हुई है ।

इन सभी वापिकाओ आदि का बाहरी भाग स्फटिमणिवत् अतीव निर्मल, स्निग्ध—कमनीय है । इनके तट रजतमय है और तटवर्ती भाग अत्यन्त सम-चौरस है । ये सभी जलाशय वज्ररत्न रूपी पाषाणो से बने हुए हैं । इनके तलभाग तपनीय स्वर्ण से निर्मित है तथा उन पर शुद्ध स्वर्ण और चादी की बालू बिछी है । तटो के समीपवर्ती ऊँचे प्रदेश (मु डेर) वैडूर्य और स्फटिक मणि-पटलो के बने हैं । इनमे उतरने और निकलने के स्थान सुखकारी हैं । घाटो पर अनेक प्रकार की मणियाँ जडी हुई है । चार कोने वाली वापिकाओ और कुओ मे अनुक्रम से नीचे-नीचे पानी अगाध एव शीतल है तथा कमलपत्र, बिस (कमलकद) और मृणालो से ढँका हुआ है । ये सभी जलाशय विकसित—खिले हुए उत्पल, कुमुद, नलिन, सुभग, सौगधिक, पु डरीक, शतपत्र तथा सहस्र-पत्र कमलो से सुशोभित है और उन पर पराग-पान के लिये भ्रमरसमूह गू ज रहे है । स्वच्छ-निर्मल जल से भरे हुए है । कल्लोल करते हुए मगर-मच्छ कछुआ आदि बेरोक-टोक इधर-उधर घूम फिर रहे हैं और अनेक प्रकार के पक्षिसमूहो के गमनागमन से सदा व्याप्त रहते है ।

ये सभी जलाशय एक-एक पद्मवरवेदिका और एक एक वनखड से परिवेष्टित—घिरे हुए हैं ।

इन जलाशयो मे से किसी मे आसव जैसा, किसी मे वारुणोदक (वारुण समुद्र के जल) जैसा, किसी मे क्षीरोदक जैसा, किसी मे घी जैसा, किसी मे इक्षुरस जैसा और किसी-किसी मे प्राकृतिक—स्वाभाविक पानी जैसा पानी भरा है ।

ये सभी जलाशय मन को प्रसन्न करने वाले, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप है ।

१४४—तासि ण वावीण जाव बिलपतीण पत्तेय पत्तेय चउद्दिसिं चत्तारि तिसोपाणपडिरूवगा पण्णत्ता, तेसि ण तिसोपाणपडिरूवगाण अयमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तं जहा—वइरामया नेमा तोरणाण छत्ताइछत्ता य णेयव्वा ।

१४४—उन प्रत्येक वापिकाओ यावत् कूपपक्तियो की चारो दिशाओ मे तीन-तीन सुन्दर सोपान बने हुए है । इन त्रिसोपान प्रतिरूपको का वर्णन इस प्रकार है, जैसे—उनकी नेमे वज्ररत्नो की है इत्यादि तोरणो, ध्वजाओ और छत्रातिछत्रो पर्यन्त इनका वर्णन पूर्ववत् समझ लेना चाहिए ।

---

१ पाठान्तर—अप्पेगइआओ खारोयगाओ ।

१४५—तासि णं खुड्डाखुड्डियाण वावीण जाव बिलपंतियाण तत्थ-तत्थ तहिं-तहिं बहवे उप्पायपव्वयगा, नियइपव्वयगा, जगईपव्वयगा दारुइज्जपव्वयगा, दगमडवा, दगमचगा, दगमालगा, दगपासायगा, उसड्ढा खुड्डखुड्डगा अदोलगा पक्खदोलगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा ।

१४५—उन छोटी-छोटी वापिकाओ यावत् कूपपक्तियो के मध्यवर्ती प्रदेशो मे बहुत से उत्पात पर्वत, नियतिपर्वत, जगतीपर्वत दारुपर्वत तथा कितने ही ऊँचे-नीचे, छोटे-बडे दकमडप, दकमच, दकमालक, दकप्रासाद बने हुए है तथा कही-कही पर मनुष्यो और पक्षियो को झूलने के लिये झूले-हिंडोले पडे हैं । ये सभी पर्वत आदि सर्वरत्नमय अत्यन्त निर्मल यावत् असाधारण रूप से सपन्न है ।

विवेचन—सूत्र मे वापिकाओ आदि के अन्तरालवर्ती स्थानो मे आये हुए जिन पर्वतो आदि का वर्णन किया है, उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

उत्पातपर्वत—ऐसे पर्वत जहाँ सूर्याभ-विमानवासी देव-देवियाँ विविध प्रकार की चित्र-विचित्र क्रीडाओ के निमित्त अपने-अपने उत्तर वैक्रिय शरीरो की रचना करते हैं ।

नियतिपर्वत—इन पर्वतो पर सूर्याभ-विमानवासी देव-देवियाँ अपने-अपने भवधारणीय (मूल) वैक्रिय शरीरो से क्रीडारत रहते है ।

जगतीपर्वत—इन पर्वतो का आकार कोट-परकोटे जैसा होता है ।

दारुपर्वत—दारु अर्थात् काष्ठ-लकडी । लकडी से बने पर्वत जैसे आकार वाले कृत्रिम पर्वत ।

दकमडप—स्फटिक मणियो से निर्मित मडप अथवा ऐसे मडप जिनमे फुव्वारो द्वारा कृत्रिम वर्षा की रिमझिम-रिमझिम फुहारे बरसती रहती हैं ।

दकमालक—स्फटिक मणियो से बने हुए घर के ऊपरी भाग मे बने हुए कमरे—मालिये ।

उत्पात पर्वतो आदि की शोभा

१४६—तेसु ण उप्पाय-पव्वएसु पक्खदोलएसु बहूइ हसासणाइ, कोंचासणाइ गरुलासणाइ उण्णयासणाइ, पणयासणाइ, दीहासणाइ, भद्दासणाइं, पक्खासणाइ, मगरासणाइ, उसभासणाइ, सीहासणाइ, पउमासणाइ, दिसासोवत्थियाइ[1] सव्वरयणामयाइ अच्छाइ जाव पडिरूवाइ ।

१४६—उन उत्पात पर्वतो, पक्षिहिंडोलो आदि पर सर्वरत्नमय, निर्मल यावत् अतीव मनोहर अनेक हसासन (हस जैसी आकृति वाले आसन) क्रोचासन, गरुडासन, उन्नतासन (ऊपर की ओर उठे हुए आसन), प्रणतासन (नीचे की ओर झुके हुए आसन), दीर्घासन (शैया जैसे लम्बे आसन) भद्रासन, पक्ष्यासन, मकरासन, वृषभासन, सिंहासन, पद्मासन और दिशास्वस्तिक आसन (पक्षी, मगर, वृषभ, सिंह, कमल और स्वस्तिक के चित्रामो से सुशोभित अथवा तदनुरूप आकृति वाले आसन रखे हुए हैं ।

---

१ यथाक्रम से इन आसनो की नामबोधक सग्रहणी गाथा इस प्रकार है—

'हसे कोंचे गरुडे उण्णय पणए य दीह भद्दे य ।
पक्खे मयरे पउमे सीह दिसासोत्थि वारसमे ।''

वनखंडवर्ती गृहो का वर्णन

१४७—तेसु ण वणसडेसु तत्थ-तत्थ तहिं-तहिं देसे-देसे बहवे आलियघरगा, मालियघरगा, कयलिघरगा, लयाघरगा, अच्छणघरगा, पिच्छणघरगा, मज्जणघरगा, पसाहणघरगा, गब्भघरगा, मोहणघरगा, सालघरगा, जालघरगा, कुसुमघरगा, चित्तघरगा, गधव्वघरगा, आयसघरगा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

१४७—उन वनखडो मे यथायोग्य स्थानो पर बहुत से आलिगृह (वनस्पतिविशेप से वने हुए गृह जैसे मडप) मालिगृह (वनस्पतिविशेष से बने हुए गृह) कदलीगृह, लतागृह, आसनगृह, (विश्राम करने के लिये बैठने योग्य आसनो से युक्त घर) प्रेक्षागृह (प्राकृतिक शोभा के अवलोकन हेतु वने विश्रामगृह अथवा नाटयगृह) मज्जनगृह (स्नानघर) प्रसाधनगृह (शृ गार-साधनो से सुसज्जित स्थान) गर्भगृह (भीतर का घर), मोहनगृह (रतिक्रीडा करने योग्य स्थान), शालागृह, जाली वाले गृह, कुसुमगृह, चित्रगृह (चित्रो से सज्जित स्थान) गधर्वगृह (सगीत-नृत्य शाला) आदर्शगृह (दर्पणो से बने हुए भवन) सुशोभित हो रहे है। ये सभी गृह रत्नो से बने हुए अधिकाधिक निर्मल यावत् असाधारण मनोहर हैं।

१४८—तेसु ण आलियघरगेसु जाव[1] आयसघरगेसु तहिं तहिं घरएसु हसासणाइ जाव[2] दिसासोवत्थिआसणाइ सव्वरयणामयाइ जाव पडिरूवाइ।

१४८—उन आलिगृहो यावत् आदर्शगृहो मे सर्वरत्नमय यावत् अतीव मनोहर हसासन यावत् दिशा-स्वस्तिक आसन रखे हैं।

वनखंडवर्ती मंडपो का वर्णन

१४९—तेसु ण वणसडेसु तत्थ-तत्थ देसे तहिं तहिं बहवे जातिमडवगा, जूहियामडवगा मल्लियामडवगा, णवमालियामडवगा, वासतिमडवगा, दहिवासुयमडवगा, सूरिल्लियमडवगा[3] तबोलिमडवगा, मुद्दियामडवगा, णागलयामडवगा, अतिमुत्तयलयामडवगा, अप्फोयामडगा, मालुयामडवगा, अच्छा सव्वरयणामया जाव पडिरूवा।

१४९—उन वनखडो मे विभिन्न स्थानो पर बहुत से जातिमडप (जाई के कु ज), यूथिकामडप (जूही की बेल के मडप), मल्लिकामडप, नवमल्लिकामडप, वासंतीमडप, दधिवासुका (वनस्पतिविशेष) मडप, सूरिल्लि (सूरजमुखी) मडप, नागरबेलमडप, मृद्वीकामडप (अगूर की बेल के मंडप) नागलतामडप, अतिमुक्तक (माधवीलतामडप, अप्फोया मडप और मालुकामडप बने हुए है। ये सभी मडप अत्यन्त निर्मल, सर्वरत्नमय यावत् प्रतिरूप—अतीव मनोहर है।

विवेचन—लता और वेलो से बने इन मडपो मे बहुत सी सुगधित पुष्पो वाली लताये और वेलें तो प्रसिद्ध हैं, परन्तु कुछ एक नामो के बारे मे जानकारी नही मिलती है। जैसे दधिवासुका

---

१ देखें सूत्र सख्या १४७

२ देखें सूत्र सख्या १४६

३ पाठान्तर—सूरल्लि, सूरमल्लि।

अप्फोया मालुका । लेकिन प्रसग से ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी लताये प्राय सुगधित पुष्पो वाली होनी चाहिये ।

१५०—तेसु ण जातिमडवएसु जाव मालुयामडवएसु बहवे पुढविसिलापट्टगा हसासणसठिया जाव दिसासोवत्थियासणसठिया, अण्णे य बहवे वरसयणासणविसिट्ठसठाणसठिया[1] पुढविसिलापट्टगा पण्णत्ता समाणाउसो ! आईणग-रूय-बूर-णवणीय-तूलफासा, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा ।

१५०—हे आयुष्मन् श्रमणो ! उन जातिमडपो यावत् मालुकामडपो मे कितने ही हसासन सदृश आकार वाले यावत् कितने ही क्रोचासन, कितने ही गरुडासन, कितने ही उन्नतासन, कितने ही प्रणतासन, कितने ही दीर्घासन, कितने ही भद्रासन, कितने ही पक्ष्यासन, कितने ही मकरासन, कितने वृषभासन, कितने ही सिंहासन, कितने ही पद्मासन, कितने ही दिशा स्वस्तिकासन जैसे आकार वाले पृथ्वीशिलापट्टक तथा दूसरे भी बहुत से श्रेष्ठ शयनासन (शैया, पलग) सदृश विशिष्ट आकार वाले पृथ्वीशिलापट्टक रखे हुए है । ये सभी पृथ्वीशिलापट्टक चर्मनिर्मित वस्त्र अथवा मृगछाला, रुई, बूर, नवनीत, तूल, सेमल या आक की रुई के स्पर्श जैसे सुकोमल, कमनीय, सर्वरत्नमय, निर्मल यावत् अतीव रमणीय हैं ।

१५१—तत्थ ण बहवे वेमाणिया देवा य देवीओ य आसयति, सयति, चिट्ठ ति, निसीयति, तुयट्ट ति, रमति, ललति, कीलति, किट्टति, मोहेति, पुरा पोराणाण सुचिण्णाण सुपरिक्कताण सुभाण कडाण कम्माण कल्लाणाण कल्लाण फलविवाग पच्चणुब्भवमाणा विहरति ।

१५१—उन हसासनो आदि पर बहुत से सूर्याभविमानवासी देव और देवियाँ सुखपूर्वक बैठते हैं, सोते हैं, शरीर को लम्बा कर लेटते है, विश्राम करते है, ठहरते हैं, करवट लेते है, रमण करते हैं, केलिक्रीडा करते हैं, इच्छानुसार भोग-विलास भोगते है, मनोविनोद करते हैं, रासलीला करते हैं और रतिक्रीडा करते हैं । इस प्रकार वे अपने-अपने सुपुरुषार्थ से पूर्वोपार्जित शुभ, कल्याणमय शुभफलप्रद, मगलरूप पुण्य कर्मों के कल्याणरूप फलविपाक का अनुभव करते हुए समय बिताते है ।

वनखण्डवर्ती प्रासादावतंसक—

१५२—तेसि ण वणसडाण बहुमज्झदेसभाए पत्तेय-पत्तेय पासायवडेंसगा पण्णत्ता, तेण पासायवडेंसगा पच जोयणसयाइ उड्ढ उच्चत्तेण, अड्ढाइज्जाइ जोयणसयाइ विक्खभेण, अब्भुग्गय-मूसियपहसिया इव तहेव बहुसमरमणिज्जभूमिभागो, उल्लोओ, सीहासण सपरिवार । तत्थ ण चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव महज्जुइया, महाबला, महासुक्खा महाणुभावा) पलिओवमट्ठितीया परिवसति, तजहा असोए सत्तपण्णे चपए चूए ।

१५२—उन वनखण्डो के मध्यातिमध्य भाग मे (बीचोबीच) एक-एक प्रासादावतसक (प्रासादो के शिरोभूषण रूप श्रेष्ठ प्रासाद) कहे है ।

ये प्रासादावतसक पाँच सौ योजन ऊँचे और अढाई सौ योजन चौडे है और अपनी उज्ज्वल प्रभा से हँसते हुए से प्रतीत होते है । इनका भूमिभाग अतिसम एव रमणीय है । इनके चदेवा, सामानिक आदि देवो के भद्रासनो सहित सिंहासन आदि का वर्णन पूर्ववत् कर लेना चाहिए ।

---

१ पाठान्तर—मामलसुघट्ठविसिट्ठसठाणसठिया ।

इन प्रासादावतसको मे महान् ऋद्धिशाली यावत् (महाद्युतिसम्पन्न, महाबलिष्ठ, अतीव सुखसम्पन्न और महाप्रभावशाली) एक पल्योपम की स्थिति वाले चार देव निवास करते है। उनके नाम इस प्रकार है—अशोकदेव, सप्तपर्णदेव, चपकदेव और आम्र देव।

विवेचन—सूत्र मे मात्र सूर्याभविमान के चतुर्दिग्वर्ती वनखडो मे निवास करने वाले देवो के नाम और उनकी आयुका उल्लेख किया है। इनके विषय मे विशेष ज्ञातव्य यह है—

ये चारो देव अपने-अपने नाम वाले वनखड के स्वामी है तथा सूर्याभ देव के सदृश महान् ऋद्धिसम्पन्न हैं एव अपने-अपने सामानिक देवो, सपरिवार अग्रमहिषियो, तीन परिषदाओ, सप्त अनीको—सेनाओ और सेनापतियो, आत्मरक्षक देवो का आधिपत्य, स्वामित्व आदि करते हुए नृत्य, गीत, नाटक और वाद्यघोषो के साथ विपुल भोगोपभोगो का भोग करते हुए अपना समय व्यतीत करते है।

इन वनखडाधिपति देवो की आयु का कालप्रमाण बतलाने के लिये 'पल्योपम' शब्द का प्रयोग किया है। जो अतिदीर्घ काल का बोधक है।

काल अनन्त है और इसमे से जिस समय-अवधिकी दिन, मास, और वर्षो के रूप मे गणना की जा सकती है, उसके लिये तो जैन वाड्मय मे घडी, घटा, पूर्वांग पूर्व, आदि शीर्षप्रहेलिका पर्यन्त सज्ञायें निश्चित की है। परन्तु इसके बाद जहाँ समय की अवधि इतनी लम्बी हो कि उसकी गणना वर्षो मे न की जा सके, वहाँ उपमाप्रमाण की प्रवृत्ति होती है। अर्थात् उसका बोध उपमाप्रमाण द्वारा कराया जाता है। उस उपमाकाल के दो भेद है—पल्योपम और सागरोपम। प्रस्तुत मे पल्योपम का उल्लेख होने से उसका आशय स्पष्ट करते है।

पल्य या पल्ल का अर्थ है कुआ अथवा धान्य को मापने का पात्र विशेष। उसके आधार या उसकी उपमा से की जाने वाली कालगणना की अवधि पल्योपम कहलाती है।

पल्योपम के तीन भेद हैं—१ उद्धारपल्योपम, २ अद्धापल्योपम और ३ क्षेत्रपल्योपम। ये तीनो भी प्रत्येक बादर[1] और सूक्ष्म के भेद से दो-दो प्रकार के हैं। इनका स्वरूप क्रमश इस प्रकार है—

उद्धारपल्योपम—उत्सेधांगुल[2] द्वारा निष्पन्न एक योजन प्रमाण लम्बा, एक योजन चौडा और एक योजन गहरा एक गोल पल्य-बनाकर उसमे एक दिन से लेकर सात दिन तक की आयु वाले भोगभूमिज मनुष्यो के बालाग्रो को इतना ठसाठस भरे कि न उन्हे आग जला सके, न वायु उडा सके और न जल का ही प्रवेश हो सके। इस प्रकार से भरे हुए उस कुए मे से प्रतिसमय एक-एक बालाग्र-बालखड निकाला जाये तो निकालते-निकालते जितने समय मे वह कुआ खाली हो जाये उस काल-परिमाण को उद्धारपल्योपम कहते है। उद्धार का अर्थ है निकालना। अतएव बालो के उद्धार या निकाले जाने के कारण इसका उद्धारपल्योपम नामकरण किया गया है।

उपर्युक्त वर्णन बादर उद्धार-पल्योपम का है। अब सूक्ष्म उद्धार-पल्योपम का स्वरूप बतलाते है—

---

१ अनुयोग द्वार मे सूक्ष्म और व्यावहारिक ये दो भेद किये हैं।

२ आठ यवमध्य का उत्सेधांगुल होता है।

ऊपर बादर उद्धार-पल्योपम को समझने के लिये कुए मे जिन बालाग्रो का सकेत किया है। उनमे से प्रत्येक बालाग्र के बुद्धि के द्वारा असख्यात खड-खड करके उन सूक्ष्म खडो की पूर्ववर्णित कुए मे ठसाठस भरा जाये और फिर प्रतिसमय एक-एक खड को उस कुए से निकाला जाये। ऐसा करने पर जितने काल मे वह कुआ नि शेष रूप से खाली हो जाये, उस समयावधि को सूक्ष्म उद्धारपल्योपम कहते है। इसका कालप्रमाण सख्यात करोड वर्ष है। इस सूक्ष्म उद्धारपल्योपम से द्वीप और समुद्रो की गणना की जाती है।

अद्धापल्योपम—अद्धा शब्द का अर्थ है काल या समय। प्रस्तुत सूत्र मे उल्लिखित पल्योपम का आशय इसी पल्योपम से है। इसका उपयोग चतुर्गति के जीवो की आयु और कर्मो की स्थिति वगैरह को जानने मे किया जाता है।

इसकी गणना का क्रम इस प्रकार है—पूर्वोक्त प्रमाण वाले कुए को बालाग्रो से ठसाठस भरने के बाद सौ-सौ वर्ष के अनन्तर एक-एक बालाग्र को निकाला जाये और इस प्रकार से निकालते-निकालते जितना काल लगे, निकालने पर कुआ खाली हो जाये, उतने काल प्रमाण को बादर अद्धा पल्योपम कहते है।

ऊपर कहे गये बादर अद्धापल्योपम के लिये जो बालाग्र लिये गये है, उनके बुद्धि द्वारा असख्यात अदृश्य खड करके कुए को ठसाठस भरा जाये और फिर प्रति सौ वर्ष बाद एक खड को निकाला जाये एव इस प्रकार से निकालते-निकालते जब कुआ खाली हो जाये और उसमे जितना समय लगे, उतने कालप्रमाण को सूक्ष्म अद्धापल्योपम कहते है।

क्षेत्रपल्योपम—उद्धार पल्योपम के प्रसग मे जिस एक योजन लम्बे-चौडे और गहरे कुए का उल्लेख है उसको पूर्व की तरह एक से सात दिन तक के भोगभूमिज के बालाग्रो से ठसाठस भर दो। वे अग्रभाग आकाश के जिन प्रदेशो का स्पर्श करे, उनमे से प्रतिसमय एक-एक प्रदेश का अपहरण करते-करते जितने समय मे समस्त प्रदेशो का अपहरण हो जाये, उतने समय का प्रमाण बादर क्षेत्र पल्योपम कहलाता है। यह काल असख्यात उत्सर्पिणी और असख्यात अवसर्पिणी काल के बराबर होता है।

बादरक्षेत्र पल्योपम का प्रमाण जानने के लिये जिन बालाग्रो का सकेत है, उनके असख्यात खड करके पूर्ववत् पल्य मे भर दो। वे खड उस पल्य मे आकाश के जिन प्रदेशो का स्पर्श करे और जिन प्रदेशो का स्पर्श न करे, उनमे से प्रति समय एक-एक प्रदेश का अपहरण करते-करते जितने समय मे स्पृष्ट और अस्पृष्ट दोनो प्रकार के सभी प्रदेशो का अपहरण किया जा सके उतने समय के प्रमाण को सूक्ष्म क्षेत्र पल्योपमकाल कहते है। इसका काल भी असख्यात उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी प्रमाण है। जो बादर क्षेत्र पल्योपम की अपेक्षा असख्यात गुना अधिक जानना चाहिये। इसके द्वारा दृष्टिवाद मे द्रव्यो के प्रमाण का विचार किया जाता है।

अनुयोगद्वार सूत्र और प्रवचनसारोद्धार मे पल्योपम का विस्तार से विवेचन किया गया है।

दिगम्बर साहित्य मे पल्योपम का जो वर्णन किया गया है, वह उक्त वर्णन से कुछ भिन्न है। उसमे क्षेत्र पल्योपम नाम का कोई भेद नही है और न प्रत्येक पल्योपम के बादर और सूक्ष्म भेद ही किये है। वहाँ पल्योपम के तीन प्रकारो के नाम इस प्रकार है—१ व्यवहारपल्य, २ उद्धारपल्य

और ३ अद्धापल्य। इनमे से व्यवहार पल्य का इतना ही उपयोग है कि उसके द्वारा उद्धारपल्य और अद्धापल्य की निष्पत्ति होती है। उद्धारपल्य के द्वारा द्वीप और समुद्रो की सख्या और अद्धापल्य के द्वारा जीवो की आयु आदि का विचार किया जाता है।

सर्वार्थसिद्धि, तत्त्वार्थराजवार्तिक और त्रिलोकसार मे इनका विशद रूप मे विवेचन किया गया है।

उपकारिकालयन का वर्णन

१५३—सूरियाभस्स ण देवविमाणस्स अतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, तजहा-वणसड-विहूणे जाव बहवे वेमाणिया देवा देवीओ य आसयति जाव विहरति।

तस्स ण बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसे एत्थ ण महेगे उवगारियालयणे पण्णत्ते, एग जोयणसयसहस्स आयामविक्खमेण, तिण्णि जोयणसयसहस्साइ सोलस सहस्साइं दोण्णि य सत्तावीसं जोयणसए तिन्नि य कोसे अट्ठावीस च धणुसय तेरस य अगुलाइ अद्ध गुलं च किंचिविसेसूणं परिक्खेवेण, जोयणं बाहल्लेण सव्वजंबूणयामए अच्छे जाव पडिरूवे।

१५३—सूर्याभ नामक देवविमान के अदर अत्यन्त समतल एव अतीव रमणीय भूमिभाग है। शेष बहुत से वैमानिक देव और देवियो के बैठने से लेकर विचरण करने तक का वर्णन पूर्ववत् कर लेना चाहिए। किन्तु यहाँ वनखड का वर्णन छोड देना चाहिए।

उस अतीव सम रमणीय भूमिभाग के बीचो-बीच एक उपकारिकालयन बना हुआ है। जो एक लाख योजन लम्बा-चौडा है और उसकी परिधि (कुल क्षेत्र का घेराव) तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोस एक सौ अट्ठाईस धनुष और कुछ अधिक साढे तेरह अगुल है। एक योजन मोटाई है। यह विशाल लयन सर्वात्मना (पूरा का पूरा) स्वर्ण का बना हुआ, निर्मल यावत् प्रतिरूप—अतीव रमणीय है।

विवेचन—उपकारिकालयन—प्रशासनिक कार्यो की व्यवस्था के लिए निर्धारित सचिवालय सरीखे स्थान विशेष को कहना चाहिये—सौधोऽस्त्री राजसदनम् उपकार्योपकारिका' (अमरकोश द्वि का पुरवर्ग श्लोक १०, हैम अभिधान का ४ श्लोक५६)। किन्तु 'पाइअसद्दमहण्णवो' मे उवगा-रिया+लयण (लेण) इस प्रकार समास पद मानकर उवगारिया का अर्थ प्रासाद आदि की पीठिका और लयण (लेण) का अर्थ गिरिवर्ती पाषाण-गृह बताया है। यहाँ के वर्णन से प्रतीत होता है कि प्रासाद आदि की पीठिका अर्थ ग्रहण किया है।

१५४—से ण एगाए पउमवरवेइयाए एगेण य वणसडेण य सव्वतो समता सपरिक्खित्ते।

१५४—वह उपकारिकालयन सभी दिशा-विदिशाओ मे—सब ओर से एक पद्मवरवेदिका और एक वनखड (उद्यान) से घिरा हुआ है।

पद्मवरवेदिका का वर्णन

१५५—सा ण पउमवरवेइया अद्धजोयण उड्ढं उच्चत्तेण, पच धणुसयाइ विक्खभेणं उवकारिय-लेणसमा परिक्खेवेण। तीसे णं पउमवरवेइयाए इमेयारूवे वण्णावासे पण्णत्ते, तंजहा वयरामया णिम्मा-

रिट्ठामया पतिट्ठाणा वेरुलियामया खभा सुवण्ण-रुप्पमया फलया, नाणामणिमया कलेवरसघाडगा णाणामणिमया रूवा णाणामणिमया रूवसघाडगा अकामया पक्खा, पक्खबाहाओ, जोईरसामया वसा वसकवेल्लुयाओ, रययामईओ पट्टियाओ जायरूवमईओ ओहाडणीओ वइरामईओ उवरिपुच्छणी, सव्वरयणामए अच्छायणे ।

सा ण पउमवरवेइया एगमेगेण हेमजालेण, ए०[1] गवक्खजालेण, ए० खिखिणीजालेण, ए० घटाजालेण, ए० मुत्ताजालेण, ए० मणिजालेण, ए० कणगजालेण, ए० पउमजालेण सव्वतो समता सपरिखित्ता, तेण जाला तवणिज्जलबूसगा जाव[2] चिट्ठति । तीसे णं पउमवरवेइयाए तत्थ-तत्थ-देसे तहि तहि बहवे हयसघाडा जाव[3] उसभसघाडा सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा पासादीया जाव वीहीओ पतीयो मिहुणाणि लयाओ ।

१५५—वह पद्मवरवेदिका ऊँचाई मे आधे योजन ऊँची, पाच सौ धनुष चौडी और उपकारिकालयन जितनी इसकी परिधि है ।

उस पद्मवरवेदिका का वर्णन इस प्रकार का किया गया है, जैसे कि वज्ररत्नमय (इसकी नेम है । रिष्टरत्नमय इसके प्रतिष्ठान—मूल पाद है । वैडूर्यरत्नमय इसके स्तम्भ है) । स्वर्ण और रजतमय इसके फलक—पाटिये है । लोहिताक्ष रत्नो से बनी इसकी सूचियाँ—कीलें है । विविध मणिरत्नमय इसका कलेवर—ढाचा है तथा इसका कलेवर सघात-भीतरी-बाहरी ढाचा विविध प्रकार की मणियो से बना हुआ है । अनेक प्रकार के मणि-रत्नो से इस पर चित्र बने हुए है । नानामणि-रत्नो से इसमे रूपक सघात—बेल-बूटो, चित्रो आदि के समूह बने है । अक रत्नमय इसके पक्ष—सभी हिस्से है और अक रत्नमय ही इसके पक्षबाहा—प्रत्येक भाग है । ज्योतिरस रत्नमय इसके वश—बास, वला और वशकवेल्लुक (सीधे रखे बासो के दोनो ओर रखे तिरछे बास एव कवेलू) है । रजतमय इनकी पट्टिया (बासो को लपेटने के लिये ऊपर नीचे लगी पट्टिया—लागे) है । स्वर्णमयी अवघाटनिया (ढँकनी) और वज्ररत्नमयी उपरिप्रोछनी (नरिया) है । सर्वरत्नमय आच्छादन (तिरपाल) है ।

वह पद्मवरवेदिका सभी दिशा-विदिशाओ मे चारो ओर से एक-एक हेमजाल (स्वर्णमय माल्यसमूह) से जाल (गवाक्ष की आकृति के रत्नविशेष के माल्यसमूह) से, किंकणी (घु घरु) घटिका, मोती, मणि, कनक (स्वर्ण-विशेष) रत्न और पद्म (कमल) की लबी-लबी मालाओ से परिवेष्टित है अर्थात् उस पर लबी-लबी मालाये लटक रही है ।

ये सभी मालायें सोने के लबूसको (गेद की आकृति जैसे आभूषणविशेषो, मनको) आदि से अलकृत है ।

उस पद्मवरवेदिका के यथायोग्य उन-उन स्थानो पर अश्वसघात (समान आकृति—सस्थान वाले अश्वयुगल) यावत् वृषभयुगल सुशोभित हो रहे है । ये सभी सर्वात्मना रत्नो से बने हुए, निर्मल यावत् प्रतिरूप, प्रासादिक-मन को प्रफुल्लित करने वाले है यावत् इसी प्रकार इनकी वीथियाँ, पक्तियाँ, मिथुन एव लतायें है ।

---

१ 'ए' अक्षर 'एगमेगेण' पद का दर्शक है ।
२ देखें सूत्र सख्या ४९ । ३ देखें सूत्र सख्या १३० ।

१५६—से केणट्ठेणं भंते ! एव वुच्चति पउमवरवेइया पउमवरवेइया ?

१५६—गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान् महावीर से पूछा—हे भदन्त ! किस कारण कहा जाता है कि यह पद्मवरवेदिका है, पद्मवरवेदिका है ? अर्थात् इस वेदिका को पद्मवरवेदिका कहने का क्या कारण है ?

१५७—गोयमा ! पउमवरवेइयाए ण तत्थ-तत्थ देसे तहि-तहि वेइयासु, वेइयाबाहासु य वेइयफलतेसु य वेइयपुडतरेसु य खभेसु, खभबाहासु खभसीसेसु, खभपुडतरेसु, सूईसु, सूईमुखेसु, सूईफलएसु, सूईपुडतरेसु, पक्खेसु, पक्खबाहासु, पक्खपेरतेसु, पक्खपुडतरेसु बहुयाइ उप्पलाइ-पउमाइं-कुमुयाइ णलिणाति-सुभगाइ-सोगधियाइ-पु डरीयाइ-महापु डरीयाणि-सयवत्ताइ-सहस्सवत्ताइ सव्वरयणामयाइ अच्छाइ पडिरूवाइ महया वासिक्कछत्तसमाणाइ पण्णत्ताइ समणाउसो ! से एएण अट्ठेण गोयमा ! एवं वुच्चइ पउमवरवेइया 'पउमवरवेइया' ।

१५७—भगवान् ने उत्तर दिया—हे गौतम ! पद्मवर-वेदिका के आस-पास की (समीपवर्ती) भूमि मे, वेदिका के फलको—पाटियो मे, वेदिकायुगल के अन्तरालो मे, स्तम्भो-स्तम्भो, की बाजुओ, स्तम्भो के शिखरो, स्तम्भयुगल के अन्तरालो, कीलियो, कीलियो के ऊपरीभागो, कीलियो से जुडे हुए फलको, कीलियो के अन्तरालो, पक्षो (स्थान विशेषो), पक्षो के प्रान्त भागो और उनके अन्तरालो आदि-आदि मे वर्षाकाल के बरसते मेघो से बचाव करने के लिए छत्राकार—जैसे अनेक प्रकार के बडे-बडे विकसित, सर्व रत्नमय स्वच्छ, निर्मल अतीव सुन्दर, उत्पल, पद्म, कुमुद, नलिन, सुभग, सौगधिक पुडरीक महापु डरीक, शतपत्र और सहस्रपत्र कमल शोभित हो रहे है ।

इसीलिये हे आयुष्मन् श्रमण गौतम ! इस पद्मवरवेदिका को पद्मवरवेदिका कहते है ।

१५८—पउमवरवेइया ण भंते ! किं सासया, असासया ?

गोयमा ! सिय सासया, सिय असासया ।

से केणट्ठेणं भंते ! एव वुच्चइ सिय सासया, सिय असासया ?

गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासया, वन्नपज्जवेहिं, गधपज्जवेहिं, रसपज्जवेहिं, फासपज्जवेहिं असासया, से एएणट्ठेण गोयमा ! एव वुच्चति सिय सासया, सिय असासया ।

पउमवरवेइया ण भंते ! कालओ केवचिर होइ ?

गोयमा ! ण कयावि णासि, ण कयावि णत्थि, ण कयावि न भविस्सइ, भुविं च हवइ य, भविस्सइ य, धुवा णियया सासया अक्खया अव्वया अवट्ठिया णिच्चा पउमवर वेइया ।

१५८—हे भदन्त ! वह पद्मवरवेदिका शाश्वत है अथवा अशाश्वत है ।

हे गौतम ! (किसी अपेक्षा) शाश्वत नित्य भी है और (किसी अपेक्षा) अशाश्वत भी है ।

भगवन् ! किस कारण आप ऐसा कहते हैं कि (किसी अपेक्षा) वह शाश्वत भी है और (किसी अपेक्षा) अशाश्वत भी है ?

हे गौतम ! द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा वह शाश्वत है परन्तु वर्ण, गध, रस, और स्पर्श पर्यायो की अपेक्षा अशाश्वत है। इसी कारण हे गौतम ! यह कहा है कि वह पद्मवरवेदिका शाश्वत भी है और अशाश्वत भी है।

हे भदन्त ! काल की अपेक्षा वह पद्मवर-वेदिका कितने काल पर्यन्त—कब तक रहेगी ?

हे गौतम ? वह पद्मवरवेदिका पहले (भूतकाल मे) कभी नही थी, ऐसा नही है, अभी (वर्तमान मे) नही है, ऐसा भी नही है और आगे (भविष्य मे) नही रहेगी ऐसा भी नही है, किन्तु पहले भी थी, अब भी है और आगे भी रहेगी। इस प्रकार त्रिकालावस्थायी होने से वह पद्मवर-वेदिका ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है।

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र मे पद्मवरवेदिका की शाश्वतता विषयक गौतम स्वामी की जिज्ञासा का समाधान द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन दो दृष्टियो (नयो से) किया गया है।

भगवान् ने पद्मवर वेदिका को द्रव्यार्थिक दृष्टि से शाश्वत बताने के साथ वर्णादि पर्यायो के परिवर्तनशील होने से अशाश्वत बताया है क्योकि द्रव्य-पर्याय का यही स्वरूप है। नित्य शाश्वत ध्रुव होते हुए भी द्रव्य मे भावात्मक-पर्यायात्मक परिवर्तन प्रतिसमय होता रहता है। इन्ही परिवर्तनो को पर्याय कहते हैं और पर्याये अशाश्वत होती हैं।

पर्याये अवश्य ही प्रतिसमय परिवर्तित होती रहती हैं परन्तु प्रदेशो के लिए यह नियम नही है। किन्ही द्रव्यो के प्रदेश नियत भी होते हैं और किन्ही के अनियत भी। जैसे कि जीव के प्रदेश सभी देश और काल मे नियत हैं, वे कभी घटते-बढते नही हैं। किन्तु पुद्गलद्रव्य के प्रदेशो का नियम नही है, उनमे न्यूनाधिकता होती रहती है।

पद्मवरवेदिका पौद्गलिक है और पर्याय दृष्टि से परिवर्तनशील-अशाश्वत है किन्तु पुद्गल द्रव्य होते हुए भी अनियत प्रदेशी नही है।

इन सब विशेषताओ को सूत्र मे ध्रुवा णियया, सासया, अक्खया, अव्वया, अवट्ठिया-ध्रुव नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित पदो से स्पष्ट किया है।

१५९—सा ण पउमवरवेइया एगेण वणसडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ता।

से ण वणसडे देसूणाइ दो जोयणाइ चक्कवालविक्खभेण उवयारियालेणसमे परिक्खेवेण, वणसडवण्णओ भाणितव्वो जाव विहरति।

१५९—वह पद्मवरवेदिका चारो ओर—सभी दिशा-विदिशाओ मे—एक वनखड से परिवेष्टित—घिरी हुई है।

उस वनखड का चक्रवालविष्कम्भ (गोलाकार-चौडाई) कुछ कम दो योजन प्रमाण है तथा उपकारिकालयन की परिधि जितनी उसकी परिधि है। वहाँ देव-देवियाँ विचरण करती हैं, यहाँ तक वनखड का वर्णन पूर्ववत् यहाँ कर लेना चाहिये।

विवेचन—सूत्र सख्या १३६-१५१ मे वनखड का विस्तार से वर्णन किया है। उसी वर्णन को यहाँ करने का सकेत 'वणसडवण्णओ भाणितव्वो जाव विहरति' पद से किया है। सक्षेप मे उक्त वर्णन का साराश इस प्रकार है—

यह वनखड चारो ओर से एक परकोटे से घिरा हुआ है तथा वृक्षो की सघनता से हरा-भरा अत्यन्त शीतल और दर्शको के मन को सुखप्रद है। वनखड का भूभाग अत्यन्त सम तथा अनेक प्रकार की मणियो और तृणो से उपशोभित है।

इस वनखड मे स्थान-स्थान पर अनेक छोटी बडी वावडिया, पुष्करणिया, गुंजालिकाये आदि बनी है। इन सबके तट रजतमय हैं और तल भाग मे स्वर्ण-रजतमय वालुका बिछी हुई है। कुमुद, नलिन, सुभग, सौगधिक, पुडरीक आदि विविध जाति के कमलो से इनका जल आच्छादित है।

इन वापिकाओ आदि के अन्तरालवर्ती स्थानो मे मनुष्यो और पक्षियो के झूलने के लिये झूले—हिंडोले पडे हैं और बहुत से उत्पातपर्वत, नियतिपर्वत, दारुपर्वत, दकमडप, दकमालक दकमच बने हुए हैं।

इन वनखण्डो मे कही-कही आलिगृह, मालिगृह, कदलीगृह, लतागृह, मडप आदि बने है और विश्राम करने के लिये जिनमे हसासन आदि अनेक प्रकार के आसन तथा शिलापट्टक रखे है और जहाँ बहुत से देव-देविया आ-आकर विविध प्रकार को क्रीडाये करते हुए पूर्वोपार्जित पुण्यकर्मो के फलविपाक को भोगते हुए आनन्दपूर्वक विचरण करते है।

१६०—तस्स णं उवयारियालेणस्स चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता, वण्णओ, तोरणा, झया, छत्ताइच्छत्ता।

तस्स णं उवयारियालयणस्स उवरिं, बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते जाव मणीणं फासो।

१६०—उस उपकारिकालयन की चारो दिशाओ मे चार त्रिसोपानप्रतिरूपक (तीन-तीन सीढियो की पक्ति) बने हैं। यान विमान के सोपानो के समान इन त्रिसोपान-प्रतिरूपको का वर्णन भी तोरणो, ध्वजाओ, छत्रातिछत्रो आदि पर्यन्त यहाँ करना चाहिये।

उस उपकारिकालयन के ऊपर अतिसम, रमणीय भूमिभाग है। यानविमानवत् मणियो के स्पर्शपर्यन्त इस भूमिभाग का वर्णन यहाँ करना चाहिये।

विवेचन—उपकारिकालयन की त्रिसोपान-पक्तियो और भूमिभाग का वर्णन यानविमानवत् करने की सूचना प्रस्तुत सूत्र मे दी गयी है। सक्षेप मे उक्त वर्णन इस प्रकार है—

इन त्रिसोपानो की नेम वज्ररत्नो से बनी हुई हैं। रिष्टरत्नमय इनके प्रतिष्ठान (पैर रखने के स्थान) है। वैडूर्यरत्नो से बने इनके स्तम्भ है और फलक—पाटिये स्वर्णरजतमय हैं। नाना मणिमय इनके अवलवन और कटकडा हैं। मन को प्रसन्न करने वाले अतीव मनोहर हैं।

इन प्रत्येक त्रिसोपान-पक्तियो के आगे अनेक प्रकार के मणि-रत्नो से बने हुए बेलबूटो आदि से सुशोभित तोरण बधे हैं और तोरणो के ऊपरी भाग स्वस्तिक आदि आठ-आठ मगलो एव वज्र-रत्नो से निर्मित और कमलो जैसी सुरभिगध से सुगधित, रमणीय चामरो से शोभित हो रहे हैं। इसके साथ ही अत्यन्त शोभनीक रत्नो से बने हुए छत्रातिछत्र, पताकाये, घटा-युगल एव उत्पल, कुमुद, नलिन, सुभग, सौगधिक पुडरीक, महापुडरीक आदि कमलो के झूमके भी उन तोरणो पर लटक रहे है आदि।

उस उपकारिकालयन का भूमिभाग आलिंग-पुष्कर, मृदगपुष्कर, सरोवर, करतल, चन्द्र-मडल, सूर्यमडल आदि के समान अत्यन्त सम और रमणीय है।

उस भूभाग मे अजन, खजन, सघन मेघ—घटाओ आदि के कृष्ण वर्ण से, भृगकीट, भृगपख, नीलकमल, नील-अशोकवृक्ष आदि के नील वर्ण से, प्रात कालीन सूर्य, पारिजात पुष्प, हिंगलुक, प्रवाल आदि के रक्त वर्ण से, स्वर्णचपा, हरताल, चिकुर, चपाकुसुम आदि के पीत वर्ण से, और शख, चन्द्रमा, कुमुद आदि के श्वेत वर्ण से भी अधिक श्रेष्ठ कृष्ण आदि वर्ण वाली मणियो जडी हुई है।

वे सभी मणिया इलायची, चदन, अगर, लवग आदि सुगधित पदार्थों से भी अधिक सुरभि गध वाली है और बूर—रुई, मक्खन, हसगर्भ नामक रुई विशेष से भी अधिक सुकोमल उनका स्पर्श है।

मुख्य प्रासादावतसक का वर्णन

१६१—तस्स ण बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थ ण महेगे मूलपासाय-वडेंसए पण्णत्ते।

भगवन् ! सूर्याभदेव को इस प्रकार की वह दिव्य देवऋषि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देव-प्रभाव कैसे मिला है ? उसने कैसे प्राप्त किया है ? किस तरह से अधिगत किया है, स्वामी बना है ? वह सूर्याभदेव पूर्वभव मे कौन था ? उसका क्या नाम और गोत्र था ? वह किस ग्राम, नगर, निगम (व्यापारप्रधान नगर) राजधानी, खेट (ऊँचे प्राकार से वेष्टित नगर) कर्बट (छोटे प्रकार से घिरी वस्ती), मडब (जिसके आसपास चारो ओर एक योजन तक कोई दूसरा गाँव न हो), पत्तन, द्रोणमुख (जल और स्थलमार्ग से जुडा नगर), आकर (खानो वाला स्थान, नगर), आश्रम (ऋषि-महर्षि प्रधान स्थान) सबाह (सबाध—जहाँ यात्री पडाव डालते हो, ग्वाले आदि बसते हो) सनिवेश सामान्य जनो की बस्ती का निवासी था ? इसने ऐसा क्या दान मे दिया, ऐसा क्या अन्त-प्रान्तादि विरस आहार खाया, ऐसा क्या कार्य किया, कैसा आचरण किया और तथारूप श्रमण अथवा माहण से ऐसा कौनसा धार्मिक आर्य सुवचन सुना कि जिससे सूर्याभदेव ने वह दिव्य देवर्द्धि यावत्देवप्रभाव उपार्जित किया है, प्राप्त किया है और अधिगत किया है ?

केकय अर्ध जनपद और प्रदेशी राजा—

२०७—'गोयमाइ' समणे भगव महावीरे भगव गोयम आमतेत्ता एव वयासी—

एव खलु गोयमा ! तेण कालेण तेण समएण इहेव जबुद्दीवे दीवे भारहे वासे केयइअद्धे नाम जणवए होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धे सव्वोउयफलसमिद्धे रम्मे नदणवणप्पगासे पासाईए जाव (दरिस-णिज्जे, अभिरूवे) पडिरूवे ।

तत्थ ण केयइअद्धे जणवए सेयविया णाम नगरी होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धा जाव[1] पडिरूवा ।

---

१ देखें सूत्र सख्या १

तीसे ण सेयवियाए नगरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभागे एत्थ ण मिगवणे णाम उज्जाणे होत्था—रम्मे नदणवणप्पगासे, सव्वोउयफलसमिद्धे, सुभसुरभिसीयलाए छायाए सव्वओ चेव समणुबद्धे पासादीए जाव पडिरूवे ।

तत्थ ण सेयवियाए णगरीए पएसी णाम राया होत्था, महयाहिमवत जाव[1] विहरइ । अधम्मिए, अधम्मिट्ठे, अधम्मक्खाई, अधम्माणुए, अधम्मपलोई, अधम्मपजणणे, अधम्मसीलसमुयायारे, अधम्मेण चेव वित्ति कप्पेमाणे 'हण'-'छिंद'-भिद-पवत्तए, लोहियपाणी पावे, रुद्दे, खुद्दे, साहस्सीए, उक्कचण-वचण-माया-नियडि-कूड-कवड-सायिसजोगबहुले, निस्सीले, निव्वए, निग्गुणे, निम्मेरे, निप्पच्चक्खाणपोसहोववासे, बहूण दुपय-चउप्पय-मिय-पसु-पक्खी-सिरिसवाण घायाए वहाए उच्छायणयाए अधम्मकेऊ, समुट्ठिए, गुरूण णो अब्भुट्ठेति, णो विणय पउजइ, सयस्स वि य ण जणवयस्स णो सम्म करभरवित्ति पवत्तेइ ।

२०७—हे गौतम ! इस प्रकार गौतम स्वामी को सम्बोधित कर श्रमण भगवान् महावीर ने गौतम स्वामी से इस प्रकार कहा—

हे गौतम ! उस काल और उस समय मे (इस अवसर्पिणी काल के चौथे आरे रूप काल एव केशीस्वामी कुमार श्रमण के विचरने के समय मे) इसी जबूद्वीप नामक द्वीप के भरत क्षेत्र मे केकय-अर्ध (केकयि-अध) नामक जनपद—देश था। जो भवनादिक वैभव से युक्त, स्तिमित-स्वचक्र-परचक्र के भय से रहित और समृद्ध—धनधान्यादि वैभव से सम्पन्न—परिपूर्ण था। सर्व ऋतुओ के फल-फूलो से समृद्ध, रमणीय, नन्दनवन के समान मनोरम, प्रासादिक—मन को प्रसन्न करने वाला, यावत् (दर्शनीय, बारबार देखने योग्य प्रतिरूप) अतीव मनोहर था।

उस केकय-अर्ध जनपद मे सेयविया नाम की नगरी थी। यह नगरी भी ऋद्धि-सम्पन्न स्तमित—शत्रुभय से मुक्त एव समृद्धिशाली यावत् प्रतिरूप थी।

उस सेयविया नगरी के बाहर ईशान कोण मे मृगवन नामक उद्यान था। यह उद्यान रमणीय, नन्दनवन के समान सर्व ऋतुओ के फल-फूलो से समृद्ध, शुभ—सुखकारी, सुरभिगध और शीतल छाया से समनुबद्ध (व्याप्त) प्रासादिक यावत् प्रतिरूप—असाधारण शोभा से सम्पन्न था।

उस सेयविया नगरी के राजा का नाम प्रदेशी था। प्रदेशी राजा महाहिमवान्, मलय पर्वत, मन्दर एवं महेन्द्र पर्वत जैसा महान् था। किन्तु वह अधार्मिक—(धम विरोधी), अधर्मिष्ठ (अधर्मप्रेमी), अधर्माख्यायी (अधर्म का कथन और प्रचार करने वाला), अधर्मानुग (अधर्म का अनुसरण करने वाला), अधर्मप्रलोकी (सर्वत्र अधर्म का अवलोकन करने वाला), अधर्मप्रजनक (विशेष रूप से अधार्मिक आचार-विचारो का जनक—प्रचार करने वाला—प्रजा को अधर्माचरण की ओर प्रवृत्त करने वाला) अधर्मशीलसमुदाचारी (अधर्ममय स्वभाव और आचारवाला) तथा अधर्म से ही आजीविका चलाने वाला था। वह सदैव 'मारो, छेदन करो, भेदन करो' इस प्रकार की आज्ञा का प्रवर्तक था। अर्थात् मारो आदि वचनो के द्वारा अपने आश्रितो को जीवो की हिंसा वगैरह के कार्यो मे लगाये रखता था। उसके हाथ सदा रक्त से भरे रहते थे। साक्षात् पाप का अवतार था।

---

१ देखें सूत्र सख्या ४

प्रकृति से प्रचण्ड-क्रोधी, रौद्र—भयानक और क्षुद्र—अधम था। वह साहसिक (बिना विचारे प्रवृत्ति करनेवाला) था। उत्कचन—धूर्त, बदमाशो और ठगो को प्रोत्साहन देने वाला, उकसाने वाला था। लाच—रिश्वत लेनेवाला, वचक—दूसरो को ठगने वाला, धोखा देने वाला, मायावी, कपटी—वक्रवृत्ति वाला, कूट-कपट करने मे चतुर और अनेक प्रकार के झगडा-फिसाद रचकर दूसरो को दु ख देने वाला था। निश्शील—शील रहित था। निर्व्रत—हिंसादि पापो से विरत न होने से व्रतरहित था, क्षमा आदि गुणो का अभाव होने से निर्गुण था, परस्त्रीवर्जन आदि रूप मर्यादा से रहित होने से निर्मर्याद था, कभी भी उसके मन मे प्रत्याख्यान, पौषध, उपवास आदि करने का विचार नही आता था। अनेक द्विपद-मनुष्यादि, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी, सरीसृप—सर्प आदि की हत्या करने, उन्हे मारने, प्राणरहित करने, विनाश करने से साक्षात् अधर्म की ध्वजा जैसा था, अथवा अधर्म रूपी केतुग्रह था। गुरुजनो—माता पिता आदि को देखकर भी उनका आदर करने के लिए आसन से खडा नही होता था, उनका विनय नही करता था और जनपद को प्रजाजनो से राजकर लेकर भी उनका सम्यक् प्रकार से—यथार्थ रूप मे पालन और रक्षण नही करता था।

विवेचन—'केकय-अर्ध'—शास्त्रो मे साढे पच्चीस (२५॥) आर्य देशो और उन देशो की एक—एक राजधानी के नामो का उल्लेख है। पच्चीस देश तो पूर्ण रूप से आर्य थे किन्तु केकय देश का आधा भाग आर्य था। बौद्ध ग्रथो मे भी केकय देश का उल्लेख है। उस देश का वर्तमान स्थान उत्तर मे पेशावर (पाकिस्तान) के आसपास होना चाहिये, ऐसा इतिहासवेत्ताओ का मतव्य है। परन्तु अभी भी उसके नाम और भौगोलिक स्थिति का निश्चित निर्णय नही हो सका है।

मूल पाठ मे 'अद्धे' शब्द है, जिसकी टीकाकार ने 'केकया नाम अर्धम्' लिखकर मूल शब्द की व्याख्या की है। राजा दशरथ की एक रानी का नाम "कैकयी" था। जो इस केकय देश की थी, जिससे उसका नाम कैकयी पडा हो, यह सभव है।

'सेयविया'—केकय देश की राजधानी के रूप मे इस नगरी का उल्लेख सूत्रो मे किया गया है। आवश्यक सूत्र मे बताया है कि श्रमण भगवान् महावीर छद्मस्थ-अवस्था मे विहार करते हुए उत्तर वाचाल प्रदेश मे गये और वहाँ से "सेयविया" गये। इस नगरी के श्रमणोपासक राजा प्रदेशी ने भगवान् की महिमा की और उसके पश्चात् भगवान् वहाँ से सुरभिपुर पधारे। परन्तु वर्तमान मे यहनगरी कहाँ है, एतद् विषयक कोई जानकारी प्राप्त नही होती है।

दीघनिकाय (बौद्ध ग्रन्थ) के 'पायासि सुत्तत' मे इस नगरी का नाम 'सेतव्या' बताया है और कौशल देश मे विहार करते हुए कुमार कश्यप इस नगरी मे आये थे, यह सूचित करके इसे कोसल देश का नगर बताया है—'येन सेतव्या नाम कोसलान नगर तद् अवसरि' (दीघ-निकाय भाग २)।

जैन दृष्टि से कोशल देश अयोध्या और उसके आस-पास का प्रदेश माना गया है।

सेयविया का किसी किसी ने "श्वेतविका" यह भी सस्कृत रूपान्तर किया है।

'पएसी'—सूत्र मे उल्लिखित इस शब्द का टीकाकार आचार्य ने 'प्रदेशी' सस्कृत भाषान्तर किया है और आवश्यक सूत्रो मे "पदेशी" शब्द का प्रयोग किया है।

इस राजा सम्बन्धी जो वर्णन इस "रायपसेणइय" सूत्र मे आगे किया जाने वाला है, उससे मिलता-जुलता वर्णन दीघनिकाय के 'पायासि सुत्तत' मे भी किया गया है। इसमे मुख्य प्रश्नकार

राजा पयासी है और उसका वश राजन्य एव सम्बन्ध कोशल वश के राजा 'पसेनदि' के साथ बताया है। 'रायपसेणइय' सूत्र मे जिस प्रकार से राजा पयेसी को अत्यन्त पापिष्ठ के रूप मे वर्णित किया है, वैसा तो दीर्घनिकाय मे नही कहा है, किन्तु वहाँ इतना उल्लेख अवश्य है कि इस राजा के विचार पापमय थे और यह मानता था कि परलोक नही, औपपातिक सत्ता नही है और सुकृत-दुष्कृत का किसी प्रकार का फल-विपाक नही है (दीघनिकाय भाग २)।

इस राजा के विषय मे और कोई ऐतिहासिक जानकारी नही मिलती है।

रानी सूर्यकान्ता और युवराज सूर्यकान्त—

२०८—तस्स ण पएसिस्स रन्नो सूरियकता नाम देवी होत्था, सुकुमालपाणिपाया धारिणी वण्णओ[1]। पएसिणा रन्ना सद्धि अणुरत्ता अविरत्ता इट्ठे सद्दे फरिसे रसे रूवे जाव (गधे पचविहे माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणा) विहरइ।

तस्स ण पएसिस्स रण्णो जेट्ठे पुत्ते सूरियकताए देवीए अत्तए सूरियकते नाम कुमारे होत्था, सुकुमालपाणिपाए जाव पडिरूवे।

से ण सूरियकते कुमारे जुवराया वि होत्था, पएसिस्स रन्नो रज्ज च रट्ठ च बल च वाहण च कोस च कोट्ठागार च पुर च अतेउर च सयमेव पच्चुवेक्खमाणे पच्चुवेक्खमाणे विहरइ।

२०८—उस प्रदेशी राजा की सूर्यकान्ता नाम की रानी थी, जो सुकुमाल हाथ पैर आदि अगोपाग वाली थी, इत्यादि धारिणी रानी के समान इसका वर्णन करना चाहिए। वह प्रदेशी राजा के प्रति अनुरक्त—अतीव स्नेहशील थी, उससे कभी विरक्त नही होती थी और इष्ट—प्रिय शब्द, स्पर्श, रस, (यावत् गन्धमूलक) अनेक प्रकार के मनुष्य सम्बन्धी कामभोगो को भोगती हुई रहती थी।

उस प्रदेशी राजा का ज्येष्ठ पुत्र और सूर्यकान्ता रानी का आत्मज सूर्यकान्तनामक राजकुमार था। वह सुकोमल हाथ पैर वाला, अतीव मनोहर था।

वह सूर्यकान्त कुमार युवराज भी था। वह प्रदेशी राजा के राज्य (शासन), राष्ट्र (देश), बल (सेना), वाहन (रथ, हाथी, अश्व आदि) कोश, कोठार (अन्न-भण्डार) पुर और अत पुर की स्वय देख भाल किया करता था।

चित्त सारथी—

२०९—तस्स ण पएसिस्स रन्नो जेट्ठे भाउयवयसए चित्ते णाम सारही होत्था, अड्ढे जाव[2] बहुजणस्स अपरिभूए, साम-दड-भेय-उवप्पयाण-अत्थसत्थ-ईहा-मइविसारए, उप्पत्तियाए-वेणतियाए-कम्मयाए-पारिणामियाए चउव्विहाए बुद्धीए उववेए, पएसिस्स रण्णो बहुसु कज्जेसु य कारणेसु य कुडु बेसु य मतेसु य गुज्झेसु य रहस्सेसु य निच्छएसु य ववहारेसु य आपुच्छणिज्जे पडिपुच्छणिज्जे, मेढी, पमाण, आहारे, आलबण, चक्खू, मेढिभूए, पमाणभूए, आहारभूए, चक्खुभूए, सव्वट्ठाणसव्वभूमियासु लद्धपच्चए विदिण्णविचारे रज्जधुराचितए आवि होत्था।

---

१ धारिणी रानी के वर्णन के लिये देखिये सूत्र सख्या ५

२ देखें सूत्र सख्या ४

उस प्रदेशी राजा का उम्र मे बडा (ज्येष्ठ) भाई एव मित्र सरीखा चित्त नामक सारथी था। वह समृद्धिशाली यावत् (दीप्त-तेजस्वी, प्रसिद्ध, विशाल भवनो अनेक सैकडो शय्या-आसन-यान-रथ आदि तथा विपुल धन, सोने-चादी का स्वामी, अर्थोपार्जन के उपायो का ज्ञाता था। उसके यहाँ इतना भोजन-पान बनता था कि खाने के बाद भी बचा रहता था। दास, दासी, गाये, भैसे, भेडे बहुत बडी सख्या मे उसके यहा थी) और बहुत से लोगो के द्वारा भी पराभव को प्राप्त नही करने वाला था। साम-दण्ड-भेद और उपप्रदान नीति, अर्थशास्त्र एव विचार-विमर्श प्रधान बुद्धि मे विशारद—कुशल था। औत्पत्तिकी, वैनयिकी, कार्मिकी तथा पारिणामिकी इन चार प्रकार की बुद्धियो से युक्त था। प्रदेशी राजा के द्वारा अपने बहुत से कार्यो मे, कार्य मे सफलता मिलने के उपायो मे, कौटुम्बिक कार्यो मे, मन्त्रणा (सलाह) मे, गुप्त कार्यो मे, रहस्यमय गोपनीय प्रसगो मे, निश्चय—निर्णय करने मे राज्य सम्बन्धी व्यवहार-विधानो मे पूछने योग्य था, बार-बार विशेष रूप से पूछने योग्य था। अर्थात् सभी छोटे-बडे कार्यो मे उससे सलाह ली जाती थी। वह सबके लिये मेढी (खलिहान के केन्द्र मे गाडा हुआ स्तम्भ, जिसके चारो ओर घूमकर बैल धान्य कुचलते हैं) के समान था, प्रमाण था, पृथ्वी के समान आधार—आश्रय था, रस्सी के समान आलम्बन था, नेत्र के समान मार्गदर्शक था मेढीभूत था, प्रमाणभूत था, आधार और अवलम्बनभूत था एव चक्षुभूत था। सभी स्थानो—सन्धि-विग्रह आदि कार्यो मे और सभी भूमिकाओ—मन्त्री, अमात्य आदि पदो मे प्रतिष्ठा-प्राप्त था। सबको विचार देने वाला था अर्थात् सभी का विश्वासपात्र था तथा चक्र की धुरा के समान राज्य-सचालक था—सकल राज्य कार्यो का प्रेक्षक था।

विवेचन—उक्त वर्णन से यह प्रतीत होता है कि चित्त सारथी अतिनिपुण राजनीतिज्ञ, राज्य-व्यवस्था करने मे प्रवीण एव अत्यन्त बुद्धिशाली था। उसे औत्पत्तिकी आदि चार प्रकार की बुद्धियो से युक्त बताया है। इन चार प्रकार की बुद्धियो का स्वरूप इस प्रकार है—

(१) औत्पत्तिकी बुद्धि—अदृष्ट, अननुभूत और अश्रुत किसी विषय को एकदम समझ लेने, तथा विषम समस्या के समाधान का तत्क्षण उपाय खोज लेने वाली बुद्धि या अकस्मात्, सहसा, तत्काल उत्पन्न होने वाली सूझ।

(२) वैनयिकी—गुरुजनो की सेवा-शुश्रूषा, विनय करने से प्राप्त होने वाली बुद्धि।

(३) कार्मिकी—कार्य करते-करते अनुभव-अभ्यास से प्राप्त होने वाली दक्षता, निपुणता। इसको कर्मजा अथवा कर्मसमुत्था बुद्धि भी कहते है।

(४) पारिणामिकी—उम्र के परिपाक से अर्जित विभिन्न अनुभवो से प्राप्त होने वाली बुद्धि।

उक्त चार बुद्धिया मतिज्ञान के श्रुतनिश्रित और अश्रुतनिश्रित इन दो मूल विभागो मे से दूसरे विभाग के अन्तर्गत है। जो मतिज्ञान, श्रुतज्ञान के पूर्वकालिक संस्कार के निमित्त से उत्पन्न किन्तु वर्तमान मे श्रुतनिरपेक्ष होता है, उसे श्रुतनिश्रित कहते है एव जिसमे श्रुतज्ञान के सस्कार की किंचित्-मात्र भी अपेक्षा नही होती है वह अश्रुतनिश्रित मतिज्ञान कहलाता है।

कुणाला जनपद, श्रावस्ती नगरी, जितशत्रु राजा—

२१०—तेण कालेण तेणं समयेण कुणाला नामं जणवए होत्था, रिद्धत्थिमियसमिद्धे। तत्थ ण

कुणालाए जणवए सावत्थी नाम नयरी होत्था रिद्धत्थिमियसमिद्धा जाव[1] पडिरूवा ।

तीसे ण सावत्थीए णगरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए कोट्ठए नाम चेइए होत्था, पोराणे जाव[2] पासादीए ।

तत्थ ण सावत्थीए नयरीए पएसिस्स रन्नो अतेवासी जियसत्तू नाम राया होत्था, महया-हिमवत जाव विहरइ ।

२१०—उस काल और उस समय मे कुणाला नामक जनपद-देश था । वह देश वैभवसपन्न, स्तिमित-स्वपरचक्र (शत्रुओ) के भय से मुक्त और धन-धान्य से समृद्ध था ।

उस कुणाला जनपद मे श्रावस्ती नाम की नगरी थी, जो ऋद्ध, स्तिमित, समृद्ध यावत् (देखने योग्य, मन को प्रसन्न करने वाली, अभिरूप-मनोहर और) प्रतिरूप-अतीव मनोहर थी ।

उस श्रावस्ती नगरी के बाहर उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान दिक्कोण) मे कोष्ठक नाम का चैत्य था । यह चैत्य अत्यन्त प्राचीन यावत् प्रतिरूप था ।

उस श्रावस्ती नगरी मे प्रदेशी राजा का अन्तेवासी जैसा अर्थात् अधीनस्थ—आज्ञापालक जितशत्रु नामक राजा था, जो महाहिमवन्त आदि पर्वतो के समान प्रख्यात था ।

विवेचन—दीघनिकाय के 'महासुदस्सन सुत्तत' मे श्रावस्ती नगरी को उस समय का एक महानगर बताया है । प्राचीन भूगोलशोधको का अभिमत है कि वर्तमान मे सेहट-मेहट के नाम से जो ग्राम जाना जाता है, वह प्राचीन श्रावस्ती नगरी है ।

चित्त सारथी का श्रावस्ती की ओर प्रयाण—

२११—तए ण से पएसी राया अन्नया कयाइ महत्थ महग्घ महरिह विउल रायारिह पाहुड सज्जावेइ, सज्जावित्ता चित्त सारहिं सद्दावेति, सद्दावित्ता एव वयासी—

गच्छ ण चित्ता ! तुम सावत्थि नगरिं जियसत्तुस्स रण्णो इम महत्थ जाव (महग्घ, महरिह रायारिह) पाहुड उवणेहि, जाइ तत्थ रायकज्जाणि य रायकिच्चाणि य रायनीतिओ य रायववहारा य ताइ जियसत्तुणा सद्धि सयमेव पच्चुवेक्खमाणे विहराहि त्ति कट्टु विसज्जिए ।

तए ण से चित्ते सारही पएसिणा रण्णा एव वुत्ते समाणे हट्ठ जाव (तुट्ठ-चित्तमाणदिए-पीइमणे परमसोमणस्सिए हरिसवस-विसप्पमाण-हियए करयल-परिग्गहिय दसनह सिरसावत्त मत्थए अजलिं कट्टु 'एव देवो तहत्ति' आणाए विणएण वयण) पडिसुणेत्ता त महत्थ जाव पाहुड गेण्हइ, पएसिस्स रण्णो जाव पडिणिक्खमइ सेयविय नगरिं मज्झमज्झेण जेणेव सए गिहे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता त महत्थ जाव पाहुड ठवेइ, कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एव वयासी—

खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सच्छत्त जाव चाउग्घट आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेह जाव पच्चप्पिणह । तए ण ते कोडु बियपुरिसा तहेव पडिसुणित्ता खिप्पामेव सच्छत्त जाव जुद्धसज्ज चाउग्घटं आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेन्ति, तमाणत्तिय पच्चप्पिणति ।

---

१ देखें सूत्र सख्या १

२ देखें सूत्र सख्या २

तए ण से चित्ते सारही कोडुबियपुरिसाण अतिए एयमट्ठ जाव हियए ण्हाए, कयबलिकम्मे, कयकोउयमगलपायच्छित्ते, सन्नद्धबद्धवम्मियकवए, उप्पीलियसरासणपट्टिए, पिणद्धगेविज्जविमलवर-चिधपट्टे, गहियाउहपहरणे त महत्थ जाव पाहुड गेण्हइ, जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ चाउग्घट आसरह दुरूहेति ।

बहूहि पुरिसेहि सन्नद्ध जाव गहियाउहपहरणेहि सद्धि सपरिवुडे सकोरटमल्लदामेण छत्तेण धरेज्जमाणेण महया भडचडगररहपहकरविंदपरिक्खित्ते साओ गिहाओ णिग्गच्छइ सेयविय नगरिं मज्झ-मज्झेण णिग्गच्छइ, सुहेहि वासेहि पायरासेहि नाइविकिट्ठेहि अतरा वासेहि वसमाणे-वसमाणे केइय-अद्धस्स जणवयस्स मज्झमज्झेण जेणेव कुणालाजणवए जेणेव सावत्थी नयरी तेणेव उवागच्छइ, सावत्थीए नयरीए मज्झमज्झेण अणुपविसइ। जेणेव जियसत्तुस्स रण्णो गिहे, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तुरए निगिण्हइ, रह ठवेति, रहाओ पच्चोरुहइ ।

त महत्थ जाव पाहुड गिण्हइ जेणेव अब्भितरिया उवट्ठाणसाला जेणेव जियसत्तू राया तेणेव उवागच्छइ, जियसत्तु राय करयलपरिग्गहिय जाव[1] कट्टु जएण विजएण वद्धावेइ, त महत्थ जाव पाहुड उवणेइ ।

तए ण से जियसत्तू राया चित्तस्स सारहिस्स त महत्थ जाव पाहुड पडिच्छइ, चित्त सारहिं सक्कारेइ सम्माणेइ पडिविसज्जेइ रायमग्गमोगाढ च से आवास दलयइ ।

२११—तत्पश्चात् किसी एक समय प्रदेशी राजा ने महार्थं (विशिष्ट प्रयोजनयुक्त) बहुमूल्य, महान् पुरुषो के योग्य, विपुल, राजाओ को देने योग्य प्राभृत (उपहार) सजाया—तैयार किया । सजाकर चित्त सारथी को बुलाया और बुलाकर उससे इस प्रकार कहा—

हे चित्त ! तुम श्रावस्ती नगरी जाओ और वहाँ जितशत्रु राजा को यह महार्थं यावत् (महान पुरुषो के अनुरूप और राजा के योग्य मूल्यवान्) भेट दे आओ तथा जितशत्रु राजा के साथ रहकर स्वय वहाँ की शासन-व्यवस्था, राजा की दैनिकचर्या, राजनीति और राजव्यवहार को देखो, सुनो और अनुभव करो—ऐसा कहकर विदा किया ।

तब वह चित्त सारथी प्रदेशी राजा की इस आज्ञा को सुनकर हर्षित हुआ यावत् (सतुष्ट हुआ, चित्त मे आनन्दित, मन मे अनुरागी हुआ, परमसौमनस्य भाव को प्राप्त हुआ एव हर्षातिरेक से विकसित-हृदय होकर उसने दोनो हाथ जोड शिर पर आवर्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके—'राजन् ! ऐसा ही होगा' कहकर विनयपूर्वक आज्ञा को स्वीकार किया ।) आज्ञा स्वीकार करके उस महार्थक यावत् उपहार को लिया और प्रदेशी राजा के पास से निकल कर बाहर आया । बाहर आकर सेयविया नगरी के बीचो-बीच से होता हुआ जहाँ अपना घर था, वहाँ आया । आकर उस महार्थक उपहार को एक तरफ रख दिया और कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया । बुलाकर उनसे इस प्रकार कहा—

देवानुप्रियो ! शीघ्र ही छत्र सहित यावत् चार घटो वाला अश्वरथ जोतकर तैयार कर लाओ यावत् इस आज्ञा को वापस लौटाओ ।

१ देखें सूत्र सख्या १३

तत्पश्चात् उन कौटुम्बिक पुरुषो ने चित्त सारथी को आज्ञा की आज्ञा सुनकर आज्ञानुरूप शीघ्र ही छत्रसहित यावत् युद्ध के लिये सजाये गये चातुर्घटिक अश्वरथ को जोत कर उपस्थित कर दिया और आज्ञा वापस लौटाई, अर्थात् रथ तैयार हो जाने की सूचना दी।

कौटुम्बिक पुरुषो का यह कथन सुनकर चित्त सारथी हृष्ट-तुष्ट हुआ यावत् विकसितहृदय होते हुए उसने स्नान किया, बलिकर्म (कुलदवता की अर्चना की, अथवा पक्षियो को दाना डाला), कौतुक (तिलक आदि) मगल-प्रायश्चित्त किये और फिर अच्छी तरह से शरीर पर कवच बाधा। धनुष पर प्रत्यचा चढाई, गले मे ग्रैवेयक और अपने श्रेष्ठ सकेतपट्टक को धारण किया एव आयुध तथा प्रहरणो को ग्रहण कर, वह महार्थक यावत् उपहार, लेकर वहाँ आया जहाँ चातुर्घट अश्वरथ खडा था। आकर उस चातुर्घट अश्वरथ पर आरूढ हुआ।

तत्पश्चात् सन्नद्ध यावत् आयुध एव प्रहरणो से सुसज्जित बहुत से पुरुषो से परिवृत्त हो, कोरट पुष्प की मालाओ से विभूषित छत्र को धारण कर, सुभटो और रथो के समूह के साथ अपने घर से रवाना हुआ और सेयविया नगरी के बीचोबीच से निकल कर सुखपूर्वक रात्रिविश्राम, प्रात कलेवा, अति दूर नही किन्तु पास-पास अन्तरावास (पडाव) करते, और जगह-जगह ठहरते-ठहरते केकयअर्ध जनपद के बीचोबीच से होता हुआ जहाँ कुणाला जनपद था, जहाँ श्रावस्ती नगरी थी, वहाँ आ पहुँचा। वहाँ आकर श्रावस्ती नगरी के मध्यभाग मे प्रविष्ट हुआ। इसके बाद जहाँ जितशत्रु राजा का प्रासाद था और जहाँ राजा की बाह्य उपस्थानशाला थी, वहाँ आकर घोडो को रोका, रथ को खडा किया और फिर रथ से नीचे उतरा।

तदनन्तर उस महार्थक यावत् भेंट को लेकर आभ्यन्तर उपस्थानशाला (बैठक) मे जहाँ जितशत्रु राजा बैठा था, वहाँ आया। वहाँ दोनो हाथ जोड यावत् जय-विजय शब्दो से जितशत्रु राजा का अभिनन्दन किया और फिर उस महार्थक यावत् उपहार को भेंट किया।

तब जितशत्रु राजा ने चित्त सारथी द्वारा भेंट किये गये इस महार्थक यावत् उपहार को स्वीकार किया एव चित्त सारथी का सत्कार-समान किया और विदा करके विश्राम करने के लिए राजमार्ग पर आवास स्थान दिया।

विवेचन—ऊपर के सूत्र मे बताया कि श्रावस्ती का राजा जितशत्रु सेयविया के राजा प्रदेशी का अतेवासी था अर्थात् अधीनस्थ राजा था। तब प्रश्न होता है कि अधीनस्थ राजा होते हुए भी राजा प्रदेशी का जितशत्रु राजा को भेंट भेजने और चित्त सारथी को श्रावस्ती जाकर राजव्यवस्था देखने के सकेत का क्या कारण था? प्रतीत होता है, अनेक बार अधीनस्थ राजा अपने से मुख्य राजा की अपेक्षा बल, सेना, कोष और कितनी ही दूसरी बातो मे बढने का गुप्त प्रयास करते है और प्रच्छन्न रूप से उसे अपदस्थ करके स्वय उसके राज्य पर अधिकार करने आदि का प्रयत्न करते है। इस स्थिति का पता जब उस मुख्य राजा को लगता है, तब वह राजनीति का अवलबन लेकर उसकी खोजबीन करने का प्रयास करता है। इस प्रयास के दूसरे-दूसरे उपायो की तरह भेंट भेजना भी एक उपाय है। यही बात प्रदेशी राजा द्वारा कहे गये इन शब्दो से विदित होती है—

'तुम यह भेंट दे आओ तथा जितशत्रु राजा के साथ रहकर स्वय वहाँ की शासनव्यवस्था, राजा की दैनिक चर्या, राजनीति और व्यवहार को देखो, सुनो और अनुभव करो।'

२१२—तए ण से चित्ते सारही विसज्जिते समाणे जियसत्तुस्स रन्नो अतियाओ पडिनिक्खमइ, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घट आसरह दुरूहइ, सावत्थि नगरिं मज्झमज्झेण जेणेव रायमग्गमोगाढे आवासे तेणेव उवागच्छइ, तुरए निगिण्हइ, रह ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ, ण्हाए कयबलिकम्मे कयकोउयमगलपायच्छित्ते सुद्धप्पावेसाइ मगल्लाइ वत्थाइ पवरपरिहिते अप्पमहग्घाभरणालकियसरीरे जिमियभुत्तुत्तरागए वि य ण समाणे पुव्वावरण्ह-कालसमयसि गधव्वेहि य णाडगेहि य उवनच्चिज्जमाणे उवनच्चिज्जमाणे, उवगाइज्जमाणे उवगाइज्ज-माणे, उवलालिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे इट्ठे सद्द-फरिस-रस-रूव-गधे पचविहे माणुस्सए कामभोए पच्चणुभवमाणे विहरइ ।

२१२—तत्पश्चात् चित्त सारथी विदाई लेकर जितशत्रु राजा के पास से निकला और जहाँ बाह्य उपस्थानशाला थी, चार घटों वाला अश्वरथ खडा किया था, वहाँ आया । आकर उस चातुर्घंट अश्वरथ पर सवार हुआ । फिर श्रावस्ती नगरी के बीचोबीच से होता हुआ राजमार्ग पर अपने ठहरने के लिये निश्चित किये गये आवास-स्थान पर आया । वहाँ घोडो को रोका, रथ को खडा किया और नीचे उतरा । इसके पश्चात् उसने स्नान किया, बलिकर्म किया और कौतुक, मगल प्रायश्चित्त करके शुद्ध और उचित—योग्य मागलिक वस्त्र पहने एव अल्प किन्तु बहुमूल्य आभूषणो से शरीर को अलकृत किया । भोजन आदि करके तीसरे प्रहर गधर्वो, नर्तको और नाट्यकारो के सगीत, नृत्य और नाट्याभिनयो को सुनते-देखते हुए तथा इष्ट—अभिलषित शब्द, स्पर्श, रस, रूप एव गधमूलक पाच प्रकार के मनुष्य सबधी कामभोगो को भोगते हुए विचरने लगा ।

श्रावस्ती नगरी मे केशी कुमारश्रमण का पदार्पण

२१३—तेण कालेण तेण समएणं पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे जातिसपण्णे कुल-सपण्णे बलसपण्णे रूवसपण्णे विणयसपण्णे नाणसपण्णे दसणसपन्ने चरित्तसपण्णे लज्जासंपण्णे लाघव-सपण्णे लज्जालाघवसपण्णे ओयसी तेयसी वच्चंसी जसंसी जियकोहे जियमाणे जियमाए जियलोहे जियणिद्दे जितिदिए जियपरीसहे जीवियास-मरणभयविप्पमुक्के तवप्पहाणे गुणप्पहाणे करणप्पहाणे चरणप्पहाणे निग्गहप्पहाणे निच्छयप्पहाणे अज्जवप्पहाणे मद्दवप्पहाणे लाघवप्पहाणे खतिप्पहाणे गुत्तिप्पहाणे मुत्तिप्पहाणे विज्जप्पहाणे मतप्पहाणे बभप्पहाणे वेयप्पहाणे नयप्पहाणे नियमप्पहाणे सच्च-प्पहाणे सोयप्पहाणे नाणप्पहाणे दसणप्पहाणे चरित्तप्पहाणे ओराले घोरे घोरगुणे घोरतवस्सी घोरबभ-चेरवासी उच्छूढसरीरे सखित्तविपुलतेउलेस्से चउद्दसपुव्वी चउणाणोवगए पचहिं अणगारसएहिं सद्धि सपरिवुडे पुव्वाणुपुव्वि चरमाणे गामाणुगाम दुइज्जमाणे सुहसुहेण विहरमाणे जेणेव सावत्थी नयरी, जेणेव कोट्ठए चेइए, तेणेव उवागच्छइ, सावत्थी नयरीए बहिया कोट्ठए चेइए अहापडिरूव उग्गहं उग्गिण्हइ, उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ ।

२१३—उस काल और उस समय मे जातिसपन्न—उत्तम मातृपक्ष वाले, कुल सपन्न—उत्तम पितृपक्ष वाले, आत्मबल से युक्त, अनुत्तर विमानवासी देवो से भी अधिक रूपवान् (शरीर-सौन्दर्य-शाली), विनयवान्, सम्यग् ज्ञान, दर्शन, चरित्र के धारक, लज्जावान्—पाप कार्यो के प्रति भीरु, लाघववान् (द्रव्य से अल्प उपधि वाले और भाव से ऋद्धि, रस और साता रूप तीन गौरवो से रहित), लज्जालाघवसपन्न, ओजस्वी—मानसिक तेज से सपन्न, तेजस्वी—शारीरिक काति से देदीप्यमान,

वचस्वी—सार्थक वचन बोलने वाले, यशस्वी, क्रोध को जीतने वाले, मान को जीतने वाले, माया को जीतने वाले, लोभ को जीतने वाले, जीवित रहने की आकाक्षा एव मृत्यु के भय से विमुक्त, तप प्रधान अर्थात् उत्कृष्ट तप करने वाले, गुणप्रधान अर्थात् उत्कृष्ट सयम गुण के धारक, करणप्रधान (पिंडविशुद्धि आदि करणसत्तरी मे प्रधान), चरणप्रधान (महाव्रत आदि चरणसत्तरी मे प्रधान), निग्रह-प्रधान (मन और इन्द्रियो की अनाचार मे प्रवृत्ति को रोकने मे सदैव सावधान), तत्त्व का निश्चय करने मे प्रधान, आर्जवप्रधान (माया का निग्रह करने वाले), मार्दवप्रधान (अभिमानरहित), लाघवप्रधान अर्थात् क्रिया करने के कौशल मे दक्ष, क्षमाप्रधान अर्थात् क्रोध का निग्रह करने मे प्रधान, गुप्तिप्रधान (मन, वचन, काय के सयमी), मुक्ति (निर्लोभता) मे प्रधान, विद्याप्रधान (देवता-अधिष्ठित प्रज्ञप्ति आदि विद्याओ मे प्रधान), मत्रप्रधान (हरिणेगमैषी आदि देवो से अधिष्ठित अथवा साधना से प्राप्त होने वाली विद्याओ मे प्रधान), ब्रह्मचर्य अथवा समस्त कुशल अनुष्ठानो मे प्रधान, वेदप्रधान अर्थात् लौकिक और लोकोत्तर आगमो मे निष्णात, नयप्रधान अर्थात् समस्त वाचनिक अपेक्षाओ के मर्मज्ञ, नियमप्रधान—विचित्र अभिग्रहो को धारण करने मे कुशल, सत्यप्रधान, शौचप्रधान (द्रव्य और भाव से ममत्व रहित), ज्ञानप्रधान, दर्शनप्रधान, चारित्रप्रधान, उदार, घोर परीषहो, इन्द्रियो और कषायो आदि आन्तरिक शत्रुओ का निग्रह करने मे कठोर, घोरव्रती—अप्रमत्त भाव से महाव्रतो का पालन करने वाले, घोरतपस्वी—महातपस्वी, घोर ब्रह्मचर्यवासी—उत्कृष्ट ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले, शरीरसस्कार के त्यागी, विपुल तेजोलेश्या को अपने शरीर मे ही समाये रखने वाले, चौदह पूर्वो के ज्ञाता, मतिज्ञानादि मन पर्यायज्ञानपर्यन्त चार ज्ञानो के धनी पार्श्वापत्य (भगवान् पार्श्वनाथ की शिष्यपरम्परा के) केशी नामक कुमारश्रमण (कुमार अवस्था मे दीक्षित साधु) पाँच सौ अनगारो से परिवृत्त होकर अनुक्रम से चलते हुए, ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए, सुखे-सुखे विहार करते हुए जहाँ श्रावस्ती नगरी थी, जहाँ कोष्ठक चैत्य था, वहाँ पधारे एव श्रावस्ती नगरी के बाहर कोष्ठक चैत्य मे यथोचित अवग्रह को ग्रहण किया अर्थात् स्थान की याचना की और फिर अवग्रह ग्रहण कर सयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे ।

विवेचन—मूल पाठ मे आगत 'करणप्पहाणे' एव चरणप्पहाणे' पद मे करण और चरण शब्द करणसत्तरी और चरणसत्तरी के बोधक हैं । इन दोनो का तात्पर्य है—करण के सत्तर भेद और चरण के सत्तर भेद । प्रयोजन होने पर साधु जिन नियमो का सेवन करते हैं उन्हे करण अथवा करणगुण कहते हैं और जिन नियमो का निरतर आचरण किया जाता है, वे चरण अथवा चरणगुण कहलाते है ।

करण के सत्तर भेद इस प्रकार है—

पिंडविसोही समिइ भावण पडिमा य इन्दियनिरोहो ।
पडिलेहण गुत्तीओ अभिग्गहा चेव करण तु ॥

—ओघनिर्युक्ति गा० ३

आहार, वस्त्र, पात्र और शय्या की शुद्ध गवेषणा, पाँच समिति, अनित्य आदि बारह भावनाएँ, बारह प्रतिमाएँ, पच इन्द्रियो का निग्रह, पच्चीस प्रकार की प्रतिलेखना, तीन गुप्ति एव चार प्रकार के अभिग्रह (ये करण गुण के सत्तर भेद है) ।

चरण के सत्तर भेद इस प्रकार है—

वय समणधम्म सजम वेयावच्च च बम्भगुत्तीओ ।
णाणाइतिय तव कोहनिग्गहाई चरणमेय ॥

पाच महाव्रत, क्षमा आदि दस प्रकार का यतिधर्म, सत्रह प्रकार का सयम, आचार्य आदि का दस प्रकार का वैयावृत्य, नौ ब्रह्मचर्य-गुप्तियाँ, ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना, बारह प्रकार का तप, क्रोधादि चार कषायो का निग्रह (ये चरणगुण के सत्तर भेद हैं)।

दर्शनार्थ परिषदा का गमन और चित्त की जिज्ञासा—

२१४—तए ण सावत्थीए नयरीए सिंघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर-चउमुह-महापहपहेसु महया जणसद्दे इ वा जणवूहे इ वा जणबोले इ वा जणकलकले इ वा जणउम्मी इ वा जणउक्कलिया इ वा जणसन्निवाए इ वा जाव (बहुजणो अण्णमण्ण एव आइक्खइ एव भासेइ एव पण्णवेइ एव परूवेइ—एव खलु देवाणुप्पिया ! पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे जाइसपन्ने जाव[1] गामाणुगाम दूइज्जमाणे इह मागए, इह सपत्ते, इह समोसढे, इहेव सावत्थीए नयरीए बहिया कोट्ठए चेइए अहापडिरूव उग्गहं उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ ।

त महप्फल खलु भो देवाणुप्पिया ! तहारूवाण समणाण भगवंताणं णामगोयस्स वि सवणयाए, किमंगपुण अभिगमण-वदन-णमसण-पडिपुच्छण-पज्जुवासणयाए ? एगस्स वि आयरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए, किमग ! पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ? त गच्छामो ण देवाणुप्पिया ! समण भगव वदामो णमसामो सक्कारेमो सम्माणेमो कल्लाण मगल देवय चेइय विणएण पज्जुवासामो (एय ण इहभवे पेच्चभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेयसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ-त्ति कट्टु परिसा निग्गया, केसी नाम कुमारसमण तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेति, वदइ णमसइ, वदित्ता णमसित्ता णच्चासन्ने णाइदूरे सुस्सूसमाणे नमसमाणे पजलियउडे अभिमुहे विणएण) परिसा पज्जुवासइ ।

२१४—तत्पश्चात् (केशी कुमारश्रमण का पदार्पण होने के पश्चात्) श्रावस्ती नगरी के शृ गाटको (त्रिकोण वाले स्थानो), त्रिको (तिराहो), चतुष्को (चौराहो), चत्वरो (चौको), चतुर्मुखो (चारो तरफ द्वार वाले स्थान-विशेषो), राजमार्गो और मार्गो (गलियो) मे लोग आपस मे चर्चा करने लगे, लोगो के झु ड इकट्ठे होने लगे, लोगो के बोलने की घोघाट सुनाई पडने लगी, जनकोलाहल होने लगा, भीड के कारण लोग आपस मे टकराने लगे, एक के बाद एक लोगो के टोले आते दिखाई देने लगे, इधर-उधर से आकर लोग एक स्थान पर इकट्ठे होने लगे, यावत् (बहुत से लोग परस्पर एक दूसरे से कहने लगे, बोलने लगे, प्ररूपणा करने लगे—हे देवानुप्रियो ! जाति आदि से सपन्न-श्रेष्ठ पार्श्वापत्य केशी कुमारश्रमण अनुक्रम से गमन करते हुए, ग्रामानुग्राम—एक गाव से दूसरे गाव मे—विचरते हुए आज यहा आये हैं, प्राप्त हुए है, पधार गए है और इसी श्रावस्ती नगरी के बाहर कोष्ठक चैत्य मे यथारूप (साधुमर्यादा के अनुरूप) अवग्रह—आज्ञा लेकर सयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचर रहे हैं ।

अतएव हे देवानुप्रियो ! जब तथारूप श्रमण भगवन्तो के नाम और गोत्र के सुनने से ही महाफल प्राप्त होता है, तव उनके समीप जाने, उनकी वदना करने, उनसे प्रश्न पूछने और उनकी

---

१ देखें सूत्र सख्या २१३

पर्युपासना—सेवा करने से प्राप्त होने वाले अनुपम फल के लिये तो कहना ही क्या है ! आर्य धर्म के एक सुवचन के सुनने से जब महाफल प्राप्त होता है, तब हे आयुष्मन् ! विपुल अर्थों को ग्रहण करने मे प्राप्त होने वाले फल के विषय मे तो कहना ही क्या हे ? इसलिये हे देवानुप्रियो ! हम उनके पास चले, उनको वदन-नमस्कार करे, उनका सत्कार करे, भक्तिपूर्वक सम्मान करे एव कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप, चैत्यरूप उनकी विनयपूर्वक पर्युपासना करे। यह वदन-नमस्कार करना हमे इस भव तथा परभव मे हितकारी है, सुखप्रद है, क्षेम-कुशल एव परमनिश्रेयस्—कल्याण का साधन रूप होगा तथा इसी प्रकार अनुगामी रूप से जन्म-जन्मान्तर मे भी सुख देने का निमित्त बनेगा—ऐसा विचार कर परिषदा (जनसमुदाय) निकली और केशी कुमारश्रमण के पास पहुँच कर दक्षिण दिशा से प्रारम्भ कर उनकी तीन बार प्रदक्षिणा की। प्रदक्षिणा करके वदन-नमस्कार किया। वदन-नमस्कार करके न तो अधिक दूर और न अधिक निकट किन्तु उनके सम्मुख यथायोग्य स्थान पर बेठकर शुश्रूषा और नमस्कार करते हुए सविनय अजलि करके) पर्युपासना-सेवा करने लगी।

२१५—तए ण तस्स सारहिस्स त महाजणसद्द च जणकलकल च सुणेत्ता य पासेत्ता य इमेया-रूवे अज्झत्थिए जाव (चिंतिए, पत्थिए मणोगते सकप्पे) समुप्पज्जित्था, कि ण अज्ज सावत्थीए णयरीए इदमहे इ वा, खदमहे इ वा, रुद्दमहे इ वा, मउदमहे इ वा, सिवमहे इ वा, वेसमणमहे इ वा, नागमहे इ वा, जक्खमहे इ वा, भूयमहे इ वा, थूममहे इ वा, चेइयमहे इ वा, रुक्खमहे इ वा, गिरिमहे इ वा, दरिमहे इ वा, अगडमहे इ वा, नईमहे इ वा, सरमहे इ वा, सागरमहे इ वा, ज ण इमे बहवे उग्गा उग्गपुत्ता भोगा राइन्ना इक्खागा णाया कोरव्वा जाव (खत्तिया माहणा भडा जोहा मल्लई मल्लइपुत्ता लेच्छइ, लेच्छइपुत्ता) इब्भा इब्भपुत्ता अण्णे य बहवे राया-ईसर-तलवर-माडबिय-कोडुबिय-इब्भ-सेट्ठि-सेणावइ-सत्थवाहप्पभितियो ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमगलपायच्छित्ता सिरसाकठे-मालकडा आविद्धमणिसुवण्णा कप्पियहार-अद्धहार-तिसरपालबपलबमाण-कडिसुत्तयकयसोहाहरणा चदणोलित्तगायसरीरा पुरिसवग्गुरापरिखित्ता महया उक्किट्ठसीहणायबोलकलकलरवेण एगदिसाए जहा उववाइए जाव अप्पेगतिया हयगया गयगया जाव (रहगया सिबियागया सदमाणिया अप्पेगतिया) पायचारविहरेण महया महया बदावदएहिं निग्गच्छति, एव सपेहेइ, सपेहित्ता कचुइज्जपुरिस सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी—

किं ण देवाणुप्पिया ! अज्ज सावत्थीए नगरीए इदमहे इ वा जाव सागरमहे इ वा जेण इमे बहवे उग्गा भोगा० णिग्गच्छति ?

२१५—तब लोगो की बातचीत, जनकोलाहल सुनकर तथा जनसमूह को देखकर चित्त सारथी को इस प्रकार का यह आन्तरिक यावत् (चिन्तित, प्रार्थित—इष्ट और मनोगतसकल्प-विचार) उत्पन्न हुआ कि क्या आज श्रावस्ती नगरी मे इन्द्रमह (इन्द्र-निमित्तक उत्सव—इन्द्रमहोत्सव) है ? अथवा स्कन्द (कार्तिकेय) मह है ? या रुद्रमह, मुकुन्दमह, शिवमह, वैश्रमण (कुबेर) मह, नागमह (नाग सम्बन्धी उत्सव), यक्षमह, भूतमह, स्तूपमह, चैत्यमह, वृक्षमह, गिरिमह, दरि(गुफा)मह, कूपमह, नदीमह, सर(तालाब)मह, अथवा सागरमह है ? कि जिससे ये बहुत से उग्रवशीय, उग्रवशीयकुमार, भोगवशीय, राजन्यवशीय, इक्ष्वाकुवशीय, ज्ञातवशीय, कौरववशीय यावत् (क्षत्रिय—सामान्य राजकुल के सम्बन्धी, माहण-ब्राह्मण, सुभट, योद्धा, मल्लक्षत्रिय (मल्लिक गणराज्य से सबधित), मल्लपुत्र, लिच्छवी क्षत्रिय लिच्छिवी पुत्र), इभ्भ, इभ्भपुत्र तथा दूसरे भी अनेक राजा (माडलिक राजा) ईश्वर

(युवराज) तलवर (जागीरदार), माडबिक, कौटुम्बिक, इभ्यश्रेष्ठी (महाधनी—हाथी प्रमाण धन से सपन्न सेठ), सेनापति, सार्थवाह आदि सभी स्नान कर, बलिकर्म कर, कौतुक-मगल-प्रायश्चित कर, मस्तक और गले मे मालाएँ धारण कर, मणिजटित स्वर्ण के आभूषणो से शरीर को विभूषित कर, गले मे हार, (अठारह लड का हार), अर्धहार, तिलडी, झूमका, और कमर मे लटकते हुए कटिसूत्र (करधनी) पहनकर, शरीर पर चदन का लेप कर, आनदातिरेक से सिंहनाद और कलकल ध्वनि से श्रावस्ती नगरी को गु जाते हुए जनसमूह के साथ एक ही दिशा मे मुख करके जा रहे हैं आदि वर्णन औपपातिक सूत्र के अनुसार यहा जानना चाहिये। यावत् उनमे से कितने ही घोडो पर सवार होकर, कई हाथी पर सवार होकर, कोई रथो मे बैठ कर, या पालखी मे बैठ कर स्यदमानिका मे बैठ कर और कितने ही अपने अपने समुदाय बनाकर पैदल ही जा रहे हैं। ऐसा विचार किया और विचार करके कचुकी पुरुष (द्वारपाल) को बुलाकर उससे पूछा—

देवानुप्रिय! आज क्या श्रावस्ती नगरी मे इन्द्र-महोत्सव है यावत् सागरयात्रा है कि जिससे ये बहुत से उग्रवशीय, भोगवशीय आदि सभी लोग अपने-अपने घरो से निकलकर एक ही दिशा मे जा रहे हैं?

२१६—तए ण से कचुईपुरिसे केसिस्स कुमारसमणस्स आगमणगहियविणिच्छए चित्त सारहिं करयलपरिग्गहिय जाव वद्धावेत्ता एव वयासी—णो खलु देवाणुप्पिया! अज्ज सावत्थीए णयरीए इदमहे इ वा जाव सागरमहे इ वा जे ण इमे बहवे जाव[1] विंदाविंदएहिं निग्गच्छति, एव खलु भो देवाणुप्पिया! पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे जाइसपन्ने जाव[2] दूइज्जमाणे इहमागए जाव विहरइ। तेण अज्ज सावत्थीए नयरीए बहवे उग्गा जाव इब्भा इब्भपुत्ता अप्पेगतिया वदणवत्तियाए जाव महया वदावदएहिं णिग्गच्छति।

२१६—तब उस कचुकी पुरुष ने केशी कुमारश्रमण के पदार्पण होने के निश्चित समाचार जानकर दोनो हाथ जोड यावत् जय-विजय शब्दो से वधाकर चित्तसारथी से निवेदन किया—देवानुप्रिय! आज श्रावस्ती नगरी मे इन्द्र-महोत्सव यावत् समुद्रयात्रा आदि नही है कि जिससे ये बहुत से उग्रवशीय आदि लोग अपने-अपने समुदाय बनाकर निकल रहे हैं। परन्तु हे देवानुप्रिय! बात यह है कि आज जाति आदि से सपन्न पार्श्वापत्य केशी नामक कुमारश्रमण यावत् एक ग्राम से दूसरे ग्राम मे विहार करते हुए यहाँ पधारे है यावत् कोष्ठक चैत्य मे विराजमान हैं। इसी कारण आज श्रावस्ती नगरी के ये अनेक उग्रवशीय यावत् इभ्भ, इभ्भपुत्र आदि वदना आदि करने के विचार से बडे-बडे समुदायो मे अपने घरो से निकल रहे है।

चित्त सारथी का दर्शनार्थ गमन

२१७—तए ण से चित्ते सारही कचुइपुरिसस्स अतिए एयमट्ठ सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ-जाव-हियए कोडुबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी—खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! चाउग्घट आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेह जाव सच्छत्त उवट्ठवेंति।

---

१ देखें सूत्र सख्या २१५ २ देखे सूत्र सख्या २१३

२१७—तत्पश्चात् कचुकी पुरुप से यह वात सुन-समझ कर चित्त सारथी ने हृष्ट-तुष्ट यावत् हर्षविभोर हृदय होते हुए कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया। बुलाकर उनसे कहा—हे देवानुप्रियो! शीघ्र ही चार घटो वाले अश्वरथ को जोतकर उपस्थित करो। यावत् वे कौटुम्बिक पुरुष छत्रसहित अश्वरथ को जोतकर लाये।

२१८—तए ण से चित्ते सारही ण्हाए कयवलिकम्मे कयकोउयमगलपायच्छित्ते सुद्धप्पावेसाइ मगल्लाइ वत्थाइ पवरपरिहिते अप्पमहग्घाभरणालकियसरीरे जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता चाउग्घट आसरह दुरुहइ सकोरिटमल्लदामेण छत्तेण धरिज्जमाणेण महया भडचडगरेण विदपरिखित्ते सावत्थीनगरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छइ। निग्गच्छित्ता जेणेव कोट्ठए चेइए जेणेव केसिकुमारसमणे तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता केसिकुमारसमणस्स अदूरसामते तुरए णिगिण्हइ रह ठवेइ य, ठवित्ता पच्चोरुहति। पच्चोरुहित्ता जेणेव केसिकुमारसमणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता केसिकुमारसमण तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिण करेइ, करित्ता वदइ नमसइ, नमसित्ता णच्चासण्णे णाति दूरे सुस्सूसमाणे णमसमाणे अभिमुहे पजलिउडे विणएण पज्जुवासइ।

२१८—तदनन्तर चित्त सारथी ने स्नान किया, बलिकर्म किया, कौतुक मगल प्रायश्चित्त किया, शुद्ध एव सभोचित मागलिक वस्त्रो को पहना, अल्प किन्तु बहुमूल्य आभूषणो से शरीर को अलकृत किया और उसके बाद वह चार घण्टो वाले अश्वरथ के पास आया। आकर उस चातुर्घंट अश्वरथ पर आरूढ हुआ एव कोरट पुष्पो की मालाओ से सुशोभित छत्र धारण करके सुभटो के विशाल समुदाय के साथ श्रावस्ती नगरी के बीचो-बीच होकर निकला। निकलकर जहाँ कोष्ठक नामक चैत्य था और उसमे भी जहाँ केशी कुमारश्रमण विराज रहे थे, वहाँ आया। आकर केशी कुमारश्रमण से कुछ दूर घोडो को रोका और रथ खडा किया। रथ खडा कर उससे नीचे उतरा। उतर कर जहाँ केशी कुमारश्रमण थे, वहाँ आया। आकर दक्षिण दिशा से प्रारभ कर केशी कुमारश्रमण की तीन बार प्रदक्षिणा की। प्रदक्षिणा करके वदन-नमस्कार किया। वदन-नमस्कार करके न अत्यन्त समीप और न अति दूर किन्तु समुचित स्थान पर सम्मुख बैठकर धर्मोपदेश सुनने की इच्छा से नमस्कार करता हुआ विनयपूर्वक अजलि करके पर्युपासना करने लगा।

केशी श्रमण की देशना

२१९—तए ण से केसिकुमारसमणे चित्तस्स सारहिस्स तीसे महतिमहालियाए महच्चपरिसाए चाउज्जाम धम्म परिकहेइ। त जहा—सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमण, सव्वाओ मुसावायाओ वेरमण, सव्वाओ अदिण्णादाणाओ वेरमण, सव्वाओ बहिद्धादाणाओ वेरमण। तए ण सा महतिमहालिया महच्चपरिसा केसिस्स कुमारसमणस्स अतिए धम्म सोच्चा-निसम्म जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया।

२१९—तत्पश्चात् केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी और उस अतिविशाल परिषद् को चार याम धर्म का उपदेश दिया। उन चातुर्यामो के नाम इस प्रकार है—

(१) समस्त प्राणातिपात (हिंसा) से विरमण (निवृत्त होना), (२) समस्त मृषावाद (असत्य) से विरत होना, (३) समस्त अदत्तादान से विरत होना, (४) समस्त बहिद्धादान (मैथुन-परिग्रह) से विरत होना।

इसके बाद वह अतिविशाल परिषद् (जनसमूह) केशी कुमारश्रमण से धर्मदेशना सुनकर एव हृदय मे धारण कर—मनन कर जिस दिशा से आई थी, उसी ओर लौट गई, अर्थात् वह आगत जनसमूह अपने-अपने घरो को वापस लौट गया।

विवेचन—कुमारश्रमण केशी पार्श्वनाथ के अनुयायी थे और भगवान् पार्श्व ने चार यामो की प्ररूपणा की है। अत इन्होने चार यामो (महाव्रतो) का उपदेश दिया। लेकिन भगवान् महावीर द्वारा प्ररूपित पच महाव्रतो से सख्या-भेद के सिवाय इन चार महाव्रतो के आशय मे अन्य कोई अन्तर नही है। स्थानागसूत्र टीका मे 'बहिद्धा' का अर्थ मैथुन और 'आदान' का अर्थ परिग्रह बताया है। अथवा स्त्री-परिग्रह एव अन्य किसी भी प्रकार का परिग्रह बहिद्धादान मे गर्भित है।

२२०—तए ण से चित्ते सारही केसिस्स कुमारसमणस्स अतिए धम्म सोच्चा निसम्म हट्ठ-जाव-हियए उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठेत्ता केसिं कुमारसमण तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिण करेइ, वदइ नमसइ, नमसित्ता एव वयासी—

सद्दहामि ण भते ! निग्गथ पावयण।

पत्तियामि ण भते ! निग्गथ पावयण।

रोएमि ण भते ! निग्गथ पावयण।

अब्भुट्ठेमि ण भते ! निग्गथ पावयण।

एवमेय निग्गथ पावयण।

तहमेय भते ! ०[1] अवितहमेय भते ! ० असदिद्धमेय०, इच्छियपडिच्छियमेय भते ! ज ण तुब्भे वदह त्ति कट्टु वदइ नमसइ, नमसित्ता एव वयासी—जहा ण देवाणुप्पियाण अतिए बहवे उग्गा जाव इब्भा इब्भपुत्ता चिच्चा हिरण्ण, चिच्चा सुवण्ण एव धण-धन्न-बल-वाहण-कोस कोट्ठागार पुर अतेउर, चिच्चा विउल धण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-सख-सिलप्पवाल सतसारसावएज्ज विच्छड्डित्ता विगोवइत्ता दाण दाइयाण परिभाइत्ता मु डे भवित्ता अगाराओ अणगारिय पव्वयति, णो खलु अह ता सचाएमि चिच्चा हिरण्ण त चेव जाव पव्वइत्तए। अह ण देवाणुप्पियाण अतिए पचाणुव्वइय सत्तसिक्खावइय दुवालसविह गिहिधम्म पडिवज्जित्तए।

अहासुह देवाणुप्पिया ! मा पडिबध करेहि।

२२०—तदनन्तर वह चित्त सारथी केशी कुमारश्रमण से धर्म श्रवण कर एव उसे हृदय मे धारण कर हृष्ट-तुष्ट होता हुआ यावत् (चित्त मे आनन्द का अनुभव करता हुआ, प्रीति-अनुराग युक्त होता हुआ, सौम्यभावो वाला होता हुआ और हर्षातिरेक से विकसित) हृदय होता हुआ अपने आसन से उठा। उठकर केशी कुमारश्रमण की तीन बार आदक्षिण प्रदक्षिणा की, वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार बोला—भगवन् ! मुझे निर्ग्रन्थ प्रवचन मे श्रद्धा है। भगवन् ! इस पर प्रतीति (विश्वास) करता हूँ। भदन्त ! मुझे निर्ग्रन्थ प्रवचन रुचता है अर्थात् तदनुरूप आचरण करने का आकाक्षी हूँ। हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ प्रवचन को अगीकार करना चाहता हूँ ! भगवन् !

---

१ यहा ० 'निगन्थ पावयण' का बोधक सकेत है।

यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ऐसा ही है। भगवन्! यह तथ्य-यथार्थ है। भगवन्! यह अवितथ-सत्य है। असंदिग्ध है—शका-सदेह से रहित है। मुझे इच्छित है अर्थात् मैंने इसकी इच्छा की है। मुझे इच्छित, प्रतीच्छित है अर्थात् मै इसकी पुन पुन इच्छा करता हूँ। भगवन्! यह वैसा ही है जैसा आप निरूपण-कथन करते है। ऐसा कहकर वन्दन-नमस्कार किया और नमस्कार करके पुन बोला—

देवानुप्रिय! जिस तरह से आपके पास अनेक उग्रवशीय, भोगवशीय यावत् इभ्य एव इभ्य-पुत्र आदि हिरण्य—चादी का त्याग कर, स्वर्ण को छोडकर तथा धन, धान्य, वल, वाहन, कोश, कोठार, पुर-नगर, अन्त पुर का त्याग कर और विपुल धन, कनक, रत्न, मणि, मोती, शख, शिलाप्रवाल (मू गा) आदि सारभूत द्रव्यो का ममत्व छोडकर, उन सवको दीन-दरिद्रो मे वितरित कर, पुत्रादि मे बँटवारा कर, मु डित होकर, गृहस्थ जीवन का परित्याग कर अनगारधर्म मे प्रव्रजित हुए है उस प्रकार चाँदी का त्याग कर यावत् प्रव्रजित होने मे तो मैं समर्थ नही हूँ। मैं आप देवानुप्रिय के पास पच अणुव्रत, सात शिक्षाव्रत मूलक वारह प्रकार का गृहीधर्म (श्रावकधर्म) अगीकार करना चाहता हूँ।

चित्त सारथी की भावना को जानकर केशी कुमारश्रमण ने कहा—देवानुप्रिय! जिससे तुम्हे सुख हो, वैसा ही करो, किन्तु प्रतिबध—विलब मत करो।

विवेचन—चित्त सारथी ससारभीरु था और प्रदेशी राजा के पाप कार्यो से खेदखिन्न रहता था। लेकिन अपनी मानसिक, पारिवारिक और प्रजाजनो की स्थिति को देखकर तत्काल उसे यह सभव प्रतीत नही हुआ कि अनगार-प्रव्रज्या अगीकार कर लू। इसीलिए उसने निर्ग्रन्थ प्रवचन के प्रति भावपूर्ण शब्दो मे अपनी आन्तरिक श्रद्धा का निवेदन किया।

केशी कुमारश्रमण के समक्ष जब चित्त सारथी ने अपनी आन्तरिक भावना को व्यक्त करते हुए अपने विचारो को प्रकट किया तो केशी कुमारश्रमण ने अपने मध्यस्थभाव के अनुसार कहा—अहासुह देवाणुप्पिया! और फिर यह जानकर कि यह भव्य आत्मा ससारसागर से पार होने की अभिलाषी है, इसे पथप्रदर्शन एव तदनुकूल निमित्तो का बोध कराने की आवश्यकता है। बिना पथ प्रदर्शन के भटक सकती है तो हल्का का सकेत भी उन्होने कर दिया कि 'मा पडिबध करेहि।'

साराश यह हुआ कि इच्छानुसार चित्त सारथी श्रावकधर्म ग्रहण करना चाहे तो कर ले। क्योकि जीवनशुद्धि के लिये कम-से-कम इतना त्याग तो प्रत्येक मनुष्य को करना ही चाहिए।

२२१—तए ण से चित्ते सारही केसिकुमारसमणस्स अतिए पंचाणुव्वतिय जाव गिहिधम्म उवसपज्जित्ताण विहरत्ति। तए णं से चित्ते सारही केसिकुमारसमण वदइ नमसइ, नमसित्ता जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव पहारेत्थ गमणाए। चाउग्घट आसरह दुरूहइ, जामेव दिसि पाउब्भूए तामेव दिसि पडिगए।

२२१—तव चित्त सारथी ने केशी कुमारश्रमण के पास पाच अणुव्रत यावत् (सात शिक्षाव्रत-रूप) श्रावक धर्म को अगीकार किया।

तत्पश्चात् चित्त सारथी ने केशी कुमारश्रमण की वदना की, नमस्कार किया। नमस्कार करके जहाँ चार घटो वाला अश्वरथ था, उस ओर चलने को तत्पर—उन्मुख हुआ। वहाँ जाकर चार घटो वाले अश्वरथ पर आरूढ हुआ, फिर जिस ओर से आया था, वापस उसी ओर लौट गया।

विवेचन—श्रावक धर्म पाच अणुव्रत और सात शिक्षाव्रतरूप है। ये दोनो मिलकर श्रावक के बारह व्रत कहलाते है। इनमे अणुव्रत श्रावक के मूलव्रत है और शिक्षाव्रत उनके पोषण, सवर्धन एव रक्षण मे सहायक वाडरूप व्रत हैं। अणुव्रतो के बिना जैसे इन शिक्षाव्रतो का महत्त्व नही है, उसी प्रकार इनके बिना अणुव्रतो का यथारूप मे अभ्यास, पालन नही किया जा सकता है। शिक्षाव्रतो के अभ्यास से अणुव्रतो मे उत्तरोत्तर स्थिरता आती जाती है।

पाँच अणुव्रत इस् प्रकार हैं—अहिंसाणुव्रत, सत्याणुव्रत, अचौर्याणुव्रत, स्वदार-सतोषव्रत, परिग्रह-परिमाणव्रत। १ प्राणातिपात (शरीर, इन्द्रिय, आदि द्रव्यप्राणो और चैतन्यरूप भावप्राणो का घात करना) से विरत-निवृत्त होना। इस व्रत मे निरपराधी त्रसजीवो की सकल्पपूर्वक विराधना का त्याग करके निष्प्रयोजन स्थावर-एकेन्द्रिय जीवो का भी प्राणव्यपरोपण (हनन) नही किया जाता है। २ मृषावाद (असत्य) से निवृत्त होना। ३ अदत्तादान (चोरी) से निवृत्त होना। ३ स्वदारसतोष—अपनी परिणीता पत्नी से अतिरिक्त अन्य स्त्रियो के साथ मैथुनसेवन न करना। ५ परिग्रह का परिमाण करना।

सात शिक्षाव्रतो का दो प्रकारो मे विभाजन है—गुणव्रत और शिक्षाव्रत। गुणव्रत तीन और शिक्षाव्रत चार है। गुणव्रत अणुव्रतो के गुणात्मक विकास मे सहायक एव साधक के चारित्रगुणो की वृद्धि करने वाले है और शिक्षाव्रत अणुव्रतो के अभ्यास एव साधना मे स्थिरता लाने मे उपयोगी हैं।

२२२—तए ण से चित्ते सारही समणोवासए जाए अहिगयजीवाजीवे, उवलद्ध पुण्ण-पावे, आसव-सवर-निज्जर-किरियाहिगरण-बध-मोक्ख-कुसले असहिज्जे देवासुर-णाग-सुवण्ण-जक्ख-रक्खस-किन्नर-किंपुरिस--गरुल-गधव्व-महोरगाईहिं देवगणेहिं निग्गथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जे, निग्गथे पावयणे णिस्सकिए, णिक्कखिए, णिव्वितिगिच्छे, लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे अहिगयट्ठे विणिच्छियट्ठे, अट्ठिमिजपेम्माणुरागरत्ते—'अयमाउसो! निग्गथे पावयणे अट्ठे अय परमट्ठे सेसे अणट्ठे', ऊसियफलिहे अवगुयदुवारे चियत्ततेउरघरप्पवेसे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु पडिपुण्ण पोसह सम्म अणुपालेमाणे, समणेणिग्गथे फासुएसणिज्जेण असण-पाण-खाइम-साइमेण-पीढ-फलग-सेज्जा-सथारेण-वत्थ-पडिग्गह-कबल-पायपुछणेण ओसह-भेसज्जेण पडिलाभेमाणे, अहापरिग्गहेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाण भावेमाणे, जाइ तत्थ रायकज्जाणि य जाव[1] रायववहाराणि य ताइ जियसत्तुणा रण्णा सद्धि सयमेव पच्चुवेक्ख-माणे पच्चुवेक्खमाणे विहरइ।

२२२—तब वह चित्त सारथी श्रमणोपासक हो गया। उसने जीव-अजीव पदार्थो का स्वरूप समझ लिया था, पुण्य-पाप के भेद को जान लिया था, वह आश्रव, सवर, निर्जरा, क्रिया, अधिकरण (क्रिया का आधार, जिसके आधार से क्रिया की जाये), बध, मोक्ष के स्वरूप को जानने मे कुशल हो गया था, दूसरे की सहायता का अनिच्छुक (आत्मनिर्भर) था अर्थात् कुतीर्थिको के कुतर्को के खडन मे पर की सहायता की अपेक्षा वाला नही रहा। देव, असुर, नाग, सुपर्ण, यक्ष, राक्षस, किन्नर, किंपुरुष, गरुड, गधर्व, महोरग आदि देवताओ द्वारा निर्ग्रन्थ प्रवचन से अनतिक्रमणीय था, अर्थात् विचलित किये जा सकने योग्य नही था। निर्ग्रन्थ-प्रवचन मे नि शक—शकारहित था, आत्मोत्थान के सिवाय अन्य आकाक्षा रहित था। अथवा अन्य मतो की आकाक्षा उसके चित्त मे नही थी, विचिकित्सा—फल

---

१ देखें सूत्र सख्या २११

के प्रति सशय रहित था, लब्धार्थ—(गुरुजनो से) यथार्थ तत्त्व का बोध प्राप्त कर लिया था, ग्रहीतार्थ—उसे ग्रहण किये हुए था, विनिश्चितार्थ—निश्चित रूप से उस अर्थ को आत्मसात् कर लिया था एव अस्थि और मज्जा पर्यन्त धर्मानुराग से भरा था अर्थात् उसकी रग-रग मे निर्ग्रन्थ प्रवचन के प्रति प्रेम और अनुराग व्याप्त था। वह दूसरो को सबोधित करते हुए कहता था कि—आयुष्मन्! यह निर्ग्रन्थप्रवचन ही अर्थ—प्रयोजनभूत है, यही परमार्थ है, इसके सिवाय अन्य—अन्यतीर्थिक के कथन कुगतिप्रापक होने से अनर्थ—अप्रयोजनभूत है। असद् विचारो से रहित हो जाने के कारण उसका हृदय स्फटिक की तरह निर्मल हो गया था। निर्ग्रन्थ श्रमणो का भिक्षा के निमित्त सरलता से प्रवेश हो सकने के विचार से उसके घर का द्वार अर्गलारहित था अर्थात् सुपात्र दान के लिये उसका द्वार सदा खुला रहता था। सभी के घरो, यहाँ तक कि अन्त पुर मे भी उसका प्रवेश शकारहित होने से प्रीतिजनक था। चतुर्दशी, अष्टमी, उद्दिष्ट—अमावस्या एव पूर्णिमा को परिपूर्ण पौषधव्रत का समीचीन रूप से पालन करते हुए, श्रमण निर्ग्रन्थो को प्रासुक, एषणीय—स्वीकार करने योग्य—निर्दोष अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य आहार, पीठ, फलक, शय्या, सस्तारक, आसन, वस्त्र, पात्र, कबल, पादप्रोछन (रजोहरण), औषध, भैषज से प्रतिलाभित करते हुए एव यथाविधि ग्रहण किये हुए तप कर्म से आत्मा को भावित—शुद्ध करते हुए जितशत्रु राजा के साथ रहकर स्वय उस श्रावस्ती नगरी के राज्यकार्यो यावत् राज्यव्यवहारो का बारम्बार अवलोकन-अनुभव करते हुए विचरने लगा।

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र मे ऐसे मनुष्य का चरित्र-चित्रण किया है, जो जीवनशुद्धि के निमित्त धार्मिक आचार-विचारो के अनुरूप प्रवृत्ति करता है।

२२३—तए ण से जियसत्तुराया अण्णया कयाइ महत्थ जाव पाहुड सज्जेइ, चित्त सारहिं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी—गच्छाहि ण तुम चित्ता! सेयविय नगरिं, पएसिस्स रन्नो इम महत्थं जाव पाहुड उवणेहि। मम पाउग्गं च ण जहाभणिय अवितहमसदिद्ध वयण विन्नवेहि त्ति कट्टु विसज्जिए।

२२३—तत्पश्चात् अर्थात् चित्त सारथी को श्रावस्ती नगरी मे रहते-रहते पर्याप्त समय हो जाने के पश्चात् जितशत्रु राजा ने किसी समय महाप्रयोजनसाधक यावत् प्राभृत (उपहार) तैयार किया और चित्त सारथी को बुलाया। बुलाकर उससे इस प्रकार कहा—हे चित्त! तुम वापस सेयविया नगरी जाओ और महाप्रयोजनसाधक यावत् इस उपहार को प्रदेशी राजा के सन्मुख भेंट करना तथा मेरी ओर से विनयपूर्वक उनसे निवेदन करना कि आपने मेरे लिये जो सदेश भिजवाया है, उसे उसी प्रकार अवितथ—सत्य, प्रमाणिक एव असदिग्ध रूप से स्वीकार करता हूँ। ऐसा कहकर चित्त सारथी को सम्मानपूर्वक विदा किया।

चित्त की केशी कुमारश्रमण से सेयविया पधारने की प्रार्थना—

२२४—तए ण से चित्ते सारही जियसत्तुणा रन्ना विसज्जिए समाणे त महत्थ जाव (महग्घ, महरिह, रायरिह पाहुड) गिण्हइ जाव जियसत्तुस्स रण्णो अतियाओ पडिनिक्खमइ। सावत्थी नयरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छइ। जेणेव रायमग्गमोगाढे आवासे तेणेव उवागच्छइ, त महत्थ जाव ठवइ, ण्हाए जाव (कयबलिकम्मे, कयकोउयमगलपायच्छित्ते सुद्धप्पवेलाइ मगलाइ वत्थाइपवर परिहिए अप्पमहग्घाभरणालकिय) सरीरे सकोरट०[1] महया०[2] पायचारविहारेण महया पुरिसवग्गुरापरिक्खित्ते रायमग्ग-

१ यहा '०' से 'मल्लदामेण छत्तेण धरेज्जमाणेण' पदो का सग्रह किया है।
२ यहा ० से 'भडचडगररहपहकरविंद परिक्खित्ते' पद का सग्रह किया है।

मोगाढाओ आवासाओ निग्गच्छइ, सावत्थीनगरीए मज्झमज्झेणं निग्गच्छति, जेणेव कोट्ठए चेइए जेणेव केसी कुमारसमणे तेणेव उवागच्छति, केसी कुमारसमणस्स अन्तिए धम्म सोच्चा जाव (निसम्म हट्ठ-तुट्ठ-चित्तमाणदिए-पीइमणे-परमसोमणस्सिए हरिसवसविसप्पमाणहियए उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठेत्ता केसि कुमारसमण तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिण करेइ, करित्ता वदई णमसइ, वदित्ता णमसित्ता) एवं वयासी— एव खलु अह भ ते ! जियसत्तुणा रन्ना पएसिस्स रन्नो इमं महत्थ जाव उवणेहि त्ति कट्टु विसज्जिए, त गच्छामि ण अह भ ते ! सेयविय नगरिं, पासादीया ण भ ते ! सेयविया णगरी, एव दरिसणिज्जा ण भ ते ! सेयविया णगरी, अभिरूवा ण भ ते ! सेयविया नगरी, पडिरूवा ण भ ते ! सेयविया नगरी, समोसरह ण भ ते ! तुब्भे सेयविय नगरिं।

२२४—तत्पश्चात् जितशत्रु राजा द्वारा विदा किये गये चित्त सारथी ने उस महाप्रयोजन-साधक यावत् उपहार को ग्रहण किया यावत् जितशत्रु राजा के पास से रवाना होकर श्रावस्ती नगरी के बीचो-बीच से निकला। निकल कर राजमार्ग पर स्थित अपने आवास मे आया और उस महार्थक यावत् उपहार को एक ओर रखा। फिर स्नान किया, यावत् शरीर को विभूषित किया, कोरट पुष्प की मालाओ से युक्त छत्र को धारण कर विशाल जनसमुदाय के साथ पैदल ही राजमार्ग स्थित आवासगृह से निकला और श्रावस्ती नगरी के बीचो-बीच से चलता हुआ वहाँ आया जहाँ कोष्ठक चैत्य था, उसमे भी जहाँ केशी कुमारश्रमण विराजमान थे। वहाँ आकर केशी कुमारश्रमण से धर्म सुनकर यावत् (उसका मनन कर हर्षित, परितुष्ट, चित्त मे आनन्द एव प्रसन्नता का अनुभव करता हुआ, सौम्य मानसिक भावो से युक्त एव हर्षातिरेक से विकसितहृदय होकर अपने आसन से उठा, और उठकर केशी कुमारश्रमण की तीनवार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की, वदन-नमस्कार किया, वदन-नमस्कार करके) इस प्रकार निवेदन किया—

भगवन् ! 'प्रदेशी राजा के लिए यह महार्थक यावत् उपहार ले जाओ' कहकर जितशत्रु राजा ने आज मुझे विदा किया है। अतएव हे भदन्त ! मैं सेयविया नगरी लौट रहा हूँ। हे भदन्त ! सेयविया नगरी प्रासादीया—मन को आनन्द देने वाली है। भगवन् ! सेयविया नगरी दर्शनीय—देखने योग्य है। भदन्त ! सेयविया नगरी अभिरूपा—मनोहर है। भगवन् ! सेयविया नगरी प्रतिरूपा—अतीव मनोहर है। अतएव हे भदन्त ! आप सेयविया नगरी मे पधारने की कृपा करे।

२२५—तए ण से केसी कुमारसमणे चित्तेण सारहिणा एव वुत्ते समाणे चित्तस्स सारहिस्स एयमट्ठ णो आढाइ, णो परिजाणाइ, तुसिणीए सचिट्ठइ।

तए ण से चित्ते सारही केसी कुमारसमण दोच्च पि तच्च पि एव वयासी—एव खलु अह भ ते ! जियसत्तुणा रन्ना पएसिस्स रण्णो इम महत्थ जाव विसज्जिए, त चेव जाव समासरह ण भ ते ! तुब्भे सेयविय नगरिं।

२२५—इस प्रकार से चित्त सारथी द्वारा प्रार्थना किये जाने पर भी केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी के कथन का आदर नही किया अर्थात् उसे स्वीकार नही किया। वे मौन रहे।

तब चित्त सारथी ने पुन दूसरी और तीसरी बार भी इसी प्रकार कहा—हे भदन्त ! प्रदेशी राजा के लिए महाप्रयोजन साधक उपहार देकर जितशत्रु राजा ने मुझे विदा कर दिया है। अतएव मैं लौट रहा हूँ। सेयविया नगरी प्रासादिक है, आप वहाँ पधारने की अवश्य कृपा करे।

केशी कुमारश्रमण का उत्तर

२२६—तए ण केसी कुमारसमणे चित्तेण सारहिणा दोच्च पि तच्च पि एव वुत्ते समाणे चित्त सारहिं एव वयासी—चित्ता ! से जहानामए वणसडे सिया—किण्हे किण्होभासे जाव पडिरूवे, से णूण चित्ता ! से वणसडे बहूणं दुपय-चउप्पय-मिय-पसु-पक्खी-सिरीसिवाण अभिगमणिज्जे ?

हता अभिगमणिज्जे ।

तसि च ण चित्ता ! वणसडसि बहवे भिलु गा नाम पावसउणा परिवसति, जे ण तेसिं बहूण दुपय-चउप्पय-मिय-पसु-पक्खी-सिरीसिवाण ठियाण चेव मससोणिय आहारेंति । से णूण चित्ता ! से वणसडे तेसि ण बहूण दुपय जाव सिरीसिवाण अभिगमणिज्जे ?

णो तिणट्ठे समट्ठे ।

कम्हा ण ?

भ ते ! सोवसग्गे ।

एवामेव चित्ता ! तुब्भ पि सेवियाए णयरीए पएसी नाम राया परिवसइ अधम्मिए जाव (अधम्मिट्ठे-अधम्मक्खाई-अधम्माणुए-अधम्मपलोई-अधम्मपजणणे-अधम्मसीलसमुयायारे-अधम्मेण चेव वित्ति कप्पेमाणे 'हण'-'छिंद'-'भिंद'-पवत्तए, लोहिय-पाणी, पावे, चडे, रुद्दे, खुद्दे, साहस्सीए, उक्कंचण-वचण-माया-नियडि-कूड-कवड-सायिसपओग-बहुले, निस्सीले, निव्वए, निग्गुणे, निम्मेरे, निप्पच्चक्खाणपोसहोववासे, बहूण दुप्पय-चउप्पयमिय-पसु-पक्खी-सिरिसिवाण घायाए बहाए उच्छायणयाए अधम्मकेऊ, समुट्ठिए गुरूण णो अब्भुट्ठेति, णो विणय पउजइ, सयस्स वि य ण जणवयस्स) णो सम्मं करभरवित्ति पवत्तइ, त कह ण अह चित्ता ! सेयवियाए नगरीए समोसरिस्सामि ?

२२६—चित्त सारथी द्वारा दूसरी और तीसरी बार भी इसी प्रकार से विनति किये जाने पर केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त ! जैसे कोई एक कृष्णवर्ण एव कृष्णप्रभा वाला अर्थात् हरा-भरा यावत् अतीव मनमोहक सघन छाया वाला वनखड हो तो हे चित्त ! वह वनखड अनेक द्विपद (मनुष्य आदि), चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी, सरीसृपो आदि के गमन योग्य—रहने लायक है, अथवा नही है ?

चित्त ने उत्तर दिया—हाँ, भदन्त ! वह उनके गमन योग्य—वास करने योग्य—होता है ।

इसके पश्चात् पुन केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी से पूछा—और यदि उसी वनखड मे, हे चित्त ! उन बहुत-से द्विपद, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी और सर्प आदि प्राणियो के रक्त-मास को खाने वाले भीलु गा नामक पापशकुन (पशुओ का शिकार करने वाले पापिष्ठ भील) रहते हो तो क्या वह वनखड उन अनेक द्विपदो यावत् सरीसृपो के रहने योग्य हो सकता है ?

चित्त ने उत्तर दिया—यह अर्थ समर्थ नही है अर्थात् ऐसी स्थिति मे वह वास करने योग्य नही हो सकता है ।

पुन केशी कुमारश्रमण ने पूछा—क्यो ? अर्थात् वह उनके लिये अभिगमनीय—प्रवेश करने योग्य, रहने योग्य क्यो नही हो सकता ?

चित्त सारथी—क्योकि भदन्त ! वह वनखड उपसर्ग (त्रास, भय, दु ख) सहित होने से रहने योग्य नही है ।

यह सुनकर केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी को समझाने के लिये कहा—इसी प्रकार हे चित्त ! तुम्हारी सेयविया नगरी कितनी ही अच्छी हो, परन्तु वहाँ भी प्रदेशी नामक राजा रहता है । वह अधार्मिक यावत् (अधर्म को प्रिय मानने वाला, अधर्म का कथन और प्रचार करने वाला, अधर्म का अनुसरण करने वाला, सर्वत्र अधर्म-प्रवृत्तियो को देखने वाला, विशेषरूप मे अधार्मिक आचार-विचारो का प्रचार करने वाला अथवा अधर्ममय प्रवृत्तियो का प्रचलन—उत्पन्न करने वाला, प्रजा को अधर्माचरण की ओर प्रेरित करने वाला, अधर्ममयस्वभाव और आचार वाला, अधर्म से ही आजीविका चलाने वाला है । अपने आश्रितो को सदैव जीवो को मारने, छेदने, भेदने की आज्ञा देने वाला है । उसके हाथ सदा खून से भरे रहते है । वह साक्षात् पाप का अवतार है । स्वभाव से प्रचड क्रोधी, भयानक, क्षुद्र—अधम और बिना विचारे प्रवृत्ति करने वाला है । धूर्त-बदमाशो को प्रोत्साहन देने वाला, उकसाने वाला, लाच—रिश्वत लेने वाला, वचक—धोखा देने वाला, मायावी, कपटी, बकवृत्तिवत् प्रवृत्ति करने वाला, कूटकपट करने मे चतुर और किसी-न-किसी उपाय से दूसरो को दु ख देने वाला है । शील और व्रतो से रहित है, क्षमा आदि गुणो का अभाव होने से निर्गुण है, निर्मर्याद है, उसके मन मे प्रत्याख्यान, पौषध, उपवास आदि करने का विचार ही नही आता है । अनेक द्विपद, चतुष्पद—मृग, पशु, पक्षी, सर्प आदि सरीसृपो की हत्या करने, उन्हे मारने, प्राणरहित करने, उनका विनाश करने से साक्षात् अधर्मरूप केतु—जैसा है । गुरुजनो का कभी विनय नही करता है, उनको आदर देने के लिये आसन से भी खडा नही होता और) प्रजाजनो से राज-कर लेकर भी उनका अच्छी तरह से पालन—पोषण और रक्षण नही करता है । अतएव हे चित्त ! मैं उस सेयाविया नगरी मे कैसे आ सकता हूँ ?

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र मे साधु की विहारचर्या का सकेत किया है कि साधु को उन ग्राम, नगर या जनपदो मे नही जाना चाहिये, जहाँ राज्य-व्यवस्था उचित नही हो, राजभय से प्रजा का जीवन सकट मे हो, शासक अन्यायी हो अथवा दुर्भिक्ष महामारी का प्रकोप हो, युद्ध की आशका हो, युद्ध हो रहा हो । क्योकि ऐसे स्थानो मे यथाकल्प साध्वाचार का पालन किया जाना सभव नही है ।

२२७—तए ण से चित्ते सारही केसिं कुमारसमण एव वयासी—

किं ण भते ! तुब्भ पएसिणा रन्ना कायव्व ? अत्थि ण भते ! सेयवियाए नगरीए अन्ने बहवे ईसर-तलवर जाव सत्थवाहपभिइओ जे ण देवाणुप्पिय वदिस्सति नमसिस्सति जाव पज्जुवासिस्सति विउल असण पाण खाइम साइम पडिलाभिस्सति, पाडिहारिएण पीढ-फलग-सेज्जा-सथारेण उव-निमतिस्सति ।

तए ण से केसी कुमारसमणे चित्त सारहिं एव वयासी—अवि या इ चित्ता ! जाणिस्सामो ।

२२७—इस उत्तर को सुनकर चित्त सारथी ने केशी कुमारश्रमण से निवेदन किया—हे भदन्त ! आपको प्रदेशी राजा से क्या करना है—क्या लेना-देना है ? भगवन् ! सेयविया नगरी मे दूसरे राजा, ईश्वर, तलवर यावत् सार्थवाह आदि बहुत से जन हैं, जो आप देवानुप्रिय को वदन

करेंगे, नमस्कार करेंगे यावत् आपकी पर्युपासना करेंगे। विपुल अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य आहार से प्रतिलाभित करेंगे, तथा प्रातिहारिक (वापस लौटाने योग्य) पीठ, फलक, शैय्या, सस्तारक ग्रहण करने के लिये उपनिमन्त्रित करेंगे अर्थात् आपसे प्रार्थना करेंगे।

तब केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त ! ध्यान मे रखेंगे अर्थात् तुम्हारा आमन्त्रण ध्यान मे रहेगा।

चित्त की उद्यानपालको को आज्ञा—

२२८—तए ण से चित्ते सारही केसिं कुमारसमण वदइ नमसइ, केसिस्स कुमारसमणस्स अंतियाओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिणिक्खमइ, जेणेव सावत्थी णगरी जेणेव रायमग्गमोगाढे आवासे तेणेव उवागच्छइ कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी—

खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! चाउग्घट आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेह, जहा सेयवियाए नगरीए निग्गच्छइ तहेव जाव[1] वसमाणे कुणालाजणवयस्स मज्झमज्झेण जेणेव केइयअद्धे, जेणेव सेयविया नगरी, जेणेव मियवणे उज्जाणे, तेणेव उवागच्छइ। उज्जाणपालए सद्दावेइ एव वयासी—

जया ण देवाणुप्पिया ! पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे पुव्वाणुपुव्वि चरमाणे, गामाणुगाम दूइज्जमाणे इहमागच्छिज्जा तया ण तुब्भे देवाणुप्पिया ! केसिं कुमारसमण वदिज्जाह, नमसिज्जाह, वदित्ता नमसित्ता अहापडिरूव उग्गह अणुजाणेज्जाह, पडिहारिएण पीढ-फलग जाव उवनिमतिज्जाह, एयमाणत्तिय खिप्पामेव पच्चप्पिणेज्जाह।

तए ण ते उज्जाणपालगा चित्तेण सारहिणा एव वुत्ता समाणा हट्ठ-तुट्ठ जाव हियया करयल-परिग्गहिय जाव एव वयासी—तहत्ति, आणाए विणएण वयण पडिसुणति।

२२८—तत्पश्चात् (केशी कुमारश्रमण से आश्वासन मिलने के पश्चात्) चित्त सारथी ने केशी कुमारश्रमण को वदना की, नमस्कार किया और केशी कुमारश्रमण के पास से एव कोष्ठक चैत्य से बाहर निकला। निकलकर जहाँ श्रावस्ती नगरी थी, जहाँ राजमार्ग पर स्थित अपना आवास था, वहाँ आया और कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाकर उनसे कहा—

हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही चार घटो वाला अश्वरथ जोतकर लाओ। इसके बाद जिस प्रकार पहले सेयविया नगरी से प्रस्थान किया था उसी प्रकार श्रावस्ती नगरी से निकल कर यावत् बीच-बीच मे विश्राम करता हुआ—पडाव डालता हुआ, कुणाला जनपद के मध्य भाग मे से चलता हुआ जहाँ केकय-अर्ध देश था, उसमे जहाँ सेयविया नगरी थी और जहाँ उस नगरी का मृगवन नामक उद्यान था, वहाँ आ पहुँचा। वहाँ आकर उद्यानपालको (चौकीदारो एव मालियो) को बुलाकर इस प्रकार कहा—

हे देवानुप्रियो ! जब पार्श्वापत्य (भगवान् पार्श्वनाथ की परपरा मे विचरने वाले) केशी नामक कुमारश्रमण श्रमणचर्यानुसार अनुक्रम से विचरते हुए, ग्रामानुग्राम विहार करते हुए यहाँ पधारे तब देवानुप्रियो ! तुम केशी कुमारश्रमण को वदना करना, नमस्कार करना। वदना-नमस्कार करके उन्हे यथाप्रतिरूप-साधुकल्पानुसार वसतिका की आज्ञा देना तथा प्रातिहारिक पीठ, फलक आदि

---

१ देखें सूत्र सख्या २११

के लिये उपनिमन्त्रित करना—प्रार्थना करना और इसके बाद मेरी इस आज्ञा को शीघ्र ही मुझे वापस लौटाना अर्थात् जब केशी कुमारश्रमण का यहाँ पदार्पण हो जाये तो उनके आगमन की मुझे सूचना देना।

चित्त सारथी की इस आज्ञा को सुनकर वे उद्यानपालक हर्षित हुए, सन्तुष्ट हुए यावत् विकसितहृदय होते हुए दोनो हाथ जोड यावत् इस प्रकार बोले—

हे स्वामिन्! 'आपकी आज्ञा प्रमाण' और यह कहकर उनकी आज्ञा को विनयपूर्वक स्वीकार किया।

२२६—तए ण चित्ते सारही जेणेव सेयविया णगरी तेणेव उवागच्छइ, सेयवियं नगरि मज्झंमज्झेण अणुपविसइ, जेणेव पएसिस्स रण्णो गिहे जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हइ, रह ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ, त महत्थ जाव गेण्हइ, जेणेव पएसी राया तेणेव उवागच्छइ, पएसिं राय करयल जाव वद्धावेत्ता त महत्थ जाव (महग्घ, महरिह, रायरिह पाहुड) उवणेइ।

तए ण से पएसी राया चित्तस्स सारहिस्स त महत्थ जाव पडिच्छइ चित्त सारहिं सक्कारेइ सम्माणेइ पडिविसज्जेइ।

तए ण से चित्ते सारही पएसिणा रण्णा विसज्जिए समाणे हट्ठ जाव हियए पएसिस्स रन्नो अतियाओ पडिनिक्खमइ, जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घट आसरह दुरूहइ, सेयविय नगरिं मज्झमज्झेण जेणेव सए गिहे तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हइ, रह ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ ण्हाए जाव उप्पि पासायवरगए फुट्टमाणेहिं मुइगमत्थएहिं बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं वरतरुणीसपउत्तेहिं उवणच्चिज्जमाणे उवगाइज्जमाणे उवलालिज्जमाणे इट्ठे सद्दफरिस जाव विहरइ।

२२६—तत्पश्चात् चित्त सारथी सेयविया नगरी मे आ पहुँचा। सेयविया नगरी के मध्य भाग मे प्रविष्ट हुआ। प्रविष्ट होकर जहाँ प्रदेशी राजा का भवन था, जहाँ भवन की बाह्य उपस्थानशाला थी, वहाँ आया। आकर घोडो को रोका, रथ को खडा किया, रथ से नीचे उतरा और उस महार्थक यावत् भेट को लेकर जहाँ प्रदेशी राजा था, वहाँ पहुँचा। पहुँच कर दोनो हाथ जोड यावत् जय-विजय शब्दो से वधाकर प्रदेशी राजा के सन्मुख उस महार्थक यावत् (महर्घ, महान पुरुषो के योग्य, राजाओ के अनुरूप भेट) को उपस्थित किया।

इसके बाद प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से वह महार्थक यावत् भेट स्वीकार की और सत्कार-समान करके चित्त सारथी को विदा किया।

प्रदेशी राजा से विदा लेकर चित्त सारथी हृष्ट यावत् विकसितहृदय हो प्रदेशी राजा के पास से निकला और जहाँ चार घटो वाला अश्वरथ था, वहाँ आया। उस चातुर्घट अश्वरथ पर आरूढ हुआ तथा सेयविया नगरी के बीचोबीच से गुजर कर अपने घर आया। घर आकर घोडो को रोका, रथ को खडा किया और रथ से नीचे उतरा। इसके बाद स्नान करके यावत् श्रेष्ठ प्रासाद के ऊपर जोर-जोर से बजाये जा रहे मृदगो की ध्वनिपूर्वक उत्तम तरुणियो द्वारा किये जा रहे बत्तीस प्रकार के नाटको आदि के नृत्य, गान और क्रीडा (लीला) को सुनता, देखता और हर्षित होता हुआ मनोज्ञ

शब्द, स्पर्श यावत् (रस, रूप और गध वहुल मनुष्य सम्बन्धी कामभोगो को भोगता हुआ) विचरने लगा।

केशी कुमारश्रमण का सेयविया मे पदार्पण—

२३०—तए ण केसी कुमारसमणे अण्णया कयाइ पाडिहारिय पीढ-फलग-सेज्जा-सथारग पच्चप्पिणइ सावत्थीओ नगरीओ कोट्ठगाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ पर्चाहि अणगार सएहि जाव विहरमाणे जेणेव केइयअद्धे जणवए, जेणेव सेयविया नगरी, जेणेव मियवणे उज्जाणे, तेणेव उवागच्छइ, अहापडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरति।

२३०—तत्पश्चात् किसी समय प्रातिहारिक (वापिस लौटाने योग्य) पीठ, फलक, शय्या, सस्तारक आदि उन-उनके स्वामियो को सौपकर केशी कुमारश्रमण श्रावस्ती नगरी और कोष्ठक चैत्य से बाहर निकले। निकलकर पाँच सौ अन्तेवासी अनगारो के साथ यावत् विहार करते हुए जहाँ केकय-अर्ध जनपद था, उसमे जहा सेयविया नगरी थी और उस नगरी का मृगवन नामक उद्यान था, वहाँ आये। यथाप्रतिरूप अवग्रह (वसतिका की आज्ञा—अनुमति) लेकर सयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

विवेचन—पीठ आदि को लौटाने के उपर्युक्त उल्लेख से प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल मे साधु पीठ, फलक, सस्तारक आदि स्वय गृहस्थ के यहाँ से गवेषणापूर्वक माग कर लाते थे और उपयोग कर लेने के बाद स्वय ही उनके स्वामियो को वापस लौटाते थे।

२३१—तए ण सेयवियाए नगरीए सिंघाडग महया जणसद्दे वा०[1] परिसा णिग्गच्छइ। तए ण ते उज्जाणपालगा इमीसे कहाए लद्धट्ठा समाणा हट्ठतुट्ठ जाव हियया जेणेव केसी कुमारसमणे तेणेव उवागच्छन्ति, केसिं कुमारसमण वदति नमसति, अहापडिरूव उग्गह अणुजाणति, पाडिहारिएण जाव सथारएण उवनिमतति, णाम गोय पुच्छति, ओधारेंति, एगत अवक्कमति, अन्नमन्न एव वयासी—जस्स ण देवाणुप्पिया! चित्ते सारही दसण कखइ, दंसण पत्थेइ, दसण पीहेइ, दसण अभिलसइ, जस्स ण णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठतुट्ठ जाव हियए भवति, से ण एस केसी कुमार-समणे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे इहमागए, इह सपत्ते, इह समोसढे इहेव सेयवियाए णगरीए बहिया मियवणे उज्जाणे अहापडिरूव जाव विहरइ। त गच्छामो ण देवाणुप्पिया! चित्तस्स सारहिस्स एयमट्ठ पिय निवेएमो, पिय से भवउ। अण्णमण्णस्स अतिए एयमट्ठ पडिसुणेंति।

जेणेव सेयविया णगरी जेणेव चित्तस्स सारहिस्स गिहे, जेणेव चित्तसारही तेणेव उवागच्छति, चित्त सारहि करयल जाव वद्धावेंति एव वयासी—जस्स ण देवाणुप्पिया! दसण कखति जाव अभिलसति, जस्स ण णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठ जाव भवइ, से ण अय केसी कुमारसमणे पुव्वाणु-पुव्विं चरमाणे समोसढे जाव विहरइ।

२३१ तत्पश्चात् (केशी कुमारश्रमण का आगमन होने के पश्चात्) सेयविया नगरी के शृगाटको आदि स्थानो पर लोगो मे बातचीत होने लगी यावत् परिषद् वदना करने निकली। वे

१ देखें सूत्र सख्या २१४

के लिये उपनिमन्त्रित करना—प्रार्थना करना और इसके बाद मेरी इस आज्ञा को शीघ्र ही मुझे वापस लौटाना अर्थात् जब केशी कुमारश्रमण का यहाँ पदार्पण हो जाये तो उनके आगमन की मुझे सूचना देना ।

चित्त सारथी की इस आज्ञा को सुनकर वे उद्यानपालक हर्षित हुए, सन्तुष्ट हुए यावत् विकसितहृदय होते हुए दोनो हाथ जोड यावत् इस प्रकार बोले—

हे स्वामिन् ! 'आपकी आज्ञा प्रमाण' और यह कहकर उनकी आज्ञा को विनयपूर्वक स्वीकार किया ।

२२९—तए ण चित्ते सारही जेणेव सेयविया णगरी तेणेव उवागच्छइ, सेयविय नगरिं मज्झंमज्झेण अणुपविसइ, जेणेव पएसिस्स रण्णो गिहे जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हइ, रह ठवेइ, रहाम्रो पच्चोरुहइ, त महत्थ जाव गेण्हइ, जेणेव पएसी राया तेणेव उवागच्छइ, पएसिं राय करयल जाव वद्धावेत्ता त महत्थ जाव (महग्घ, महरिहं, रायरिह पाहुड) उवणेइ ।

तए ण से पएसी राया चित्तस्स सारहिस्स त महत्थ जाव पडिच्छइ चित्त सारहिं सक्कारेइ सम्माणेइ पडिविसज्जेइ ।

तए ण से चित्ते सारही पएसिणा रण्णा विसज्जिए समाणे हट्ठ जाव हियए पएसिस्स रन्नो अतियाम्रो पडिनिक्खमइ, जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घट आसरह दुरूहइ, सेयविय नगरिं मज्झमज्झेण जेणेव सए गिहे तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हइ, रह ठवेइ, रहाम्रो पच्चोरुहइ ण्हाए जाव उप्पि पासायवरगए फुट्टमाणेहिं मुइगमत्थएहिं बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं वरतरुणीसपउत्तेहिं उवणच्चिज्जमाणे उवगाइज्जमाणे उवलालिज्जमाणे इट्ठे सद्दफरिस जाव विहरइ ।

२२९—तत्पश्चात् चित्त सारथी सेयविया नगरी मे आ पहुँचा । सेयविया नगरी के मध्य भाग मे प्रविष्ट हुआ । प्रविष्ट होकर जहाँ प्रदेशी राजा का भवन था, जहाँ भवन की बाह्य उपस्थानशाला थी, वहाँ आया । आकर घोडो को रोका, रथ को खडा किया, रथ से नीचे उतरा और उस महार्थक यावत् भेट को लेकर जहाँ प्रदेशी राजा था, वहाँ पहुँचा । पहुँच कर दोनो हाथ जोड यावत् जय-विजय शब्दो से वधाकर प्रदेशी राजा के सन्मुख उस महार्थक यावत् (महर्घ, महान पुरुषो के योग्य, राजाओ के अनुरूप भेट) को उपस्थित किया ।

इसके बाद प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से वह महार्थक यावत् भेट स्वीकार की और सत्कार-समान करके चित्त सारथी को विदा किया ।

प्रदेशी राजा से विदा लेकर चित्त सारथी हृष्ट यावत् विकसितहृदय हो प्रदेशी राजा के पास से निकला और जहाँ चार घटो वाला अश्वरथ था, वहाँ आया । उस चातुर्घंट अश्वरथ पर आरूढ हुआ तथा सेयविया नगरी के बीचोबीच से गुजर कर अपने घर आया । घर आकर घोडो को रोका, रथ को खडा किया और रथ से नीचे उतरा । इसके बाद स्नान करके यावत् श्रेष्ठ प्रासाद के ऊपर जोर-जोर से बजाये जा रहे मृदगो की ध्वनिपूर्वक उत्तम तरुणियो द्वारा किये जा रहे बत्तीस प्रकार के नाटको आदि के नृत्य, गान और क्रीडा (लीला) को सुनता, देखता और हर्षित होता हुआ मनोज्ञ

शब्द, स्पर्श यावत् (रस, रूप और गध वहुल मनुष्य सम्बन्धी कामभोगो को भोगता हुआ) विचरने लगा ।

केशी कुमारश्रमण का सेयविया मे पदार्पण—

२३०—तए ण केसी कुमारसमणे अण्णया कयाइ पाडिहारिय पीढ-फलग-सेज्जा-सथारग पच्चप्पिणइ सावत्थीओ नगरीओ कोट्ठगाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ पर्चाहि अणगार सएहि जाव विहरमाणे जेणेव केइयअद्धे जणवए, जेणेव सेयविया नगरी, जेणेव मियवणे उज्जाणे, तेणेव उवागच्छइ, अहापडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरति ।

२३०—तत्पश्चात् किसी समय प्रातिहारिक (वापिस लौटाने योग्य) पीठ, फलक, शय्या, सस्तारक आदि उन-उनके स्वामियो को सौपकर केशी कुमारश्रमण श्रावस्ती नगरी और कोष्ठक चैत्य से बाहर निकले । निकलकर पाँच सौ अन्तेवासी अनगारो के साथ यावत् विहार करते हुए जहाँ केकय-अर्ध जनपद था, उसमे जहा सेयविया नगरी थी और उस नगरी का मृगवन नामक उद्यान था, वहाँ आये । यथाप्रतिरूप अवग्रह (वसतिका की आज्ञा—अनुमति) लेकर सयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे ।

विवेचन—पीठ आदि को लौटाने के उपर्युक्त उल्लेख से प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल मे साधु पीठ, फलक, सस्तारक आदि स्वय गृहस्थ के यहाँ से गवेषणापूर्वक माग कर लाते थे और उपयोग कर लेने के बाद स्वय ही उनके स्वामियो को वापस लौटाते थे ।

२३१—तए ण सेयवियाए नगरीए सिंघाडग महया जणसद्दे वा०[1] परिसा णिग्गच्छइ । तए ण ते उज्जाणपालगा इमीसे कहाए लद्धट्ठा समाणा हट्ठतुट्ठ जाव हियया जेणेव केसी कुमारसमणे तेणेव उवागच्छन्ति, केसिं कुमारसमण वदति नमसति, अहापडिरूव उग्गह अणुजाणति, पाडिहारिएण जाव सथारएण उवनिमतति, णाम गोय पुच्छति, ओधारेंति, एगत अवक्कमति, अन्नमन्न एव वयासी—जस्स ण देवाणुप्पिया ! चित्ते सारही दसण कखइ, दसण पत्थेइ, दसण पीहेइ, दसण अभिलसइ, जस्स ण णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठतुट्ठ जाव हियए भवति, से ण एस केसी कुमार-समणे पुव्वाणुपुव्वि चरमाणे गामाणुगाम दूइज्जमाणे इहमागए, इह सपत्ते, इह समोसढे इहेव सेयवियाए णगरीए बहिया मियवणे उज्जाणे अहापडिरूव जाव विहरइ । त गच्छामो ण देवाणुप्पिया ! चित्तस्स सारहिस्स एयमट्ठ पिय निवेएमो, पिय से भवउ । अण्णमण्णस्स अतिए एयमट्ठ पडिसुर्णेति ।

जेणेव सेयविया णगरी जेणेव चित्तस्स सारहिस्स गिहे, जेणेव चित्तसारही तेणेव उवागच्छति, चित्त सारहिं करयल जाव वद्धावेंति एव वयासी—जस्स ण देवाणुप्पिया ! दसण कखति जाव अभिलसति, जस्स ण णामगोयस्स वि सवणयाए हट्ठ जाव भवइ, से ण अय केसी कुमारसमणे पुव्वाणु-पुव्वि चरमाणे समोसढे जाव विहरइ ।

२३१ तत्पश्चात् (केशी कुमारश्रमण का आगमन होने के पश्चात्) सेयविया नगरी के शृगाटको आदि स्थानो पर लोगो मे बातचीत होने लगी यावत् परिषद् वदना करने निकली । वे

1 देखें सूत्र सख्या २१४

उद्यानपालक भी इस सवाद को सुनकर और समझ कर हर्षित, सन्तुष्ट हुए यावत् विकसित-हृदय होते हुए जहाँ केशी कुमारश्रमण थे, वहाँ आये। आकर केशी कुमारश्रमण को वदना की, नमस्कार किया एव यथाप्रतिरूप अवग्रह (स्थान सबधी अनुमति) प्रदान की। प्रातिहारिक यावत् सस्तारक आदि ग्रहण करने के लिये उपनिमन्त्रित किया अर्थात् उनसे लेने की प्रार्थना की।

इसके बाद उन्होने नाम एव गोत्र पूछकर (चित्त सारथी की आज्ञा का) स्मरण किया फिर एकान्त मे वे परस्पर एक दूसरे से इस प्रकार बातचीत करने लगे—'देवानुप्रियो! चित्त सारथी जिनके दर्शन की आकाक्षा करते है, जिनके दर्शन की प्रार्थना करते है, जिनके दर्शन की स्पृहा—चाहना करते हैं, जिनके दर्शन की अभिलाषा करते है, जिनका नाम, गोत्र सुनते ही हर्षित, सन्तुष्ट यावत् विकसितहृदय होते है, ये वही केशी कुमारश्रमण पूर्वानुपूर्वी से गमन करते हुए, एक गाव से दूसरे गाव मे विहार करते हुए यहाँ आये है, यहाँ प्राप्त हुए है, यहाँ पधारे हैं तथा इसी सेयविया नगरी के बाहर मृगवन उद्यान मे यथाप्रतिरूप अवग्रह ग्रहण करके यावत् विराजते है। अतएव हे देवानुप्रियो! हम चले और चित्त सारथी के प्रिय इस अर्थ को (केशी कुमारश्रमण के आगमन होने के समाचार को) उनसे निवेदन करे। हमारा यह निवेदन उन्हे बहुत ही प्रिय लगेगा।' एक दूसरे ने इस विचार को स्वीकार किया।

इसके बाद वे वहाँ आये जहाँ सेयविया नगरी, चित्त सारथी का घर तथा घर मे जहाँ चित्त सारथी था। वहाँ आकर दोनो हाथ जोड यावत् चित्त सारथी को बधाया और इस प्रकार निवेदन किया—देवानुप्रिय! आपको जिनके दर्शन की इच्छा है यावत् आप अभिलाषा करते है और जिनके नाम एव गोत्र को सुनकर आप हर्षित होते है, ऐसे केशी कुमारश्रमण पूर्वानुपूर्वी से विचरते हुए यहाँ (मृगवन उद्यान मे) पधार गये है यावत् विचर रहे है।

चित्त का प्रदेशी राजा को प्रतिबोध देने का निवेदन—

२३२—तए ण से चित्ते सारही तेसिं उज्जाणपालगाण अतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव आसणाओ अब्भुट्ठेति, पायपीढाओ पच्चोरुहइ, पाउयाओ ओमुयइ, एगसाडिय उत्तरासग करेइ, अजलिमउलियग्गहत्थे केसिकुमारसमणाभिमुहे सत्तट्ठ पयाइ अणुगच्छइ करयलपरिग्गहियं सिरसावत्त मत्थए अजलिं कट्टु एव वयासी—

नमोऽत्थु ण अरहताण जाव[1] सपत्ताण नमोऽत्थु ण केसिस्स कुमारसमणस्स मम धम्मायरियस्स धम्मोवदेसगस्स। व दामि ण भगव त तत्थगय इहगए, पासउ मे त्ति कट्टु वदइ नमंसइ।

ते उज्जाणपालए विउलेण वत्थगधमल्लालकारेण सक्कारेइ सम्माणेइ विउल जीवियारिहं पीइदाण दलयइ, पडिविसज्जेइ।

कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ एव वयासी—खिप्पामेव भो! देवाणुप्पिया चाउग्घट आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेह जाव पच्चप्पिणह।

तए ण ते कोडु बियपुरिसा जाव खिप्पामेव सच्छत्त सज्झय जाव उवट्ठवित्ता तमाणत्तिय पच्चप्पिणति। तए ण से चित्ते सारही कोडु बियपुरिसाण अतिए एयमट्ठ सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव-

---

१ देखें सूत्र सख्या १९९

हियए ण्हाए कयबलिकम्मे जाव सरीरे जेणेव चाउग्घंटे जाव दुरूहित्ता सकोरंट० महया भडचडगरेण त चेव जाव पज्जुवासइ धम्मकहाए जाव।

२३२—तब वह चित्त सारथी उन उद्यानपालको से इस सवाद को सुनकर एव हृदय मे धारण कर हर्षित, सतुष्ट हुआ। चित्त मे आनदित हुआ, मन मे प्रीति हुई। परम सौमनस्य को प्राप्त हुआ। हर्षातिरेक से विकसितहृदय होता हुआ अपने आसन से उठा, पादपीठ से नीचे उतरा, पादुकाए उतारी, एकशाटिक उत्तरासग किया और मुकुलित हस्ताग्रपूर्वक अजलि करके जिस ओर केशी कुमारश्रमण विराजमान थे, उस ओर सात-आठ डग चला और फिर दोनो हाथ जोड आवर्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके उनकी इस प्रकार स्तुति करने लगा—

अरिहत भगवन्तो को नमस्कार हो यावत् सिद्धगति को प्राप्त सिद्ध भगवन्तो को नमस्कार हो। मेरे धर्माचार्य, मेरे धर्मोपदेशक केशी कुमारश्रमण को नमस्कार हो। उनको मैं वन्दना करता हूँ। वहाँ विराजमान वे भगवान् यहाँ विद्यमान मुझे देखे, इस प्रकार कहकर वदन-नमस्कार किया।

इसके पश्चात् उन उद्यानपालको का विपुल वस्त्र, गध, माला, अलकारो से सत्कार-सन्मान किया तथा जीविकायोग्य विपुल प्रीतिदान (पारितोपिक) देकर उन्हे विदा किया। तदनन्तर कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और उनको आज्ञा दी—हे देवानुप्रियो! शीघ्र ही तुम चार घटो वाला अश्वरथ जोतकर उपस्थित करो यावत् हमे इसकी सूचना दो।

तब वे कौटुम्बिक पुरुष यावत् शीघ्र ही छत्र एव ध्वजा-पताकाओ से शोभित रथ को उपस्थित कर आज्ञा वापस लौटाते हैं—रथ लाने की सूचना देते है।

कौटुम्बिक पुरुषो से रथ लाने की बात सुनकर एव हृदय मे धारण कर हृष्ट-तुष्ट यावत् विकसितहृदय होते हुए चित्त सारथी ने स्नान किया, बलिकर्म किया यावत् आभूषणो से शरीर को अलकृत किया। जहाँ चार घण्टो वाला रथ था, वहाँ आया और उस पर आरूढ होकर कोरट पुष्पो की मालाओ से युक्त छत्र को धारण कर विशाल सुभटो के समुदाय सहित रवाना हुआ। वहाँ पहुच कर पर्युपासना करने लगा। केशी कुमारश्रमण ने धर्मोपदेश दिया। इत्यादि कथन पहले के समान यहाँ समझ लेना चाहिये।

२३३—तए ण से चित्ते सारही केसिस्स कुमारसमणस्स अतिए धम्म सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठे तहेव एव वयासी—एव खलु भते! अम्हं पएसी राया अधम्मिए जाव[1] सयस्स वि ण जणवयस्स नो सम्म करभरवित्ति पवत्तेइ, त जइ ण देवाणुप्पिया! पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जा बहुगुणतर खलु होज्जा पएसिस्स रण्णो तेसिं च बहूण दुपयचउप्पयमियपसुपक्खीसिरीसवाण, तेसिं च बहूण समण-माहणभिक्खुयाण, त जइ ण देवाणुप्पिया! पएसिस्स बहुगुणतर होज्जा सयस्स वि य ण जणवयस्स।

२३३—तत्पश्चात् धर्म श्रवण कर और हृदय मे धारण कर हर्षित, सन्तुष्ट, चित्त मे आनदित, अनुरागी, परम सौम्यभाव युक्त एव हर्षातिरेक से विकसितहृदय होकर चित्त सारथी ने केशी कुमार-श्रमण से निवेदन किया—

हे भदन्त! हमारा प्रदेशी राजा अधार्मिक है, यावत् राजकर लेकर भी समीचीन रूप से

१ देखें सूत्र सख्या २२६

अपने जनपद का पालन एव रक्षण नही करता है। अतएव आप देवानुप्रिय ! यदि प्रदेशी राजा को धर्म का आख्यान करेंगे—धर्मोपदेश देंगे तो प्रदेशी राजा के लिये, साथ ही अनेक द्विपद, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी, सरीसृपो आदि के लिये तथा बहुत से श्रमणो, माहणो एव भिक्षुओ आदि के लिये बहुत-बहुत गुणकारी—हितावह, लाभदायक होगा। हे देवानुप्रिय ! यदि वह धर्मोपदेश प्रदेशी के लिये हितकर हो जाता है तो उससे जनपद—देश को भी बहुत लाभ होगा।

केशी कुमारश्रमण का उत्तर—

२३४—तए ण केसी कुमारसमणे चित्त सारहिं एव वयासी—

एव खलु चउहिं ठाणेहिं चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्त धम्मं नो लभेज्जा सवणयाए, त जहा—

(१) आरामगय वा उज्जाणगय वा समण वा माहण वा णो अभिगच्छइ, णो वदइ, णो णमसइ, णो सक्कारेइ, णो सम्माणेइ, णो कल्लाण मगल देवय चेइय पज्जुवासेइ, नो अट्ठाइ हेऊइ पसिणाइ कारणाइ वागरणाइ पुच्छइ, एएण ठाणेण चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्त धम्म नो लभति सवणयाए।

(२) उवस्सयगयं समण वा त चेव जाव एतेण वि ठाणेणं चित्ता ! जीवा केवलिपन्नत्त धम्म नो लभति सवणयाए।

(३) गोयरग्गगय समण वा माहण वा जाव नो पज्जुवासइ, णो विउलेण असण-पाण-खाइम-साइमेण पडिलाभइ० णो अट्ठाइ जाव पुच्छइ, एएण ठाणेण चित्ता ! केवलिपन्नत्त धम्म नो लभइ सवणयाए।

(४) जत्थ वि य ण समणेण वा माहणेण वा सद्धि अभिसमागच्छइ, तत्थ वि ण हत्थेण वा वत्थेण वा छत्तेण वा अप्पाण आवरित्ता चिट्ठइ, नो अट्ठाइ जाव पुच्छइ, एएण वि ठाणेण चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्त धम्म णो लभइ सवणयाए। एएहिं च ण चित्ता ! चउहिं ठाणेहिं जीवे णो लभइ केवलिपन्नत्त धम्म सवणयाए।

चउहिं ठाणेहिं चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्त धम्म लभइ सवणयाए त जहा—(१) आरामगय वा उज्जाणगय वा समण वा माहण वा वदइ नमसइ जाव (सक्कारेइ, सम्माणेइ कल्लाण मगल देवय चेइय) पज्जुवासइ अट्ठाइ जाव (हेऊइ पसिणाइ कारणाइ वागरणाइ) पुच्छइ, एएण वि जाव लभइ सवणयाए एव (२) उवस्सयगय (३) गोयरग्गगय समण वा जाव पज्जुवासइ विउलेण जाव (असण-पाण-खाइम-साइमेण) पडिलाभेइ, अट्ठाइ जाव पुच्छइ एएण वि० (४) जत्थ वि य ण समणेण वा माहणेण वा अभिसमागच्छइ तत्थ वि य ण णो हत्थेण वा जाव (वत्थेण वा, छत्तेण वा अप्पाण) आवरेत्ताण चिट्ठइ, एएण वि ठाणेण चित्ता ! जीवे केवलिपन्नत्तं धम्म लभइ सवणयाए।

तुज्झ च ण चित्ता ! पएसी राया आरामगय वा त चेव सव्वं भाणियव्व आइल्लएण गमएण जाव अप्पाण आवरेत्ता चिट्ठइ, त कह णं चित्ता ! पएसिस्स रन्नो धम्ममाइक्खिस्सामो ?

२३४—चित्त सारथी की भावना को सुनने के अनन्तर केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी को समझाया—

हे चित्त ! जीव निश्चय ही इन चार कारणो से केवलि-भाषित धर्म को सुनने का लाभ प्राप्त नही कर पाता है । वे चार कारण इस प्रकार है—

१ आराम (बाग) मे अथवा उद्यान मे स्थित श्रमण या माहन के अभिमुख जो नही जाता है, मधुर वचनो से जो उनकी स्तुति नही करता है, मस्तक नमाकर उनको नमस्कार नही करता है, अभ्युत्थानादि द्वारा (आसन से उठकर) उनका सत्कार नही करता है, उनका सम्मान नही करता है तथा कल्याण स्वरूप, मगल स्वरूप, देव स्वरूप, विशिष्ट ज्ञान स्वरूप मानकर जो उनकी पर्युपासना नही करता है, जो अर्थ—जीवाजीवादि पदार्थों को, हेतुओ (मुक्ति के उपायो) को जानने की इच्छा से प्रश्नो को, कारणो (ससारबन्ध के कारणो) को, व्याख्याओं (तत्त्वो का पूर्ण ज्ञान करने के लिये उनके स्वरूप) को नही पूछता है, तो हे चित्त ! वह जीव केवलि-प्रज्ञप्त धर्म को सुन नही पाता है ।

२ उपाश्रय मे स्थित श्रमण आदि का वन्दन, नमन, सत्कार-सम्मान आदि करने के निमित्त जो उनके सन्मुख नही जाता यावत् उनसे व्याकरण (तत्त्व का विवेचन) नही पूछता, तो इस कारण भी हे चित्त ! वह जीव केवलि-भाषित धर्म को सुन नही पाता है ।

३ गोचरी—भिक्षा के लिये गाव मे गये हुए श्रमण अथवा माहन का सत्कार आदि करने के निमित्त जो उनके समक्ष नही जाता यावत् उनकी पर्युपासना नही करता तथा विपुल अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य आहार से उन्हे प्रतिलाभित नही करता, एव शास्त्र के अर्थ यावत् व्याख्या को उनसे नही पूछता, तो ऐसा जीव भी हे चित्त ! केवली भगवान् द्वारा निरूपित धर्म को सुन नही पाता है ।

४ कही श्रमण या माहन का सुयोग मिल जाने पर भी वहाँ अपने आप को छिपाने के लिये अथवा पहचाना न जाऊँ, इस विचार से हाथ से, वस्त्र से, छत्ते से स्वय को आवृत कर लेता है, ढाँक लेता है एव उनसे अर्थ आदि नही पूछता है, तो इस कारण से भी हे चित्त ! वह जीव केवलिप्रज्ञप्त धर्म श्रवण करने का अवसर प्राप्त नही कर सकता है ।

उक्त चार कारणो से हे चित्त ! जीव केवलिभाषित धर्म श्रवण करने का लाभ नही ले पाता है, किन्तु हे चित्त ! इन चार कारणो से जीव केवलिप्रज्ञप्त धर्म को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है । वे चार कारण इस प्रकार हैं—

१ आराम मे अथवा उद्यान मे पधारे हुए श्रमण या माहन को जो वन्दन करता है, नमस्कार करता है यावत् (सत्कार समान करता है और कल्याणरूप मगलरूप देवरूप एव ज्ञानरूप मानकर) उनकी पर्युपासना करता है, अर्थो को यावत् (हेतुओ, प्रश्नो, कारणो, व्याख्याओ को) पूछता है तो हे चित्त ! वह जीव केवलिप्ररूपित धर्म को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है ।

२ इसी प्रकार जो जीव उपाश्रय मे रहे हुए श्रमण या माहन को वन्दन-नमस्कार करता है यावत् उनकी पर्युपासना करता हुआ अर्थो आदि को पूछता है तो वह केवलि-प्रज्ञप्त धर्म को सुन सकता है ।

३ इसी प्रकार जो जीव गोचरी—भिक्षाचर्या के लिये गए हुए श्रमण या माहन को वन्दन-नमस्कार करता है यावत् उनकी पर्युपासना करता है तथा विपुल (अशन-पान-खाद्य-स्वाद्य रूप

आहार से) उन्हे प्रतिलाभित करता है, उनसे अर्थो आदि को पूछता है, वह जीव इस निमित्त से भी केवलिभाषित अर्थ को सुनने का अवसर प्राप्त कर सकता है ।

४ इसी प्रकार जो जीव जहाँ कही श्रमण या माहन का सुयोग मिलने पर हाथो, वस्त्रो, छत्ता आदि से स्वय को छिपाता नही है, हे चित्त ! वह जीव केवलिप्रज्ञप्त धर्म सुनने का लाभ प्राप्त कर सकता है ।

लेकिन हे चित्त ! तुम्हारा प्रदेशी राजा जब बाग मे पधारे हुए श्रमण या माहन के सन्मुख ही नही आता है यावत् अपने को आच्छादित कर लेता है, तो फिर हे चित्त ! प्रदेशी राजा को मै कैसे धर्म का उपदेश दे सकूँगा ? (यहाँ पूर्व के चारो कारण समझ लेना चाहिए ।')

प्रदेशी राजा को लाने हेतु चित्त की युक्ति—

२३५—तए ण से चित्ते सारही केसिकुमारसमण एव वयासी—एव खलु भते ! अण्णया कयाइ कबोएहि चत्तारि आसा उवणय उवणीया, ते मए पएसिस्स रण्णो अन्नया चेव उवणीया, त एएण खलु भते ! कारणेण अह पएसि राय देवाणुप्पियाण अतिए हव्वमाणेस्सामो, त मा ण देवाणुप्पिया ! तुब्भे पएसिस्स रन्नो धम्ममाइक्खमाणा गिलाएज्जाह, अगिलाए ण भते ! तुब्भे पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जाह, छदेण भते ! तुब्भे पएसिस्स रण्णो धम्ममाइक्खेज्जाह ।

तए ण से केसी कुमारसमणे चित्त सारहि एव वयासी—अवि या इ चित्ता ! जाणिस्सामो ।

तए ण से चित्ते सारही केसि कुमारसमण व दइ नमसइ, जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घट आसरह दुरूहइ, जामेव दिसि पाउब्भूए तामेव दिसि पडिगए ।

२३५—केशी कुमारश्रमण के कथन को सुनने के अनन्तर चित्त सारथी ने उन से निवेदन किया—हे भदन्त ! किसी समय कबोज देशवासियो ने चार घोडे उपहार रूप भेट किये थे । मैंने उनको प्रदेशी राजा के यहाँ भिजवा दिया था, तो भगवन् ! इन घोडो के बहाने मै शीघ्र ही प्रदेशी राजा को आपके पास लाऊँगा । तब हे देवानुप्रिय ! आप प्रदेशी राजा को धर्मकथा कहते हुए लेश-मात्र भी ग्लानि मत करना—खेदखिन्न, उदासीन न होना । हे भदन्त ! आप अग्लानभाव से प्रदेशी राजा को धर्मोपदेश देना । हे भगवन् ! आप स्वेच्छानुसार प्रदेशी राजा को धर्म का कथन करना ।

तब केशी कुमारश्रमण ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त ! अवसर—प्रसग आने पर देखा जायेगा ।

तत्पश्चात् चित्त सारथी ने केशी कुमारश्रमण को वन्दना की, नमस्कार किया और फिर जहाँ चार घटो वाला अश्वरथ खडा था, वहाँ आया । आकर उस चार घटो वाले अश्वरथ पर आरूढ हुआ । फिर जिस दिशा से आया था उसी ओर लौट गया ।

२३६—तए ण से चित्ते सारही कल्ल पाउप्पभायाए रयणीए फुल्लुप्पलकमलकोमलुम्मिलियम्मि अहापडुरे पभाए कयनियमावस्सए सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलते साओ गिहाओ णिग्गच्छइ, जेणेव पएसिस्स रन्नो गिहे, जेणेव पएसी राया तेणेव उवागच्छइ, पएसि राय करयल-जाव त्ति कट्टु

जएण विजएण वद्धावेइ, एव वयासी—एव खलु देवाणुप्पियाण कबोएहिं चत्तारि आसा उवणय उवणीया, ते य मए देवाणुप्पियाण अण्णया चेव विणइया। त एह ण सामी! ते आसे चिट्ठ पासह।

तए ण से पएसी राया चित्त सारहिं एव वयासी—गच्छाहि ण तुम चित्ता! तेहिं चेव चउहिं आसेहिं आसरह जुत्तामेव उवट्ठवेहि जाव पच्चप्पिणाहि।

तए ण से चित्ते सारही पएसिणा रन्ना एव वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ-जाव-हियए उवट्ठवेइ, एयमाणत्तिय पच्चप्पिणइ।

तए ण से पएसी राया चित्तस्स सारहिस्स अतिए एयमट्ठ सोच्चा णिसम्म हट्ठतुट्ठ जाव अप्पमहग्घाभरणालकियसरीरे साओ गिहाओ निग्गच्छइ। जेणामेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, चाउग्घट आसरह दुरूहइ, सेयवियाए नगरीए मज्झमज्झेण णिग्गच्छइ।

तए ण से चित्ते सारही त रह णेगाइ जोयणाइ उब्भामेइ। तए ण से पएसी राया उण्हेण य तण्हाए य रहवाएण परिकिलते समाणे चित्त सारहिं एव वयासी—चित्ता! परिकिलते मे सरीरे, परावत्तेहि रह।

तए ण से चित्ते सारही रह परावत्तेइ। जेणेव मियवणे उज्जाणे तेणेव उवागच्छइ, पएसिं राय एव वयासी—एस ण सामी! मियवणे उज्जाणे, एत्थ ण आसाण सम किलाम सम्म अवणेमो।

तए ण से पएसी राया चित्त सारहिं एव वदासी—एव होउ चित्ता!

२३६—तत्पश्चात् कल (आगामी दिन) रात्रि के प्रभात रूप मे परिवर्तित हो जाने से जब कोमल उत्पल कमल विकसित हो चुके और धूप भी सुनहरी हो गई तब नियम एव आवश्यक कार्यो से निवृत्त होकर जाज्वल्यमान तेज सहित सहस्ररश्मि दिनकर के चमकने के बाद चित्त सारथी अपने घर से निकला। जहाँ प्रदेशी राजा का भवन था, उसमे भी जहाँ प्रदेशी राजा था, वहाँ आया। आकर दोनो हाथ जोड यावत् अजलि करके जय-विजय शब्दो से प्रदेशी राजा का अभिनन्दन किया और इस प्रकार बोला—कबोज देशवासियो ने देवानुप्रिय के लिए जो चार घोडे उपहार-स्वरूप भेजे थे, उन्हे मैंने आप देवानुप्रिय के योग्य प्रशिक्षित कर दिया है। अतएव स्वामिन्! आज आप पधारिए और उन घोडो की गति आदि चेष्टाओ का निरीक्षण कीजिये।

तब प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त! तुम जाओ और उन्ही चार घोडो को जोतकर अश्वरथ को यहाँ लाओ यावत् मेरी इस आज्ञा को वापस मुझे लौटाओ अर्थात् रथ आने की मुझे सूचना दो।

चित्त सारथी प्रदेशी राजा के कथन को सुनकर हर्षित एव सन्तुष्ट हुआ। यावत् विकसित-हृदय होते हुए उसने अश्वरथ उपस्थित किया और रथ ले आने की सूचना राजा को दी।

तत्पश्चात् वह प्रदेशी राजा चित्त सारथी की बात सुनकर और हृदय मे धारण कर हृष्ट-तुष्ट हुआ यावत् मूल्यवान् अल्प आभूषणो से शरीर को अलंकृत करके अपने भवन से निकला और जहाँ चार घटो वाला अश्वरथ था, वहाँ आया। आकर उस चार घटो वाले अश्वरथ पर आरूढ होकर सेयविया नगरी के बीचोबीच से निकला।

चित्त सारथी ने उस रथ को अनेक योजनो अर्थात् बहुत दूर तक बडी तेज चाल से दौडाया—चलाया। तब गरमी, प्यास और रथ की चाल से लगती हवा से व्याकुल-परेशान-खिन्न होकर प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त ! मेरा शरीर थक गया है। रथ को वापस लौटा लो।

तब चित्त सारथी ने रथ को लौटाया और वहाँ आया जहाँ मृगवन उद्यान था। वहाँ आकर प्रदेशी राजा से इस प्रकार कहा—हे स्वामिन् ! यह मृगवन उद्यान है, यहाँ रथ को रोक कर हम घोडो के श्रम और अपनी थकावट को अच्छी तरह से दूर कर ले।

इस पर प्रदेशी राजा ने कहा—हे चित्त ! ठीक, ऐसा ही करो।

केशी कुमारश्रमण को देखकर प्रदेशी का चिन्तन—

२३७—तए ण से चित्ते सारही जेणेव मियवणे उज्जाणे, जेणेव केसिस्स कुमारसमणस्स अदूरसामते तेणेव उवागच्छइ, तुरए णिगिण्हेइ, रह ठवेइ, रहाओ पच्चोरुहइ, तुरए मोएति, पएसि राय एव वयासी—एह ण सामी ! आसाण सम किलाम सम्म अवणेमो।

तए ण से पएसी राया रहाओ पच्चोरूहइ, चित्तेण सारहिणा सद्धि आसाण सम किलाम सम्म अवणेमाणे पासइ जत्थ केसीकुमारसमण महइमहालियाए महच्चपरिसाए मज्झगए महया सद्देण धम्ममाइक्खमाण, पासइत्ता इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—जड्डा खलु भो ! जड्ड पज्जुवासति, मुडा खलु भो ! मुंड पज्जुवासति, मूढा खलु भो ! मूढ पज्जुवासति, अपडिया खलु भो ! अपडिय पज्जुवासति, निव्विण्णाणा खलु भो ! निव्विण्णाण पज्जुवासति। से केस ण एस पुरिसे जड्डे मुडे मूढे अपडिए निव्विण्णाणे, सिरीए हिरीए उवगए उत्तप्पसरीरे। एस ण पुरिसे किमाहारमाहारेइ ? कि परिणामेइ ? कि खाइ, कि पियइ, कि दलइ, कि पयच्छइ, ज ण एस एमहालियाए मणुस्सपरिसाए मज्झगए महया सद्देण बूयाए ? एव सपेहेइ चित्त सारहि एव वयासी—

चित्ता ! जड्डा खलु भो ! जड्ड पज्जुवासति जाव बूयाए, साए वि ण उज्जाणभूमीए नो सचाएमि सम्म पकाम पवियरित्तए !

२३७—राजा के 'हाँ' कहने पर चित्त सारथी ने मृगवन उद्यान की ओर रथ को मोडा और फिर उस स्थान पर आया जो केशी कुमारश्रमण के निवासस्थान के पास था। वहाँ घोडो को रोका, रथ को खडा किया, रथ से उतरा और फिर घोडो को खोलकर—छोडकर प्रदेशी राजा से कहा—हे स्वामिन् ! हम यहाँ घोडो के श्रम और अपनी थकावट को दूर कर ले।

यह सुनकर प्रदेशी राजा रथ से नीचे उतरा, और चित्त सारथी के साथ घोडो की थकावट और अपनी व्याकुलता को मिटाते हुए उस ओर देखा जहाँ केशी कुमारश्रमण अतिविशाल परिषद् के बीच बैठकर उच्च ध्वनि से धर्मोपदेश कर रहे थे। यह देखकर उसे मन-ही-मन यह विचार एवं सकल्प उत्पन्न हुआ—

जड ही जड की पर्युपासना करते है ! मुड ही मुड की उपासना करते हैं ! मूढ ही मूढो की उपसना करते है ! अपडित ही अपंडित की उपासना करते है ! और अज्ञानी ही अज्ञानी की उपासना-समान करते है ! परन्तु यह कौन पुरुष है जो जड, मुड, मूढ, अपडित और अज्ञानी होते

हुए भी श्री-ह्री से सपन्न है, शारीरिक काति से सुशोभित है ? यह पुरुप किस प्रकार का आहार करता है ? किस रूप मे खाये हुए भोजन को परिणमाता है ? यह क्या खाता है, क्या पीता है, लोगो को क्या देता है, विशेप रूप से उन्हे क्या वितरित करता है—वाटता है—समझाता है ? यह पुरुष इतने विशाल मानव-समूह के बीच वैठकर जोर-जोर से वोल रहा है ! उसने ऐमा विचार किया और चित्त सारथी से कहा—

चित्त ! जड पुरुष ही जड की पर्युपासना करते ह आदि। यह कौन पुरुप है जो ऊची ध्वनि से बोल रहा है ? इसके कारण हम अपनी ही उद्यानभूमि मे भी इच्छानुसार घूम-फिर नही सकते हैं।

२३८—तए ण से चित्ते सारही पएसीराय एव वयासी—एस ण सामी ! पासावच्चिज्जे केसी नाम कुमारसमणे जाइसपण्णे जाव[1] चउनाणोवगए अधोऽवहिए अण्णजीविए।

तए ण से पएसी राया चित्त सारहि एव वयासी—आहोहिय ण वदासि चित्ता ! अण्णजीवियत्त ण वदासि चित्ता !

हता, सामी ! आहोहिअ ण वयामि, अण्णजीवियत्त ण वयामि सामी !
अभिगमणिज्जे ण चित्ता ! एस पुरिसे ?
हता ! सामी ! अभिगमणिज्जे।
अभिगच्छामो ण चित्ता ! अम्हे एय पुरिस ?
हता सामी ! अभिगच्छामो।

२३८—तब चित्त सारथी ने प्रदेशी राजा से कहा—स्वामिन् ! ये पार्श्वापत्य (भगवान् पार्श्वनाथ की आचार—परम्परा के अनुगामी) केशी नामक कुमारश्रमण है, जो जातिसपन्न यावत् मतिज्ञान आदि चार ज्ञानो के धारक है। ये आधोऽवधिज्ञान (परमावधि से कुछ न्यून अवधिज्ञान) से सपन्न एव (एषणीय) अन्नजीवी है।

तब आश्चर्यचकित हो प्रदेशी राजा ने चित्त सारथी से कहा—हे चित्त ! यह पुरुष आधोऽवधिज्ञान-सपन्न है और अन्नजीवी है ?

चित्त—हॉ स्वामिन् ! ये आधोऽवधिज्ञानसम्पन्न एव अन्नजीवी है।

प्रदेशी—हे चित्त ! तो क्या यह पुरुष अभिगमनीय है अर्थात् इस पुरुष के पास जाकर बैठना चाहिये।

चित्त—हाँ स्वामिन् ! अभिगमनीय है।
प्रदेशी—तो फिर, चित्त ! हम इस पुरुष के पास चले।
चित्त—हाँ स्वामिन् ! चले।

२३९—तए ण से पएसी राया चित्तेण सारहिणा सद्धि जेणेव केसीकुमारसमणे तेणेव उवागच्छइ, केसिस्स कुमारसमणस्स अदूरसामते ठिच्चा एव वयासी—तुब्भे ण भते ! आहोहिया अण्णजीविया ?

---

१ देखें सूत्र स २१३

तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एवं वदासी—पएसी ! से जहाणामए अंकवाणिया इ वा, सखवाणिया इ वा, दंतवाणिया इ वा, सुंकं भंसिउकामा णो सम्मं पंथं पुच्छइ, एवामेव पएसी ! तुब्भे वि विणयं भंसेउकामो नो सम्मं पुच्छसि । से णूणं तव पएसी मम पासित्ता अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-जड्डा खलु भो ! जड्डं पज्जुवासंति, जाव पवियरित्तए, से णूणं पएसी अट्ठे समत्थे ?

हंता ! अत्थि ।

२३६—तत्पश्चात् चित्त सारथी के साथ प्रदेशी राजा, जहाँ केशी कुमारश्रमण विराजमान थे, वहाँ आया और केशी कुमारश्रमण से कुछ दूर खडे होकर बोला—हे भदन्त ! क्या आप आधोऽवधि-ज्ञानधारी है ? क्या आप अन्नजीवी है ?

तब केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा—हे प्रदेशी ! जैसे कोई अंकवणिक् (अंकरत्न का व्यापारी) अथवा शखवणिक्, दन्तवणिक्, राजकर न देने के विचार से सीधा मार्ग नही पूछता, इसी प्रकार हे प्रदेशी ! तुम भी विनयप्रतिपत्ति नही करने की भावना से प्रेरित होकर मुझ से योग्य रीति से नही पूछ रहे हो । हे प्रदेशी ! मुझे देखकर क्या तुम्हे यह विचार समुत्पन्न नही हुआ था, कि ये जड जड की पर्युपासना करते है, यावत् मैं अपनी ही भूमि मे स्वेच्छापूर्वक घूम-फिर नही सकता हूँ ? प्रदेशी ! मेरा यह कथन सत्य है ?

प्रदेशी—हाँ आपका कहना सत्य है अर्थात् मेरे मन मे ऐसा विचार आया था ।

२४०—तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमणं एवं वदासी—से केणट्ठेणं भंते ! तुज्झं नाणे वा दंसणे वा जेणं तुज्झे मम एयारूवं अज्झत्थियं जाव संकप्पं समुप्पण्णं जाणह पासह ?

२४०—तत्पश्चात् प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से कहा—भदन्त ! तुम्हे ऐसा कौनसा ज्ञान और दर्शन है कि जिसके द्वारा आपने मेरे इस प्रकार के आन्तरिक यावत् मनोगत सकल्प को जाना और देखा ?

२४१—तए णं से केसीकुमारसमणे पएसिं रायं एवं वयासी—एवं खलु पएसी ! अम्हं समणाणं निग्गंथाणं पंचविहे नाणे पण्णत्ते, तं जहा—आभिणिबोहियणाणे सुयनाणे ओहिणाणे मणपज्ज-वणाणे केवलणाणे ।

से किं तं आभिणिबोहियनाणे ?

आभिणिबोहियनाणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—उग्गहो ईहा अवाए धारणा ।

से किं तं उग्गहे ?

उग्गहे दुविहे पण्णत्ते, जहा नदीए जाव से त्तं धारणा, से त्तं आभिणिबोहियणाणे ।

से किं तं सुयनाणे ?

सुयनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—अंगपविट्ठं च, अंगबाहिरं च, सव्वं भाणियव्वं जाव दिट्ठिवाओ ।

ओहिणाणं भवपच्चइयं, खओवसमियं जहा णदीए ।

मणपज्जवनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—उज्जुमई य, विउलमई य, तहेव केवलनाण सव्व भाणियव्व ।

तत्थ ण जे से आभिणिबोहियनाणे से ण मम अत्थि, तत्थ ण जे से सुयनाणे से वि य मम अत्थि, तत्थ ण जे से ओहिणाणे से वि य मम अत्थि, तत्थ ण जे से मणपज्जवनाणे से वि य मम अत्थि, तत्थ ण जे से केवलनाणे से ण मम नत्थि, से ण अरिहंताण भगवताण ।

इच्चेएण पएसी अहं तव चउव्विहेण छउमत्थेण णाणेण इमेयारूव अज्झत्थिय जाव समुप्पण्ण जाणामि पासामि ।

२४१—तब केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से इस प्रकार कहा—हे प्रदेशी ! निश्चय ही हम निर्ग्रन्थ श्रमणो के शास्त्रो मे ज्ञान के पाँच प्रकार बतलाये है । वे पाँच यह है—(१) आभिनिबोधिकज्ञान (मतिज्ञान), (२) श्रुतज्ञान (३) अवधिज्ञान (४) मन पर्यायज्ञान और (५) केवलज्ञान ।

प्रदेशी—आभिनिबोधिक ज्ञान कितने प्रकार का है ?

केशी कुमारश्रमण—आभिनिबोधिकज्ञान चार प्रकार का है—अवग्रह, ईहा, अवाय धारणा ।

प्रदेशी—अवग्रह कितने प्रकार का है ?

केशी कुमारश्रमण—अवग्रह ज्ञान दो प्रकार का प्रतिपादन किया है इत्यादि धारणा पर्यन्त आभिनिबोधिक ज्ञान का विवेचन नदीसूत्र के अनुसार जानना चाहिए ।

प्रदेशी—श्रुतज्ञान कितने प्रकार का है ?

केशी कुमारश्रमण—श्रुतज्ञान दो प्रकार का है, यथा अगप्रविष्ट और अगबाह्य । दृष्टिवाद पर्यन्त श्रुतज्ञान के भेदो का समस्त वर्णन नन्दीसूत्र के अनुसार यहाँ करना चाहिए ।

भवप्रत्ययिक और क्षायोपशमिक के भेद से अवधिज्ञान दो प्रकार का है । इनका विवेचन भी नदीसूत्र के अनुसार यहाँ जान लेना चाहिए ।

मन पर्यायज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा ऋजुमति और विपुलमति । नदीसूत्र के अनुरूप इनका भी वर्णन यहाँ करना चाहिए ।

इसी प्रकार केवलज्ञान का भी वर्णन यहाँ करना चाहिए ।

इन पाँच ज्ञानो मे से आभिनिबोधिक ज्ञान मुझे है, श्रुतज्ञान मुझे है, अवधिज्ञान भी मुझे है, मन पर्याय ज्ञान भी मुझे प्राप्त है, किन्तु केवलज्ञान प्राप्त नही है । वह केवलज्ञान अरिहत भगवन्तो को होता है ।

इन चतुर्विध छाद्मस्थिक ज्ञानो के द्वारा हे प्रदेशी ! मैंने तुम्हारे इस प्रकार के आन्तरिक यावत् मनोगत सकल्प को जाना और देखा है ।

विवेचन—सूत्र मे जैनदर्शनमान्य आभिनिबोधिक (मति) आदि पाच ज्ञानो के नाम और उन ज्ञानो के कतिपय अवान्तर भेदो का उल्लेख करके शेष विस्तृत वर्णन नदीसूत्र के अनुसार करने का सकेत किया गया है । नन्दीसूत्र के आधार से उन मति आदि पाच ज्ञानो का सक्षेप मे वर्णन इस प्रकार है—

ज्ञान आत्मा का असाधारण गुण है। अतएव ज्ञानावरणकर्म के क्षय अथवा क्षयोपशम से आत्मा का जो बोध रूप व्यापार होता है, वह ज्ञान है। आभिनिबोधिक आदि के भेद से ज्ञान के पाच प्रकार है। उनके लक्षण इस प्रकार है—

आभिनिबोधिक ज्ञान—जो ज्ञान पाच इन्द्रियो और मन के द्वारा उत्पन्न हो और सन्मुख आये हुए पदार्थों के प्रतिनियत स्वरूप को देश, काल, अवस्था की अपेक्षा इन्द्रियो के आश्रित होकर जाने, ऐसे बोध को आभिनिबोधिक ज्ञान कहते हैं। इसका अपर नाम मतिज्ञान भी है। किन्तु अतर यह है कि मति शब्द से ज्ञान और अज्ञान दोनो को ग्रहण किया जाता है किन्तु आभिनिबोधिक शब्द ज्ञान के लिये ही प्रयुक्त होता है।

श्रुतज्ञान—शब्द को सुनकर जिससे अर्थ की उपलब्धि हो, उसे श्रुतज्ञान कहते है। इस ज्ञान का कारण शब्द है अत उपचार से शब्द के ज्ञान को भी श्रुतज्ञान कहते हैं।

अवधिज्ञान—इन्द्रिय और मन की अपेक्षा न रखते हुए केवल आत्मा के द्वारा रूपी—मूर्त पदार्थों का साक्षात् बोध करने वाला ज्ञान अवधिज्ञान कहलाता है। अवधि शब्द का अर्थ मर्यादा भी होता है। अवधि ज्ञान रूपी पदार्थों को प्रत्यक्ष करने की शक्ति रखता है अरूपी को नही, यही उसकी मर्यादा है। अथवा 'अव' शब्द अधो अर्थ का वाचक है। इसलिये जो ज्ञान अधोऽधो (नीचे-नीचे) विस्तृत जानने की शक्ति रखता है, अथवा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की मर्यादा को लेकर जो ज्ञान मूर्त द्रव्यो को प्रत्यक्ष करता है उसे अवधिज्ञान कहते है।

मन पर्यायज्ञान—समनस्क-सज्ञी जीव किसी भी वस्तु का चिन्तन-मनन मन से ही करते है। मन के चिन्तनीय परिणामो को जिस ज्ञान से प्रत्यक्ष किया जाये, उसे मन पर्याय ज्ञान कहते है। यद्यपि मन और मानसिक आकार-प्रकारो को प्रत्यक्ष करने की शक्ति अवधिज्ञान मे भी है, किन्तु मन पर्यायज्ञान मन के पर्यायो-आकार-प्रकारो को सूक्ष्म एव निर्मल रूप मे प्रत्यक्ष कर सकता है अवधिज्ञान नही।

केवलज्ञान—केवल शब्द एक, असहाय, विशुद्ध, प्रतिपूर्ण, अनन्त और निरावरण, इन अर्थों मे प्रयुक्त होता है। अत इन अर्थों के अनुसार केवलज्ञान की व्याख्या इस प्रकार है—

जिसके उत्पन्न होने पर क्षयोपशमजन्य मतिज्ञानादि (आभिनिबोधिकादि) चारो ज्ञानो का विलीनीकरण होकर एक ही ज्ञान शेष रह जाये, उसे केवलज्ञान कहते हैं। जो ज्ञान मन, इन्द्रिय आदि किसी की सहायता के बिना सपूर्ण मूर्त-अमूर्त (रूपी-अरूपी) ज्ञेय पदार्थों को हस्तामलकवत् प्रत्यक्ष करने मे सक्षम हो, वह केवलज्ञान है। जो ज्ञान विशुद्धतम हो, उसे केवलज्ञान कहते हैं। जो ज्ञान सभी पदार्थों की प्रतिपूर्ण—समस्त पर्यायो को जानने की शक्ति वाला हो, वह केवलज्ञान है। जो ज्ञान अनन्त-अनन्त पदार्थों को जानने मे सक्षम है, अथवा उत्पन्न होने के पश्चात् जिसका कभी अन्त न हो, ऐसे ज्ञान को केवलज्ञान कहते है। जो ज्ञान निरावरण, नित्य और शाश्वत हो, वह केवलज्ञान है।

इन पाँच प्रकार के ज्ञानो मे से आदि के दो ज्ञान परोक्ष और अतिम तीन प्रत्यक्ष है। मन और इन्द्रियो के माध्यम से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे परोक्ष और जो ज्ञान साक्षात् आत्मा के द्वारा होता है, उसे प्रत्यक्ष कहते है। यद्यपि मन और इन्द्रियो के माध्यम से होने वाला ज्ञान भी

किसी अपेक्षा (लौकिक दृष्टि से) प्रत्यक्ष कहा जाता है, किन्तु वह ज्ञान मन और इन्द्रियों के आश्रित होने से परोक्ष ही है।

जब हम इन्द्रियजन्य ज्ञान को प्रत्यक्ष कोटि मे ग्रहण करते है तो वहाँ यह आशय समझना चाहिये कि लोक-प्रतिपत्ति, व्यवहार की दृष्टि से वह ज्ञान प्रत्यक्ष है, लेकिन यथार्थत तो साक्षात् आत्मा से उत्पन्न होने वाला ज्ञान ही प्रत्यक्ष कहलाता है। इन दोनो दृष्टियो को ध्यान मे रखते हुए जैनदर्शन मे प्रत्यक्ष के साव्यवहारिक और पारमार्थिक ये दो भेद किये है। नदीसूत्र मे इन दोनो के लिये क्रमश इन्द्रियप्रत्यक्ष और नोइन्द्रियप्रत्यक्ष शब्द का प्रयोग किया है। स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र के भेद से इन्द्रिया पाच होने से इन्द्रियप्रत्यक्ष के पाच भेद है। कान से होने वाला ज्ञान श्रोत्रेन्द्रियप्रत्यक्ष है, इसी प्रकार शेष इन्द्रियो के लिये समझना चाहिये। अवधिज्ञान, मन पर्याय-ज्ञान एव केवलज्ञान ये तीन नोइन्द्रियप्रत्यक्ष है।

उक्त नोइन्द्रियप्रत्यक्ष के तीन भेदो मे से अवधिज्ञान के दो प्रकार है—भवप्रत्ययिक और क्षायोपशमिक। तत्तत् योनिविशेष मे जन्म लेने पर जो ज्ञान उत्पन्न हो अर्थात् जिसकी उत्पत्ति मे भव प्रधान कारण हो, ऐसा ज्ञान भवप्रत्ययिक अवधिज्ञान कहलाता है। यह भवप्रत्ययिक अवधिज्ञान देवो और नारको को होता है। तपस्या आदि विशेष गुणो के कारण अवधिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होने वाले ज्ञान को क्षायोपशमिक अवधिज्ञान कहते है। यह मनुष्यो और तिर्यंचो मे पाया जाता है।

क्षायोपशमिक अवधिज्ञान १ आनुगामिक, २ अनानुगामिक, ३ वर्धमान, ४ हीयमान, ५ प्रतिपातिक और ६ अप्रतिपातिक के भेद से छह प्रकार का है।

क्षायोपशमिक अवधिज्ञान के उक्त छह भेदो मे से आनुगामिक अवधिज्ञान दो प्रकार का है—१ अन्तगत और २. मध्यगत। इनमे से अन्तगत अवधिज्ञान तीन प्रकार का है—१ पुरत (आगे से) अन्तगत—जो अवधिज्ञान आगे-आगे सख्यात, असख्यात योजनो तक पदार्थ को जाने, २ मार्गत (पीछे से) अन्तगत—जो ज्ञान पीछे के सख्यात, असख्यात योजनो तक के पदार्थ को जाने, ३ पार्श्वत (दोनो पार्श्वो—बाजुओ) से अन्तगत—जो ज्ञान दोनो पार्श्वो मे सख्यात, असख्यात योजन प्रमाण क्षेत्र मे स्थित पदार्थो को जाने। जो ज्ञान चारो ओर के पदार्थो को जानते हुए ज्ञाता के साथ रहता है, उसे मध्यगत अवधिज्ञान कहते हैं।

अनानुगामिक अवधिज्ञान जिस स्थान पर उत्पन्न होता है, उसी स्थान पर स्थित रहकर अवधिज्ञानी सख्यात, असख्यात योजन प्रमाण सम्बद्ध अथवा असम्बद्ध द्रव्यो को जानता है, अन्यत्र चले जाने पर नही जानता है।

जो अवधिज्ञान पारिणामिक विशुद्धि से उत्तरोत्तर दिशाओ और विदिशाओ मे बढता जाता है, उसे वर्धमानक अवधिज्ञान कहते हैं। जो ज्ञान पारिणामिक सक्लेश के कारण उत्तरोत्तर हीन-हीन होता जाता है, वह हीयमान अवधिज्ञान है।

नारक, देव और तीर्थंकर अवधिज्ञान से युक्त ही होते है। वे सब दिशाओ-विदिशाओवर्ती पदार्थो को जानते है, किन्तु सामान्य मनुष्यो और तिर्यंचो के लिए ऐसा नियम नही है। वे सब दिशाओ मे और एक दिशा मे भी क्षयोपशम के अनुसार जानते है।

मन पर्यायज्ञान पर्याप्त, गर्भज संख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज सम्यग्दृष्टि, ऋद्धिसपन्न अप्रमत्तसयत मुनियो मे ही पाया जाता है। इसके दो भेद है—ऋजुमति और विपुलमति। द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा ऋजुमति मन पर्यायज्ञानी से विपुलमति मन पर्यायज्ञान वाला अधिक-अधिक विशुद्धि, निर्मलता से पदार्थो को जानता है। वह मनुष्यक्षेत्र मे रहे हुए प्राणियो के मन मे परिचिन्तित अर्थ को जानने वाला है।

केवलज्ञान दो प्रकार का है—भवस्थ-केवलज्ञान और सिद्ध-केवलज्ञान। भवस्थ-केवलज्ञान सयोगिकेवलि और अयोगिकेवलि गुणस्थानवर्ती जीवो को होता है।

सिद्ध केवलज्ञान सिद्धो को होता है। उस के भी दो भेद है—१ अनन्तर-सिद्ध केवलज्ञान और २ परपर-सिद्ध केवलज्ञान। जिन्हे सिद्ध हुए प्रथम ही समय है और जिन्हे सिद्ध हुए एक से अधिक समय हो गये हैं, उन्हे क्रमश अनन्तरसिद्ध और परपरसिद्ध कहते है और उनका केवलज्ञान अनन्तर-सिद्ध-केवलज्ञान एव परपरसिद्ध-केवलज्ञान कहलाता है।

द्रव्य से केवलज्ञानी सर्व द्रव्यो को जानता है, क्षेत्र से सर्व लोकालोक को जानता है, काल से भूत, वर्तमान और भविष्य, इन तीनो कालवर्ती द्रव्यो को जानता है और भाव से सर्व भावो—पर्यायो को जानता है।

पूर्वोक्त प्रकार से प्रत्यक्ष ज्ञानो की सक्षेप मे रूपरेखा बतलाने के अनन्तर अब परोक्ष ज्ञानो का वर्णन करते है।

आभिनिबोधिक (मति) ज्ञान श्रुतनिश्रित और अश्रुतनिश्रित के भेद से दो प्रकार का है। श्रुतज्ञान के सस्कार के आधार से उत्पन्न होने वाले मतिज्ञान को श्रुतनिश्रित मतिज्ञान कहते है और जो तथाविध क्षयोपशमभाव से उत्पन्न हो, जिसमे श्रुतज्ञान के सस्कार की अपेक्षा न हो, वह अश्रुत-निश्रित मतिज्ञान है।

अश्रुतनिश्रित मतिज्ञान चार प्रकार का है—

(१) औत्पत्तिकीबुद्धि—तथाविध क्षयोपशमभाव के कारण और शास्त्र-अभ्यास के बिना अचानक जिस बुद्धि की उत्पत्ति हो।

(२) वैनयिकीबुद्धि—गुरु आदि की विनय-भक्ति से उत्पन्न बुद्धि।

(३) कर्मजाबुद्धि—शिल्पादि के अभ्यास से उत्पन्न बुद्धि।

(४) पारिणामिकीबुद्धि—चिरकालीन पूर्वापर पर्यालोचन से उत्पन्न बुद्धि।

श्रुतनिश्रित मतिज्ञान के चार भेद हैं—(१) अवग्रह, (२) ईहा, (३) अवाय, (४) धारणा।

१ जो अनिर्देश्य सामान्य मात्र अर्थ को जानता है, उसे अवग्रह कहते है। इसके दो भेद है—अर्थावग्रह, व्यजनावग्रह। जो सामान्य मात्र का ग्रहण होता है, उसे अर्थावग्रह कहते है। पाच इन्द्रियो और मन से अर्थावग्रह होने से अर्थावग्रह के छह भेद हैं। प्राप्यकारी श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा (जीभ) और स्पर्शन, इन चार इन्द्रियो से बद्ध—स्पृष्ट अर्थों का जो अत्यन्त अव्यक्त सामान्यात्मक ग्रहण हो, उसे व्यजनावग्रह कहते है। इन चार इन्द्रियो से होने के कारण व्यजनावग्रह के चार भेद है।

अर्थावग्रह मे अभ्यस्तदशा तथा विशिष्ट क्षयोपशम की अपेक्षा है और व्यजनावग्रह अनभ्यस्तावस्था एव क्षयोपशम की मदता मे होता है। अर्थावग्रह का काल एक समय है किन्तु व्यजनावग्रह का असख्यात समय है।

२ अवग्रह के उत्तर और अवाय से पूर्व सद्भूत अर्थ की पर्यालोचना रूप चेष्टा को ईहा कहते है। अथवा अवग्रह से जाने हुए पदार्थ मे विशेष जानने की इच्छा अथवा अवग्रह द्वारा गृहीत सामान्य विषय को विशेष रूप से निश्चित करने के लिए होने वाली विचारणा ईहा है। पाच इन्द्रियो और मन के द्वारा होने से ईहा के तत्तत् नामक छह भेद है।

३ ईहा के द्वारा ग्रहण किये अर्थो का विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करना, अवाय कहलाता है। ईहा की तरह इसके भी छह भेद है।

४ निर्णीत अर्थ का धारण करना अथवा कालान्तर मे भी उसकी स्मृति हो आना धारणा है। पाच इन्द्रियो और मन से होने के कारण धारणा के भी छह भेद है।

अवग्रह आदि चारो मे से अवग्रह का काल एक समय, ईहा और अवाय का अन्तर्मुहूर्त तथा धारणा का सख्यात, असख्यात समय प्रमाण है। पाच इन्द्रियो और मन, इन छह निमित्तो से होने वाले अर्थावग्रह, ईहा, अवाय और धारणा के छह-छह भेद है तथा मन और चक्षु इन्द्रिय को छोडकर शेष चार इन्द्रियो से होने के कारण व्यजनावग्रह के चार भेद है। सब मिलाकर ये अट्ठाईस (२८) भेद है। ये सब पुन विषय और क्षयोपशम की विविधता से १२-१२ प्रकार के हैं। जिससे अवग्रहादि रूप श्रुतनिश्रित मतिज्ञान के कुल मिलाकर ३३६ भेद हो जाते हैं। अश्रुतनिश्रित के औत्पत्तिकीबुद्धि आदि चार भेदो को मिलाने से मतिज्ञान के ३४० भेद होते है।

क्षायोपशमिक विविधता के बारह प्रकार ये है—

१-२ बहु-अल्पग्राही, ३-४ बहुविध-एकविधग्राही, ५-६ क्षिप्र-अक्षिप्रग्राही, ७-८ निश्रित-अनिश्रितग्राही, ९-१० असदिग्ध-सदिग्धग्राही, ११-१२ ध्रुव-अध्रुवग्राही।

श्रुतज्ञान के भेदो का विचार विस्तार और सक्षेप, इन दो दृष्टियो से किया गया है। विस्तार से श्रुतज्ञान के चौदह भेदो के नाम इस प्रकार हैं—

१-२ अक्षर-अनक्षर श्रुत, ३-४ सज्ञी-असज्ञी श्रुत, ५-६ सम्यक्-मिथ्या श्रुत, ७-८ सादि-अनादि श्रुत, ९-१० सपर्यवसित-अपर्यवसित श्रुत, ११-१२ गमिक-अगमिक श्रुत, १३-१४ अग-प्रविष्ट-अगबाह्य श्रुत।

१-२ अक्षर-अनक्षर श्रुत—क्षर् सचलने धातु से अक्षर शब्द बनता है, 'न क्षरति-न चलति इत्यक्षरम्' अर्थात् जो अपने स्वरूप से चलित नही होता, उसे अक्षर कहते हैं। इसीलिये ज्ञान का नाम अक्षर है। इसके सज्ञाक्षर, व्यजनाक्षर और लब्ध्यक्षर, ये तीन भेद है। अक्षर की आकृति-सस्थान, बनावट को सज्ञाक्षर कहते है। उच्चारण किये जाने—बोले जाने वाले अक्षर व्यजनाक्षर है और शब्द को सुनकर अर्थ का अनुभवपूर्वक पर्यालोचन होना लब्धि-अक्षर कहलाता है। अनक्षरश्रुत अनेक प्रकार का है। छीकना, श्वासोच्छ्वास आदि सब अनक्षरश्रुत रूप हैं।

३-४ सज्ञि-असज्ञि श्रुत—सज्ञी और असज्ञी जीवो के श्रुत को क्रमश सज्ञि, असज्ञि श्रुत कहते है। कालिकी-उपदेश, हेतु-उपदेश और दृष्टिवाद-उपदेश के भेद से सज्ञिश्रुत तीन प्रकार का है।

ईहा, अपोह, मार्गणा, गवेषणा, चिन्ता, इस प्रकार के विचार-विमर्श से वस्तु के स्वरूप को अधिगत करने की शक्ति जिसमे है, वह कालिकी-उपदेश से सज्ञी है और जिसमे उक्त ईहा, अपोह आदि रूप शक्ति नही, वह असज्ञी है।

जिस जीव की विचारपूर्वक क्रिया करने मे प्रवृत्ति होती है, वह हेतु-उपदेश की अपेक्षा से सज्ञी है और जिसमे विचारपूर्वक क्रिया करने की शक्ति नही, वह असज्ञी है।

दृष्टि दर्शन का नाम है और सम्यग्ज्ञान का नाम सज्ञा है। ऐसी सज्ञा जिसमे हो, उसे दृष्टिवादोपदेश से सज्ञी कहते है, उक्त सज्ञा जिसमे नही वह असज्ञी है।

५-६ सम्यक्-मिथ्या श्रुत—सर्वज्ञ, सर्वदर्शी भगवन्तो द्वारा प्ररूपित श्रुत सम्यक्श्रुत और मिथ्यादृष्टि स्वच्छन्द बुद्धि वालो के द्वारा कहा गया श्रुत मिथ्याश्रुत कहलाता है। आचाराग आदि दृष्टिवाद पर्यन्त द्वादशाग रूप तथा सम्पूर्ण दशपूर्वधारी द्वारा कहा गया श्रुत सम्यक्श्रुत है।

७-८-९-१० सादि, सपर्यवसित, अनादि, अपर्यवसित श्रुत—व्यवच्छित्ति—पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा सादि-सपर्यवसित (सान्त) है और अव्यवच्छित्ति—द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा अनादि-अपर्यवसित (अनन्त) है।

११-१२ गमिक-अगमिक श्रुत—जिस श्रुत के आदि, मध्य और अवसान मे किंचित् विशेषता रखते हुए पुन -पुन पूर्वोक्त शब्दो का उच्चारण हो, उसे गमिक श्रुत और जिस शास्त्र मे पुन -पुन एक सरीखे पाठ न आते हो, उसे अगमिक श्रुत कहते है।

१३-१४ अगप्रविष्ट-अगबाह्य श्रुत—जिन शास्त्रो की रचना तीर्थकरो के उपदेशानुसार गणधर स्वय करते है, वे अगप्रविष्ट तथा गणधरो के अतिरिक्त अगो का आधार लेकर स्थविरो द्वारा प्रणीत शास्त्र अगबाह्य कहलाते हैं।

अगप्रविष्ट श्रुत के आचाराग आदि बारह भेद है।

आवश्यक और आवश्यक-व्यतिरिक्त के भेद से अगबाह्य श्रुत दो प्रकार का है। गुणो के द्वारा आत्मा को वश मे करना आवश्यकीय है, ऐसा वर्णन जिसमे हो, उसे आवश्यक श्रुत कहते हैं। आवश्यक श्रुत के छह भेद हैं—१ सामायिक, २ चतुर्विशतिस्तव, ३ वदना, ४ प्रतिक्रमण, ५ कायोत्सर्ग और ६ प्रत्याख्यान तथा आवश्यकव्यतिरिक्त श्रुत के दो भेद हैं—कालिक और उत्कालिक।

जो शास्त्र दिन और रात्रि के पहले और पिछले प्रहर मे पढे जाते हैं, वे कालिक और जिनका कालवेला वर्ज कर अध्ययन किया जाता है अर्थात् अस्वाध्याय के समय को छोडकर शेष रात्रि और दिन मे पढे जाते है, वे उत्कालिक शास्त्र कहलाते हैं। उत्कालिक और कालिक शास्त्र अनेक प्रकार के हैं।

इन सभी अगप्रविष्ट और अगबाह्य शास्त्रो का विशेष परिचय नदीसूत्र और उसकी चूर्णि एव वत्ति मे दिया गया है।

तज्जीव-तच्छरीरवाद मंडन-खंडन

२४२—तए ण से पएसी राया केसिं कुमारसमण एव वयासी—अह ण भते ! इह उवविसामि ?

पएसी ! एसाए उज्जाणभूमीए तुमसि चेव जाणए ।

तए ण से पएसी राया चित्तेण सारहिणा सद्धि केसिस्स कुमारसमणस्स अदूरसामते उवविसइ, केसिकुमारसमण एव वदासी—तुब्भे ण भते ! समणाण णिग्गथाण एसा सण्णा, एसा पइण्णा, एसा दिट्ठी, एसा रुई, एस हेऊ, एस उवएसे, एस सकप्पे, एसा तुला, एस माणे, एस पमाणे, एस समोसरणे जहा अण्णो जीवो अण्ण सरीर, णो त जीवो त सरीर ?

२४२—केशीस्वामी के कथन को सुनने के अनन्तर प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से निवेदन किया—भदन्त ! क्या मैं यहाँ बैठ जाऊं ?

केशी—हे प्रदेशी ! यह उद्यानभूमि तुम्हारी अपनी है, अतएव बैठने या न बैठने के विषय मे तुम स्वय समझ लो—निर्णय कर लो ।

तत्पश्चात् चित्त सारथी के साथ प्रदेशी राजा केशी कुमारश्रमण के समीप बैठ गया और बैठकर केशी कुमारश्रमण से इस प्रकार पूछा—

भदन्त ! क्या आप श्रमण निर्ग्रन्थो की ऐसी सम्यग्ज्ञान रूप सज्ञा है, तत्त्वनिश्चय रूप प्रतिज्ञा है, दर्शन रूप दृष्टि है, श्रद्धानुगत अभिप्राय रूप रुचि है, अर्थ का प्रतिपादन करने रूप हेतु है, शिक्षा वचन रूप उपदेश है, तात्त्विक अध्यवसाय रूप सकल्प है, मान्यता है, तुला-समीचीन निश्चय-कसौटी है, दृढ धारणा है, अविसवादी दृष्ट एव इष्ट रूप प्रत्यक्षादि प्रमाणसगत मतव्य है और स्वीकृत सिद्धान्त है कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है ? अर्थात् जीव और शरीर भिन्न-भिन्न स्वरूप वाले है ? शरीर और जीव दोनो एक नही हैं ?

२४३—तए ण केसी कुमारसमणे पएसिं रायं एव वयासी—पएसी ! अम्ह समणाण णिग्गथाण एसा सण्णा जाव[1] एस समोसरणे, जहा अण्णो जीवो अण्ण सरीर, णो त जीवो त सरीर ।

२४३—प्रदेशी राजा के प्रश्न को सुनकर प्रत्युत्तर मे केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा—हे प्रदेशी ! हम श्रमण निर्ग्रन्थो की ऐसी सज्ञा यावत् समोसरण—सिद्धान्त है कि जीव भिन्न—पृथक् है और शरीर भिन्न है, परन्तु जो जीव है वही शरीर है, ऐसी हमारी धारणा नही है ।

२४४—तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमण एव वयासी—जति ण भते ! तुब्भ समणाण णिग्गथाण एसा सण्णा जाव[2] समोसरणे जहा अण्णो जीवो अण्ण सरीर, णो त जीवो त सरीर, एव खलु ममं अज्जए होत्था, इहेव जबुद्दीवे दीवे सेयवियाए णगरीए अधम्मिए जाव[3] सगस्स वि य ण जणवयस्स नो सम्म करभरवित्ति पवत्तेति, से ण तुब्भ वत्तव्वयाए सुबहु पाव कम्म कलिकलुस समज्जिणित्ता कालमासे काल किच्चा अण्णयरेसु नरएसु णेरइयत्ताए उववण्णे ।

तस्स ण अज्जगस्स ण अह णत्तुए होत्था इट्ठे कते पिए मणुण्णे मणामे थेज्जे वेसासिए समए

१-२ देखें सूत्र सख्या २४२ ३ देखें सूत्र सख्या २२६

बहुमए अणुमए रयणकरडगसमाणे जीविउस्सविए हिययणदिजणणे उबरपुप्फ पिव दुल्लभे सवणयाए, किमग पुण पासणयाए ? तं जति ण से अज्जए मम आगतु वएज्जा—

एव खलु नत्तुया ! अहं तव अज्जए होत्था, इहेव सेयवियाए नयरीए अधम्मिए जाव नो सम्म करभरवित्ति पवत्तेमि, तए ण अह सुबहु पाव कम्म कलिकलुस समज्जिणित्ता नरएसु उववण्णे, त मा ण नत्तुया ! तुम पि भवाहि अधम्मिए जाव नो सम्मं करभरवित्ति पवत्तेहि, मा ण तुम पि एव चेव सुबहु पावकम्म जाव उववज्जिहिसि । त जइ ण से अज्जए मम आगतु वएज्जा तो ण अह सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा जहा अन्नो जीवो अन्न सरीर, णो त जीवो त सरीर । जम्हा ण से अज्जए मम आगतु नो एव वयासी तम्हा सुपइट्ठिया मम पइन्ना समणाउसो ! जहा तज्जीवो त सरीर ।

२४४—तब प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से इस प्रकार कहा—हे भदन्त ! यदि आप श्रमण निर्ग्रन्थो की ऐसी सज्ञा यावत् सिद्धान्त है कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है, किन्तु ऐसी मान्यता नही है कि जो जीव है वही शरीर है, तो मेरे पितामह, जो इसी जम्बूद्वीप नामक द्वीप की सेयविया नगरी मे अधार्मिक यावत् राजकर लेकर भी अपने जनपद का भली-भाति पालन, रक्षण नही करते थे, वे आपके कथनानुसार अत्यन्त कलुषित पापकर्मों को उपार्जित करके मरण-समय मे मरण करके किसी एक नरक मे नारक रूप से उत्पन्न हुए है । उन पितामह का मैं इष्ट, कान्त (अभिलषित), प्रिय, मनोज्ञ, मणाम (अतीव प्रिय), धैर्य और विश्वास का स्थान (आधार, पात्र), कार्य करने मे सम्मत (माना हुआ), बहुत कार्य करने मे माना हुआ तथा कार्य करने के बाद भी अनुमत, रत्नकरडक (आभूषणो की पेटी) के समान, जीवन की श्वासोच्छ्वास के समान, हृदय मे आनन्द उत्पन्न करने वाला, गूलर के फूल के समान जिसका नाम सुनना भी दुर्लभ है तो फिर दर्शन की बात ही क्या है, ऐसा पौत्र हूँ । इसलिये यदि मेरे पितामह आकर मुझ से इस प्रकार कहे कि—

'हे पौत्र ! मैं तुम्हारा पितामह था और इसी सेयविया नगरी मे अधार्मिक यावत् प्रजाजनो से राजकर लेकर भी यथोचित रूप मे उनका पालन, रक्षण नही करता था । इस कारण मैं बहुत एव अतीव कलुषित पापकर्मों का सचय करके नरक मे उत्पन्न हुआ हूँ । किन्तु हे नाती (पौत्र) ! तुम अधार्मिक नही होना, प्रजाजनो से कर लेकर उनके पालन, रक्षण मे प्रमाद मत करना और न बहुत से मलिन पाप कर्मो का उपार्जन—सचय ही करना ।'

तो मै आपके कथन पर श्रद्धा कर सकता हूँ, प्रतीति (विश्वास) कर सकता हूँ एव उसे अपनी रुचि का विषय बना सकता हूँ कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है । जीव और शरीर एक रूप नही है । लेकिन जब तक मेरे पितामह आकर मुझसे ऐसा नही कहते तब तक हे आयुष्मन् श्रमण ! मेरी यह धारणा सुप्रतिष्ठित—समीचीन है कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है ।

विवेचन —यहाँ राजा पएसी (प्रदेशी) ने अपने दादा का दृष्टान्त देकर जो कथन किया है, उसी बात को दीघनिकाय मे राजा पायासि ने अपने मित्रो का उदाहरण देकर कहा है । दीघनिकाय मे जिसका उल्लेख इस प्रकार से किया गया है—

राजा पायासि और कुमार काश्यप के मिलने पर पायासि अपनी शका काश्यप के समक्ष उपस्थित करता है और काश्यप उसका समाधान करते है कि—राजन्य ! ये सूर्य, चन्द्र क्या है ? वे इहलोक है या परलोक हैं ? देव हैं या मानव है ? अर्थात् इन उदाहरणो के द्वारा काश्यप परलोक

की सिद्धि करते है। किन्तु राजा को यह बात समझ मे नही आती है और वह पुन कहता है—मेरे कुछ ज्ञातिजन एव मित्र प्राणातिपात—हिसा आदि पापकार्यो मे निरत रहते थे, उनको मैंने कह रखा था कि हिंसादिक पापकार्यो से तुम नरक मे जाओ तो मुझे इसकी सूचना देना। लेकिन वे यहाँ आये नही और न कोई दूत भी भेजा। इसलिये परलोक नही है, मेरी यह श्रद्धा सुसगत है।

२४५—तए ण केसी कुमारसमणे पएसिं राय एव वदासी—अत्थि ण पएसी! तव सूरियकता णाम देवी?

हता अत्थि।

जइ णं तुम पएसी! त सूरियकत देविं ण्हाय कयवलिकम्म कयकोउयमंगलपायच्छित्त सव्वालकारविभूसिय केणइ पुरिसेणं ण्हाएण जाव सव्वालकारविभूसिएण सद्धिं इट्ठे सद्द-फरिस-रस-रूव-गधे पचविहे माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणि पासिज्जासि, तस्स ण तुम पएसी! पुरिसस्स क दड निव्वत्तेज्जासि?

अह ण भते! त पुरिस हत्थच्छिण्णग वा, सूलाइग वा, सूलभिन्नग वा, पायछिन्नग वा, एगाहच्च कूडाहच्च जीवियाओ ववरोवएज्जा।

अह ण पएसी से पुरिसे तुम एव वदेज्जा—'मा ताव मे सामी! मुहुत्तग हत्थछिण्णग वा जाव जीवियाओ ववरोवेहि जाव ताव अह मित्त-णाइ-णियग-सयण-सबधि-परिजण एव वयामि—एवं खलु देवाणुप्पिया! पावाइ कम्माइं समायरेत्ता इमेयारूव आवइ पाविज्जामि, त मा ण देवाणुप्पिया! तुब्भे वि केइ पावाइ कम्माइ समायरह, मा ण से वि एव चेव आवइ पाविज्जिहिह जहा ण अह।' तस्स ण तुम पएसी! पुरिसस्स खणमवि एयमट्ठ पडिसुणेज्जासि?

णो तिणट्ठे समट्ठे।

कम्हा ण?

जम्हा ण भते! अवराही ण से पुरिसे।

एवामेव पएसी! तव वि अज्जए होत्था, इहेव सेयवियाए णयरीए अधम्मिए जाव[1] णो सम्म करभरवित्तिं पवत्तेइ, से ण अम्ह वत्तव्वयाए सुबहुं जाव उववन्नो, तस्स ण अज्जगस्स तुम णत्तुए होत्था इट्ठे कते जाव[2] पासणयाए। से ण इच्छइ माणुस लोग हव्वमागच्छित्तए, णो चेव ण सचाएति हव्वमागच्छित्तए। चउहिं ठाणेहिं पएसी अहुणोववण्णए नरएसु नेरइए इच्छेइ माणुस लोग हव्व-मागच्छित्तए नो चेव ण सचाएइ—

१. अहुणोववन्नए नरएसु नेरइए से ण तत्थ महब्भूय वेयण वेदेमाणे इच्छेज्जा माणुस्सं लोग हव्व (आगच्छित्तए) णो चेव ण सचाएइ।

२ अहुणोववन्नए नरएसु नेरइए निरयपालेहिं भुज्जो-भुज्जो समहिट्ठिज्जमाणे इच्छइ माणुस लोग हव्वमागच्छित्तए, नो चेव ण संचाएइ।

---

१ देखें सूत्र सख्या २२६ २ देखें सूत्र सख्या २४४

३ अहुणोववन्नए नरएसु नेरइए निरयवेयणिज्जंसि कम्मंसि अक्खीणंसि अवेइयंसि अनिज्जिन्नंसि इच्छइ माणुसं लोग (हव्वमागच्छित्तए) नो चेव ण संचाएइ।

४. एव णेरइए निरयाउयंसि कम्मंसि अक्खीणंसि अवेइयंसि अणिज्जिन्नंसि इच्छइ माणुस लोग० नो चेव ण संचाएइ हव्वमागच्छित्तए।

इच्चेएहिं चउहिं ठाणेहिं पएसी अहुणोववन्ने नरएसु नेरइए इच्छइ माणुस लोग० णो चेव ण संचाइए।

तं सद्दहाहि ण पएसी ! जहा—अन्नो जीवो अन्न सरीरं, नो तं जीवो तं सरीर।

२४५—प्रदेशी राजा की युक्ति को सुनने के पश्चात् केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से इस प्रकार कहा—हे प्रदेशी ! तुम्हारी सूर्यकान्ता नाम की रानी है ?

प्रदेशी—हाँ भदन्त ! है।

केशी कुमारश्रमण—तो हे प्रदेशी ! यदि तुम उस सूर्यकान्ता देवी को स्नान, बलिकर्म और कौतुक-मगल-प्रायश्चित्त करके एव समस्त आभरण-अलकारो से विभूषित होकर किसी स्नान किये हुए यावत् समस्त आभरण-अलकारो से विभूषित पुरुष के साथ इष्ट-मनोनुकूल शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गधमूलक पाच प्रकार के मानवीय कामभोगो को भोगते हुए देख लो तो, हे प्रदेशी ! उस पुरुष के लिए तुम क्या दड निश्चित करोगे ?

प्रदेशी—हे भगवन् ! मैं उस पुरुष के हाथ काट दू गा, उसे शूली पर चढा दू गा, काटो से छेद दू गा, पैर काट दू गा अथवा एक ही वार से जीवनरहित कर दू गा—मार डालू गा।

प्रदेशी राजा के इस कथन को सुनकर केशी कुमारश्रमण ने उससे कहा—हे प्रदेशी ! यदि वह पुरुष तुमसे यह कहे कि—'हे स्वामिन् ! आप घडी भर रुक जाओ, तब तक आप मेरे हाथ न काटे, यावत् मुझे जीवन रहित न करें जब तक मैं अपने मित्र, ज्ञातिजन, निजक—पुत्र आदि स्वजन-सबधी और परिचितो से यह कह आऊँ कि हे देवानुप्रियो ! मै इस प्रकार के पापकर्मो का आचरण करने के कारण यह दड भोग रहा हूँ, अतएव हे देवानुप्रियो ! तुम कोई ऐसे पाप कर्मो मे प्रवृत्ति मत करना, जिससे तुमको इस प्रकार का दड भोगना पडे, जैसा कि मैं भोग रहा हूँ।' तो हे प्रदेशी क्या तुम क्षणमात्र के लिए भी उस पुरुष की यह बात मानोगे ?

प्रदेशी—हे भदन्त ! यह अर्थ समर्थ नही है। अर्थात् उसकी यह बात नही मानू गा।

केशी कुमारश्रमण—उसकी बात क्यो नही मानोगे ?

प्रदेशी—क्योकि हे भदन्त ! वह पुरुष अपराधी है।

तो इसी प्रकार हे प्रदेशी ! तुम्हारे पितामह भी हैं, जिन्होने इसी सेयविया नगरी मे अधार्मिक होकर जीवन व्यतीत किया यावत् प्रजाजनो से कर लेकर भी उनका अच्छी तरह से पालन, रक्षण नही किया एव मेरे कथनानुसार वे बहुत से पापकर्मों का उपार्जन करके नरक मे उत्पन्न हुए है। उन्ही पितामह के तुम इष्ट, कान्त यावत् दुर्लभ पौत्र हो। यद्यपि वे शीघ्र ही मनुष्य लोक मे आना चाहते हैं किन्तु वहाँ से आने मे समर्थ नही हैं। क्योकि—प्रदेशी ! तत्काल नरक मे नारक रूप से

उत्पन्न जीव शीघ्र ही चार कारणो से मनुष्यलोक मे आने की इच्छा तो करते है, किन्तु वहाँ से आ नही पाते है। वे चार कारण इस प्रकार है—

१ नरक मे अधुनोत्पन्न नारक वहाँ की अत्यन्त तीव्र वेदना का वेदन करने के कारण मनुष्य-लोक मे शीघ्र आने की आकाक्षा करते है, किन्तु आने मे असमथ है।

२ नरक मे तत्काल नैरयिक रूप से उत्पन्न जीव परमाधार्मिक नरकपालो द्वारा वारवार ताडित-प्रताडित किये जाने से घबराकर शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आने की इच्छा तो करते है, किन्तु वैसा करने मे समर्थ नही हो पाते है।

३ अधुनोपपन्नक नारक मनुष्यलोक मे आने की अभिलाषा तो रखते हैं किन्तु नरक सबन्धी असातावेदनीय कर्म के क्षय नही होने, अननुभूत एव अनिर्जीर्ण होने से वे वहाँ से निकलने मे सक्षम नही हो पाते हैं।

४ इसी प्रकार नरक सबधी आयुकर्म के क्षय नही होने से, अननुभूत एव अनिर्जीर्ण होने से नारक जीव मनुष्यलोक मे आने की अभिलाषा रखते हुए भी वहाँ से आ नही सकते है।

अतएव हे प्रदेशी ! तुम इस बात पर विश्वास करो, श्रद्धा रखो कि जीव अन्य—भिन्न है और शरीर अन्य है, किन्तु यह मत मानो कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है।

विवेचन—नरक मे से जीव के न आ सकने के इन्ही कारणो का दीघनिकाय (बौद्ध ग्रन्थ) मे भी इसी प्रकार से उल्लेख किया है।

२४६—तए णं से पएसी राया केसिं कुमारसमण एवं वदासी—

अत्थि ण भते ! एसा पण्णा उवमा, इमेण पुण कारणेण नो उवागच्छइ, एव खलु भते ! मम अज्जिया होत्था, इहेव सेयवियाए नगरीए धम्मिया जाव वित्ति कप्पेमाणी समणोवासिया अभिगय-जीवा० सव्वो वण्णओ जाव[1] अप्पाण भावेमाणी विहरइ, सा ण तुज्झ वत्तव्वयाए सुबहु पुण्णोवचय समज्जिणित्ता कालमासे काल किच्चा अण्णयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववण्णा, तीसे ण अज्जियाए अह नत्तुए होत्था इट्ठे कते जाव[2] पासणयाए, त जइ ण सा अज्जिया मम आगतु एव वएज्जा—एव खलु नत्तुया ! अह तव अज्जिया होत्था, इहेव सेयवियाए नगरीए धम्मिया जाव वित्ति कप्पेमाणी समणो-वासिया जाव विहरामि। तए ण अह सुबहु पुण्णोवचय समज्जिणित्ता जाव देवलोएसु उववण्णा, त तुम पि णत्तुया ! भवाहि धम्मिए जाव विहराहि, तए ण तुम पि एय चेव सुबहु पुण्णोवचय समज्जिणित्ता जाव (कालमासे काल किच्चा अण्णयरेसु देवलोएसु देवत्ताए) उववज्जिहिसि।

त जइ ण अज्जिया मम आगतु एवं वएज्जा तो ण अह सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोइज्जा जहा-अण्णो जीवो अण्ण सरीर, णो त जीवो त सरीर। जम्हा सा अज्जिया मम आगतु णो एव वदासी, तम्हा सुपइट्ठिया मे पइण्णा जहा—तं जीवो त सरीर, नो अन्नो जीवो अन्न सरीर।

---

१ देखें सूत्र सख्या २२२

२ देखें सूत्र सख्या २४४

२४६—केशी कुमारश्रमण के पूर्वोक्त कथन को सुनने के पश्चात् प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण के समक्ष नया तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा—हे भदन्त ! मेरी आजी—दादी थी। वह इसी सेयविया नगरी मे धर्मपरायण यावत् धार्मिक आचार-विचारपूर्वक अपना जीवन व्यतीत करनेवाली, जीव-अजीव आदि तत्त्वो की ज्ञाता श्रमणोपासिक यावत् तप से आत्मा को भावित करती हुई अपना समय व्यतीत करती थी इत्यादि समस्त वर्णन यहाँ समझ लेना चाहिये और आपके कथनानुसार वे पुण्य का उपार्जन कर कालमास मे काल करके किसी देवलोक मे देवरूप से उत्पन्न हुई हैं। उन आर्यिका (दादी) का मैं इष्ट, कान्त यावत् दुर्लभदर्शन पौत्र हूँ। अतएव वे आर्यिका यदि यहाँ आकर मुझसे इस प्रकार कहे कि—हे पौत्र ! मैं तुम्हारी दादी थी और इसी सेयविया नगरी मे धार्मिक जीवन व्यतीत करती हुई श्रमणोपासिका हो यावत् अपना समय बिताती थी। इस कारण मैं विपुल पुण्य का सचय करके यावत् देवलोक मे उत्पन्न हुई हूँ। हे पौत्र ! तुम भी धार्मिक आचार-विचारपूर्वक अपना जीवन बिताओ। जिससे तुम भी विपुल पुण्य का उपार्जन करके यावत् (मरणसमय मे मरण करके किसी एक देवलोक मे देवरूप से) उत्पन्न होओगे।

इस प्रकार से यदि मेरी दादी आकर मुझसे कहे कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है किन्तु वही जीव वही शरीर नही अर्थात् जीव और शरीर एक नही है, तो हे भदन्त ! मैं आपके कथन पर विश्वास कर सकता हूँ, प्रतीति कर सकता हूँ और अपनी रुचि का विषय बना सकता हूँ। परन्तु जब तक मेरी दादी आकर मुझसे ऐसा नही कहती तब तक मेरी यह धारणा सुप्रतिष्ठित एव समीचीन है कि जो जीव है वही शरीर है। किन्तु जीव और शरीर भिन्न-भिन्न नही है।

विवेचन—यहाँ राजा प्रदेशी ने अपनी धार्मिक दादी का उदाहरण देकर जो व्यक्त किया, उसे दीघनिकाय मे राजा पायासि ने अपने धर्मपरायण मित्रो के उदाहरण द्वारा बताया है कि आप अपनी धर्मवृत्ति के कारण स्वर्ग जाने वाले हैं और ऐसा हो तो आप मुझे यह समाचार अवश्य देना।

२४७—तए ण केसी कुमारसमणे पएसीराय एव वयासी—जति ण तुम पएसी ! ण्हाय कयबलिकम्म कयकोउयमगलपायच्छित्त उल्लपडसाडग भिंगारकडुच्छुयहत्थगय देवकुलमणुपविसमाण केइ य पुरिसे वच्चघरसि ठिच्चा एव ववेज्जा—एह ताव सामी ! इह मुहुत्तग आसयह वा, चिट्ठह वा, निसीयह वा, तुयट्टह वा, तस्स ण तुम पएसी ! पुरिसस्स खणमवि एयमट्ठ पडिसुणिज्जासि ?

णो तिणट्ठे समट्ठे।

कम्हा ण ?

भते ! असुई असुइ सामतो।

एवामेव पएसी ! तव वि अज्जिया होत्था, इहेव सेयवियाए णयरीए धम्मिया जाव विहरति, सा ण अम्ह वत्तव्वाए सुबहु जाव उववन्ना, तीसे ण अज्जियाए तुम णत्तुए होत्था इट्ठे० किमग पुण पासणयाए ? सा ण इच्छइ माणुस लोग हव्वमागच्छित्तए, णो चेव ण सचाएइ हव्वमागच्छित्तए। चऊहिं ठाणेहिं पएसी ! अहुणोववण्णए देवे देवलोएसु इच्छेज्जा माणुस लोग हव्वमागच्छित्तए णो चेव ण सचाएइ—

१ अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु दिव्वेहिं कामभोगेहिं मुच्छिए-गिद्धे-गढिए-अज्झोववण्णे से ण माणसे भोगे नो आढाति, नो परिजाणाति, से ण इच्छिज्ज माणुस० नो चेव ण सचाएति।

२ अहुणोववण्णए देवे देवलोएसु दिव्वेहिं कामभोगेहिं मुच्छिए जाव अज्झोववण्णे, तस्स ण माणुस्से पेम्मे वोच्छिन्नए भवति, दिव्वे पिम्मे सकते भवति, से ण इच्छेज्जा माणुस० णो चेव ण सचाएइ।

३. अहुणोववण्णे देवे दिव्वेहिं कामभोगेहिं मुच्छिए जाव अज्झोववण्णे, तस्स ण एव भवइ— इयाणिं गच्छ मुहुत्त जाव इह गच्छ, अप्पाउया णरा कालधम्मुणा सजुत्ता भवति, से ण इच्छेज्जा माणुस्स० णो चेव ण सचाएइ।

४. अहुणोववण्णे देवे दिव्वेहिं जाव अज्झोववण्णे, तस्स माणुस्सए उराले दुग्गधे पडिकूले पडिलोमे भवइ, उड्ढ पि य ण चत्तारि पच जोअणसए असुभे माणुस्सए गधे अभिसमागच्छति, से ण इच्छेज्जा माणुस० णो चेव ण सचाइज्जा।

इच्चेएहिं ठाणेहिं पएसी ! अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्ज माणुस लोग हव्वमागच्छित्तए णो चेव ण सचाएइ हव्वमागच्छित्तए, त सद्दहाहि ण तुम पएसी ! जहा—अन्नो जीवो अन्न सरीर, नो तं जीवो त सरीर।

२४७—प्रदेशी राजा का उक्त तर्क सुनकर केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से इस प्रकार पूछा—हे प्रदेशी ! यदि तुम स्नान, बलिकर्म और कौतुक, मगल, प्रायश्चित्त करके गीली धोती पहन, झारी और धूपदान हाथ मे लेकर देवकुल मे प्रविष्ट हो रहे होओ और उस समय कोई पुरुष विष्ठा-गृह (शौचालय) मे खडे होकर यह कहे कि—हे स्वामिन् ! आओ और क्षणमात्र के लिये यहाँ बैठो, खडे होओ और लेटो, तो क्या हे प्रदेशी ! एक क्षण के लिये भी तुम उस पुरुष की यह बात स्वीकार कर लोगे ?

प्रदेशी—हे भदन्त ! यह अर्थ समर्थ नही है, अर्थात् उस पुरुष की बात स्वीकार नही करू गा।

कुमारश्रमण केशीस्वामी—उस पुरुष की बात क्यो स्वीकार नही करोगे ?

प्रदेशी—क्योकि भदन्त ! वह स्थान अपवित्र है और अपवित्र वस्तुओ से भरा हुआ—व्याप्त है।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार प्रदेशी ! इसी सेयविया नगरी मे तुम्हारी जो दादी धार्मिक यावत् धर्मानुरागपूर्वक जीवन व्यतीत करती थी और हमारी मान्यतानुसार वे बहुत से पुण्य का सचय करके यावत् देवलोक मे उत्पन्न हुई है तथा उन्ही दादी के तुम इष्ट यावत् दुर्लभदर्शन जैसे पौत्र हो। वे तुम्हारी दादी भी शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आने की अभिलाषी हैं किन्तु आ नही सकती।

हे प्रदेशी ! अधुनोत्पन्न देव देवलोक से मनुष्यलोक मे आने के आकाक्षी होते हुए भी इन चार कारणो से आ नही पाते हैं—

१ तत्काल उत्पन्न देव देवलोक के दिव्य कामभोगो मे मूर्च्छित, गृद्ध, आसक्त और तल्लीन हो जाने मे मानवीय भोगो के प्रति आकर्षित नही होते हैं, न ध्यान देते है और न उनकी इच्छा करते है। जिससे वे मनुष्यलोक मे आने की आकाक्षा रखते हुए भी आने मे समर्थ नही हो पाते है।

२ देवलोक सबधी दिव्य कामभोगो मे मूर्च्छित यावत् तल्लीन हो जाने से अधुनोत्पन्नक देव का मनुष्य सबधी प्रेम (आकर्षण) व्युच्छिन्न—समाप्त-सा हो जाता है—टूट जाता है और देवलोक

सबधी अनुराग सक्रात हो जाने से मनुष्य लोक मे आने की अभिलाषा रखते हुए भी यहाँ आ नही पाते है ।

३ अधुनोत्पन्न देव देवलोक मे जब दिव्य कामभोगो मे मूर्च्छित यावत् तल्लीन हो जाते है तब वे सोचते तो है कि अब जाऊँ, अब जाऊँ, कुछ समय बाद जाऊँगा, किन्तु उतने समय मे तो उनके इस मनुष्यलोक के अल्पआयुषी सबधी कालधर्म (मरण) को प्राप्त हो चुकते है । जिससे मनुष्यलोक मे आने की अभिलाषा रखते हुए भी वे यहाँ आ नही पाते है ।

४ वे अधुनोत्पन्नक देव देवलोक के दिव्य कामभोगो मे यावत् तल्लीन हो जाते हैं कि जिससे उनको मर्त्यलोक सबधी अतिशय तीव्र दुर्गन्ध प्रतिकूल और अनिष्टकर लगती है एव उस मानवीय कुत्सित दुर्गन्ध को ऊपर आकाश मे चार-पाच सौ योजन तक फैल जाने से मनुष्यलोक मे आने की इच्छा रखते हुए भी वे उस दुर्गन्ध के कारण आने मे असमर्थ हो जाते है ।

अतएव हे प्रदेशी ! मनुष्यलोक मे आने के इच्छुक होने पर भी इन चार कारणो से अधुनोत्पन्न देव देवलोक से यहाँ आ नही सकते हैं । इसलिये प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव शरीर नही है और न शरीर जीव है ।

विवेचन—यहाँ दिये गये देवकुल मे प्रवेश करने के उदाहरण के स्थान पर दीघनिकाय मे कुमार काश्यप ने दूसरा उदाहरण दिया है—जैसे कोई पुरुष दुर्गन्धमय कूप मे पडा हो और उसका शरीर मल से लिप्त हो और उस पुरुष को बाहर निकलकर स्नान, शरीर पर सुगधित तेल आदि का विलेपन और माला आदि से श्रृ गारित करने के बाद पुन उसे दुर्गन्धित कूप मे घुसने के लिए कहा जाये तो क्या वह उसमे घुसेगा ?

प्रत्युत्तर मे राजा ने कहा—नही घुसेगा ।

काश्यप—तो इसी प्रकार दुर्गन्धित मनुष्यलोक से स्वर्ग मे पहुँचे हुए देव पुन दूसरी बार दुर्गन्धमय मर्त्यलोक मे आयेगे क्या इत्यादि ?

मनुष्यलोक मे देवो के न आने के जो कारण यहाँ बताये है, इसी प्रकार दीघनिकाय मे भी कहा है कि—

इस मनुष्यलोक के सौ वर्षो के बराबर त्रायस्त्रिश देवो का एक दिन-रात होता है । ऐसे सौ-सौ वर्ष जितने समय वाले तीस दिन-रात होते हैं, तब देवो का एक मास और ऐसे बारह मास का एक वर्ष होता है । इन त्रायस्त्रिश देवो का ऐसे दिव्य हजार वर्षो जितना दीर्घ आयुष्य होता है । ये देव भी विचार करते हैं कि दो-तीन दिन मे इन दिव्य कामगुणो को भोगने के बाद अपने मानव-सबधियो को समाचार देने जाऊगा इत्यादि ।

यहाँ मनुष्यलोक सबधी दुर्गन्ध ऊपर आकाश मे चार-सौ, पाच-सौ योजन तक पहुँचने का उल्लेख किया है, इसके बदले दीर्घनिकाय मे कहा है कि देवो की दृष्टि मे मनुष्य अपवित्र है, दुरभि-गध वाला है, घृणित है । मनुष्यलोक सबधी दुर्गन्ध ऊपर सौ योजन तक पहुँचकर देवो को बाधा उत्पन्न करती है ।

प्रस्तुत मे चार-सौ, पाँच-सौ योजन तक दुर्गन्ध पहुँचने का जो उल्लेख किया है उसकी नौ

योजन से अधिक दूर से आते सगध पुद्‌गल घ्राणेन्द्रिय के विषय नही हो सकते हे—इस शास्त्रीय उल्लेख से किस प्रकार सगति बैठ सकती है ? क्योकि नौ योजन से अधिक दूर मे जो पुद्‌गल आते हैं उनकी गध अत्यन्त मद हो जाती है, जिससे वे घ्राणेन्द्रिय के विषय नही हो सकते है।

इसका समाधान करते हुए टीकाकार ने कहा है कि यद्यपि नियम तो ऐसा ही है किन्तु जो पुद्‌गल अति उत्कट गध वाले होते है, उनके नौ योजन तक पहुँचने पर जो दूसरे पुद्‌गल उनमे मिलते हैं, उनमे अपनी गन्ध सक्रात कर देते है और फिर वे पुद्‌गल भी आगे जाकर दूसरे पुद्‌गलो को अपनी गध से वासित कर देते हैं। इस प्रकार ऊपर-ऊपर पुद्‌गल चार सौ, पाँच-सौ योजन तक पहुँचते ह। परन्तु यह बात लक्ष्य मे रखने योग्य है कि ऊपर-ऊपर वह गध मद-मद होती जाती है। इसी प्रकार से मनुष्यलोक सबधी दुर्गन्ध साधारणतया चार सौ योजन तक और यदि दुर्गन्ध अत्यन्त तीव्र हो तब पाँच सौ योजन तक पहुचती है, इसीलिए मूलशास्त्र मे चार सौ, पाँच सौ ये दो सख्याये बताई हैं।

इस सबध मे स्थानाग के टीकाकार आचार्य अभयदेवसूरि का मतव्य है कि इससे मनुष्यक्षेत्र के दुर्गन्धित स्वरूप को सूचित किया गया है। वस्तुत देव अथवा दूसरा कोई नौ योजन से अधिक दूर से आगत पुद्‌गलो की गध नही जानता है, जान नही सकता है। शास्त्र मे इन्द्रियो का जो विषय-प्रमाण बतलाया है, वह सभव है कि औदारिक शरीर सबधी इन्द्रियो की अपेक्षा कहा हो। भरतादि क्षेत्र मे एकान्त सुखमा काल होने पर उसकी दुर्गन्ध चार सौ योजन तक और वह काल न हो तब पाच सौ योजन तक पहुँचती है, इसीलिए दो सख्याएँ बताई है।

२४८—तए ण से पएसी राया केसिं कुमारसमण एव वयासी—

अत्थि ण भते! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण कारणेण णो उवागच्छति, एव खलु भते! अह अन्नया कयाइं बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए अणेग गणणायक-दंडणायग-राय-ईसर-तलवर-माडबिय-कोडुंबिय-इब्भ-सेट्ठि-सेणावइ-सत्थवाह-मति-महामति-गणग-दोवारिय-अमच्च-चेड-पीढमद्द-नगर-निगम-दूय-सधिवालेहिं सद्धि सपरिवुडे विहरामि। तए ण मम णगरगुत्तिया ससक्ख सलोद्दं सगेवेज्ज अवउडबंधणबद्ध चोर उवणेंति।

तए ण अह त पुरिस जीवत चेव अउकुभीए पक्खिवावेमि, अउमएण पिहाणएण पिहावेमि, अएण य तउएण य आयावेमि, आयपच्चइयएहिं पुरिसेहिं रक्खावेमि।

तए ण अह अण्णया कयाइ जेणामेव सा अउकुभी तेणामेव उवागच्छामि, उवागच्छित्ता त अउकुंभि उग्गलच्छावेमि, उग्गलच्छावित्ता त पुरिस सयमेव पासामि, णो चेव ण तीसे अयकुभीए केइ छिड्डे इ वा विवरे इ वा अतरे इ वा राई वा जओ ण से जीवे अतोहिंतो बहिया णिग्गए।

जइ णं भते! तीसे अउकुभीए होज्जा केई छिड्डे वा जाव राई वा जओ ण से जीवे अतोहिंतो बहिया णिग्गए, तो ण अह सद्दहेज्जा-पत्तिएज्जा-रोएज्जा जहा अन्नो जीवो अन्न सरीर, नो त जीवो त सरीर, जम्हा ण भते! तीसे अउकुभीए णत्थि केइ छिड्डे वा जाव निग्गए, तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइन्ना जहा—त जीवो त सरीर, नो अन्नो जीवो अन्न सरीर।

२४८—केशी कुमारश्रमण के इस उत्तर को सुनने के अनन्तर राजा प्रदेशी ने केशी कुमार-श्रमण से इस प्रकार कहा—

हे भदन्त! जीव और शरीर की भिन्नता प्रदर्शित करने के लिए आपने देवो के नही आने के कारण रूप मे जो उपमा दी, वह तो बुद्धि से कल्पित एक दृष्टान्त मात्र है कि देव इन कारणो से मनुष्यलोक मे नही आते है। परन्तु भदन्त! किसी एक दिन मै अपने अनेक गणनायक (समूह के मुखिया), दडनायक (अपराध का विचार करने वाले), राजा (जागीरदार), ईश्वर (युवराज), तलवर (राजा की ओर से स्वर्णपट्ट प्राप्त करने वाले), माडबिक (पाच सौ गाँव के स्वामी), कोटुम्बिक (ग्रामप्रधान), इब्भ (अनेको करोड धन-सपत्ति के स्वामी), श्रेष्ठी (प्रमुख व्यापारी), सेनापति, सार्थवाह (देश-देशान्तर जाकर व्यापार करने वाले), मत्री, महामत्री, गणक (ज्योतिषशास्त्र वेत्ता), दौवारिक (राजसभा का रक्षक), अमात्य, चेट (सेवक), पीठमर्दक (समवयस्क मित्र विशेष), नागरिक, व्यापारी, दूत, सधिपाल आदि के साथ अपनी बाह्य उपस्थानशाला (सभाभवन) मे बैठा हुआ था। उसी समय नगर-रक्षक चुराई हुई वस्तु और साक्षी-गवाह सहित गरदन और पीछे दोनो हाथ बाधे एक चोर को पकड कर मेरे सामने लाये।

तब मैंने उसे जीवित ही एक लोहे की कु भी मे बद करवा कर अच्छी तरह लोहे के ढक्कन से उसका मुख ढँक दिया। फिर गरम लोहे एव रागे से उस पर लेप करा दिया और देखरेख के लिये अपने विश्वासपात्र पुरुषो को नियुक्त कर दिया।

तत्पश्चात् किसी दिन मैं उस लोहे की कु भी के पास गया। वहाँ जाकर मैंने उस लोहे की कु भी को खुलवाया। खुलवा कर मैने स्वय उस पुरुष को देखा तो वह मर चुका था। किन्तु उस लोह कु भी मे राई जितना न कोई छेद था, न कोई विवर था, न कोई अतर था और न कोई दरार थी कि जिसमे से उस (अदर बद) पुरुष का जीव बाहर निकल जाता।

यदि उस लोहकु भी मे कोई छिद्र यावत् दरार होती तो हे भदन्त! मै यह मान लेता कि भीतर बद पुरुष का जीव बाहर निकल गया है और तब उससे आपकी बात पर विश्वास कर लेता, प्रतीति कर लेता एव अपनी रुचि का विषय बना लेता—निर्णय कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, किन्तु जीव शरीर रूप नही और शरीर जीव रूप नही है।

• लेकिन उस लोहकु भी मे जब कोई छिद्र ही नही है यावत् जीव नही है तो हे भदन्त! मेरा यह मतव्य ठीक है कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है, जीव शरीर से भिन्न नही और शरीर जीव से भिन्न नही है।

२४९—तए ण केसी कुमारसमणे पएसिं राय एव वयासी—

पएसी! से जहा नामए कूडागारसाला सिया दुहओ लित्ता-गुत्ता-गुत्तदुवारा-णिवायगभीरा। अह ण केइ पुरिसे भेरिं च दड च गहाय कूडागारसालाए अतो अतो अणुप्पविसति, तीसे कूडागारसालाए सव्वतो समता घण-निचिय-निरतर-णिच्छिड्डाइ दुवारवयणाइ पिहेइ, तीसे कूडागारसालाए बहुमज्झदेसभाए ठिच्चा त भेरिं दडएण महया-महया सद्देण तालेज्जा, से णूण पएसी! से सद्दे ण अतोहिंतो वहिया निग्गच्छइ?

हता णिग्गच्छइ।

अत्थि णं पएसी! तीसे कूडागारसालाए केइ छिड्डे वा जाव राई वा जओ ण से सद्दे अतोहिंतो वहिया णिग्गए?

नो तिणट्ठे समट्ठे ।

एवामेव पएसी ! जीवे वि अप्पडिहयगई पुढवि भिच्चा, सिल भिच्चा, पव्वय भिच्चा अतोहिंतो बहिया णिग्गच्छइ, त सद्दहाहि ण तुम पएसी ! अण्णो जीवो त चेव ।

२४९—प्रदेशी राजा की इस युक्ति को सुनने के पश्चात् केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा—

हे प्रदेशी ! जैसे कोई एक कूटाकारशाला (पर्वत के शिखर जैसी आकृति वाला भवन) हो और वह भीतर-बाहर चारो ओर लीपी हुई हो, अच्छी तरह से आच्छादित हो, उसका द्वार भी गुप्त हो और हवा का प्रवेश भी जिसमे नही हो सके, ऐसी गहरी हो । अब यदि उस कूटाकार-शाला मे कोई पुरुष भेरी और बजाने के लिए डडा लेकर घुस जाये और घुसकर उस कूटाकारशाला के द्वार आदि को इस प्रकार चारो ओर से बद कर दे कि जिससे कही पर भी थोडा-सा अतर नही रहे और उसके बाद उस कूटाकारशाला के बीचो-बीच खडे होकर डडे से भेरी को जोर-जोर से बजाये तो हे प्रदेशी ! तुम्ही बताओ कि वह भीतर की आवाज बाहर निकलती है अथवा नही ? अर्थात् सुनाई पडती है या नही ?

प्रदेशी—हाँ भदन्त ! निकलती है ।

केशी कुमारश्रमण—हे प्रदेशी ! क्या उस कूटाकारशाला मे कोई छिद्र यावत् दरार है कि जिसमे से वह शब्द बाहर निकला हो ?

प्रदेशी—हे भदन्त ! यह अर्थ समर्थ नही है । अर्थात् वहाँ पर कोई छिद्रादि नही कि जिससे शब्द बाहर निकल सके ।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार प्रदेशी ! जीव भी अप्रतिहत गति वाला है । वह पृथ्वी का भेदन कर, शिला का भेदन कर, पर्वत का भेदन कर भीतर से बाहर निकल जाता है । इसीलिए हे प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा—प्रतीति करो कि जीव और शरीर भिन्न-भिन्न (पृथक्-पृथक्) है, जीव शरीर नही है और शरीर जीव नही है ।

२५०—तए ण पएसी राया केसि कुमारसमण एव वदासी—

अत्थि ण भते ! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण कारणेण णो उवागच्छइ, एव खलु भते ! अहं अन्नया कयाइ बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए जाव[1] विहरामि, तए ण मम णगरगुत्तिया ससक्ख जाव[2] उवणेंति, तए ण अह (त) पुरिस जीवियाओ ववरोवेमि, जीवियाओ ववरोवेत्ता अयोकु भीए पक्खिवावेमि, अउमएण पिहावेमि जाव[3] पच्चइएहिं पुरिसेहिं रक्खावेमि ।

तए ण अह अन्नया कयाइं जेणेव सा कु भी तेणेव उवागच्छामि, त अउकु भिं उग्गलच्छावेमि, त अउकु भि किमिकु भिं पिव पासामि । णो चेव ण तीसे अउकु भीए केइ छिड्डे इ वा जाव राई वा जता ण ते जीवा बहियाहिंतो अणुपविट्ठा, जति ण तीसे अउकु भीए होज्ज केइ छिड्डे इ वा जाव

१-२ देखें सूत्र सख्या २४८

३ देखें सूत्र सख्या २४८

अणुपविट्ठा, तेण अह सद्दहेज्जा जहा—अन्नो जीवो त चेव, जम्हा ण तीसे अउकु भीए नत्थि केइ छिड्डे इ वा जाव अणुपविट्ठा तम्हा सुपतिट्ठिआ मे पइण्णा जहा—त जीवो त सरीर त चेव ।

२५०—इस उत्तर को सुनने के पश्चात् प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से इस प्रकार कहा—

भदन्त ! यह आप द्वारा प्रयुक्त उपमा तो बुद्धिविशेष रूप है, इससे मेरे मन मे जीव और शरीर की भिन्नता का विचार युक्तियुक्त प्रतीत नही होता है। क्योकि हे भदन्त ! किसी समय मैं अपनी बाहरी उपस्थानशाला मे गणनायक आदि के साथ बैठा हुआ था। तब मेरे नगररक्षको ने साक्षी सहित यावत् एक चोर पुरुष को उपस्थित किया। मैंने उस पुरुष को प्राणरहित कर दिया अर्थात् मार डाला और मारकर एक लोहकु भी मे डलवा दिया, ढक्कन से ढाक दिया यावत् अपने विश्वासपात्र पुरुषो को रक्षा के लिये नियुक्त कर दिया।

इसके बाद किसी दिन जहाँ वह कु भी थी, मै वहाँ आया। आकर उस लोहकु भी को उघाडा तो उसे कृमिकुल से व्याप्त देखा। लेकिन उस लोहकु भी मे न तो कोई छेद था, न कोई दरार थी कि जिसमे से वे जीव बाहर से उसमे प्रविष्ट हो सके। यदि उस लोहकु भी मे कोई छेद होता यावत् दरार होती तो यह माना जा सकता था—मान लेता कि वे जीव उसमे से होकर कु भी मे प्रविष्ट हुए है और तब मैं श्रद्धा कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है। लेकिन जब उस लोहकु भी मे कोई छेद आदि नही थे, फिर भी उसमे जीव प्रविष्ट हो गये। अत मेरी यह प्रतीति सुप्रतिष्ठित-समीचीन है कि जीव और शरीर एक ही हैं अर्थात् जीव शरीर रूप है और शरीर जीव रूप है।

२५१—तए ण केसी कुमारसमणे पएसीं राय एव वयासी—

अत्थि ण तुमे पएसी ! कयाइ अए धतपुव्वे वा धम्मावियपुव्वे वा ?

हता अत्थि।

से णूण पएसी ! अए धते समाणे सव्वे अगणिपरिणए भवति ?

हता भवति।

अत्थि ण पएसी ! तस्स अयस्स केई छिड्डे इ वा जेण से जोई बहियाहितो अतो अणुपविट्ठे ?

नो इणमट्ठे (इणट्ठे) समट्ठे।

एवामेव पएसी ! जीवो वि अप्पडिहयगई पुढवि भिच्चा, सिल भिच्चा बहियाहितो अणुपविसइ, त सद्दहाहि ण तुम पएसी ! तहेव।

२५१—तत्पश्चात् केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से इस प्रकार कहा—हे प्रदेशी ! क्या तुमने पहले कभी अग्नि से तपाया हुआ लोहा देखा है अथवा स्वय लोहे को तपवाया है ?

प्रदेशी—हाँ भदन्त ! देखा है।

केशी कुमारश्रमण—तब हे प्रदेशी ! तपाये जाने पर वह लोहा पूर्णतया अग्नि रूप मे परिणत हो जाता है या नही ?

प्रदेशी—हाँ भदन्त ! हो जाता है।

केशी कुमारश्रमण—हे प्रदेशी ! उस लोहे मे कोई छिद्र आदि है क्या, जिसमे वह अग्नि बाहर से उसके भीतर प्रविष्ट हो गई ?

प्रदेशी—भदन्त ! यह अर्थ तो समर्थ नही है। अर्थात् उस लोहे मे कोई छिद्र आदि नही होता।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार हे प्रदेशी ! जीव भी अप्रतिहत गति वाला है, जिससे वह पृथ्वी, शिला आदि का भेदन करके बाहर से भीतर प्रविष्ट हो जाता है। इसीलिए हे प्रदेशी ! तुम इस बात की श्रद्धा—प्रतीति करो कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है।

विवेचन—केशी कुमारश्रमण के कथन का यह आशय है कि ये जीव दूसरी गति से च्यवन कर इस मृत शरीर मे आकर उत्पन्न हुए है।

२५२—तए ण पएसी राया केसीकुमारसमण एव वयासी—

अत्थि ण भते ! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण मे कारणेण नो उवागच्छइ, अत्थि ण भते ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए पभू पचकडग निसिरित्तए ?

हता, पभू।

जति ण भते ! सो च्चेव पुरिसे बाले जाव मदविन्नाणे पभू होज्जा पचकडग निसिरित्तए, तो ण अह सद्दहेज्जा जहा—अन्नो जीवो त चेव, जम्हा ण भते ! स चेव से पुरिसे जाव मदविन्नाणे णो पभू पचकडग निसिरित्तए, तम्हा सुपइट्ठिया मे पइण्णा जहा—त जीवो त चेव।

२५२—पूर्वोक्त युक्ति को सुनकर प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से कहा—बुद्धि-विशेष-जन्य होने से आपकी उपमा वास्तविक नही है। किन्तु जो कारण मैं बता रहा हूँ, उससे जीव और शरीर की भिन्नता सिद्ध नही होती है। वह कारण इस प्रकार है—

हे भदन्त ! जैसे कोई एक तरुण यावत् (युगवान, बलशाली, निरोग, स्थिर सहनन वाला, सुदृढ पहुँचा वाला, हाथ-पैर-पीठ-जघाओ आदि से सपन्न, सघन-सुदृढ गोल-गोल कधे वाला, चमडे के पट्टो, मुष्टिकाओ आदि के प्रहारो से सुगठित शरीर वाला, हृदय बल से सपन्न, सहोत्पन्न ताल वृक्ष के समान बाहु-युगल वाला, लाघने-कूदने-चलने मे समर्थ, चतुर, दक्ष, कुशल, बुद्धिमान्) और अपना कार्य सिद्ध करने मे निपुण पुरुष क्या एक साथ पाच बाणो को निकालने मे समर्थ है ?

केशी कुमारश्रमण—हाँ वह समर्थ है।

प्रदेशी—लेकिन वही पुरुष यदि बाल यावत् मदविज्ञान वाला होते हुए भी पाच बाणो को एक साथ निकालने मे समर्थ होता तो हे भदन्त ! मैं यह श्रद्धा कर सकता था कि जीव भिन्न है और शरीर भिन्न है, जीव शरीर नही है। लेकिन वही बाल, मदविज्ञान वाला पुरुष पाच बाणो को एक साथ निकालने मे समर्थ नही है, इसलिये भदन्त ! मेरी यह धारणा कि जीव और शरीर एक हैं, जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है, सुप्रतिष्ठित—प्रामाणिक, सुसगत है।

२५३—तए ण केसी कुमारसमणे पएसि राय एव वयासी—

से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए णवएण धणुणा नवियाए जीवाए नवएण इसुणा पभू पचकडग निसिरित्तए ?

हता, पभू ।

सो चेव ण पुरिसे तरुणे जाव निउणसिप्पोवगते कोरिल्लिएण धणुणा कोरिल्लियाए जीवाए कोरिल्लिएण इसुणा पभू पंचकडग निसिरित्तए ?

णो तिणमट्ठे समट्ठे ।

कम्हा ण ?

भते ! तस्स पुरिसस्स अपज्जत्ताइं उवगरणाइ हवति ।

एवामेव पएसी ! सो चेव पुरिसे बाले जाव मदविन्नाणे अपज्जत्तोवगरणे, णो पभू पचकडयं निसिरित्तए, त सद्दहाहि ण तुम पएसी ! जहा अन्नो जीवो तं चेव ।

२५३—राजा प्रदेशी के इस तर्क के प्रत्युत्तर मे केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा—जैसे कोई एक तरुण यावत् कार्य करने मे निपुण पुरुष नवीन धनुष, नई प्रत्यचा (डोरी) और नवीन बाण से क्या एक साथ पाँच बाण निकालने मे समर्थ है अथवा नही है ?

प्रदेशी—हाँ समर्थ है ।

केशी कुमारश्रमण—लेकिन वही तरुण यावत् कार्य-कुशल पुरुष जीर्ण-शीर्ण, पुराने धनुष, जीर्ण प्रत्यचा और वैसे ही जीर्ण बाण से क्या एक साथ पांच बाणो को छोडने मे समर्थ हो सकता है ?

प्रदेशी—भदन्त ! यह अर्थ समर्थ नही है । अर्थात् पुराने धनुष आदि से वह एक साथ पाच बाण छोडने मे समर्थ नही होगा ।

केशी कुमारश्रमण—क्या कारण है कि जिससे यह अर्थ समर्थ नही है ?

प्रदेशी—भदन्त ! उस पुरुष के पास उपकरण (साधन) अपर्याप्त है ।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार हे प्रदेशी ! वह बाल यावत् मदविज्ञान पुरुष योग्यता रूप उपकरण की अपर्याप्तता के कारण एक साथ पाच बाणो को छोडने मे समर्थ नही हो पाता है । अत प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा-प्रतीति करो कि जीव और शरीर पृथक्-पृथक् है, जीव शरीर नही और शरीर जीव नही है ।

२५४—तए ण पएसी राया केसीकुमारसमण एव वयासी—

अत्थि ण भते ! एस पण्णा उवमा, इमेण पुण कारणेण नो उवागच्छइ, भते ! से जहानामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगते पभू एग मह अयभारग वा तउयभारग वा सीसगभारग वा परिवहित्तए ?

हता पभू ।

सो चेव ण भते ! पुरिसे जुन्ने जराजज्जरियदेहे सिढिलवलितयाविणट्ठगत्ते दडपरिग्गहियग्ग-हत्थे पविरलपरिसडियदतसेढी आउरे किसिए पिवासिए दुब्बले किलते नो पभू एग मह अयभारग वा जाव परिवहित्तए, जति ण भते ! सच्चेव पुरिसे जुन्ने जराजज्जरियदेहे जाव परिकिलते पभू एग मह अयभार वा जाव परिवहित्तए तो ण सद्दहेज्जा तहेव, जम्हा ण भते ! से चेव पुरिसे जुन्ने जाव किलते नो पभू एग मह अयभार वा जाव परिवहित्तए, तम्हा सुपतिट्ठिता मे पइण्णा तहेव ।

२५४—इस उत्तर को सुनकर प्रदेशी राजा ने पुन केशी कुमारश्रमण से कहा—हे भदन्त ! यह तो प्रज्ञाजन्य उपमा है, वास्तविक नही है । किन्तु मेरे द्वारा प्रस्तुत हेतु से तो यही सिद्ध होता है कि जीव और शरीर मे भेद नही है । वह हेतु इस प्रकार है—

भदन्त ! कोई एक तरुण यावत् कार्यक्षम पुरुष एक विशाल वजनदार लोहे के भार को, सीसे के भार को या रागे के भार को उठाने मे समर्थ है अथवा नही है ?

केशी कुमारश्रमण—हाँ समर्थ है ।

प्रदेशी—लेकिन भदन्त ! जब वही पुरुष वृद्ध हो जाए और वृद्धावस्था के कारण शरीर जर्जरित, शिथिल, झुर्रियो वाला एव अशक्त हो, चलते समय सहारे के लिए हाथ मे लकडी ले, दतपक्ति मे से बहुत से दात गिर चुके हो, खाँसी, श्वास आदि रोगो से पीडित होने के कारण कमजोर हो, भूख-प्यास से व्याकुल रहता हो, दुर्बल और क्लान्त—थका-मादा हो तो उस वजनदार लोहे के भार को, रागे के भार को अथवा सीसे के भार को उठाने मे समर्थ नही हो पाता है । हे भदन्त ! यदि वही पुरुष वृद्ध, जरा-जर्जरित शरीर यावत् परिक्लान्त होने पर भी उस विशाल लोहे के भार आदि को उठाने मे समर्थ होता तो मै यह विश्वास कर सकता था कि जीव शरीर से भिन्न है और शरीर जीव से भिन्न है, जीव और शरीर एक नही है । लेकिन भदन्त ! वह पुरुष वृद्ध यावत् क्लान्त हो जाने से एक विशाल लोहे के भार आदि को उठाने मे समर्थ नही है । अत मेरी यह धारणा सुसगत—समीचीन है कि जीव और शरीर दोनो एक ही हैं, किन्तु जीव और शरीर भिन्न-भिन्न नही है ।

२५५—तए णं केसी कुमारसमणे पएसिं राय एव वयासी—

से जहाणामए केइ पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए णवियाए विहगियाए, णवएहिं सिक्कएहिं, णवएहिं पच्छियपिडएहिं पहू एग मह अयभारं जाव (वा तउयभार वा सीसगभार वा) परिवहित्तए ?

हता पभू ।

पएसी ! से चेव ण पुरिसे तरुणे जाव सिप्पोवगए जुन्नियाए दुब्बलियाए घुणक्खइयाए विहगियाए जुण्णएहिं दुब्बलएहिं घुणक्खइएहिं सिढिलतयापिणद्धएहिं सिक्कएहिं, जुण्णएहिं दुब्बलिएहिं घुणखइएहिं पच्छिपिडएहिं पभू एगं मह अयभारं वा जाव परिवहित्तए ?

णो तिणट्ठे समट्ठे ।

कम्हा ण ?

भते ! तस्स पुरिसस्स जुन्नाइ उवगरणाइ भवति ।

पएसी ! से चेव से पुरिसे जुन्ने जाव[1] किलते जुत्तोवगरणे नो पभू एग मह अयभार वा जाव परिवहित्तए, त सद्दहाहि ण तुम पएसी ! जहा—अन्नो जीवो अन्न सरीर ।

२५५—प्रदेशी राजा की इस बात को सुनकर केशी कुमारश्रमण ने राजा प्रदेशी से कहा—जैसे कोई एक तरुण यावत् कार्यनिपुण पुरुष नवीन कावड से, रस्सी से बने नवीन सीके से और नवीन टोकनी से एक बहुत बडे, वजनदार लोहे के भार को यावत् (रागे और सीसे के भार को) वहन करने मे (उठाने, ढोने मे) समर्थ है या नही है ?

प्रदेशी—हाँ समर्थ है ।

केशी कुमारश्रमण—अब मैं पुन तुम से पूछता हूँ कि—हे प्रदेशी ! वही तरुण यावत् कार्य-कुशल पुरुष क्या सडी-गली, पुरानी, कमजोर, घुन से खाई हुई कावड से, जीर्ण-शीर्ण, दुर्बल, दीमक के खाये एव ढीले-ढाले सीके से, और पुराने, कमजोर और दीमक लगे टोकने से एक बडे वजनदार लोहे के भार आदि को ले जाने मे समर्थ है ?

प्रदेशी—हे भदन्त ! यह अर्थ समर्थ नही है । अर्थात् जीर्ण-शीर्ष कावड आदि से भार ले जाने मे समर्थ नही है ।

केशी कुमारश्रमण—क्यो समर्थ नही है ?

प्रदेशी—क्योकि भदन्त ! उस पुरुष के पास भारवहन करने के उपकरण—साधन जीर्ण-शीर्ण हैं ।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार हे प्रदेशी ! वह पुरुष जीर्ण यावत् क्लान्त शरीर आदि उपकरणो वाला होने से एक भारी वजनदार लोहे के भार को यावत् (सीसे के भार को, रागे के भार को) वहन करने मे समर्थ नही है । इसीलिए प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव शरीर नही है और शरीर जीव नही ।

२५६—तए ण से पएसी केसिकुमारसमण एव वयासी—

अत्थि ण भते ! जाव (एस पण्णा उवमा इमेण पुण कारणेण) नो उवागच्छइ, एव खलु भते ! जाव[2] विहरामि । तए ण मम णगरगुत्तिया चोर उवर्णेति । तए ण अह त पुरिस जीवतग चेव तुलेमि, तुलेत्ता छविच्छेय अकुव्वमाणे जीवियाओ ववरोवेमि, मय तुलेमि, णो चेव ण तस्स पुरिसस्स जीवतस्स वा तुलियस्स वा मुयस्स वा तुलियस्स केइ आणत्ते वा, नाणत्ते वा, ओमत्ते वा, तुच्छत्ते वा, गुरुयत्ते वा, लहुयत्ते वा, जति ण भते ! तस्स पुरिसस्स जीवतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स केइ अन्नत्ते वा जाव लहुयत्ते वा तो ण अह सद्दहेज्जा त चेव ।

जम्हा ण भते ! तस्स पुरिसस्स जीवतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स नत्थि केइ अन्नत्ते वा लहुयत्ते वा तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइन्ना जहा—त जीवो त चेव ।

२५६—इसके बाद उस प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से ऐसा कहा—हे भदन्त ! आपकी यह उपमा वास्तविक नही है, इससे जीव और शरीर की भिन्नता नही मानी जा सकती

१ देखे सूत्र सख्या २५४

२ देखें सूत्र सख्या २४८

है । लेकिन जो प्रत्यक्ष कारण मैं बताता हूँ, उसमे यही सिद्ध होता है कि जीव और शरीर एक ही है । वह कारण इस प्रकार है—

हे भदन्त ! किसी एक दिन मैं गणनायक आदि के साथ बाहरी उपस्थानशाला मे बैठा था । उसी समय मेरे नगररक्षक चोर को पकड कर लाये । तब मैंने उस पुरुष को जीवित अवस्था मे तोला । तोलकर फिर मैंने अगभग किये विना ही उसको जीवन रहित कर दिया—मार डाला और मार कर फिर मैंने उसे तोला । उस पुरुष का जीवित रहते जो तोल था उतना ही मरने के बाद था । जीवित रहते और मरने के बाद के तोल मे मुझे किसी भी प्रकार का अतर—न्यूनाधिकता दिखाई नही दी, न उसका भार बढा और न कम हुआ, न वह वजनदार हुआ और न हल्का हुआ । इसलिए हे भदन्त ! यदि उस पुरुष के जीवितावस्था के वजन से मृतावस्था के वजन मे किसी प्रकार की न्यूनाधिकता हो जाती, यावत् हलकापन आ जाता तो मैं इस बात पर श्रद्धा कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव और शरीर एक नही है ।

लेकिन भदन्त ! मैंने उस पुरुष की जीवित और मृत अवस्था मे किये गये तोल मे किसी प्रकार की भिन्नता, न्यूनाधिकता यावत् लघुता नही देखी । इस कारण मेरा यह मानना समीचीन है कि जो जीव है वही शरीर है और जो शरीर है वही जीव है किन्तु जीव और शरीर भिन्न-भिन्न नही हैं ।

२५७—तए ण केसी कुमारसमणे पएसिं राय एव वयासी—

अत्थि णं पएसी ! तुमे कयाइ वत्थी धतपुव्वे वा धमावियपुव्वे वा ?

हता अत्थि ।

अत्थि ण पएसी तस्स वत्थिस्स पुण्णस्स वा तुलियस्स अपुण्णस्स वा तुलियस्स केइ अण्णत्ते वा जाव लहुयत्ते वा ?

णो तिणट्ठे समट्ठे ।

एवामेव पएसी ! जीवस्स अगुरुलघुयत्त पडुच्च जीवतस्स वा तुलियस्स मुयस्स वा तुलियस्स नत्थि केइ आणत्ते वा जाव लहुयत्ते वा, त सद्दाहि ण तुम पएसी ! त चेव ।

२५७—इसके बाद केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से इस प्रकार कहा—हे प्रदेशी ! तुमने कभी धौंकनी मे हवा भरी है अथवा किसी से भरवाई है ?

प्रदेशी—हाँ भदन्त ! भरी है और भरवाई है ।

केशी कुमारश्रमण—हे प्रदेशी ! जब वायु से भर कर उस धौंकनी को तोला तब और वायु को निकाल कर तोला तब तुमको उसके वजन मे कुछ न्यूनाधिकता यावत् लघुता मालूम हुई ?

प्रदेशी—भदन्त ! यह अर्थ तो समर्थ नही है, यानी न्यूनाधिकता यावत् लघुता कुछ भी दृष्टिगत नही हुई ।

केशी कुमारश्रमण—तो इसी प्रकार हे प्रदेशी ! जीव के अगुरुलघुत्व को समझ कर उस चोर के शरीर के जीवितावस्था मे किये गये तोल मे और मृतावस्था मे किये गये तोल मे कुछ भी

नानात्व यावत् लघुत्व नही है। इसीलिए हे प्रदेशी ! तुम यह श्रद्धा करो कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, किन्तु जीव-शरीर एक नही है।

२५८—तए ण पएसी राया केसिकुमारसमण एव वयासी—

अत्थि ण भते ! एसा जाव[1] नो उवागच्छइ, एवं खलु भते ! अहं अन्नया जाव[2] चोर उवणेति। तए ण अह त पुरिस सव्वतो समता समभिलोएमि, नो चेव ण तत्थ जीव पासामि, तए णं अह त पुरिस दुहा फालिय करेमि, करित्ता सव्वतो समता समभिलोएमि, नो चेव ण तत्थ जीव पासामि, एव तिहा चउहा सखेज्जफालिय करेमि, णो चेव ण तत्थ जीव पासामि। जइ ण भते ! अहं त पुरिस दुहा वा, तिहा वा, चउहा वा, सखेज्जहा वा फालियम्मि वा जीव पासतो तो ण अह सद्दहेज्जा नो त चेव, जम्हा ण भते ! अह तसि दुहा वा तिहा वा चउहा वा सखिज्जहा वा फालियम्मि वा जीव न पासामि तम्हा सुपतिट्ठिया मे पइण्णा जहा—त जीवो त सरीर त चेव।

२५८—केशी कुमारश्रमण की उक्त बात को सुनने के पश्चात् प्रदेशी राजा ने पुन केशी कुमारश्रमण से इस प्रकार कहा—हे भदन्त ! आपकी यह उपमा बुद्धिप्रेरित होने से वास्तविक नही है। इससे यह सिद्ध नही होता है कि जीव और शरीर पृथक्-पृथक् है। क्योकि भदन्त ! बात यह है कि किसी समय मैं अपने गणनायको आदि के साथ बाह्य उपस्थानशाला मे बैठा था। यावत् नगररक्षक एक चोर को पकड कर लाये। तब मैंने उस पुरुष को सभी ओर से (सिर से पैर तक) अच्छी तरह देखा-भाला, परन्तु उसमे मुझे कही भी जीव दिखाई नही दिया। इसके बाद मैंने उस पुरुष के दो टुकडे कर दिये। टुकडे करके फिर मैंने अच्छी तरह सभी ओर से देखा। तब भी मुझे जीव नही दिखा। इसके बाद मैंने उसके तीन, चार यावत् सख्यात टुकडे किये, परन्तु उनमे भी मुझे कही पर जीव दिखाई नही दिया। यदि भदन्त ! मुझे उस पुरुष के दो, तीन, चार अथवा सख्यात टुकडे करने पर भी कही जीव दिखता तो मैं यह श्रद्धा-विश्वास कर लेता कि जीव अन्य है और शरीर अन्य है, जीव और शरीर एक नही हैं। लेकिन हे भदन्त ! जब मैंने उस पुरुष के दो, तीन, चार अथवा सख्यात टुकडो मे भी जीव नही देखा है तो मेरी यह धारणा कि जीव शरीर है और शरीर जीव है, जीव-शरीर भिन्न-भिन्न नही है, सुसगत—सुस्थिर है।

२५९—तए ण केसिकुमारसमणे पएसिं राय एव वयासी—

मूढतराए ण तुम पएसी ! ताओ तुच्छतराओ।

के ण भते ! तुच्छतराए ?

पएसी ! से जहाणामए केइ पुरिसे वणत्थी वणोवजीवी वणगवेसणयाए जोइं च जोइभायण च गहाय कट्ठाण अडविं अणुपविट्ठा, तए णं ते पुरिसा तीसे अग्गामियाए जाव किंचिदेस अणुप्पत्ता समाणा एग पुरिस एव वयासी—अम्हे णं देवाणुप्पिया ! कट्ठाण अडविं पविसामो, एत्तो ण तुमं जोइभायणाओ जोइ गहाय अम्ह असण साहेज्जासि। अह तं जोइभायणे जोई विज्झवेज्जा एत्तो ण तुम कट्ठाओ जोइं गहाय अम्हं असणं साहेज्जासि, त्ति कट्टु कट्ठाण अडविं अणुपविट्ठा।

---

१ देखें सूत्र सख्या २५४

२. देखें सूत्र सख्या २४८

तए ण से पुरिसे तओ मुहुत्तन्तरस्स तेसिं पुरिसाण असण साहेमि त्ति कट्टु जेणेव जोतिभायणे तेणेव उवागच्छइ। जोइभायणे जोइ विज्झायमेव पासति। तए ण से पुरिसे जेणेव से कट्ठे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता त कट्ठ सव्वओ समता समभिलोएति, नो चेव ण तत्थ जोइ पासति। तए ण से पुरिसे परियर बधइ, फरसु गिण्हइ, त कट्ठ दुहा फालिय करेइ, सव्वतो समता समभिलोएइ, णो चेव ण तत्थ जोइ पासइ। एव जाव सखेज्जफालिय करेइ, सव्वतो समता समभिलोएइ, नो चेव ण तत्थ जोइ पासइ।

तए ण से पुरिसे तंसि कट्ठसि दुहाफालिए वा जाव सखेज्जफालिए वा जोइ अपासमाणे सते तते परिसते निव्विण्णे समाणे परसु एगते एडेइ, परियर मुयइ एव वयासो—अहो ! मए तेसिं पुरिसाण असणे नो साहिए त्ति कट्टु ओहयमणसकप्पे चिन्तासोगसागरसपविट्ठे करयलपल्हत्थमुहे अट्टज्झाणोवगए भूमिगयदिट्ठिए झियाइ।

तए ण ते पुरिसा कट्ठाइ छिंदति, जेणेव से पुरिसे तेणेव उवागच्छति। त पुरिस ओहयमण-सकप्प जाव झियायमाण पासति एव वयासी—किं ण तुम देवाणुप्पिया ! ओहयमणसकप्पे जाव झियायसि ?

तए ण से पुरिसे एव वयासी—तुज्झे ण देवाणुप्पिया ! कट्ठाण अडवि अणुपविसमाणा मम एव वयासी—अम्हे ण देवाणुप्पिया ! कट्ठाण अडवि जाव पविट्ठा, तए ण अह तत्तो मुहुत्ततरस्स तुज्झं असण साहेमि त्ति कट्टु जेणेव जोइभायणे जाव झियामि।

तए ण तेसिं पुरिसाण एगे पुरिसे छेए, दक्खे, पत्तट्ठे जाव उवएसलद्धे, ते पुरिसे एव वयासी—गच्छह ण तुज्झे देवाणुप्पिया ! ण्हाया कयबलिकम्मा जाव हव्वमागच्छेह, जा ण अह असण साहेमि त्ति कट्टु परियर बधइ, परसु गिण्हइ सरं करेइ, सरेण अरणिं महेइ जोइं पाडेइ, जोइ संधुक्खेइ, तेसिं पुरिसाण असण साहेइ।

तए ण ते पुरिसा ण्हाया कयबलिकम्मा जाव पायच्छित्ता जेणेव से पुरिसे तेणेव उवागच्छति, तए ण से पुरिसे तेसिं पुरिसाण सुहासणवरगयाण त विउल असण-पाण-खाइम-साइम उवणेइ। तए ण ते पुरिसा त विउल असण ४ (पाण-खाइम-साइम) आसाएमाणा वीसाएमाणा जाव विहरति। जिमियभुत्तुत्तरागया वि य ण समाणा आयता चोक्खा परमसुइभूया त पुरिस एव वयासी—अहो ! णं तुम देवाणुप्पिया ! जड्डे-मूढे-अपडिए-णिव्विण्णाणे-अणुवएसलद्धे, जे ण तुम इच्छसि कट्ठंसि दुहाफालियसि वा जोतिं पासित्तए।

से एएणट्ठेण पएसी ! एव वुच्चइ मूढतराए ण तुम पएसी ! ताओ तुच्छतराओ।

२५९—प्रदेशी राजा के इस कथन को सुनने के अनन्तर केशी कुमारश्रमण ने प्रदेशी राजा से कहा—हे प्रदेशी ! तुम तो मुझे उस दीन-हीन कठियारे (लकडी ढोने वाले) से भी अधिक मूढ-विवेकहीन प्रतीत होते हो।

प्रदेशी—हे भदन्त ! कौनसा दीन-हीन कठियारा ?

केशी कुमारश्रमण—हे प्रदेशी ! वन मे रहने वाले और वन से आजीविका कमाने वाले कुछ-एक पुरुष वनोत्पन्न वस्तुओ की खोज मे आग और अगीठी लेकर लकडियो के वन मे प्रविष्ट हुए।

२७३—तब प्रदेशी राजा ने केशी कुमारश्रमण से इस प्रकार निवेदन किया—भदन्त ! आप द्वारा दिये गये वनखड यावत् खलवाड के उदाहरणो की तरह मै पहले रमणीय होकर बाद मे अरमणीय नही बनूगा। क्योकि मैने यह विचार किया है कि सेयावियानगरी आदि सात हजार ग्रामो के चार विभाग करूगा। उनमे से एक भाग राज्य की व्यवस्था और रक्षण के लिये बल (सेना) और वाहन के लिये दूगा, एक भाग प्रजा के पालन हेतु कोठार मे अन्न आदि के लिये रखूगा, एक भाग अत पुर के निर्वाह और रक्षा के लिये दूगा और शेष एक भाग से एक विशाल कूटाकार शाला बनवाऊगा और फिर बहुत से पुरुषो को भोजन, वेतन और दैनिक मजदूरी पर नियुक्त कर प्रतिदिन विपुल मात्रा मे अशन, पान, खादिम, स्वादिम रूप चारो प्रकार का आहार बनवाकर अनेक श्रमणो, माहनो, भिक्षुओ, यात्रियो और पथिको को देते हुए एव शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान, पोषधोपवास आदि यावत् (तप द्वारा आत्मा को भावित करते हुए) अपना जीवनयापन करूगा, ऐसा कहकर जिस दिशा से आया था, वापस उसी ओर लौट गया।

प्रदेशी द्वारा कृत राज्यव्यवस्था—

२७४—तए ण से पएसी राया कल्ल जाव तेयसा जलते सेयवियापामोक्खाइं सत्त गामसह-स्साइ चत्तारि भाए करेइ, एग भागं बलवाहणस्स दलइ जाव कूडागारसाल करेइ, तत्थ णं बहूहिं पुरिसेहिं जाव उवक्खडावेत्ता बहूणं समण जाव परिभाएमाणे विहरइ।

२७४—तत्पश्चात् प्रदेशी राजा ने अगले दिन यावत् जाज्वल्यमान तेजसहित सूर्य के प्रकाशित होने पर सेयविया प्रभृति सात हजार ग्रामो के चार भाग किये। उनमे से एक भाग बल-वाहनो को

दिया यावत् कूटाकारशाला का निर्माण कराया। उसमे बहुत से पुरुषो को नियुक्त कर यावत् भोजन बनवाकर बहुत से श्रमणो यावत् पथिको को देते हुए अपना समय बिताने लगा।

२७५—तए णं से पएसी राया समणोवासए जाए अभिगयजीवाजीवे० विहरइ।

जप्पभिइ च ण पएसी राया समणोवासए जाए तप्पभिइ च ण रज्जं च, रट्ठं च, बल च, वाहण च, कोट्ठागार च, पुर च, अतेउर च, जणवय च, अणाढायमाणे यावि विहरति।

प्रदेशी राजा अब श्रमणोपासक हो गया और जीव-अजीव आदि तत्त्वो का ज्ञाता होता हुआ धार्मिक आचार-विचारपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगा।

जबसे वह प्रदेशी राजा श्रमणोपासक हुआ तब से राज्य, राष्ट्र, बल, वाहन, कोठार, पुर, अन्त पुर और जनपद के प्रति भी उदासीन रहने लगा।

सूर्यकान्ता रानी का षड्यंत्र

२७६—तए ण तीसे सूरियकताए देवीए इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—जप्पभिइं च ण पएसी राया समणोवासए जाए तप्पभिइ च ण रज्ज च रट्ठं जाव अंतेउर च मम जणवय च अणाढायमाणे विहरइ; तं सेयं खलु मे पएसिं रायं केणवि सत्थप्पओएण वा अग्गिप्पओएण वा मंतप्पओगेण वा विसप्पओगेण वा उद्दवेत्ता सूरियकतं कुमार रज्जे ठवित्ता सयमेव रज्जसिरिं कारेमाणीए पालेमाणीए विहरित्तए त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, संपेहित्ता सूरियकंत कुमारं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी—

जप्पभिइं च ण पएसी राया समणोवासए जाए तप्पभिइं च ण रज्ज च जाव अंतेउर च ण जणवय च माणुस्सए य कामभोगे अणाढायमाणे विहरइ, तं सेय खलु तव पुत्ता ? पएसिं रायं केणइ सत्थप्पयोगेण वा जाव उद्दवित्ता सयमेव रज्जसिरिं कारेमाणे पालेमाणे विहरित्तए।

तए ण सूरियकते कुमारे सूरियकंताए देवीए एवं वुत्ते समाणे सूरियकताए देवीए एयमट्ठ णो आढाइ नो परियाणाइ, तुसिणीए सचिट्ठइ।

तए ण तीसे सूरियकताए देवीए इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—मा णं सूरियकते कुमारे पएसिस्स रन्नो इम रहस्सभेयं करिस्सइ त्ति कट्टु पएसिस्स रण्णो छिद्दाणि य मम्माणि य रहस्साणि य विवराणि य अतराणि य पडिजागरमाणी पडिजागरमाणी विहरइ।

२७६—राजा प्रदेशी को राज्य आदि के प्रति उदासीन देखकर सूर्यकान्ता रानी को यह और इस प्रकार का आन्तरिक यावत् विचार उत्पन्न हुआ कि—जब से राजा प्रदेशी श्रमणोपासक हुआ है, उसी दिन से राज्य, राष्ट्र यावत् अन्त पुर, जनपद और मुझसे विमुख हो गया है। अत मुझे यही उचित है कि शस्त्रप्रयोग, अग्निप्रयोग, मत्रप्रयोग अथवा विषप्रयोग द्वारा प्रदेशी राजा को मारकर और सूर्यकान्त कुमार को राज्य पर आसीन करके अर्थात् राजा बनाकर स्वय राज्यलक्ष्मी का भोग करती हुई, प्रजा का पालन करती हुई आनन्दपूर्वक रहूँ। ऐसा उसने विचार किया। विचार करके सूर्यकान्त कुमार को बुलाया और बुलाकर अपनी मनोभावना बताई—

हे पुत्र ! जब से प्रदेशी राजा ने श्रमणोपासक धर्म स्वीकार कर लिया है, तभी से राज्य यावत् अन्त पुर, जनपद और मनुष्य सबधी कामभोगो की ओर ध्यान देना बद कर दिया है। इसलिये पुत्र ! तुम्हे यही श्रेयस्कर है कि शस्त्रप्रयोग आदि किसी-न-किसी उपाय से प्रदेशी राजा को मार कर स्वय राज्यलक्ष्मी का भोग एव प्रजा का पालन करते हुए अपना जीवन बिताओ।

सूर्यकान्ता देवी के इस विचार को सुनकर सूर्यकान्त कुमार ने उसका आदर नही किया, उस पर ध्यान नही दिया किन्तु शात-मौन ही रहा।

तब सूर्यकान्ता रानी को इस प्रकार का आन्तरिक यावत् विचार उत्पन्न हुआ कि कही ऐसा न हो कि सूर्यकान्त कुमार प्रदेशी राजा के सामने मेरे इस रहस्य को प्रकाशित कर दे। ऐसा सोचकर सूर्यकान्ता रानी प्रदेशी राजा को मारने के लिये उसके दोष रूप छिद्रो को, कुकृत्य रूप आन्तरिक मर्मों को, एकान्त मे सेवित निषिद्ध आचरण रूप रहस्यो को, एकान्त निर्जन स्थानो को और अनुकूल अवसर रूप अतरो को जानने की ताक मे रहने लगी।

२७७—तए ण सूरियकंता देवी अन्नया कयाइ पएसिस्स रण्णो अतर जाणइ, असण जाव खाइम सव्व वत्थ-गध-मल्लालंकार विसप्पजोग पउजइ, पएसिस्स रण्णो ण्हायस्स जाव पायच्छित्तस्स सुहासणवरगयस्स त विससजुत्तं असणं वत्थं जाव-अलकारं निसिरेइ, घातइ।

तए ण तस्स पएसिस्स रण्णो त विससजुत्त असण आहारेमाणस्स सरीरगमि वेयणा पाउब्भूया उज्जला विपुला पगाढा कक्कसा कडुया फरुसा निट्ठुरा चडा तिव्वा दुक्खा दुग्गा दुरहियासा पित्तजर-परिगयसरीरे दाहवक्कतिया वि विहरइ।

२७७—तत्पश्चात् किसी एक दिन अनुकूल अवसर मिलने पर सूर्यकान्ता रानी ने प्रदेशी राजा को मारने के लिये अशन-पान आदि भोजन मे तथा शरीर पर धारण करने योग्य सभी वस्त्रो, सू घने योग्य सुगधित वस्तुओ, पुष्पमालाओ और आभूषणो मे विष डालकर विषैला कर दिया। इसके बाद जब वह प्रदेशी राजा स्नान यावत् मगल प्रायश्चित्त कर भोजन करने के लिये सुखपूर्वक श्रेष्ठ आसन पर बैठा तब वह विषमिश्रित घातक अशन आदि रूप आहार परोसा तथा विषमय वस्त्र पहनाये यावत् विषमय अलकारो से उसको शृ गारित किया।

तब उस विषमिले आहार को खाने से प्रदेशी राजा के शरीर मे उत्कट, प्रचुर, प्रगाढ, कर्कश, कटुक, परुष, निष्ठुर, रौद्र, दु खद, विकट और दुस्सह वेदना उत्पन्न हुई। विषम पित्तज्वर से सारे शरीर मे जलन होने लगी।

प्रदेशी का सलेखना-मरण—

२७८—तए ण से पएसी राया सूरियकताए देवीए अत्ताणं सपलद्ध जाणित्ता सूरियकंताए देवीए मणसावि अप्पदुस्समाणे जेणेव पोसहसाला तेणेव उवागच्छइ, पोसहसाल पमज्जइ, उच्चार-पासवणभूमि पडिलेहेइ, दब्भसंथारग सथरेइ, दब्भसथारग दुरूहइ, पुरत्थाभिमुहे संपलियंकनिसन्ने करयलपरिग्गहिय सिरसावत्त अजलि मत्थए त्ति कट्टु एव वयासी—

नमोऽत्थु ण अरहताण जाव[1] संपत्ताणं। नमोऽत्थु णं केसिस्स कुमारसमणस्स मम धम्मोव-

---

१ देखें सूत्र सख्या १९९

वेसगस्स धम्मायरियस्स, वंदामि णं भगवंतं तत्थ गयं इह गए, पासउ मे भगव तत्थ गए इह गय त्ति कट्टु वंदइ नमंसइ। पुव्विं पि णं मए केसिस्स कुमारसमणस्स अंतिए थूलपाणाइवाए पच्चक्खाए जाव परिग्गहे, तं इयाणिं पि णं तस्सेव भगवतो अंतिए सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामि जाव परिग्गह, सव्वं कोहं जाव मिच्छादंसणसल्लं, अकरणिज्ज जोय पच्चक्खामि, सव्व असण चउव्विह पि आहारं जावज्जीवाए पच्चक्खामि,

ज पि य मे सरीर इट्ठ जाव फुसंतु त्ति एयं पि य णं चरिमेहिं ऊसासनिस्सासेहिं वोसिरामि त्ति कट्टु आलोइयपडिक्कते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे सूरियाभे विमाणे उववायसभाए जाव वण्णओ।

२७८—तत्पश्चात् प्रदेशी राजा सूर्यकान्ता देवी के इस उत्पात (षड्यन्त्र, धोखे) को जानकर भी उस के प्रति मन मे लेशमात्र भी द्वेष-रोष न करते हुए जहाँ पौषधशाला थी, वहाँ आया। आकर उसने पौषधशाला की प्रमार्जना की, उच्चारप्रस्रवणभूमि (स्थडिल भूमि) का प्रतिलेखन किया। फिर दर्भ का सथारा बिछाया और उस पर आसीन हुआ। आसीन होकर उसने पूर्व दिशा की ओर मुख करके पर्यंकासन (पद्मासन) से बैठकर दोनो हाथ जोड आवर्तपूर्वक मस्तक पर अजलि करके इस प्रकार कहा—

अरिहतो यावत् सिद्धगति को प्राप्त भगवन्तो को नमस्कार हो। मेरे धर्माचार्य और धर्मोपदेशक केशी कुमारश्रमण को नमस्कार हो। यहाँ स्थित मैं वहाँ विराजमान भगवान् की वदना करता हूँ। वहाँ पर विराजमान वे भगवन् यहाँ रहकर वदना करने वाले मुझे देखे। पहले भी मैंने केशी कुमारश्रमण के समक्ष स्थूल प्राणातिपात यावत् स्थूल परिग्रह का प्रत्याख्यान किया है। अब इस समय भी मै उन्ही भगवन्तो की साक्षी से (यावज्जीवन के लिये) सपूर्ण प्राणातिपात यावत् समस्त परिग्रह, क्रोध यावत् मिथ्यादर्शन शल्य का (अठारह पापस्थानो का) प्रत्याख्यान करता हूँ। अकरणीय (नही करने योग्य जैसे) समस्त कार्यो एव मन-वचन-काय योग का प्रत्याख्यान करता हूँ और जीवनपर्यंत के लिये सभी अशन-पान आदि रूप चारो प्रकार के आहार का भी त्याग करता हूँ।

यद्यपि मुझे यह शरीर इष्ट—प्रिय रहा है, मैंने यह ध्यान रखा है कि इसमे कोई रोग आदि उत्पन्न न हो परन्तु अब अतिम श्वासोच्छ्वास तक के लिये इस शरीर का भी परित्याग करता हूँ।

इस प्रकार के निश्चय के साथ पुन आलोचना और प्रतिक्रमण करके समाधिपूर्वक मरण समय के प्राप्त होने पर काल करके सौधर्मकल्प के सूर्याभविमान की उपपात सभा मे सूर्याभदेव के रूप मे उत्पन्न हुआ, इत्यादि पूर्व मे किया गया समस्त वर्णन यहाँ कर लेना चाहिये।

सूर्याभदेव का भावी जन्म—

२७९—तए ण से सूरियाभे देवे अहुणोववन्नए चेव समाणे पचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावं गच्छति, त०—आहारपज्जत्तीए सरीरपज्जत्तीए इदियपज्जत्तीए आणपाणपज्जत्तीए भास-मणपज्जत्तीए, त एव खलु भो! सूरियाभेण देवेण दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवजुती दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए।

सूरियाभस्स णं भंते ! देवस्स केवतियं काल ठिती पण्णत्ता ।

गोयमा ! चत्तारि पलिओवमाइ ठिती पण्णत्ता ।

से ण सूरियाभे देवे ताओ लोगाओ आउक्खएण भवक्खएण ठिइक्खएण अणतर चय चइत्ता कहिं गमिहिति कहिं उववज्जिहिति ?

गोयमा ! महाविदेहे वासे जाणि इमाणि कुलाणि भवति, त०—अड्ढाइ दित्ताइ विउलाइ विच्छिण्णविपुलभवण-सयणासण-जाण-वाहणाइ बहुधण-बहुजातरूव-रययाइ आओगपओगसपउत्ताइ विच्छड्डियपउरभत्तपाणाइ बहुदासी-दास-गो-महिस-गवेलगप्पभूयाइ बहुजणस्स अपरिभूताइ, तत्थ अन्नयरेसु कुलेसु पुत्तत्ताए पच्चाइस्सइ ।

२७९—तत्काल उत्पन्न हुआ वह सूर्याभदेव पाच पर्याप्तियो से पर्याप्त हुआ । वे पर्याप्तिया इस प्रकार है—१ आहारपर्याप्ति, २ शरीरपर्याप्ति, ३ इन्द्रियपर्याप्ति, ४ श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति, ५ भाषा-मन पर्याप्ति ।

इस प्रकार से हे गौतम ! उस सूर्याभदेव ने यह दिव्य देवर्द्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देवानुभाव—देवप्रभाव उपार्जित किया है, प्राप्त किया है और अधिगत—अधीन किया है ।

गौतम—भदन्त ! उस सूर्याभदेव की आयुष्यमर्यादा कितने काल की है ?

भगवान्—गौतम ! उसकी आयुष्यमर्यादा चार पल्योपम की है ।

गौतम—भगवन् ! आयुष्य पूर्ण होने, भवक्षय और स्थितिक्षय होने के अनन्तर सूर्याभदेव उस देवलोक से च्यवन करके कहाँ जायेगा ? कहाँ उत्पन्न होगा ?

भगवान्—गौतम ! महाविदेह क्षेत्र मे जो कुल आढ्य-धन-धान्यसमृद्ध, दीप्त-प्रभावक, विपुल-बडे कुटुम्ब परिवारवाले, बहुत से भवनो, शय्याओ, आसनो और यानवाहनो के स्वामी, बहुत से धन, सोने-चादी के अधिपति, अर्थोपार्जन के व्यापार-व्यवसाय मे प्रवृत्त एव दीनजनो को जिनके यहाँ से प्रचुर मात्रा मे भोजनपान प्राप्त होता है, सेवा करने के लिये बहुत से दास-दासी रहते हैं, बहुसख्यक गाय, भैस, भेड आदि पशुधन है और जिनका बहुत से लोगो द्वारा भी पराभव—तिरस्कार नही किया जा सकता, ऐसे प्रसिद्ध कुलो मे से किसी एक कुल मे वह पुत्र रूप से उत्पन्न होगा ।

माता-पिता द्वारा कृत जन्मादि संस्कार—

२८०—तए ण तंसि दारगंसि गब्भगयंसि चेव समाणंसि अम्मापिऊण धम्मे दढा पइण्णा भविस्सइ ।

तए ण तस्स दारयस्स नवण्हं मासाण बहुपडिपुन्नाण अद्धट्ठमाण राइंदियाण वितिक्कताणं सुकुमालपाणिपाय अहीणपडिपुण्णपंचिंदियसरीर लक्खणवंजणगुणोववेय माणुम्माणपमाणपडिपुन्न-सुजायसव्वंगसुदरंग ससिसोमाकार कंत पियदंसणं सुरूवं दारयं पयाहिंसि ।

तए ण तस्स दारगस्स अम्मापियरो पढमे दिवसे ठितिवडियं करेहिंति, ततियदिवसे चंदसूर-दंसणिग करिस्सति, छट्ठे दिवसे जागरियं जागरिस्संति, एक्कारसमे दिवसे वीइक्कते संपत्ते बारसाहे दिवसे णिव्वित्ते असुइजायकम्मकरणे चोक्खे संमज्जिओवलित्ते विउलं असणपाणखाइमसाइमं उवक्खडा-

वेस्सति, मित्तणाइणियगसयणसबंधिपरिजणं आमंतेत्ता तओ पच्छा ण्हाया कायबलिकम्मा जाव अलंकिया भोयणमंडवंसि सुहासणवरगया ते मित्तणाइ-जाव परिजणेण सद्धि विउलं असणं आसाएमाणा विसाएमाणा परिभुंजेमाणा परिभाएमाणा एवं चेव णं विहरिस्सति, जिमियभुत्तुत्तरागया वि य णं समाणा आयता चोक्खा परमसुइभूया तं मित्तणाइ-जाव परिजणं विउलेणं वत्थगंधमल्लालंकारेणं सक्कारेस्सति सम्माणिस्सति तस्सेव मित्त-जाव-परिजणस्स पुरतो एवं वइस्सति—

जम्हा णं देवाणुप्पिया ! इमंसि दारगंसि गब्भगयंसि चेव समाणंसि धम्मे दढा पइण्णा जाया, तं होउ णं अम्हं एयस्स दारयस्स दढपइण्णे णामेणं । तए णं तस्स दढपइण्णस्स दारगस्स अम्मापियरो नामधेज्जं करिस्सति—दढपइण्णो य दढपइण्णो य ।

तए णं तस्स अम्मापियरो आणुपुव्वेणं ठितिवडियं च चंदसूरियदरिसणं च धम्मजागरियं च नामधिज्जकरणं च पजेमणगं च पडिवद्धावणगं च पचंकमणगं च कन्नवेहणं च संवच्छरपडिलेहणगं च चूलोवणयं च अन्नाणि य बहूणि गब्भाहाणजम्मणाइयाइं महया इड्ढीसक्कारसमुदएणं करिस्सति ।

२८०—तत्पश्चात् उस दारक के गर्भ मे आने पर माता-पिता की धर्म मे दृढ प्रतिज्ञा—श्रद्धा होगी ।

उसके बाद नौ मास और साढे सात रात्रि-दिन बीतने पर दारक की माता सुकुमार हाथ-पैर वाले शुभ लक्षणो एव परिपूर्ण पाच इन्द्रियो और शरीर वाले, सामुद्रिक शास्त्र मे बताये गये शारीरिक लक्षणो, तिल आदि व्यजनो और गुणो से युक्त, माप, तोल और नाप मे बराबर, सुजात, सर्वांगसुन्दर, चन्द्रमा के समान सौम्य आकार वाले, कमनीय, प्रियदर्शन एव सरूपवान् पुत्र को जन्म देगी ।

तब उस दारक के माता-पिता प्रथम दिवस स्थितिपतिता (कुलपरपरागत क्रियाओ से पुत्र-जन्मोत्सव) करेगे । तीसरे दिन चन्द्रदर्शन और सूर्यदर्शन सम्बधी क्रियायें करेगे । छठे दिन रात्रिजागरण करेंगे । ग्यारह दिन बीतने के बाद बारहवें दिन जातकर्म सबन्धी अशुचि की निवृत्ति के लिये घर झाड-बुहार और लीप-पोत कर शुद्ध करेंगे । घर की शुद्धि करने के बाद अशन-पान-खाद्य-स्वाद्य रूप विपुल भोजनसामग्री बनवायेंगे और मित्रजनो, ज्ञातिजनो, निजजनो, स्वजन-सबन्धियो एव दास-दासी आदि परिजनो, परिचितो को आमन्त्रित करेगे । इसके बाद स्नान, बलिकर्म, तिलक आदि कौतुक-मगल-प्रायश्चित्त यावत् आभूषणो से शरीर को अलकृत करके भोजनमडप मे श्रेष्ठ आसनो पर सुखपूर्वक बैठकर मित्रो यावत् परिजनो के साथ विपुल अशनादि रूप भोजन का आस्वादन, विशेष रूप मे आस्वादन करेगे, उसका परिभोग करेंगे, एक दूसरे को परोसेंगे और भोजन करने के पश्चात् आचमन-कुल्ला आदि करके स्वच्छ, परम शुचिभूत होकर उन मित्रो, ज्ञातिजनो यावत् परिजनो का विपुल वस्त्र, गध, माला, अलकारो आदि से सत्कार-समान करेंगे और फिर उन्ही मित्रो यावत् परिजनो से कहेंगे—

देवानुप्रियो ! जब से यह दारक माता की कुक्षि मे गर्भ रूप से आया था तभी से हमारी धर्म मे दृढ प्रतिज्ञा—श्रद्धा हुई है, इसलिये हमारे इस बालक का 'दृढप्रतिज्ञ' यह नाम हो । इस तरह उस दारक के माता-पिता 'दृढप्रतिज्ञ' यह नामकरण करेंगे ।

इस प्रकार से उसके माता-पिता अनुक्रम से १ स्थितिपतिता, २, चन्द्र-सूर्यदर्शन, ३ धर्म-जागरण, ४ नामकरण, ५ अन्नप्राशन ६ प्रतिवर्धापन (आशीर्वाद, अभिनदन-समान समारोह),

७ प्रचक्रमण (पैरो चलना—डग भरना और शब्दोच्चारण करना), ८ कर्णवेधन ९ सवत्सर प्रतिलेख (प्रथम वर्ष का जन्मोत्सव) और १० चूलोपनयन (मु डनोत्सव—झड ूला उतारना) आदि तथा अन्य दूसरे भी बहुत से गर्भाधान, जन्मादि सबन्धी उत्सव भव्य समारोह के साथ प्रभावक रूप मे करेंगे ।

दृढप्रतिज्ञ का लालन-पालन—

२८१—तए ण दढपतिण्णे दारगे पचधाईपरिक्खित्ते—खीरधाईए-मडणधाईए-मज्जणधाईए-अकधाईए-कीलावणधाईए, अन्नाहि बहूहि खुज्जाहिं, चिलाइयाहिं, वामणियाहिं, वडभियाहिं, बब्बराहि बउसियाहि, जोण्हियाहिं, पण्णवियाहि, ईसिणियाहिं, वारुणियाहिं, लासियाहिं, लाउसियाहिं, दमिलीहि, सिंहलीहिं, पुलिंदीहिं, आरबीहिं, पक्कणीहिं, बहलीहिं, मुरडीहिं, सबरीहिं, पारसीहिं, णाणादेसी-विदेस-परिमडियाहिं इगियचितियपत्थियवियाणाहि सदेसणेवत्थगहियवेसाहि निउणकुसलाहिं विणीयाहि चेडियाचक्कवालतरुणिवदपरियालपरिवुडे वरिसधरकचुइमहयरवदपरिक्खित्ते हत्थाओ हत्थ साहरिज्ज-माणे उवनच्चिज्जमाणे अकाओ अक परिभुज्जमाणे उवगिज्जेमाणे उवलालिज्जमाणे उवगूहिज्जमाणे अवतासिज्जमाणे परियदिज्जमाणे परिचु बिज्जमाणे रम्मेसु मणिकोट्टिमतलेसु परगमाणे गिरिकदर-मल्लीणे विव चपगवरपायवे णिव्वाघायसि सुहसुहेण परिवड्ढिस्सइ ।

२८१—उसके बाद वह दृढप्रतिज्ञ शिशु १ क्षीरधात्री—दूध पिलानेवाली धाय, २ मडनधात्री—वस्त्राभूषण पहनाने वाली धाय, ३ मज्जनधात्री—स्नान कराने वाली धाय, ४ अकधात्री—गोद मे लेने वाली धाय और ५ क्रीडापनधात्री—खेल खिलाने वाली धाय—इन पाच धायमाताओ की देखरेख मे तथा इनके अतिरिक्त इगित (मुख आदि की चेष्टा), चिंतित (मानसिक विचार), प्रार्थित (अभिलषित) को जानने वाली, अपने-अपने देश के वेष को पहनने वाली, निपुण, कुशल-प्रवीण एव प्रशिक्षित ऐसी कुब्जा (कुबडी), चिलातिका (चिलात-किरात नामक देश मे उत्पन्न), वामनी (बौनी), वडभी (बडे पेट वाली), बर्बरी (बर्बर देश की), बकुश देश की, योनक देश की, पल्हविका (पल्हव देश की), ईसिनिका, वारुणिका (वरुण देश की), लासिका (तिब्बत देश की), लाकुसिका (लकुस देश की), द्रावडी (द्रविड देश की), सिंहली (सिंहल देश, लका की), पुलिंदी (पुलिंद देश की), आरबी (अरब देश की), पक्कणी (पक्कण देश की), बहली (बहल देश की), मुरण्डी (मुरड देश की), शबरी (शबर देश की), पारसी (पारस देश की) आदि अनेक देश-विदेशो की तरुण दासियो एव वर्षधरो (प्रयोग द्वारा नपु सक बनाये हुए पुरुषो), कचुकियो और महत्तरको (अन्तपुर के कार्य की चिन्ता रखने वालो) के समुदाय से परिवेष्टित होता हुआ, हाथो ही हाथो मे लिया जाता, दुलराया जाता, एक गोद से दूसरी गोद मे लिया जाता, गा-गाकर बहलाया जाता, क्रीडा आदि के द्वारा लालन-पालन किया जाता, लाड किया जाता, लोरिया सुनाया जाता, चुम्बन किया जाता और रमणीय मणिजटित प्रागण मे चलाया जाता हुआ व्याघात रहित गिरि-गुफा मे स्थित श्रेष्ठ चपक वृक्ष के समान सुखपूर्वक दिनोदिन परिवर्धित होगा—बढेगा ।

दृढप्रतिज्ञ का कलाशिक्षण—

२८२—तए ण त दढपतिण्णं दारग अम्मापियरो सातिरेगअट्ठवासजायग जाणित्ता सोभणसि तिहिकरणणक्खत्तमुहुत्तंसि ण्हाय कयबलिकम्म कयकोउयमगलपायच्छित्त सव्वालकारविभूसिय करेत्ता महया इड्ढीसक्कारसमुदएण कलायरियस्स उवणेहिति ।

तए ण से कलायरिए त दढपतिण्ण दारगं लेहाइयाम्रो गणियप्पहाणाम्रो सउणरुयपज्जवसाणाम्रो बावत्तरिं कलाम्रो सुत्तम्रो अत्थम्रो य गथम्रो य करणम्रो य सेहावेहि य पसिक्खावेहि य ।

त जहा—लेह गणिय रूव नट्ट गीय वाइय सरगय पुक्खरगय समताल जूय जणवयं पासग अट्ठावय पारेकव्व दगमट्टिय अन्नविहिं पाणविहिं वत्थविहिं विलेवणविहिं सयणविहिं अज्ज पहेलिय मागहिय णिद्दाइय गाह गीइय सिलोग हिरण्णजुत्ति सुवण्णजुत्ति आभरणविहिं तरुणीपडिकम्म इत्थिलक्खण पुरिसलक्खण हयलक्खण गयलक्खण कुक्कुडलक्खणं छत्तलक्खण चक्कलक्खण दंडलक्खणं असिलक्खण मणिलक्खण कागणिलक्खण वत्थुविज्ज णगरमाण खधवार माणवारं पडिचार वूह चक्कवूहं गरुलवूह सगडवूह जुद्ध नियुद्ध जुद्धजुद्ध अट्ठिजुद्ध मुट्ठिजुद्धं बाहुजुद्धं लयाजुद्धं ईसत्थं छरुप्पवायं धणुवेय हिरण्णपाग सुवण्णपाग मणिपाग धाउपाग सुत्तखेड्ड वट्टखेड्डं णालियाखेड्ड पत्तच्छेज्जं कडगच्छेज्ज सज्जीवनिज्जीवं सउणरुयं-इति ।

२८२—तत्पश्चात् दृढप्रतिज्ञ बालक को कुछ अधिक आठ वर्ष का होने पर कलाशिक्षण के लिये माता-पिता शुभ तिथि, करण, नक्षत्र और मुहूर्त मे स्नान, बलिकर्म, कौतुक-मगल-प्रायश्चित्त कराके और अलकारो से विभूषित कर ऋद्धि-वैभव, सत्कार, समारोहपूर्वक कलाचार्य के पास ले जायेंगे ।

तब कलाचार्य उस दृढप्रतिज्ञ बालक को गणित जिनमे प्रधान है ऐसी लेख (लिपि) आदि शकुनिरुत (पक्षियो के शब्द—बोली) तक की बहत्तर कलाओ को सूत्र से, अर्थ से (विस्तार से व्याख्या करके), ग्रन्थ से तथा प्रयोग से सिद्ध करायेंगे, अभ्यास करायेंगे । वे कलाये इस प्रकार हैं—

१ लेखन, २ गणित, ३ रूप सजाने की कला, ४ नाट्य (अभिनय) अथवा नृत्य करने की कला, ५ सगीत, ६ वाद्य बजाना, ७ स्वर जानना, ८ वाद्य सुधारना अथवा ढोल आदि बजाने की कला, ९ सगीत मे गीत और वाद्यो के सुर-ताल की समानता को जानना, १० द्यूत—जुआ खेलना, ११ लोगो के साथ वार्तालाप और वाद-विवाद करना, १२ पासो से खेलना, १३ चौपड खेलना, १४ तत्काल काव्य-कविता की रचना करना, १५ जल और मिट्टी को मिलाकर वस्तु निर्माण करना, अथवा जल और मिट्टी के गुणो की परीक्षा करना, १६ अन्न उत्पन्न करने अथवा भोजन बनाने की कला, १७ नया पानी उत्पन्न करना अथवा औषधि आदि के सयोग-सस्कार से पानी को शुद्ध करना, स्वादिष्ट पेय पदार्थों का बनाना, १८ नवीन वस्त्र बनाना, वस्त्रो को रगना, सीना और पहनना, १९ विलेपनविधि—शरीर पर लेप करने की विधि, २० शय्या बनाना और शयन करने की विधि जानना, २१ मात्रिक छन्दो को बनाना और पहचानना, २२ पहेलिया बनाना और बुझाना, २३ मागधिक—मागधी भाषा मे गाथा-छन्द आदि बनाना, २४ निद्रायिका—नीद मे सुलाने की कला, २५ प्राकृत भाषा मे गाथा आदि बनाना, २६. गीति-छद बनाना, २७ श्लोक (अनुष्टुप छद) बनाना, २८ हिरण्ययुक्ति—चादी बनाना और चादी शुद्ध करना, २९ स्वर्णयुक्ति—स्वर्ण वनाना और स्वर्ण शुद्ध करना, २० आभूषण-अलकार वनाना, ३१ तरुणीप्रतिकर्म-स्त्रियो का शृ गार-प्रसाधन करना, ३२ स्त्रियो के शुभाशुभ लक्षणो को जानना, ३३ पुरुष के लक्षण जानना, ३४ अश्व के लक्षण जानना, ३५ हाथी के लक्षण जानना, ३६ मुर्गो के लक्षण जानना, ३७ छत्र-लक्षण जानना, ३८ चक्र-लक्षण जानना, ३९ दड-लक्षण जानना, ४०, असि-(तलवार) लक्षण जानना, ४१ मणि-लक्षण जानना, ४२ काकणी-(रत्न-विशेष) लक्षण जानना, ४३ वास्तुविद्या—गृह,

गृहभूमि के गुण-दोषो को जानना, ४४ नया नगर बसाने आदि की कला, ४५. स्कन्धावार—सेना के पड़ाव की रचना करने की कला, ४६ मापने-नापने-तोलने के साधनो को जानना, ४७ प्रतिचार—शत्रु सेना के सामने अपनी सेना को चलाना, ४८ व्यूह—युद्ध मे शत्रु सेना के समक्ष अपनी सेना का मोर्चा बनाना, ४९ चक्रव्यूह—चक्र के आकार की मोर्चाबन्दी करना, ५०. गरुडव्यूह—गरुड के आकार की व्यूहरचना करना, ५१ शकटव्यूह रचना, ५२ सामान्य युद्ध करना, ५३ नियुद्ध—मल्लयुद्ध करने की कला, कुश्ती लडना, ५४ युद्ध-युद्ध—शत्रु सेना की स्थिति को जानकर युद्धविधि को बदलने की कला अथवा घमासान युद्ध करना, ५५ अट्ठि (यष्ठि—लाठी या अस्थि—हड्डी) से युद्ध करना, ५६ मुष्ठियुद्ध करना, ५७ बाहुयुद्ध करना, ५८ लतायुद्ध करना, ५९ इष्वस्त्र—शस्त्र-बाण बनाने की कला अथवा नागबाण आदि विशिष्ट बाणो के प्रक्षेपण की विधि, ६० तलवार चलाने की कला, ६१ धनुर्वेद—धनुष-बाण सबन्धी कौशल, ६२ चादी का पाक बनाना, ६३ सोने का पाक बनाना, ६४ मणियो के निर्माण की कला अथवा मणियो की भस्म आदि औषधि बनाना, ६५ धातुपाक—औषधि के लिये स्वर्ण आदि धातुओ की भस्म बनाना, ६६ सूत्रखेल—रस्सी पर खेल-तमाशे, क्रीडा करने की कला, ६७ वृत्तखेल—क्रीडाविशेष, ६८ नालिकाखेल—द्यूत—जुआविशेष, ६९ पत्र को छेदने की कला, ७० पार्वतीय भूमि छेदने की कला, ७१ मूर्छित को होश मे लाने और अमूर्च्छित को मृततुल्य करने की कला, ७२ काक, घूक आदि पक्षियो की बोली और उससे अच्छे-बुरे शकुन का ज्ञान करना।

कलाचार्य का सम्मान—

२८३—तए णं से कलायरिए तं दढपइण्णं दारगं लेहाइयाओ गणियप्पहाणाओ सउणरुय-पज्जवसाणाओ बावत्तरिं कलाओ सुत्तओ य अत्थओ य गंथओ य करणओ य सिक्खावेत्ता सेहावेत्ता अम्मापिऊणं उवणेहिति।

तए णं तस्स दढपइण्णस्स दारगस्स अम्मापियरो तं कलायरियं विउलेणं असणपाणखाइम-साइमेणं वत्थगंधमल्लालंकारेण सक्कारिस्सति सम्माणिस्सति विउलं जीवियारिहं पीतिदाणं दलइस्सति विउलं जीवियारिहं पीतिदाणं दलइत्ता पडिविसज्जेहिंति।

२८३—तत्पश्चात् कलाचार्य उस दृढप्रतिज्ञ बालक को गणित प्रधान, लेखन (लिपि) से लेकर शकुनिरुत पर्यन्त बहत्तर कलाओ को सूत्र (मूल पाठ) से, अर्थ (व्याख्या) से, ग्रन्थ एव प्रयोग से सिखला कर, सिद्ध कराकर माता-पिता के पास ले जायेंगे।

तब उस दृढप्रतिज्ञ बालक के माता-पिता विपुल अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य रूप चतुर्विध आहार, वस्त्र, गन्ध, माला और अलकारो से कलाचार्य का सत्कार, सम्मान करेंगे और फिर जीविका के योग्य विपुल प्रीतिदान (भेंट) देंगे। जीविका के योग्य विपुल प्रीतिदान देकर विदा करेंगे।

दृढप्रतिज्ञ की भोगसमर्थता—

२८४—तए णं से दढपतिण्णे दारए उम्मुक्कबालभावे विण्णायपरिणयमित्ते जोव्वणगमणुपत्ते बावत्तरिकलापडिए णवंगसुत्तपडिबोहए अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए गीयरई गंधव्वणट्ट-कुसले सिंगारागारचारुवेसे संगयगयहसियभणियचिट्ठियविलासनिउणजुत्तोवयारकुसले हयजोही गय-जोही रहजोही बाहुजोही बाहुप्पमद्दी अलंभोगसमत्थे साहस्सीए वियालचारी यावि भविस्सइ।

२८४—इसके बाद वह दृढप्रतिज्ञ बालक बालभाव से मुक्त हो परिपक्व विज्ञानयुक्त, युवावस्थासपन्न हो जायेगा। बहत्तर कलाओ मे पडित होगा, बाल्यावस्था के कारण मनुष्य के जो नौ अग—दो कान, दो नेत्र, दो नासिका, जिह्वा, त्वचा और मन सुप्त-से अर्थात् अव्यक्त चेतना वाले रहते है, वे जागृत हो जायेगे। अठारह प्रकार की देशी भाषाओ मे कुशल हो जायेगा, वह गीत का अनुरागी, गीत और नृत्य मे कुशल हो जायेगा। अपने सुन्दर वेष से शृ गार का आगार-जैसा प्रतीत होगा। उसकी चाल, हास्य, भाषण, शारीरिक और नेत्रो की चेष्टाये आदि सभी सगत होगी। पारस्परिक आलाप-सलाप एव व्यवहार मे निपुण-कुशल होगा। अश्वयुद्ध, गजयुद्ध, रथयुद्ध, बाहुयुद्ध करने एव अपनी भुजाओ से विपक्षी का मर्दन करने मे सक्षम एव भोग भोगने की सामर्थ्य से सपन्न हो जायेगा तथा साहसी ऐसा हो जायेगा कि विकालचारी (मध्यरात्रि मे इधर-उधर जाने-आने मे भी) भयभीत नही होगा।

विवेचन—प्रस्तुत सूत्रगत 'बावत्तरिकलापडिए' और 'अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए' इन दो पदो का विचार करते है।

कला का अर्थ है—कार्य को भलीभाति करने का कौशल। व्यक्ति के उन सस्कारो को सबल बनाना जो स्वय उसके एव सामाजिक जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। यदि व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण न हो, चारित्र का विकास न हो और सस्कृति की सुरक्षा के लिये सामाजिक तथा धार्मिक कर्त्तव्यो एव दायित्वो का सम्यक् प्रकार से पालन नही किया जाये तो मानव का कुछ भी महत्त्व नही है। मानव और दानव, पशु मे कुछ भी अन्तर नही रहेगा। यही कारण है कि प्रत्येक युग मे मानव को सुसस्कारी बनाने, शारीरिक, मानसिक दृष्टि से विकसित करने और आजीविका के प्रामाणिक साधनो की योग्यता अर्जित करने के लिये कलाओ के शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है।

यद्यपि कलाओ के विषय मे प्रत्येक देश के साहित्य मे विचार किया गया है, तथापि हम अपने देश की ही मुख्य धर्मपरपराओ के साहित्य को देखे तो सर्वत्र विस्तार के साथ कलाओ का विवरण उपलब्ध है। वैदिक परपरा के रामायण, महाभारत, शुक्रनीति, वाक्यपदीय आदि ग्रन्थो मे, बौद्ध-परपरा के ललितविस्तरा मे और जैन परपरा के समवायागसूत्र, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, ज्ञातासूत्र, औपपातिकसूत्र, कल्पसूत्र और इनकी व्याख्याओ मे वर्णन किया गया है। किन्तु सख्या और नामो मे अन्तर है। कही कलाओ की सख्या चौसठ बताई है तो क्षेमेन्द्र के कलाविलास ग्रन्थ मे सौ से अधिक कलाओ का वर्णन किया है। बौद्धसाहित्य मे इनकी सख्या छियासी कही है। जैनसाहित्य मे पुरुष योग्य बहत्तर और महिलाओ के लिये चौसठ कलाओ का उल्लेख है। लेकिन जैनसाहित्यगत पुरुष-योग्य कलाये बहत्तर मानने की परपरा सर्वमान्य है। जिसकी पुष्टि जनसाधारण मे प्रचलित इस दोहे से हो जाती है—

> कला बहत्तर पुरुष की, तामे दो सरदार।
> एक जीव की जीविका, एक जीव उद्धार।।

जीवन धारण करने के लिये मानव को जैसे रोटी, कपडा और मकान जरूरी है, उसी प्रकार जीवन की सुरक्षा के लिये शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शुद्धि और आजीविका के साधनो की व्यवस्था, ये तीन भी आवश्यक हैं। अतएव पूर्व सूत्र मे उल्लिखित बहत्तर कलाओ के नामो मे ध्यान

देने योग्य यह है कि उनके चयन मे दीर्घदृष्टि से काम लिया गया है। उनमे जीवन की सुरक्षा के तीनो अगो के साधनो का समावेश करने के साथ लोकव्यवहारो के निर्वाह करने की क्षमता और प्राकृतिक पदार्थो को अपने लिये उपयोगी बनाने और उनका समीचीन उपयोग करने की योग्यता अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलाओ के शिक्षण की प्राचीन पद्धति पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय शिक्षणपद्धति का स्तर क्या था ? मात्र पुस्तकीय ज्ञान करा देना अथवा ग्रथ रटा देना और वाणी द्वारा व्याख्या कर देना ही पर्याप्त नही माना जाता था, किन्तु प्रयोग द्वारा वैसा कार्य भी कराया जाता था। यदि उन कलाओ और शिक्षणपद्धति को सन्मुख रखकर आज की शिक्षा-नीति निर्धारित की जाये तो उपयोगी रहेगा।

विद्वत्ता के लिये जैसे आज अनेक देशो की बोलियो और भाषाओ को जानना आवश्यक है, उसी तरह प्राचीन काल मे भी कलाओ के अध्ययन के साथ प्रत्येक व्यक्ति और विशेषकर समृद्ध परिवारो मे जन्मे व्यक्तियो और देश-विदेश मे व्यापार के निमित्त जाने वालो के लिये अनेक भाषाओ का ज्ञाता होना अनिवार्य था। जो दृढप्रतिज्ञ के उत्पन्न होने के कुलो के लिये दिये विशेषणो से स्पष्ट है।

यद्यपि यहाँ की तरह अन्य आगम-पाठो मे भी 'अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए' पद आया है। वह वर्ण्य व्यक्ति की विशेषता बताने के लिये प्रयुक्त हुआ है। किन्तु वे अठारह भाषायें कौनसी थी, इसका उल्लेख मूल पाठो मे कही भी देखने मे नही आया है। हाँ समवायाग, प्रज्ञापना, विशेषावश्यकभाष्य और कल्पसूत्र की टीकाओ मे अठारह लिपियो के नाम मिलते है। परन्तु इन नामो मे भी भिन्नता है। इस स्थिति मे यही माना जा सकता है कि उस समय बहुमान्य प्रचलित बोलियो को एक-एक भाषा माना जाता हो और उनको बोलने-समझने मे निष्णात होने का बोध कराने के लिये ही 'अठारह भाषाविशारद' पद ग्रहण किया गया हो।

२८५—तए ण त दढपइण्ण दारग अम्मापियरो उम्मुक्कबालभाव जाव वियालचारिं च वियाणित्ता विउलेहिं अन्नभोगेहि य पाणभोगेहि य लेणभोगेहि य वत्थभोगेहि य सयणभोगेहि य उवनिमतिहिति।

२८५—तब उस दृढप्रतिज्ञ बालक को बाल्यावस्था से मुक्त यावत् विकालचारी जानकर माता-पिता विपुल अन्नभोगो, पानभोगो, प्रासादभोगो, वस्त्रभोगो और शय्याभोगो के योग्य भोगों को भोगने के लिये आमन्त्रित करेंगे। अर्थात् माता-पिता उसे भोगसमर्थ जानकर कहेगे कि हे चिरजीव ! तुम युवा हो गये हो अत अब कामभोगो की इस विपुल सामग्री का भोग करो।

दृढप्रतिज्ञ की अनासक्ति

२८६—तए ण दढपइण्णे दारए तेहिं विउलेहिं अन्नभोएहिं जाव सयणभोगेहिं णो सज्जिहिति, णो गिज्झिहिति, णो मुच्छिहिति, णो अज्झोववज्जिहिति, से जहा णामए पउमुप्पले ति वा पउमे इ वा जाव सयसहस्सपत्तेति वा पके जाते जले सवुड्ढे णोवलिप्पइ पकरएण णोवलिप्पइ जलरएण, एवामेव दढपइण्णे वि दारए कामेहिं जाते भोगेहिं सवड्डिए णोवलिप्पिहिति० मित्तणाइणियगसयण सबधिपरिजणेण।

से ण तथारूवाण थेराण अतिए केवलं बोहिं बुज्झिहिति, केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइस्सति, से णं अणगारे भविस्सइ ईरियासमिए जाव सुहुयहुयासणो इव तेयसा जलते ।

तस्स ण भगवतो अणुत्तरेण णाणेण एव दसणेण चरित्तेण आलएण विहारेण अज्जवेण मद्दवेण लाघवेण खन्तीए गुत्तीए मुत्तीए अणुत्तरेण सव्वसजमसुचरियतवफलणिव्वाणमग्गेण अप्पाण भावेमाणस्स अणते अणुत्तरे कसिणे पडिपुण्णे निरावरणे णिव्वाघाए केवलवरनाणदसणे समुप्पज्जिहिति ।

तए णं से भगव अरहा जिणे केवली भविस्सइ सदेवमणुयासुरस्स लोगस्स परियाय जाणहिति त०—आगति गति ठिति चवण उववाय तक्क कड मणोमाणसिय खइयं भुत्त पडिसेविय आवीकम्म रहोकम्म अरहा अरहस्सभागी तं त मणवयकायजोगे वट्टमाणाण सव्वलोए सव्वजीवाण सव्वभावे जाणमाणे पासमाणे विहरिस्सइ ।

तए ण दढपइन्ने केवली एयारूवेण विहारेण विहरमाणे बहूइ वासाइ केवलिपरियाग पाउणित्ता अप्पणो आउसेस आभोएत्ता बहूइ भत्ताइ पच्चक्खाइस्सइ, बहूइं भत्ताइ अणसणाए छेइस्सइ, जस्सट्ठाए कीरइ णग्गभावे केसलोचबभचेरवासे अण्हाणग अदतवण अणुवहाणग भूमिसेज्जाओ फलहसेज्जाओ परघरपवेसो लद्धावलद्धाइ माणावमाणाइ परेसिं हीलणाओ निंदणाओ खिसणाओ तज्जणाओ ताडणाओ गरहणाओ उच्चावया विरूवरूवा बावीस परीसहोवसग्गा गामकटगा अहियासिज्जति तमट्ठ आराहेइ, चरिमेहिं उस्सासनिस्सासेहिं सिज्झिहिति मुच्चिहिति परिनिव्वाहिति सव्वदुक्खाणमत करेहिति ।

२८६—तब वह दृढप्रतिज्ञ दारक उन विपुल अन्न रूप भोग्य पदार्थों यावत् शयन रूप भोग्य पदार्थो मे आसक्त नही होगा, गृद्ध नही होगा, मूच्छित नही होगा और अनुरक्त नही होगा। जैसे कि नीलकमल, पद्मकमल (सूर्यविकासी कमल) यावत् शतपत्र या सहस्रपत्र कमल कीचड मे उत्पन्न होते है और जल मे वृद्धिगत होते है, फिर भी पकरज और जल रज से लिप्त नही होते हैं, इसी प्रकार वह दृढप्रतिज्ञ दारक भी कामो मे उत्पन्न हुआ, भोगो के बीच लालन-पालन किये जाने पर भी उन कामभोगो मे एव मित्रो, ज्ञातिजनो, निजी-स्वजन-सम्बन्धियो और परिजनो मे अनुरक्त नही होगा ।

किन्तु वह तथारूप स्थविरो से केवलबोधि—सम्यग्ज्ञान अथवा सम्यक्त्व का लाभ प्राप्त करेगा एव मुडित होकर, गृहत्याग कर अनगार-प्रव्रज्या अगीकार करेगा। अनगार होकर ईर्यासमिति आदि अनगार धर्म का पालन करते हुए सुहुत (अच्छी तरह से होम की गई) हुताशन (अग्नि) की तरह अपने तपस्तेज से चमकेगा, दीप्तमान होगा ।

इसके साथ ही अनुत्तर (सर्वोत्तम) ज्ञान, दर्शन, चारित्र, अप्रतिबद्ध विहार, आर्जव, मार्दव, लाघव, क्षमा, गुप्ति, मुक्ति (निर्लोभता) सर्व सयम एव निर्वाणकी प्राप्ति जिसका फल है ऐसे तपोमार्ग से आत्मा को भावित करते हुए उस भगवान् (दृढप्रतिज्ञ) को अनन्त, अनुत्तर, सकल, परिपूर्ण, निरावरण, निर्व्याघात, अप्रतिहत, सर्वोत्कृष्ट केवलज्ञान और केवलदर्शन प्राप्त होगा ।

तब वे दृढप्रतिज्ञ भगवान् अर्हत, जिन, केवली हो जायेंगे। जिसमे देव, मनुष्य तथा असुर आदि रहते है ऐसे लोक की समस्त पर्यायो को वे जानेंगे। अर्थात् वे प्राणिमात्र की आगति—एक गति से दूसरी गति मे आगमन को, गति—वर्तमान गति को छोडकर अन्यगति मे गमन को, स्थिति, च्यवन, उपपात (देव या नारक जीवो की उत्पत्ति—जन्म), तर्क (विचार), क्रिया, मनोभावो, क्षयप्राप्त

(भोगे जा चुके), प्रतिसेवित (भोग-परिभोग की वस्तुओ), आविष्कर्म (प्रकट कार्यो), रह कर्म (एकान्त मे किये गुप्त कार्यो) आदि, प्रगट और गुप्त रूप से होने वाले उस—उस मन, वचन और काययोग मे विद्यमान लोकवर्ती सभी जीवो के सर्वभावो को जानते-देखते हुए विचरण करेंगे।

तत्पश्चात् वे दृढप्रतिज्ञ केवली इस प्रकार के विहार से विचरण करते हुए और अनेक वर्षो तक केवलिपर्याय का पालन कर, आयु के अत को जानकर अपने अनेक भक्तो-भोजनो का प्रत्याख्यान व त्याग करेंगे और अनशन द्वारा वहुत से भोजनो का छेदन करेंगे और जिस साध्य की सिद्धि के लिये नग्नभाव, केशलोच, ब्रह्मचर्यधारण, स्नान का त्याग, दतधावन का त्याग, पादुकाओं का त्याग, भूमि पर शयन करना, काष्ठासन पर सोना, भिक्षार्थ परगृहप्रवेश, लाभ-अलाभ मे सम रहना, मान-अपमान सहना, दूसरो के द्वारा की जाने वाली हीलना (तिरस्कार), निन्दा, खिसना (अवर्णवाद), तर्जना (धमकी), ताडना, गर्हा (घृणा) एव अनुकूल-प्रतिकूल अनेक प्रकार के बाईस परीषह, उपसर्ग तथा लोकापवाद (गाली-गलौच) सहन किये जाते है, उस साध्य—मोक्ष की साधना करके चरम श्वासोच्छ्वास मे सिद्ध हो जायेंगे, मुक्त हो जायेंगे, सकल कर्ममल का क्षय और समस्त दु खो का अत करेंगे।

उपसंहार

२८७—सेव भते ! सेव भते ! त्ति भगव गोयमे समण भगव महावीर वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरति।

२८७—इस प्रकार से सूर्याभदेव के अतीत, अनागत और वर्तमान जीवन-प्रसगो को सुनने के पश्चात् गौतम स्वामी ने कहा—

भगवन् ! वह ऐसा ही है जैसा आपने प्रतिपादन किया है, हे भगवन् ! वह इसी प्रकार है, जैसा आप फरमाते हैं, इस प्रकार कहकर भगवान् गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को वदन-नमस्कार किया। वदन-नमस्कार करके सयम एव तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

२८८—णमो जिणाण जियभयाण। णमो सुयदेवयाए भगवतीए। णमो पण्णत्तीए भगवईए। णमो भगवओ अरहओ पासस्स। पस्से सुपस्से पस्सवणा णमो। ग्रन्थाग्रम्—२१२०।

॥ रायपसेणइय समत्त ॥

भयो के विजेता भगवान् को नमस्कार हो। भगवती श्रुत देवता को नमस्कार हो। प्रज्ञप्ति भगवती को नमस्कार हो। अर्हत् भगवान् पार्श्वनाथ को नमस्कार हो। प्रदेशी राजा के प्रश्नो के प्रदर्शक को नमस्कार हो।

॥ राजप्रश्नीयसूत्र समाप्त ॥

नृत्य-संगीत-नाट्य- ा से ॰ ि
शब्द ूची

विशि ब्दों की अनुक्र णिका

□□

अनध्यायकाल

[स्व० आचार्यप्रवर श्री आत्मारामजी म० द्वारा सम्पादित नन्दीसूत्र से उद्धृत]

स्वाध्याय के लिए आगमो मे जो समय बताया गया है, उसी समय शास्त्रो का स्वाध्याय करना चाहिए। अनध्यायकाल मे स्वाध्याय वर्जित है।

मनुस्मृति आदि स्मृतियो मे भी अनध्यायकाल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। वैदिक लोग भी वेद के अनध्यायो का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार अन्य आर्ष ग्रन्थो का भी अनध्याय माना जाता है। जैनागम भी सर्वज्ञोक्त, देवाधिष्ठित तथा स्वरविद्या सयुक्त होने के कारण, इन का भी आगमो मे अनध्यायकाल वर्णित किया गया है, जैसे कि—

दसविधे अतलिक्खिते असज्झाए पण्णत्ते, त जहा—उक्कावाते, दिसिदाघे, गज्जिते, निग्घाते, जुवते, जक्खालित्ते, धूमिता, महिता, रयउग्घाते।

दसविहे ओरालिते असज्झातिते, त जहा—अट्ठी, मस, सोणिते, असुतिसामते, सुसाणसामते, चदोवराते, सूरोवराते, पडने, रायवुग्गहे, उवस्सयस्स अतो ओरालिए सरीरगे।

—स्थानाङ्ग सूत्र, स्थान १०

नो कप्पति निग्गथाण वा, निग्गथीए वा चउहि महापाडिवएहि सज्झाय करित्तए, त जहा—आसाढपाडिवए, इदमहापाडिवए, कत्तअपाडिवए, सुगिम्हपाडिवए। नो कप्पइ निग्गथाण वा निग्गथीण वा, चउहि सभाहि सज्झाय करेत्तए, त जहा—पडिमाते, पच्छिमाते, मज्झण्हे, अड्ढरत्ते। कप्पइ निग्गथाण वा निग्गथीण वा, चाउक्काल सज्झाय करेत्तए, त जहा—पुव्वण्हे, अवरण्हे, पओसे, पच्चूसे।

— स्थानाङ्ग सूत्र, स्थान ४, उद्देश २

उपरोक्त सूत्रपाठ के अनुसार, दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या, इस प्रकार बत्तीस अनध्याय माने गए हैं। जिनका सक्षेप मे निम्न प्रकार से वर्णन है, जैसे—

आकाश सम्बन्धी दस अनध्याय

१ उलकापात-तारापतन—यदि महत् तारापतन हुआ है तो एक प्रहर पर्यंन्त शास्त्र-स्वाध्याय नही करना चाहिए।

२ दिग्दाह—जब तक दिशा रक्तवर्ण की हो अर्थात् ऐसा मालूम पडे कि दिशा मे आग सी लगी है, तब भी स्वाध्याय नही करना चाहिए।

गर्जन और विद्युत् प्राय ऋतु स्वभाव से ही होता है । अत आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र पर्यन्त अनध्याय नही माना जाता ।

५. निर्घात—विना वादल के आकाश मे व्यन्तरादिकृत घोर गर्जना होने पर, या वादलो सहित आकाश मे कडकने पर दो पहर तक अस्वाध्याय काल है ।

६ यूपक- शुक्ल पक्ष मे प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया को सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा के मिलने को यूपक कहा जाता है । इन दिनो प्रहर रात्रि पर्यन्त स्वाध्याय नही करना चाहिए ।

७ यक्षादीप्त—कभी किसी दिशा मे विजली चमकने जैसा, थोडे थोडे समय पीछे जो प्रकाश होता है वह यक्षादीप्त कहलाता है । अत आकाश मे जव तक यक्षाकार दीखता रहे तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए ।

८ धूमिकाकृष्ण—कार्तिक से लेकर माघ तक का समय मेघो का गर्भमास होता है । इसमे धूम्र वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धु ध पडती है । वह धूमिका-कृष्ण कहलाती है । जव तक यह धु ध पडती रहे, तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए ।

९ मिहिकाश्वेत—शीतकाल मे श्वेत वर्ण का सूक्ष्म जलरूप धु ध मिहिका कहलाती है । जब तक यह गिरती रहे, तब तक अस्वाध्याय काल है ।

१० रज-उद्घात—वायु के कारण आकाश मे चारो ओर धूलि छा जाती है । जव तक यह धूलि फैली रहती है, स्वाध्याय नही करना चाहिए ।

उपरोक्त दस कारण आकाश सम्बन्धी अस्वाध्याय के है ।

औदारिक सम्बन्धी दस अनध्याय

११-१२-१३ हड्डी मास और रुधिर—पचेन्द्रिय तिर्यंच की हड्डी मास और रुधिर यदि सामने दिखाई दे, तो जब तक वहाँ से यह वस्तुएँ उठाई न जाएँ तब तक अस्वाध्याय है । वृत्तिकार आस-पास के ६० हाथ तक इन वस्तुओ के होने पर अस्वाध्याय मानते है ।

इसी प्रकार मनुष्य सम्बन्धी अस्थि मास और रुधिर का भी अनध्याय माना जाता है । विशेषता इतनी है कि इनका अस्वाध्याय सौ हाथ तक तथा एक दिन-रात का होता है । स्त्री के मासिक धर्म का अस्वाध्याय तीन दिन तक । बालक एव बालिका के जन्म का अस्वाध्याय क्रमश सात एव आठ दिन पर्यन्त का माना जाता है ।

१४. अशुचि—मल-मूत्र सामने दिखाई देने तक अस्वाध्याय है ।

१५ श्मशान—श्मशानभूमि के चारो ओर सौ-सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय माना जाता है ।

१६ चन्द्रग्रहण—चन्द्रग्रहण होने पर जघन्य आठ, मध्यम बारह और उत्कृष्ट सोलह प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय नही करना चाहिए ।

१७ सूर्यग्रहण—सूर्यग्रहण होने पर भी क्रमश आठ, बारह और सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्यायकाल माना गया है ।

श्री आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर

अर्थसहयोगी सदस्यों की शुभ नामावली

महास्तम्भ

१ श्री सेठ मोहनमलजी चोरड़िया, मद्रास
२ श्री गुलाबचन्दजी मागीलालजी सुराणा, सिकन्दराबाद
३ श्री पुखराजजी शिशोदिया, ब्यावर
४ श्री सायरमलजी जेठमलजी चोरडिया, बैंगलोर
५ श्री प्रेमराजजी भवरलालजी श्रीश्रीमाल, दुर्ग
६ श्री एस किशनचन्दजी चोरडिया, मद्रास
७ श्री कवरलालजी बेताला, गोहाटी
८ श्री सेठ खीवराजजी चोरडिया, मद्रास
९ श्री गुमानमलजी चोरडिया, मद्रास
१० श्री एस बादलचन्दजी चोरडिया, मद्रास
११ श्री जे दुलीचन्दजी चोरडिया, मद्रास
१२ श्री एस रतनचन्दजी चोरडिया, मद्रास
१३ श्री जे अन्नराजजी चोरडिया, मद्रास
१४ श्री एस सायरचन्दजी चोरडिया, मद्रास
१५ श्री आर शान्तिलालजी उत्तमचन्दजी चोरडिया, मद्रास
१६ श्री सिरेमलजी हीराचन्दजी चोरडिया, मद्रास

स्तम्भ सदस्य

१ श्री अगरचन्दजी फतेचन्दजी पारख, जोधपुर
२ श्री जसराजजी गणेशमलजी सचेती, जोधपुर
३ श्री तिलोकचदजी सागरमलजी सचेती, मद्रास
४ श्री पूषालालजी किस्तूरचदजी सुराणा, कटगी
५ श्री आर प्रसन्नचन्दजी चोरडिया, मद्रास
६ श्री दीपचन्दजी बोकडिया, मद्रास
७ श्री मूलचन्दजी चोरडिया, कटगी
८ श्री वर्द्धमान इण्डस्ट्रीज, कानपुर
९ श्री मागीलालजी मिश्रीलालजी सचेती, दुर्ग

सरक्षक

१ श्री विरदीचदजी प्रकाशचदजी तलेसरा, पाली
२ श्री ज्ञानराजजी केवलचन्दजी मूथा, पाली
३ श्री प्रेमराजजी जतनराजजी मेहता, मेडता सिटी
४ श्री शा० जडावमलजी माणकचन्दजी बेताला, वागलकोट
५ श्री हीरालालजी पन्नालालजी चौपडा, ब्यावर
६ श्री मोहनलालजी नेमीचदजी ललवाणी, चागाटोला
७ श्री दीपचदजी चन्दनमलजी चोरडिया, मद्रास
८ श्री पन्नालालजी भागचन्दजी बोथरा, चागाटोला
९ श्रीमती सिरेकुँवर बाई धर्मपत्नी स्व श्री सुगनचदजी झामड, मदुरान्तकम
१० श्री बस्तीमलजी मोहनलालजी बोहरा (K G F) जाडन
११ श्री थानचदजी मेहता, जोधपुर
१२ श्री भैरुदानजी लाभचदजी सुराणा, नागौर
१३ श्री खूबचन्दजी गादिया, ब्यावर
१४ श्री मिश्रीलालजी धनराजजी विनायकिया, ब्यावर
१५ श्री इन्द्रचदजी बैद, राजनादगाव
१६ श्री रावतमलजी भीकमचदजी पगारिया, बालाघाट
१७ श्री गणेशमलजी धर्मीचदजी काकरिया, टगला
१८ श्री सुगनचन्दजी बोकडिया, इन्दौर
१९ श्री हरकचदजी सागरमलजी बेताला, इन्दौर
२० श्री रघुनाथमलजी लिखमीचदजी लोढा, चागाटोला
२१ श्री सिद्धकरणजी शिखरचन्दजी बैद, चागाटोल

२२ श्री सागरमलजी नोरतमलजी पीचा, मद्रास
२३ श्री मोहनराजजी मुकनचन्दजी बालिया, अहमदाबाद
२४ श्री केशरीमलजी जवरीलालजी तलेसरा, पाली
२५ श्री रतनचदजी उत्तमचदजी मोदी, ब्यावर
२६ श्री धर्मीचदजी भागचदजी बोहरा, झूठा
२७ श्री छोगमलजी हेमराजजी लोढा, डोडीलोहारा
२८ श्री गुणचदजी दलीचदजी कटारिया, बेल्लारी
२९ श्री मूलचदजी सुजानमलजी सचेती, जोधपुर
३० श्री सी० अमरचदजी बोथरा, मद्रास
३१ श्री भवरीलालजी मूलचदजी सुराणा, मद्रास
३२ श्री बादलचदजी जुगराजजी मेहता, इन्दौर
३३ श्री लालचदजी मोहनलालजी कोठारी, गोठन
३४ श्री हीरालालजी पन्नालालजी चौपडा, अजमेर
३५ श्री मोहनलालजी पारसमलजी पगारिया, बैंगलोर
३६ श्री भवरीमलजी चोरडिया, मद्रास
३७ श्री भवरलालजी गोठी, मद्रास
३८ श्री जालमचदजी रिखबचदजी बाफना, आगरा
३९ श्री घेवरचदजी पुखराजजी भुरट, गोहाटी
४० श्री जबरचदजी गेलडा, मद्रास
४१ श्री जडावमलजी सुगनचदजी, मद्रास
४२ श्री पुखराजजी विजयराजजी, मद्रास
४३ श्री चेनमलजी सुराणा ट्रस्ट, मद्रास
४४ श्री लूणकरणजी रिखबचदजी लोढा, मद्रास
४५ श्री सूरजमलजी सज्जनराजजी महेता, कोप्पल

सहयोगी सदस्य

१ श्री देवकरणजी श्रीचन्दजी डोसी, मेडतासिटी
२ श्री छगनीबाई विनायकिया, ब्यावर
३ श्री पूनमचदजी नाहटा, जोधपुर
४ श्री भवरलालजी विजयराजजी काकरिया, विल्लीपुरम्
५ श्री भवरलालजी चौपडा, ब्यावर
६ श्री विजयराजजी रतनलालजी चतर, ब्यावर
७ श्री बी गजराजजी बोकडिया, सलेम
८ श्री फूलचन्दजी गौतमचन्दजी काठेड, पाली
९ श्री के पुखराजजी बाफणा, मद्रास
१० श्री रूपराजजी जोधराजजी मूथा, दिल्ली
११ श्री मोहनलालजी मगलचदजी पगारिया, रायपुर
१२ श्री नथमलजी मोहनलालजी लूणिया, चण्डावल
१३ श्री भवरलालजी गौतमचन्दजी पगारिया, कुशालपुरा
१४ श्री उत्तमचदजी मागीलालजी, जोधपुर
१५ श्री मूलचन्दजी पारख, जोधपुर
१६ श्री सुमेरमलजी मेडतिया, जोधपुर
१७ श्री गणेशमलजी नेमीचन्दजी टाटिया, जोधपुर
१८ श्री उदयराजजी पुखराजजी सचेती, जोधपुर
१९ श्री बादरमलजी पुखराजजी बट, कानपुर
२० श्रीमती सुन्दरबाई गोठी W/o श्री जवरीलालजी गोठी, जोधपुर
२१ श्री रायचदजी मोहनलालजी, जोधपुर
२२ श्री घेवरचदजी रूपराजजी, जोधपुर
२३ श्री भवरलालजी माणकचदजी सुराणा, मद्रास
२४ श्री जवरीलालजी अमरचन्दजी कोठारी, ब्यावर
२५ श्री माणकचन्दजी किशनलालजी, मेडतासिटी
२६ श्री मोहनलालजी गुलाबचन्दजी चतर, ब्यावर
२७ श्री जसराजजी जवरीलालजी धारीवाल, जोधपुर
२८ श्री मोहनलालजी चम्पालालजी गोठी, जोधपुर
२९ श्री नेमीचदजी डाकलिया मेहता, जोधपुर
३० श्री ताराचदजी केवलचदजी कर्णावट, जोधपुर
३१ श्री आसूमल एण्ड क०, जोधपुर
३२ श्री पुखराजजी लोढा, जोधपुर
३३ श्रीमती सुगनीबाई W/o श्री मिश्रीलालजी साड, जोधपुर
३४ श्री बच्छराजजी सुराणा, जोधपुर
३५ श्री हरकचन्दजी मेहता, जोधपुर
३६ श्री देवराजजी लाभचदजी मेडतिया, जोधपुर
३७ श्री कनकराजजी मदनराजजी गोलिया, जोधपुर
३८ श्री घेवरचन्दजी पारसमलजी टाटिया, जोधपुर
३९ श्री मागीलालजी चोरडिया, कुचेरा

४० श्री सरदारमलजी सुराणा, भिलाई
४१ श्री ग्रोकचदजी हेमराज जी सोनी, दुर्ग
४२ श्री सूरजकरणजी सुराणा, मद्रास
४३ श्री घीसूलालजी लालचदजी पारख, दुर्ग
४४ श्री पुखराजजी वोहरा, (जैन ट्रान्सपोर्ट क) जोधपुर
४५ श्री चम्पालालजी सकलेचा, जालना
४६ श्री प्रेमराजजी मीठालालजी कामदार, बैंगलोर
४७ श्री भवरलालजी मूथा एण्ड सन्स, जयपुर
४८ श्री लालचदजी मोतीलालजी गादिया, बैंगलोर
४९ श्री भवरलालजी नवरत्नमलजी साखला, मेट्टूपालियम
५० श्री पुखराजजी छल्लाणी, करणगुल्ली
५१ श्री ग्रासकरणजी जसराज जी पारख, दुर्ग
५२ श्री गणेशमलजी हेमराजजी सोनी, भिलाई
५३ श्री अमृतराजजी जसवन्तराजजी मेहता, मेडतासिटी
५४ श्री घेवरचदजी किशोरमलजी पारख, जोधपुर
५५ श्री मागीलालजी रेखचदजी पारख, जोधपुर
५६ श्री मुन्नीलालजी मूलचदजी गुलेच्छा, जोधपुर
५७ श्री रतनलालजी लखपतराजजी, जोधपुर
५८ श्री जीवराजजी पारसमलजी कोठारी, मेडता सिटी
५९ श्री भवरलालजी रिखवचदजी नाहटा, नागौर
६० श्री मागीलालजी प्रकाशचन्दजी रुणवाल, मैसूर
६१ श्री पुखराजजी बोहरा, पीपलिया
६२ श्री हरकचदजी जुगराजजी बाफना, बैंगलोर
६३ श्री चन्दनमलजी प्रेमचदजी मोदी, भिलाई
६४ श्री भीवराजजी बाघमार, कुचेरा
६५ श्री तिलोकचदजी प्रेमप्रकाशजी, अजमेर
६६ श्री विजयलालजी प्रेमचदजी गुलेच्छा, राजनादगाँव
६७ श्री रावतमलजी छाजेड, भिलाई
६८ श्री भवरलालजी डूगरमलजी काकरिया, भिलाई
६९ श्री हीरालालजी हस्तीमलजी देशलहरा, भिलाई
७० श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावकसघ, दल्ली-राजहरा
७१ श्री चम्पालालजी बुद्धराजजी बाफणा, ब्यावर
७२ श्री गगारामजी इन्द्रचदजी बोहरा, कुचेरा
७३ श्री फतेहराजजी नेमीचदजी कर्णावट, कलकत्ता
७४ श्री बालचदजी थानचन्दजी भुरट, कलकत्ता
७५ श्री सम्पतराजजी कटारिया, जोधपुर
७६ श्री जवरीलालजी शातिलालजी सुराणा, बोलारम
७७ श्री कानमलजी कोठारी, दादिया
७८ श्री पन्नालालजी मोतीलालजी सुराणा, पाली
७९ श्री माणकचदजी रतनलालजी मुणोत, टगला
८० श्री चिम्मनसिंहजी मोहनसिंहजी लोढा, ब्यावर
८१ श्री रिद्धकरणजी रावतमलजी भुरट, गौहाटी
८२ श्री पारसमलजी महावीरचदजी बाफना, गोठन
८३ श्री फकीरचदजी कमलचदजी श्रीश्रीमाल, कुचेरा
८४ श्री माँगीलालजी मदनलालजी चोरडिया भैरूद
८५ श्री सोहनलालजी लूणकरणजी सुराणा, कुचेरा
८६ श्री घीसूलालजी, पारसमलजी, जवरीलालजी कोठारी, गोठन
८७ श्री सरदारमलजी एन्ड कम्पनी, जोधपुर
८८ श्री चम्पालालजी हीरालालजी बागरेचा, जोधपुर
८९ श्री पुखराजजी कटारिया, जोधपुर
९० श्री इन्द्रचन्दजी मुकन्दचन्दजी, इन्दौर
९१ श्री भवरलालजी बाफणा, इन्दौर
९२ श्री जेठमलजी मोदी, इन्दौर
९३ श्री बालचन्दजी अमरचन्दजी मोदी, ब्यावर
९४ श्री कुन्दनमलजी पारसमलजी भडारी
९५ श्री कमलाकवर ललवाणी धर्मपत्नी श्री स्व पारसमलजी ललवाणी, गोठन
९६ श्री अखेचदजी लूणकरणजी भण्डारी, कलकत्ता
९७ श्री सुगनचन्दजी सचेती, राजनादगाँव